

संत रविदास जयंती आज

वाराणसी, रविवार, 5 फरवरी, 2023

माघ मास, शुक्ल पक्ष 15, वर्ष 11, अंक 358, पृष्ठ 16, मूल्य : 5.00

परख सच की

जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

कोई किसी को वॉर्निंग नहीं दे सकता

कानून मंत्री ने सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी को नकारा, बोले-जनता देश की मालिक

प्रयागराज। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी को नकार दिया है। रिजिजू ने कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि सुप्रीम कोर्ट ने चेतावनी दी है। जबकि यहां कोई किसी को चेतावनी नहीं दे सकता। हम जनता के सेवक हैं, हम संविधान के हिसाब से काम करते हैं। रिजिजू यूपी के प्रयागराज में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को जजों की नियुक्ति में हो रही देरी पर नाराजगी जताई थी। कोर्ट ने केंद्र को चेतावनी देते हुए कहा कि हमें ऐसा स्टैंड लेने पर मजबूर न करें, जिससे परेशानी हो। इस पर केंद्र ने हलफनामा दाखिल कर बताया था कि सुप्रीम कोर्ट में 5 जजों की नियुक्ति के लिए भेजी सिफारिश अगले पांच दिन में मंजूर हो जाएगी। हालांकि केंद्र ने 24 घंटे की भीतर ही शनिवार को पांचों सिफारिशों को मंजूरी दे दी। रिजिजू ने कहा, 'मैंने देखा कि मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि 'सुप्रीम कोर्ट ने (कॉलेजियम पर) चेतावनी दी है। इस देश के मालिक यहां के लोग हैं, हम सिर्फ सेवक हैं। हमारी गाइड संविधान है। संविधान के अनुसार देश चलेगा। कोई किसी को चेतावनी नहीं दे सकता है। हम अपने आप को इस महान देश के सेवक के रूप में देखते हैं, वह अपने आप में बड़ी बात है। लोगों ने हमें मौका दिया है काम करने का। आप सब प्रिवेलेज लोग हैं, जज-वकील बने हैं...पढ़ लिखकर ही बने हैं। हम खुशकिस्मत हैं कि देश के लिए काम करने के लिए जिम्मेदारी मिली है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 13 दिसंबर को सरकार से 5 नामों की सिफारिश की थी। इनमें जस्टिस पंकज मिथल चीफ जस्टिस राजस्थान लउ, जस्टिस संजय करोल चीफ जस्टिस पटना लउ, जस्टिस पी वी संजय कुमार चीफ जस्टिस मणिपुर लउ, पटना हाईकोर्ट के जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और इलाहाबाद लउ के जस्टिस मनोज मिश्रा का नाम शामिल था।

सुनवाई के दौरान अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने जस्टिस एसके कौल और एएस ओका की बेंच को बताया कि 5 जजों की नियुक्ति का वारंट जल्द ही जारी होगा। सुप्रीम कोर्ट में जजों की सैंक्शन स्ट्रेंथ उखक समेत 34 है। फिलहाल 27 जजों के साथ काम हो रहा है। पांचों जजों के शपथ लेने के बाद यह संख्या बढ़कर 32 हो जाएगी। जिस कॉलेजियम पर यह पूरा विवाद हो रहा है, वह हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जजों की नियुक्ति और ट्रांसफर की प्रणाली है। कॉलेजियम के सदस्य जज ही होते हैं। वे प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को नए जजों की नियुक्ति के लिए नामों का सुझाव भेजते हैं। मंजूरी मिलने के बाद जजों को अपॉइंट किया जाता है। देश में कॉलेजियम सिस्टम साल 1993 में लागू हुआ था। कॉलेजियम में 5 सदस्य होते हैं। उखकइसमें प्रमुख होते हैं। इसके अलावा 4 मोस्ट सीनियर जज होते हैं। अभी इसमें 6 जज हैं।

जजों की नियुक्ति

कॉलेजियम ने जजों के नाम की सिफारिश की थी

फिलहाल 27 जजों के साथ काम कर रहा सुप्रीम कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट में 5 जजों की नियुक्ति को हरी झंडी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में 5 न्यायाधीशों की नियुक्ति को हरी झंडी दे दी है। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजीजू ने इस बारे में ट्वीट करके जानकारी दी। उन्होंने पांचों न्यायाधीशों को शुभकामनाएं दी हैं। इनमें राजस्थान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस पंकज मिथल, पटना हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय करोल, मणिपुर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस पी.वी. संजय कुमार, पटना हाईकोर्ट के जज अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज मनोज मिश्रा शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट कलेजियम ने पिछले साल 13 दिसंबर को शीर्ष अदालत में प्रमोशन के लिए पांच जजों के नामों की सिफारिश की थी। इनकी नियुक्ति में देरी से सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से नाराजगी जताई थी। किरेन रिजीजू ने शनिवार को ट्वीट करके बताया कि भारतीय संविधान के प्रावधान के तहत राष्ट्रपति ने हाईकोर्ट के 5 चीफ जस्टिस और जजों की सुप्रीम कोर्ट के जज के तौर पर नियुक्ति की है। इन सभी को शुभकामनाएं।

'बोले रे पपिहरा' फेम सिंगर वाणी जयराम की हुई मौत

नई दिल्ली। साउथ की फेमस सिंगर वाणी जयराम का शनिवार को चेन्नई में निधन हो गया। वो 78 साल की थीं। पुलिस के मुताबिक, घर पर उनकी लाश मिली है और ये भी बताया जा रहा है कि उनके माथे पर चोट के निशान थे। फिलहाल, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि वाणी ने हाल ही में इंडस्ट्री में बतौर सिंगर अपने 50 साल पूरे किए थे। उन्होंने 18 भारतीय भाषाओं में 10 हजार से ज्यादा गाने गाए थे।

उनका गाया हुआ 'हमको मन की शक्ति देना' आज भी लोगों की जुबां पर है। उन्हें तीन बार नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था और इस साल उन्हें पद्म भूषण से नवाजा जाना था। उनकी मौत की खबर सुनकर फिल्म जगत में शोक की लहर है। नेशनल अवॉर्ड विनर फेमस प्लेबैक सिंगर वाणी जयराम को हाल ही में भारत में तीसरा सबसे बड़ा नागरिक पुरस्कार पद्म भूषण मिलने की अनाउंसमेंट की गई थी। 4 फरवरी को चेन्नई के नुंगमबक्कम में स्थित घर पर उनकी मौत हो गई। रिपोर्ट्स हैं कि उनके माथे पर चोट लगी थी। वाणी जयराम ने अलग-अलग इंडस्ट्री के कुछ सबसे बड़े संगीतकारों के साथ काम किया और सदाबहार चार्टबस्टर्स दिए। उन्होंने तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, हिंदी, उर्दू, मराठी, बंगाली, भोजपुरी, तुलु और उड़िया में कई गाने गाए। उन्होंने देश और दुनिया भर में परफॉर्म भी किया था। उन्हें तमिलनाडु, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, केरल, गुजरात और ओडिशा से राज्य पुरस्कार भी मिले।

शोक की लहर

घर में मिली लाश, माथे पर चोट के निशान, पद्म भूषण से लेकर नेशनल अवॉर्ड तक जीते थे

सीएम योगी ने यूपी वालों को दिया बड़ा तोहफा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज शनिवार को प्रदेश वासियों को बड़ा तोहफा दिया है। दरअसल, मुख्यमंत्री योगी ने सूबे के राजधानी लखनऊ में वीएफएस ग्लोबल वीजा एप्लीकेशन सेंटर का उद्घाटन किया। ऐसे में अब विदेश जाने वाले को वीजा अप्लाई करने के लिए दिल्ली नहीं जाना होगा। बल्कि अब लखनऊ में ही वीजा अप्लाई कर सकते है।

बता दें कि वीजा एप्लीकेशन सेंटर 9 फरवरी से काम करेगा। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि इटली, सऊदी अरब, हंगरी, जर्मनी, नीदरलैंड, क्रोएशिया, ऑस्ट्रेलिया, चेक गणराज्य, पुर्तगाल, स्विट्जरलैंड, सहित कई देशों के वीजा एप्लीकेशन स्वीकार होने शुरू हो जाएंगे, जिससे उत्तर प्रदेश की जनता को भागदौड़ से राहत मिलने वाली है। गौरतलब है कि पहले वीजा अप्लाई करने के लिए दिल्ली जाना पड़ता था। राजधानी लखनऊ में इस सुविधा उपलब्ध होने से प्रदेश वासियों को अब दिल्ली नहीं जाना पड़ेगा।

गुड न्यूज

अब लखनऊ में ही अप्लाई कर सकेंगे वीजा

सपा का समाज को बांटने का जहर बेअसर हो गया: केशव मौर्य

लखनऊ। यूपी एमएलसी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की एकतरफा जीत और समाजवादी पार्टी (सपा) की करारी हार पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश यादव पर ट्वीट कर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट कर लिखा, एमएलसी चुनाव में भाजपा की एकतरफा जीत लोगों के भरोसे की जीत है। इसके साथ ही उन्होंने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए लिखा, सपा पांच एमएलसी सीटों में एक भी नहीं जीत सकी, यह डूबता जहाज है। इसका कोई भविष्य नहीं बचा है। सबका साथ सबका विकास की जीत की एमएलसी चुनाव में जीत हुई है। सपा का समाज को बांटने का जहर बेअसर हो गया है। उन्होंने कहा कि एमएलसी के चुनावों में सपा का सूपड़ा साफ हुआ है। इस चुनाव में भाजपा को पांच में चार सीटों पर शिक्षकों और स्नातक मतदाताओं ने जिताने का काम किया है। जो 2024 का संदेश है। 2024 में सपा समाप्त वादी पार्टी बनकर रह जायेगी। बता दें कि शिक्षक और स्नातक निर्वाचन क्षेत्रों से विधान परिषद की पांच सीटों के लिए हुए चुनाव के नतीजे शुक्रवार को घोषित किए गए जिनमें से भाजपा को चार सीटें मिली हैं जबकि एक सीट निर्दलीय के खाते में गई है।

यूपी बोर्ड: परीक्षा के दौरान छात्रों को नहीं उतारने होंगे जूते-मोजे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद 16 फरवरी से दसवीं और बारहवीं कक्षा की परीक्षा का आयोजन कराने जा रहा है। ऐसे में परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए पूरी तैयारी कर ली है। जिसे लेकर दिशा निर्देश जारी कर दिए गए हैं। हालांकि बोर्ड ने इस बार परीक्षार्थियों को बड़ी राहत देते परीक्षा के दौरान जूते मोजे नहीं उतारने के निर्देश जारी किए हैं। बता दें कि इससे पहले यूपी बोर्ड के परीक्षार्थियों से परीक्षा के दौरान जूते-मोजे उतरवा दिए जाते थे। हालांकि परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने से पहले की तलाशी ली जाएगी। परीक्षार्थी के पास किसी प्रकार की नकल संबंधी कुछ भी आपत्तिजनक वस्तु नहीं होनी चाहिए। इस बार भी बोर्ड प्रशासन पूरी निगरानी के साथ परीक्षाएं करवायेगा।

अडानी मामले से देश की छवि पर नहीं पड़ेगा असर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने दिया जवाब, रेग्युलेटर्स अपना काम करेंगे

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को एक बार फिर से गौतम अडानी मामले में प्रतिक्रिया दी। उन्होंने दावा किया कि अडानी समूह के 20,000 करोड़ रुपये का एफपीओ वापस लेने से देश की आर्थिक बुनियाद और अर्थव्यवस्था की छवि प्रभावित नहीं हुई है।

वित्त मंत्री ने मुंबई में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले दो दिनों में ही आठ अरब अमेरिकी डॉलर की विदेशी मुद्रा आई है। वित्त मंत्री से जब पूछा गया कि क्या अडानी के एफपीओ को रद्द करने और वर्तमान स्थिति की वजह से वैश्विक बाजार में भारत की स्थिति प्रभावित हुई है? इसके जवाब में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मुझे ऐसा नहीं लगता है। पिछले 2 दिनों में विदेशी मुद्रा भंडार 8 बिलियन (डॉलर) बढ़ गया है। हमारे मैक्रोइकॉनॉमिक फंडामेंटल या अर्थव्यवस्था की छदि प्रभावित नहीं हुई है।

अडानी मामले पर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि रेग्युलेटर्स अपना काम करेंगे। आरबीआई ने बयान दिया, उससे पहले बैंकों, एलआईसी ने बाहर आकर अपने एक्सपोजर (अडानी समूह को) के बारे में बताया। रेग्युलेटर्स सरकार से स्वतंत्र हैं। मार्केट के लिए जो उचित होता है, वह उस पर फैसला करने के लिए स्वतंत्र होते हैं।₹ उन्होंने आगे कहा कि इसलिए रेग्युलेटर्स अपना काम करेंगे। दरअसल, प्रमुख स्थिति में बाजार को अच्छी तरह से रेग्युलेटेड रखने के लिए. सेबी प्राधिकरण है और उसके पास उस प्रमुख स्थिति को बरकरार रखने का साधन है। केंद्रीय वित्त मंत्री ने अडानी के एफपीओ को वापस लिए जाने पर सवाल किया कि कितनी बार इस देश से एफपीओ वापस नहीं लिया गया है और कितनी बार भारत की छवि इसके कारण खराब हुई है? उन्होंने पूछा कितनी बार एफपीओ वापस नहीं आए हैं?

इससे पहले बुधवार को अडानी एंटरप्राइजेज ने अपने पूरी तरह से सब्सक्राइब किए गए फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) के साथ आगे नहीं बढ़ने का फैसला किया था। समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने गुरुवार को कहा था कि 20,000 करोड़ के इस एफपीओ के साथ आगे बढ़ना नैतिक रूप से सही नहीं होगा। अमेरिका की शॉर्ट सेलर कंपनी हिंडनबर्ग ने एक रिपोर्ट में 24 जनवरी को अडानी ग्रुप पर शेयर में हेरफेर और अकाउंटिंग फ्रॉड का आरोप लगाया गया था।

प्रतिक्रिया

पिछले 2 दिनों में विदेशी मुद्रा भंडार 8 बिलियन डॉलर बढ़ा

मुरादाबाद में अखिलेश का बीजेपी पर प्रहार

बोले-आजम खान पर झूठे मुकदमे लगे, इशारे पर काम कर रहा पुलिस प्रशासन

मुरादाबाद। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष और यूपी के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने शनिवार को कहा कि पुलिस प्रशासन भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर काम कर रहा है। आजम खान पर सब झूठे मुकदमे लगे हैं, अगर पुलिस के अधिकारी भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी बन जाएंगे उनसे आप क्या न्याय की उम्मीद करेंगे?

अखिलेश यादव ने कहा कि मैं भारतीय जनता पार्टी के लोगों से पूछना चाहता हूं कि एलआईसी, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और ना जाने कितनी संस्थाओं का पैसा अपने सबसे प्रिय उद्योगपति को लगा दिया। आज कई लाख करोड़ रुपए का घाटा हो गया है। क्या अधिकारियों को जेल भेजा जाएगा? अखिलेश यादव ने कहा, जब से बीजेपी की सरकार आई है। अन्याय लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रशासन बीजेपी के इशारे पर काम कर रहा है, कई जगहों पर उनका कार्यकर्ता बनकर काम कर रहा है। मेरे एक पूर्व प्रत्याशी को कल रात पुलिस पकड़ कर ले गई और अब कोई फोन नहीं उठा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा, मैं भाजपा से पूछना चाहता हूं कि एलआईसी, एसबीआई में जो जनता का पैसा है उसे आपने अपने पसंदीदा उद्योगपति को दे दिया, क्या आरोपियों पर कार्रवाई होगी? आम लोगों का पैसा चला गया और सरकार कहती है कि हम निवेश लाएंगे। समाजवादी पार्टी के लोगों पर झूठे मुकदमे लगे हैं। ये भारतीय जनता पार्टी ने जो नई परंपरा चलाई है यह लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा कर रही है। लोकतंत्र में यह स्वस्थ व्यवहार नहीं है कि आप अपने पॉलिटिकल लोगों पर झूठे मुकदमे लगाएं। रामपुर में पुलिस ने लोगों को वोट डालने के लिए निकलने नहीं दिया, क्या लोकतंत्र में ऐसे चुनाव होता है? भाजपा से जनता बहुत निराश है। यह बजट सरकार का विदाई बजट था। इसके बाद सरकार की विदाई तय है। भारतीय जनता पार्टी के लोग कागज लेकर घूमते हैं अगर कोई टाई पहने, सूट पहने दिख जाए उससे एमओयू कर लेते हैं। 5 लाख करोड़ रुपए का निवेश तो जमीन पर पहुंचा नहीं अब न जाने तैयारी है कितने लाख करोड़ रुपए की। क्या यह जमीन पर पहुंचेगा?

आरोप

पार्टी के लोगों से पूछा एलआईसी, एसबीआई का पैसा अपने सबसे प्रिय उद्योगपति को दिया, कई लाख करोड़ का घाटा हुआ

राहुल के करीबी को ईडी ने उठाया

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के करीबी सहयोगी अलंकार सवाई से पूछताछ की और उनके बयान दर्ज किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। धन शोधन के इस मामले में ईडी ने हाल ही में तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता साकेत गोखले को गुजरात से गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने बताया कि सवाई से इस सप्ताह की शुरूआत में तीन दिन तक पूछताछ की गई। उसे अहमदाबाद में गोखले के साथ बैठाकर भी पूछताछ की गई। पूर्व बैंकर सवाई को कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी का करीबी माना जाता है। ऐसा बताया जाता है कि वह राहुल गांधी के शोध दल की अगुवाई करते हैं। संघीय जांच एजेंसी ने 25 जनवरी को 35 वर्षीय गोखले को गिरफ्तार करने के बाद सवाई को समन भेजा था। गोखले को उस समय गिरफ्तार किया गया था, जब वह इंटरनेट के माध्यम से लोगों से धन जुटाने (क्राउड फंडिंग) में कथित वित्तीय अनियमितताओं के संबंध में गुजरात पुलिस की हिरासत में थे। ईडी ने उस दिन गोखले को रिमांड पर दिए जाने का अनुरोध करते हुए अहमदाबाद की एक अदालत को बताया था कि जब गोखले से एक साल से अधिक समय में उनके बैंक खाते में जमा कराए गए करीब 23.54 लाख रुपये के बारे में पूछा गया तो गोखले ने बताया था कि यह पैसा सोशल मीडिया संबंधी काम और अन्य काम के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अलंकार सवाई ने दिया था।

पूछताछ

मनी लॉड्रिंग मामले में बयान रिकार्ड

मासूम से दुष्कर्म-हत्या के दोषी को कोर्ट ने दो माह में सुना दी फांसी की सजा

लखनऊ। सिटी फॉरेस्ट में चार साल की मासूम बच्ची की हत्या करने के बाद उसकी लाश के साथ भी दुष्कर्म करने के मामले में दोषी सोनू गुप्ता (20) को अदालत ने फांसी की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। अदालत ने सोनू को कल ही दोषी करार दिया था। उसने कोर्ट में कुबूल किया कि यह दरिंदगी उसने ही की थी। सिटी फोरेस्ट के पास ही अपने घर के बाहर चबूतरे पर खेल रही बच्ची को वह उठाकर ले गया था। मामला साहिबाबाद थाना क्षेत्र का है। घटना दिनांक 1 दिसंबर 2022 की है। विशेष लोक अभियोजक संजीव बखारवा ने बताया मुकदमा पीड़िता के पिता ने लिखवाया था। एक दिसंबर को बच्ची को उसकी दादी लगभग दोपहर 1:00 बजे स्कूल से लेकर आई थी,परिवार के लोग घर के अंदर खाना खा रहे थे। बच्ची घर के बाहर खेल रही थी। तभी सोनू गुप्ता ने घर के बाहर से बच्ची का अपहरण कर लिया, सिटी फॉरेस्ट ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या करते वक्त बच्ची की आवाज बंद करने के लिए पास में ही पोट्टी से सने डायपर को उठाकर बच्ची के मुंह में ठूंस दिया था। बच्ची की लाश हत्या के बाद वहीं छुपा दी। मामले में कुल 16 गवाह पेश किए गए। मामले में बहुत मशक्कत के बाद पुलिस द्वारा अभियुक्त सोनू गुप्ता को गिरफ्तार किया गया था। मामले की अंतिम सुनवाई पोक्सो कोर्ट अदालत में हुई। सोनू गुप्ता को सजा दिलाने में पुलिस द्वारा दिए गए साक्ष्य अहम रहे। अदालत में सोनू गुप्ता की सजा पर सुनवाई के लिए मृतक मासूम बच्ची का पूरा परिवार मौजूद था। पीड़िता के पिता, मां और दादी अदालत से सोनू गुप्ता के लिए फांसी की गुहार लगा रहे थे। अदालत में पीड़िता की मां फूट-फूटकर रो रही थी, वहीं पीड़िता की 3 साल की छोटी बहन अदालत में अपनी बहन को ढूंढ रही थी।

त्वरित न्याय

साहिबाबाद के सिटी फॉरेस्ट में उठा ले गया था दरिंदा, फूट-फूटकर रोई बच्चे की मां

मैं हिंदू धर्म में पैदा हुआ, यह मेरे बस में नहीं था : मौर्य

लखनऊ। रामचरितमानस पर विवादित बयान देकर चर्चा में आए समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता और एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य ने शनिवार को फिर से ट्विटर सियासी हलचल मचा दी है। उन्होंने सिलसिले वार दो ट्वीट कर लिखा, "कदम-कदम पर जातीय अपमान की पीड़ा से व्यथित होकर ही डॉ. अम्बेडकर ने कहा था कि 'मैं हिंदू धर्म में पैदा हुआ यह मेरे बस में नहीं था, लेकिन मैं हिंदू होकर नहीं मरूंगा, ये मेरे बस में है।' फलस्वरूप सन 1956 में नागपुर दीक्षाभूमि पर 10 लाख लोगों के साथ बौद्ध धर्म स्वीकार किया"। इसके साथ ही उन्होंने एक ट्वीट किया और इसमें लिखा कि तत्कालीन उपप्रधानमंत्री, बाबू जगजीवन राम द्वारा उद्घाटित संपूणार्नंद मूर्ति का गंगा जल से धोना, तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के रिक्तोपरांत मुख्यमंत्री आवास को गोमूत्र से धोना व राष्ट्रपति कोविंद जी को सीकर ब्रह्मामंदिर में प्रवेश न देना शूद्र होने का अपमान नहीं तो क्या?

शरजील इमाम को बनाया 'बलि का बकरा'

कोर्ट ने कहा-असहमति जताने वालों और दंगाइयों के बीच की रेखा को धुंधला नहीं कर सकते

नई दिल्ली। जामिया मिलिया इस्लामिया में हिंसा से जुड़े मामले में दिल्ली पुलिस को मुंह की खानी पड़ी है। एक लोकल कोर्ट ने मामले में शरजील इमाम, सफूरा जरगर, आसिफ इकबाल तन्हा और आठ अन्य आरोपियों को डिस्चार्ज कर दिया। कोर्ट ने शनिवार को कहा कि दिल्ली पुलिस हिंसा के 'असली गुनहगारों' को पकड़ने में नाकाम रही। अदालत ने कहा कि पुलिस ने 'उन्हें (आरोपियों) को बलि का बकरा जरूर बना दिया।' अभियोजन पक्ष को फटकार लगाते हुए ऐडिशनल सेशंस जज अरुल वर्मा ने कहा कि पुलिस ने मनमाने तरीके से, प्रदर्शनकारी भीड़ में से जिसे चाहा उसे उठा लिया। कुछ को आरोपी बनाया और बाकी पुलिस के गवाह बने। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ धरना-स्थल पर मौजूदगी होने से आरोपी नहीं बनाया जा सकता। अदालत ने कहा कि ऐसा लगता है कि अभियोजन उनके (आरोपियों) पीछे पड़ गया है। कोर्ट ने कहा कि इन लोगों को लंबे वक्त तक ट्रायल से गुजारना देश की न्याय व्यवस्था के लिए शुभ संकेत नहीं हैं। हालांकि, अदालत ने मोहम्मद इलयास के खिलाफ आरोप तय किए हैं। यह मामला जामिया मिलिया इस्लामिया में दिसंबर 2019 में हुई हिंसा से जुड़ा है। एफआईआर में दंगा और गैरकानूनी प्रदर्शन की धाराएं लगाई गई थीं। इस मामले में बरी होने के बावजूद शरजील इमाम अभी जेल में ही रहेंगे। उनके खिलाफ 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से जुड़े मामलों में भी कई एफआईआर दर्ज हैं। इन्हीं दंगों की साजिश से जुड़े मामलों में स्पेशल केस ने तन्हा और जरगर को भी आरोपी बनाया है। दिल्ली पुलिस ने मोहम्मद इलयास के खिलाफ 21 अप्रैल, 2020 को चार्जशीट दायर की थी। 11 अन्य आरोपियों के खिलाफ एक सप्लीमेंट्री चार्जशीट भी दाखिल हुई। मामले में तीसरी सप्लीमेंट्री चार्जशीट 1 फरवरी, 2023 को फाइल की गई। अभियोजन पक्ष ने यह साबित करना चाहा कि गवाहों ने कुछ तस्वीरों के आधार पर आरोपियों की पहचान की है। जज ने कहा कि दिल्ली पुलिस नए सबूत पेश करने में विफल रही।

सख्त टिप्पणी

शरजील इमाम को बरी करते हुए कोर्ट की टिप्पणी, पुलिस की कार्रवाई पर उठाया सवाल, सफूरा जरगर समेत 11 आरोपी बरी

पैसे लेने की बात कहकर निकले युवक की रोड किनारे मिली लाश

मामला रहस्यमय

शव के पास विषाक्त की पुड़िया व शरीर पर चोट का निशान

रोहनिया। रोहनिया थाना क्षेत्र के भदवर चौकी अंतर्गत सर्विस रोड से 50 मीटर अंदर सड़क किनारे अनिल चौहान (34) निवासी करनाडाड़ी तड़ीया नामक व्यक्ति लाश मिली।

सूचना पर पहुंची को जांच पड़ताल के दौरान पास में विषाक्त की पुड़िया और शरीर पर चोट के निशान थे। मृतक का शर्ट कुछ दूरी पर पड़ा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया वहीं परिजनों से घटना के बाबत पूछताछ की। पत्नी नीतू ने बताया कि पैसे लेने की बात कह कर शुक्रवार को सुबह नौ बजे घर से अनिल निकला था और शनिवार को सुबह उसकी लाश मिली। अनिल शाहबाबाद स्थित एक निजी कपड़े की दुकान में काम करता था।

मृतक को दो लड़की एक लड़का है। मां और पिता का निधन हो चुका है वह दो भाइयों में दूसरे नंबर पर था और बड़ा भाई राजगीर मिस्त्री है।

विलाप करते परिजन

मृतक की फाइल फोटो

अधेड़ का मिला शव

वाराणसी। लंका थाना क्षेत्र के गढ़वा घाट आश्रम के समीप एक 50 वर्षीय अज्ञात अधेड़ का शव मिला शनिवार सुबह मिलने की सूचना पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर लंका बृजेश सिंह ने बताया कि शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। स्थानीय लोग मौत की वजह ज्यादा शराब पीना बता रहे हैं। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत

जनसंदेश न्यूज

सारनाथ। शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में घायल सारनाथ सलारपुर निवासी व्यक्ति की इलाज के दौरान बीएचयू ट्रामा सेंटर में मौत हो गयी।

जानकारी अनुसार सलारपुर निवासी संजय राजभर अपने घर के सामने रात को खाना खाने के बाद टहल रह थे, लेढ़ुपुर रंगीन दास पोखरे की तरफ से तेज गति से एक स्कूटी पर तीन युवक आ रहे थे और स्कूटी से टक्कर लग गई जिसमें संजय गंभीर रूप ये घायल हो गए और शनिवार को इलाज के दौरान बीएचयू ट्रामा सेंटर में मौत हो गयी। पिता राजनाथ राजभर ने स्थानीय थाने पर तीन युवकों रोहित, सनी और रंजीत निवासी रसूलगढ़ के प्राथमिकी दर्ज कराई।

चौकी इंचार्ज सरायमोहाना उप निरीक्षक अशोक सिंह ने बताया कि मौके से स्कूटी बरामद कर ली गई है तीन नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही।

महिला को सूदखोर ने पीटा, मुकदमा दर्ज

मंडुवाडीह। मंडुवाडीह क्षेत्र के भिखारीपुर गांव निवासी महिला रीता देवी ने भेलूपुर निवासी श्रीप्रकाश चौरसिया और ओमप्रकाश चौरसिया के खिलाफ मंडुवाडीह थाने में सूदखोरी, मारपीट समेत अन्य धाआरों में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। पीड़िता रीता देवी की माने तो बजरडीहा के केदार नगर निवासी ओमप्रकाश चौरसिया से उसने 30 हजार रुपये ब्याज पर लिए थे और उसने सूद समेत वापस कर दिया। लेकिन ओमप्रकाश चौरसिया और श्रीप्रकाश चौरसिया साथ में मनोज नामक व्यक्ति उसके घर आये और पैसे को लेकर मारपीट की। बचाव में आयी बेटी से भी मारपीट की। पुलिस मुकदमा कायम कर मामले की जांच में जुट गयी।

संक्षेप

मुकदमे की पैरवी करने पर मिली धमकी

चौबेपुर। चौबेपुर थाना क्षेत्र के गरथौली गांव के निवासी उमराव यादव को अपने इकलौते बेटे की हत्या के आरोपियों के खिलाफ पैरवी करने पर जान से मारने की धमकी मिली। गरथौली गांव निवासी उमराव यादव ने वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट को पत्र के माध्यम से सूचना दी कि उनके इकलौते बेटे नंदलाल यादव की कुछ साल पहले फावड़े से प्रहार कर हत्या कर दिया गया था। इस मामले में छह लोगों को आरोपी बनाया गया और रपट दर्ज करायी गयी। मामला न्यायालय में चल रहा है। इस बीच उन्हें आरोपियों की तरफ से हत्या की धमकी मिली। इस मामले में पुलिस ने जयप्रकाश यादव,पतालू यादव, मिथिलेश यादव ,राजन यादव, धनश्याम यादव, दिनेश यादव के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया।

चुनाव के लिए अब अनोखे तरीके से होगा प्रदर्शन

वाराणसी। हरिश्चंद्र कॉलेज के छात्र चुनाव मांग को लेकर 10 दिनों तक अनोखे तरीक से प्रदर्शन करेंगे। इसके लिए छात्रों ने रूपरेखा तैयार कर ली है। इसके लिए छात्रों ने कॉलेज के प्राचार्य को एक पत्रक भी सौंपा है। छात्रों का कहना है कि जबतक चुनाव की तिथि घोषित नहीं होती आंदोलन चलता रहेगा। छात्रसंघ की तैयारी कर रहे कॉलेज के आनंद कुमार मौर्य और रवि कुमार ने बताया कि छह फरवरी से 25 फरवरी तक यह आंदोलन चलेगा। पहले दिन भीख मांगना, इसके बाद ढोल पीटकर तिथि घोषित करने की मांग करना। प्रशासन का शव यात्रा निकालना और दाह संस्कार करना। कॉलेज प्रशासन का पिंडदान, मंडुन और दसवां। शोक सभा, प्रसाद का वितरण, शांति हवन, महापंचायत, भूख हड़ताल और अंतिम दिन यानी 25 फरवरी को जल त्याग करेंगे।

कार्ड बदल कर एटीएम से निकाले 55 हजार

वाराणसी। लंका चौराहे पर स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम में शुक्रवार को एटीएम कार्ड बदल कर जालसाज ने 55 हजार रुपए निकाल लिया। विरनाथीपुर चंद्रावती के रहने वाले शिवाकांत चौबे का आरोप है कि दोपहर करीब 1.30 बजे वो लंका स्थित एक्सिस बैंक के एटीएम में पैसा निकालने पहुचे थे। इस दौरान एटीएम में पीछे खड़े व्यक्ति ने उनको धक्का दे दिया। जिससे उनका एटीएम कार्ड नीचे गिर गया। आरोप है कि व्यक्ति ने बोला कि आपकी पैसा निकालने ने मदद करता हूं, धोखाधड़ी का शिकार होने के डर से व एटीएम से निकल गए। कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर 55 हजार रुपए निकासी का मैसेज आया। जिसके बाद उन्होंने लंका थाने पहुच कर शिकायत की। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई।

दुकान के सामने खड़ी बाइक चोरी

तरना। शिवपुर थाना क्षेत्र के सुद्धिपुर में दुकान के सामने आनंद मौर्या नामक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गयी। भुक्तभोगी के अनुसार वह न्यू उत्तम स्टील दुकान पर नौकरी करता हैं। रोज की तरह शनिवार को अपनी बाइक दुकान के सामने खड़ा कर निजी काम से बाबतपुर चला गया। लौटने पर देखा कि उसकी बाइक नहीं है। खोजबीन करने के बाद आनंद ने घटना की सूचना शिवपुर पुलिस को दिया।

शॉर्ट सर्किट से लगी गुमटी में आग

वाराणसी। लंका थाना क्षेत्र के साकेत नगर कॉलोनी में स्थित शीतला माता मंदिर के पास शुक्रवार की देर रात लगे ट्रांसफार्मर के नीचे तार में शार्ट सर्किट होने से मनोज यादव के गुमटी में आग लग गई। रास्ते से गुजर रहे अर्जुन पांडेय ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुची दमकल की गाड़ी ने आग को बुझाया। गुमटी में आग लगने से गुमटी में रखी सब्जियां जल गई।

बिहार के नंबर गाड़ी वाली से 50 बोतल शराब बरामद

वाराणसी। भेलूपुर पुलिस ने शनिवार को अशफाक नगर से खड़ी इंडिगो कार के डिग्गी में बोरे में भरकर रखा 50 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया। जिसकी कीमत 15 हजार आंकी गयी। वाहन पर बिहार का नंबर है। पुलिस वाहन को जब्त कर ली जबकि चालक भाग निकला।

आभूषण समेत हजारों की चोरी

चौबेपुर। चौबेपुर क्षेत्र के लटौनी गांव में शुक्रवार की रात रामानंद यादव के घर के दरवाजे का ताला तोड़ कर नकदी समेत जेवरात पर चोर ने हाथ साफ किया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चोरी का मुकदमा दर्ज कर किया।

नये जीवन दर्शन की तलाश ही रामचरितमानस का मूल : प्रो सर्वेश

वाराणसी। हिन्दी एवं आधुनिक भारतीय भाषा विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की ओर से 'लोक में राम' विषय पर व्याख्यान का आयोजन हुआ। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के हिन्दी विभाग के प्रो० सर्वेश कुमार सिंह ने रामकथा में लोक के विविध प्रसंगों पर सम्यक चर्चा की। कहा कि रामकथा की असली कहानी यमुना पार से शुरू होती है जो अयोद्धा की चौहद्दी के बाहर वह स्थल है जहाँ लोक निवास करता है। राम वनगमन के परिप्रेक्ष्य में लोकमन में उमड़े प्रश्न लोक का पक्ष मजबूत करते हैं। राम का वास्तविक निर्माण लोक ने किया है। रामचरितमानस हिन्दी साहित्य का नाभिक है जहाँ से साहित्यिक संस्कार प्रस्फुटित होते हैं। नये जीवन दर्शन की तलाश ही रामचरितमानस का मूल है। अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष प्रो. निरंजन सहाय किया। इस दौरान प्रो० अनुराग कुमार, प्रो० रामश्रय सिंह, डॉ. विजय रंजन समेत अन्य लोग थे।

रोजगारपरक विषय पर संगोष्ठी

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ दर्शनशास्त्र विभाग में दर्शनशास्त्र की रोजगारपरकता विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसके मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर विष्णु दत्त पांडेय ने कहा कि दर्शनशास्त्र विषय में किस प्रकार रोजगार के नए आयाम या मार्ग खोजे जा सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रोफेसर शशि देवी सिंह ने की। इस दौरान प्रोफेसर राजेश कुमार मिश्र, प्रोफेसर नंदिनी सिंह, डॉक्टर शिवपूजन सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

युवा महोत्सव में दिखी प्रतिभा

वाराणसी। महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ छात्र कल्याण संकाय द्वारा अंतर विश्वविद्यालयी युवा महोत्सव उमंग - 2023 में शनिवार को मानविकी संकाय स्वरचित काव्य पाठ एवं वाद- विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पूरा कार्यक्रम दो सत्रों में विभाजित रहा निर्णायक मण्डल के सदस्यों में अंग्रेजी विभाग से प्रो. नलिनी श्याम कामिल, संस्कृत विभाग से डॉ. दीपक कुमार एवं पत्रकारिता विभाग से डॉ. विनोद कुमार सिंह उपस्थित रहे। 38 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने पक्ष और विपक्ष में अपने विचारों को साझा किया। वहीं वाद - विवाद प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में समाज विज्ञान संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. ब्रजेश कुमार सिंह, प्रो0 प्रोफेसर शैला परवीन एवं दर्शन विभाग से डॉ0 अम्बरीष राय उपस्थित रहे।

ज्ञान प्राप्ति का आधार है दर्शन: डॉ मनोज त्यागी

वाराणसी। शिक्षा शास्त्र विभाग महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में ज्ञान प्राप्ति में दर्शन की प्रासंगिकता विषयक पर संगोष्ठी हुई। डॉ. मनोज कुमार त्यागी ने कहा कि बिना दर्शन को जाने ज्ञान की प्राप्ति असंभव है क्योंकि ज्ञान प्राप्त करने के लिए दर्शन के विविध पक्षों को जानना अत्यंत आवश्यक है। स्वागत विभागाध्यक्ष शिक्षा विभाग महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ डॉ शैलेंद्र वर्मा ने किया।

अवैध प्लॉटिंग को वीडीए ने किया जमींदोज

वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण ने लालपुर मीरापुर बसही नटिनियादायी में वन प्लेस डेवलपर द्वारा अवैध रूप से निर्मित रो-हाउसिंग को जमीदोज किया। छह फरवरी को ध्वस्तीकरण आदेश पारित किया गया था। वीडीए की माने तो जनवरी में विकास क्षेत्र के अन्तर्गत 15 अवैध प्लाटिंग स्थलों पर ध्वस्तीकरण कराया गया। शिवपुर वार्ड के दान्दूपुर, लोढ़ान सारनाथ वार्ड के अकथा, लमही।

सीएम ने किया दर्शन-पूजन

वाराणसी। दो दिनी दौरे पर शनिवार की दोपहर वाराणसी पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सायंकाल टेंट सिटी का भ्रमण करने के बार रात्रि में काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इस अवसर पर तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

अस्सी घाट पर चाय विक्रेता और रैदासी पर्यटकों में जमकर मारपीट

वाराणसी। अस्सी घाट शनिवार को एक चाय विक्रेता और रैदासी पर्यटकों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। इस दौरान घाट पर मौजूद लोग तमाशबीन बने रहे। करीब 15 मिनट बाद जल पुलिस पहुंची तो मामला शांत हुआ। घटना दोपहर बाद की है। मामले का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

अस्सी घाट पर इस तरह की घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। रैदासी पर्यटकों का एक जत्था नाव से पहुंचा। चाय के दाम को लेकर उनकी चाय विक्रेता से कहासुनी हो गई। बहसबाजी देखते ही देखते तनातनी में बदल गई। एक पर्यटक ने चाय विक्रेता को धक्का दे दिया। इस पर चाय विक्रेता आक्रोशित हो उठा और उसे मारने के लिए आगे बढ़ा। घाट पर मौजूद अन्य चाय विक्रेता भी उसके समर्थन में आगे आए। इस बात से आक्रोशित पर्यटकों ने चाय विक्रेता को दबोच लिया और लात-घूंसे व जूतों-चप्पलों से हमला बोल दिया। पर्यटकों की संख्या ज्यादा होने के कारण अन्य विक्रेता मौके से हट गए। करीब 10-15 मिनट तक हंगामा चला। मौके पर पहुंची जल पुलिस ने बीच-बचाव किया। पुलिस ने समझा-बुझाकर रैदासी पर्यटकों को रवाना किया। मारपीट में चाय विक्रेता को चोटें आईं हैं। संत रविदास की जयंती को लेकर शहर में रैदासी पर्यटकों की भीड़ है।

झगड़े के दौरान कुत्ते से कटवाया, मुकदमा दर्ज

वाराणसी। भेलूपुर थाना क्षेत्र के अस्सी स्थित मजोली कोठी की रहने वाली बादामी देवी ने भेलूपुर थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है। बादामी देवी का आरोप है कि शुक्रवार की सुबह संजीव सिंह और उनकी माता आशा सिंह से कुते के विवाद में झगड़ा और मारपीट हुई। मारपीट के दौरान शेरू सिंह ने उन्हें लाठी डंडे से मारा और कुत्ते से भी कटवाया। आरोप है कि कही शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान उनको कमर में चोट आई और कुत्ते ने दोनों हाथों में काट लिया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई।

नलकूप का मोटर जला पानी को तरस रहे लोग

सारनाथ। पुरानापुल क्षेत्र में शुक्रवार के दोपहर से पेयजल आपूर्ति ठप पड़ी हुई है, जिसके कारण क्षेत्रीय लोगों के सामने पेयजल समस्या उत्पन्न हो गई। जानकारी अनुसार पुराना पुल बड़ी ईदगाह के पास जलकल का नलकूप है जिससे क्षेत्र के पुलकोहना, भट्टा, दनियालपुर के लगभग 700 घरों में पानी न पहुंचने से लोग परेशान है नेशार, इकबाल, सुमारू,पांचू, राजू ,ताज मोहम्मद, हाजी रहमत अली, ने कहा कि 24 घंटे से अधिक समय से पानी की किल्लत क्षेत्र में है। इस संबंध में जलकल के अधिकारियों से संपर्क करना चाहा तो नहीं हो सका, हम लोग वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर पानी खरीद कर पी रहे हैं, नहाने- धोने की तो बात बहुत दूर की है। जलकल द्वारा क्षेत्र में पानी का टैंकर भी नहीं लगाया गया है 24 घंटे से अधिक समय बीत चुका है। वहीं जलकल के अभियंता आशुतोष यादव ने बताया कि नलकूप का वाटर पंप जल गया है जिसे बनाने में कम से कम 24 घंटे का वक्त लगता है। मरम्मत का कार्य चल रहा है जल्दी जलापूर्ति सुचारू रूप से शुरू हो जाएगी।

न्यायिक अधिकारी स्वविवेक से करें कार्य : न्यायमूर्ति सलिल

वाराणसी। अधिवक्ता केवल अपने मुवक्किल का ही पक्ष रखता है,कभी जिनको हम अपने लिया अच्छा मामला समझते हैं वो हमारे विरोध में हो जाता है। निर्णय करना एक अधिकारी के लिए काफी मुश्किल होता है हमने अपने वकालत के दौर में ये देखा है, वकील जितना मेहनत करता है उससे कम हम पर कम बोझ नहीं होता है। उक्त बातें बनारस बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में न्यायमूर्ति इलालहाबाद उच्च न्यायालय सलिल कुमार राय ने कही।

उन्होंने कहा कि न्यायिक अधिकारी को अपने विवेक से काम करना चाहिए। कभी उसको किसी के दबाव में काम नही करना चाहिए। चैंबर की प्रैक्टिस समाप्त हो गई है,आज तो एक अधिवक्ता जैसे ही रजिस्टर्ड होता है दूसरे दिन से ही वो बहस के लिए खड़ा हो जाता है। सीनियर काफी हद तक जिम्मेदार होते हैं। इससे पूर्व मुख्य अतिथि ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। बार की तरफ से उन्हें अंगवस्त्रम और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

विशिष्ठ अतिथि पद्मश्री रजनीकांत ने कहा कि सबको मिलकर वारासत बचाना होगा और इसमें वकीलों की अहम भूमिका होगी। अपर जिला जज, संजीव कुमार सिन्हा ने कहा की वकील के रूप में हमने भी अधिवक्ताओं की पीड़ा देखी है। जिन समस्याओं को बार ने हमारे समक्ष रखा है उसे जनपद न्याधीश के समक्ष रखूंगा।

इस दौरान अध्यक्ष राम प्रवेश सिंह, सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभु नारायण पांडेय, महामंत्री शशिकांत दुबे, निवर्तमान महामंत्री रत्नेश्वर पांडेय,राधेलाल श्रीवास्तव, मोहन यादव, उपस्थित रहे। संचालन महामंत्री प्रदीप कुमार राय ने किया।

हिंदू भावना भड़काने के मामले में याचिका दाखिल

वाराणसी। प्रभारी जिला जज की अदालत ने शिवलिंग आकृति को नुकसान पहुंचाकर हिंदू भावना भड़काने सबंधित मामले में जिला जज की अदालत निगरानी याचिका दाखिल की गई। प्रभारी जिला जज ने रिविजन याचिका को एडमिशन पर स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई के लिए 28 फरवरी की तिथि नियत की है। शिवलिंग की आकृति पर सीमेंट जैसा पदार्थ जमाकर छेदकर फव्वारा करने के प्रयास के आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश देने की गुहार लगाई गई थी। जिसपर कोर्ट ने प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश देने संबंधी दाखिल प्रार्थना पत्र पोषणीय नही पाते हुए खारिज कर दिया था। इस आदेश के खिलाफ वादी सत्र न्यायालय में निगरानी दाखिल की। प्रकरण के अनुसार बजरडीहा भेलुपुर के विवेक सोनी व चितईपुर के जयध्वज श्रीवास्तव ने अधिवक्ता देशरत्न श्रीवास्तव के जरिए 156(3) सीआरपीसी के तहत कोर्ट में दाखिल की गई है।

बजट से बड़ी निराशा: मीरा कुमार

नजरिया

भारतयात्रा हर भारतवासी को प्रेम संबंध से जोड़ेगा

रविदास मंदिर राजघाट पहुंची पूर्व लोकसभाध्यक्ष

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार ने आम बजट पर अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि सरकार का बजट बेहद निराशाजनक है। बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य पर राशि कम हो गई है। बजट में शिक्षा और स्वास्थ्य पर राशि कम हो गई है। गरीबों और बेरोजगारों के लिए कुछ खास नहीं है। शनिवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती समारोह में शामिल होने के लिए बनारस पहुंची पूर्व लोकसभा अध्यक्ष ने राजघाट स्थित संत रविदास के मंदिर में दर्शन पूजन किया। उन्होंने अपने पिता पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम को पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद संत रविदास को चादर चढ़ाकर आशीर्वाद लिया। मीरा कुमार ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा हर भारतवासी को प्रेम संबंध से जोड़ेगा। संत रविदास मध्ययुग में भले ही थे लेकिन उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं।

वह चाहते थे कि समाज में बराबरी हो, किसी भी तरह का भेदभाव ना हो। उन्होंने अमृतवाणी के जरिए अपना संदेश पूरी दुनिया तक पहुंचाया। मीरा कुमार का स्वागत महासचिव सतीश कुमार फगुनी राम ने किया।

रविदास मंदिर राजघाट में संत रविदास को फूल चढ़ातीं मीरा कुमार

लोकतंत्र का अभिप्राय अहिंसक समाज की रचना: प्रो.रामप्रकाश

वाराणसी। लोकतंत्र एक मन्दिर होता है वहां हर क्षेत्र के लोग प्रतिनिधित्व करते हैं। वेदों में राष्ट्र, लोकतंत्र, राष्ट्राध्यक्ष या राजा के निर्वाचन और निर्वाचित संस्थाओं के प्रति उसकी उत्तरदेयताओं के कई संदर्भ मिलते हैं। जी-20 सम्मेलन के व्यापक प्रचार प्रसार के अन्तर्गत शनिवार को संस्कृत विवि के योगसाधना केन्द्र में ₹डेमोक्रेसी एवं सतत विकास₹ विषय पर राष्ट्रीय गोष्ठी के आयोजन के अवसर पर काशी विद्यापीठ मे सामाजिक विज्ञान विभाग के पूर्व डीन प्रो. रामप्रकाश द्विवेदी ने उक्त बातें कही। प्रो. द्विवेदी ने कहा कि लोकतंत्र मे वाद-प्रतिवाद से वास्तविक चित्र उत्पन्न होता है। लोकतंत्र का अभिप्राय अहिंसक समाज की रचना,शोषण की प्रवृत्ति न होना। बीएचयू के पूर्व डीन प्रो. कौशल किशोर मिश्र ने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। संस्कृति, भोजन, परिधान, संगीत और परंपराओं की विविधता हमारेलोकतंत्र को जीवंत बनाती है। अध्यक्षता दर्शन संकाय के अध्यक्ष प्रो. सुधाकर मिश्र ने की।

पीडब्ल्यूडीकर्मियों ने काली पट्टी बांधकर किया काम

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग, मिनिस्टीरियल एसोसिएशन, लोक निर्माण विभाग लखनऊ के प्रान्तीय अध्यक्ष पदमनाम त्रिवेदी और प्रान्तीय महामंत्री जेपी पाण्डेय के नेतृत्व में लोक निर्माण विभाग के वरुणापुल स्थित कार्यालय के समस्त खण्डों में कार्यरत खण्डीय सहायकों ने अपने हाथ पर काली पट्टी बाधकर राजकीय कार्य करते हुए विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन करने वालों की मांग है कि खण्डीय सहायको में व्याप्त समस्याओं के निस्तारण जैसे 18 मण्डलो में खण्डीय सहायको का स्थायीकरण न किया जाना, ज्येष्ठता सूची में नाम अंकित न किया जाना, खण्डीय सहायको का शोषण किया जाना, कैशलेस कार्ड न बनाया जाना, कई मण्डलो में चिकित्सा प्रतिपूर्ति का ससमय भुगतान न किया जाना आदि है जो लंबित हैं। पद्मनाभ त्रिवेदी, क्षेत्रीय अध्यक्ष विनय कुमार गौतम, जिला अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, मंत्री शैलेश कुमार, जिला कार्यकारी अध्यक्ष एचएन भट्टाचार्य, उपाध्यक्ष शिव शंकर यादव आदि लोग थे।

स्थानांतरण सबंधित अर्जी पर सुनवाई टली

वाराणसी। जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में शुक्रवार को ज्ञानवापी परिसर का कब्जा, भगवान आदि विश्वेश्वर को सौंपने सबंधित केस को स्थानांतरण सबंधित अर्जी पर सुनवाई टल गई है। वनारस बार के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण के कारण न्यायिक। कार्य से अधिवक्ता विरत होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। श्रृंगार गौरी प्रकरण के चार वादिनि लक्ष्मी देवी, सीता साहू, मंजू व्यास और रेखा पाठक की ओर से आवेदन दिया गया है।

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत

सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2013-14 अनुक्रमांक 3629364 का प्रमाण पत्र खो गया है। सोनालिका गौड़ पुत्री अरविन्द कुमार गौड़ ग्राम व पोस्ट- कैथौली, बाबतपुर, वाराणसी।

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2001 अनुक्रमांक 1569016 का मूल अंक पत्र व प्रमाणपत्र खो गया है। रिन्कू भारद्वाज पुत्री कवलधारी राजभर, कटयां, शिशुआपार-गाजीपुर।

रविन्द्र सिंह यादव की पुत्री मानवी यादव निवासी ग्राम कटारी चोलापुर जनपद वाराणसी की जन्मतिथि 30.10.2017 अभिलेख में दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। रविन्द्र सिंह यादव पुत्री मानवी यादव की वास्तविक जन्मतिथि संशोधन कर सभी अभिलेख में 30.10.2017 की जगह 30.10.2018 माना व पढा जाय।

मेरी दादी स्व. मंगला देवी ने एक बैनामा असल दस्तावेज न० 185, वाका मोहल्ला सोनियां काजीपुरा खुर्द शहर व जिला वाराणसी नगर महापालिका नम्बरी C14/160, 15-A में काशीनाथ भट्ट, श्रीनाथ भट्ट, दिनेश नाथ व रमेश नाथ से 8 जनवरी 1965 में कराया था, जिसका मूल रजिस्ट्री पेपर गुम हो गया है, शपथकर्ता सत्यपाल जी कौशल पुत्र स्व. कृष्ण कुमार मकान न. C 14/160, 15-A सोनिया, वाराणसी।

रुद्राक्ष में रस बनारस में साजन मिश्र पेश करेंगे गायन

शास्त्रीय संगीत का कार्यक्रम आज

वाराणसी। सिडबी एवं स्पिक मैके के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं को भारतीय संस्कृति से रूबरू कराने का यह अनूठा प्रयास अत्यंत सफल रहा इसी कड़ी में स्कूल कॉलेजों की सत्र समाप्ति के साथ इस महायज्ञ के प्रथम सोपान का समापन समारोह रस-बनारस/स्वर-ताल आयोजित होने जा रहा है। जो 5 फरवरी रविवार को सिगरा स्थित रुद्राक्ष अंतरराष्ट्रीय सहयोग एवं सम्मेलन केंद्र में आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी स्पिक मैके के चेयरपर्सन उमेशचंद्र सेठ एवं डॉ मधु शुक्ला ने एक प्रेस वार्ता में दी। बताया कि उक्त कार्यक्रम में भारत के नामचीन एवं प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा गायन, वादन एवं कत्थक नृत्य की प्रस्तुति की जायेगी जिसमें पं संजीव शंकर, पं अश्विनी शंकर के शहनाई वादन से शुरूआत होगी। तत्पश्चात पद्मभूषण पं साजन मिश्र, पं स्वरांश मिश्र द्वारा शास्त्रीय गायन और विशाल कृष्ण के कत्थक नृत्य की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कौशल राज शर्मा मण्डलायुक्त वाराणसी मंडल होंगे एवं विशिष्ट अतिथि सिडबी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक शिव सुब्रमणियन रमण होंगे। पत्रकार वार्ता में सिडबी एवं स्पिक मैके के पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह ,डॉ नीरजा शुक्ला, डॉ शुभा सक्सेना, डॉ समरेंद्र सिंह, शाम्भवी शुक्ला, डॉ विभा सिंह, पवन सिंह,श्रेयश मौजूद थे।

बड़े बकायदारों से वसूली के लिए बजेंगे ढोल-नगाड़े

वाराणसी। नगर निगम द्वारा सभी बड़े बकायेदारों को डिमाण्ड आफ नोटिस प्राप्त करा दिया गया है, तथा उनसे गृहकर वसूली की कार्यवाही तेज कर दी गयी है। बहुत से बड़े बकायेदारों द्वारा नोटिस प्राप्त करने के पश्चात भी गृहकर जमा करने में आनाकानी की जा रही है इसे देखते हुए अब नगर आयुक्त प्रणय सिंह ने सभी जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि इस प्रकार के सभी डिफाल्टर बड़े बकायेदारों के घर गृहकर वसूली के लिए ढोल नगाड़ों के साथ जाकर वहीं बजाये और वसूली करें। नगर आयुक्त के इस निर्देश पर जोनल अधिकारी भेलूपुर जितेन्द्र कुमार आनंद, जोनल अधिकारी दशाश्वमेध एवं कोतवाली संजय तिवारी, जोनल अधिकारी वरूणापार प्रमिता सिंह तथा जोनल अधिकारी आदमपुर राजेश अग्रवाल द्वारा अपने कर अधीक्षकों एवं अन्य टीम के साथ बड़े बकायेदारों के घर ढोल नगाड़ों के साथ जाकर गृहकर वसूली की कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गयी है। साथ में नगर निगम के प्रर्वतन दल की टीम भी थी। नगर आयुक्त प्रणय सिंह ने नगर के सभी बड़े गृहकर बकायेदारों से पुनः अपील की गयी है कि गृहकर बकायेदारों से वसूली नगर निगम अधिनियम में वर्णित धाराओं के अन्तर्गत की जानी वाली किसी भी उत्पीड़न की कार्यवाही से बचने के लिये तत्काल अपने भवन का गृहकर जमा करें।

सभी शौचालयों का होगा कायाकल्प

वाराणसी। जी-20 के दृष्टिगत नगर के सभी शौचालयों का कायाकल्प होगा शुरु हो गया। शनिवार को नगर आयुक्त प्रणय सिंह ने बैठक कर इसकी जानकारी दी। अभियन्त्रण विभाग के द्वारा वाराणसी नगर के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित सभी मुत्रालयों के मरम्मत, जिर्णोद्वार, आकर्षक टाइल्स लगाने एवं साफ सफाई की कार्यवाही प्रारम्भ करा दी गयी है। जिससे जी-20 में आने वाले गणमान्य व्यक्तियों एवं अन्य नागरिकों के लिये किसी भी प्रकार की कठिनायी न हो। साथ ही सभी मूत्रालयों तक आसानी से पहुंचने के लिये साइनेज एवं संकेतक बोर्ड भी लगाया जायेगा तथा सभी मूत्रालयों को ढकने के लिये व्यू कटर भी लगाया जायेगा। सभी मूत्रालयों पर एक थीम के अन्तर्गत एक जैसा बनाकर एक रंग की टाइल्स लगायी जायेगी, जिसे लोगों के द्वारा आसानी से देख सकें एवं पहचान सके। नगर आयुक्त द्वारा दिये गये निर्देश में सभी मूत्रालयों में जलनिकासी एवं पानी की टंकी का प्रबन्ध किया जायेगा तथा सभी मूत्रालयों को नियमित रूप से प्रेशर पाइप से धुलाई भी करायी जायगी।

183 में से सात शिकायत निस्तारित

रोहनिया। संपूर्ण समाधान दिवस पर शनिवार को राजातालाब तहसील मुख्यालय सभागार में एडीएम नागरिक आपूर्ति जवाहर लाल श्रीवास्तव और एसडीएम गिरीश कुमार द्विवेदी ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान लगभग 183 शिकायती-पत्र आए। उनमें से सात प्रकरणों का मौके पर निस्तारण किया गया। रूपापुर गांव की कलावती देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना में स्वीकृत अपने आवास के निर्माण का कार्य राजस्व विभाग से मिलीभगत कर जबरन रोकवा दिये जाने का आरोप लगाया। उसने एडीएम को बताया कि उसके पति का निधन हो चुका है और उसके पास रहने के लिए घर नहीं है।

प्रवेश निःशुल्क
प्रवेश निःशुल्क
अम्बेडकर हस्तशिल्प विकास योजनान्तर्गत
थिमेटिक हस्तशिल्प प्रदर्शनी का भव्य आयोजन
दिनांक - 30.01.2023 से 08.02.2023 तक (10 दिन)
समय - सुबह - 10 बजे से रात्रि 8 बजे त

वाराणसी मानव

खास मुलाकात

रवि प्रकाश सिंह

कहते हैं कि काम में ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा हो तो दिखने लगती है उसे किसी माध्यम की दरकार नहीं होती। अल्प समय में अपनी कार्य संस्कृति की वजह से चर्चा में आ जाने वाली महिला आईपीएस शिवा सिंह एक सामान्य परिवार से निकलकर आईपीएस बनने तक का सफर पूरा किया। पढ़ाई के दौरान आई रपटीली राहों को पार करती रहीं। आर्थिक बाधा भी आई, पर पक्का इरादा उनके हमराह रहा। उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। 2020 बैच की महिला आईपीएस शिवा सिंह महिलाओं या छात्राओं से जुड़े मामलों को बेहतर तरीके से हैंडल करती हैं, क्योंकि उन्हें शिवा ने अपने ऊपर लेकर समझा। अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस इनकी थाती है। सोशल साइट पर कम एक्टिव हैं लेकिन देश-प्रदेश और जिले में घटित घटनाएं इनकी आंखों से ओझल नहीं होतीं। संगीत से लगाव ने उन्हें संवेदनशील बनाया। मौका मिलते ही लोकसंगीत व शास्त्रीय संगीत में डूब जाती हैं। फुरसत के पल संगीत को समर्पित करने के पीछे गर्ज ये होती है कि अपने फर्ज को सही तरीके से समझ सकें। 'जन संदेश टाइम्स' से खास बातचीत में वे अपने दिल के आइने को सामने रखने में गुरेज नहीं किया.....।

अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस मौजूद रहती हैं ग्राउंड जीरो पर

चेतगंज सर्किल की कमान संभालने के बाद आईपीएस शिवा सिंह महिला अपराध, छात्राओं की सुरक्षा या अपराध जुड़े मामले हों, इसपर खुद नजर रखती हैं। उनका मानना है कि किसी भी अपराध में निष्पक्ष जांच या न्याय दिलाने के लिए घटनास्थल का जायजा जरूरी है और इसमें वो विश्वास करती हैं। सुबह चेतगंज कार्यालय से काम समाप्त कर कमिश्नरेट कोर्ट और इसके बाद थाना सर्किल के लंबित मामलों के निस्तारण की रिपोर्ट और कार्रवाई की प्रगति क्या है, इसकी जांच उनकी दिनचर्या है।

20 साल का मर्ज 4 माह में किया ठीक

2020 बैच की आईपीएस शिवा सिंह को बतौर एसीपी चेतगंज थाने में आए करीब चार महीने हो गया। इस अर्से में उन्होंने 20 साल का मर्ज मिटा दिया। रोडवेज और कैंट के आसपास संचालित देहव्यापार के चुभने वाले धंधे, यहां जुटने वाले मनचलों को और लॉज व होटलों की आड़ में गलीज धंधा करने-कराने वालों पर ऐक्शन ने तारीफ बटोरी। कैंट के रास्ते आने जाने वाली छात्राओं या महिलाओं को कोई दिक्कत न हो, इसके लिए अभियान चलाकर वहां शोहदों की जुटान को समाप्त कराया। उन्होंने पाया कि यहां वाराणसी और आसपास के जिलों के मचनले जुटते थे, जिनमें कई तो संभ्रांत परिवार से थे जो यहां गलत हरकत करने आते थे। खास बात ये है कि पीएम का संसदीय क्षेत्र होने की वजह से वर्कलोड काफी रहता है लेकिन काम के दबाव को कभी हावी नहीं होने दिया। चौथी कक्षा में पढ़ने के दौरान एक चिट पर लिखा था कि आईएएस अफसर बनूंगी। उस चिट को आज भी उनकी मां ने अपने पर्स में संभाल कर रखा है। आईपीएस अफसर बनने के बाद जब मां ने उस कागज को मुझे दिखाया, वो काफी भावुक पल था।

लॉज होटलों पर विशेष नजर रख रही टीम

बातचीत में उन्होंने बताया कि रोडवेज और इसके आसपास संचालित लॉज हो\टलों की मॉनेटरिंग की जा रही हैं। अगर कहीं से शिकायत मिलती है तो इसमें कोई संदेह नहीं कि संबन्धित थाना पुलिस तुरंत कार्रवाई के लिए मौके पर जायेगी। होटल और लॉज संचालकों को सख्त चेतावनी दी गयी है कि अगर होटल या लॉज अनैतिक काम के लिए प्रयुक्त होते हैं तो कानूनी कार्रवाई के साथ सील करने में भी गुरेज नहीं किया जायेगा।

महिलाओं का घर न टूटे, इसके लिए अलग सेल

शिवा कहती हैं कि सर्किल में महिलाओं से जुड़े मामले हो या छात्राओं की सुरक्षा का मसला, दोनों को शीर्ष वरीयता दी गई है। मामूली विवाद में घर न टूटे, इसके लिए हेल्प डेस्क पर आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लेने का निर्देश है, साथ ही सबसे शालीनता से पेश आने का निर्देश है। महिलाओं से जुड़े मामलों की स्वयं समीक्षा और प्रगति रिपोर्ट की जानकारी डे टू डे ली जाती है। टकराव के बाद घरेलू मामले अगर बिखराव की तरफ हों तो इसके लिए अलग से सेल बनाया गया है जहां एक्सपर्ट से दोनों पक्षों की काउंसलिंग करायी जाती है जिसका लाभ भी पीड़ित परिवार को मिल रहा है।

गणतंत्र दिवस पर संभाली थी परेड की कमान

एसीपी शिवा सिंह गणतंत्र दिवस की परेड की कमान संभाल चुकी हैं। उनका कहना था कि एकेडमी में प्रशिक्षण के दौरान परेड हमारे रूटीन का एक हिस्सा बन गया था, और यही कारण है कि वह मुझमें रच-बस गया है। मगर, गणतंत्र दिवस जैसे खास अवसर पर परेड का नेतृत्व करना एक नया और विशिष्ट अनुभव रहा।

काशी वैश्विक मंच पर हुई स्थापित

बोले सीएम

फार्मा का फील्ड बहुत बड़ा है, यदि इसमें समयबद्ध कार्य किया जाए, तो भारत की पकड़ दुनिया पर मजबूत होगी

सेमिनार को संबोधित करते सीएम योगी आदित्यनाथ

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो दिवसीय दौरे पर शनिवार को वाराणसी पहुंचे। उन्होंने बाबतपुर के एक महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय औषधि विकास और अवसर विषयक राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन किया।

लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि काशी प्राचीन काल से आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक राजधानी के रूप में दुनिया मे विख्यात रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कर्मस्थली काशी अपने पुरातन आत्मा को समेटे हुए आज वैश्विक मंच पर स्थापित हुई है। काशी प्राचीन काल से ही हर कालखंड में कुछ नया करती रही है।

देश का हर पांचवा व्यक्ति उत्तर प्रदेश में है मालवीयजी को याद करते हुए कहा कि फार्मा के क्षेत्र में कुछ करने की प्रेरणा उन्होंने 100 वर्ष पूर्व ही दे दी थी। उन्होंने पहले ही भविष्य को लेकर काम किया था। उन्होंने विशेष रूप से जोर देते हुए कहा कि गत वर्षों में भारत मे अपार संभावनाएं बनी है। देश में बहुत कुछ नया हो रहा है। दुनिया का हर पांचवा-छठा व्यक्ति भारत में तथा देश का हर पांचवा व्यक्ति उत्तर प्रदेश में निवास करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने अपने सामर्थ्य एवं ताकत का प्रदर्शन मानवता के दौर में किया है। उन्होंने कोरोना कॉल की चर्चा करते हुए कहा कि उस दौर में हमें पीपी किट एवं दवाई बाहर से मंगाने पड़ते थे, किन्तु एक-दो माह के अंदर ही देश में पीपी कीट एवं संबंधित दवाएं बनने लगी।

फार्मा का फील्ड काफी व्याप्क : आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि फार्मा का फील्ड बहुत बड़ा है। यदि इस क्षेत्र में समयबद्ध कार्य किया जाए, तो भारत ही नहीं दुनिया में मजबूत पकड़ बना सकता है। उन्होंने बताया कि वाराणसी और पटना के बीच दवा का सबसे बड़ा बाजार वाराणसी एवं गोरखपुर में है। गोरखपुर से काठमांडू तक दवाओं की आपूर्ति होती है। मुख्यमंत्री ने फार्मा के क्षेत्र में नये रिसर्च की संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नए भारत की नई तस्वीर लोगों ने देखा। ब्रिटेन को पछाड़कर भारत दुनिया का पांचवा सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। उन्होंने कहा कि वे दुनिया के 20 बड़े देश, जिनका 75 फीसदी से अधिक पेटेंट, जीडीपी आदि पर अधिकार है, वे जी-20 देश कहलाते है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्र 'दयालु', सांसद मछली शहर बीपी सरोज, पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉक्टर नीलकंठ तिवारी, विधायक डॉ अवधेश सिंह, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, विधायक टी राम के अलावा फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. मोंटू कुमार एम पटेल सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं लोग उपस्थित रहे।

बीएचयू में दो दिवसीय रामयण कान्क्लेव का हुआ शुभारंभ

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। अयोध्या शोध संस्थान, अयोध्या, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा जन जन के राम विषय पर काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कला संकाय प्रेक्षागृह में द्विदिवसीय रामायण कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में हिन्दी विभाग के पूर्व आचार्य प्रो. अवधेश प्रधान ने कहा कि भारत का इतिहास सन्तों और कवियों ने रचा है। रामायण एक मात्र ऐसा ग्रन्थ है जो भारत की संस्कृति को सम्पूर्णता में व्यक्त करता है। इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक प्रो. विजय शंकर शुक्ल ने कहा कि सभी विद्याओं का एकीकृत स्वरूप वाल्मीकि रामायण में हमें मिलता है। जन्तुविज्ञान विभाग, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के आचार्य प्रो. इस अवसर पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य व बीएचयू संगीत मंच कला संकाय की प्रमुख प्रो. के. शशि कुमार का अयोध्या शोध संस्थान के निदेशक डॉ. लवकुश द्विवेदी ने सम्मान किया। धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय पुरातत्त्व अधिकारी डॉ. सुभाष चन्द्र यादव ने किया। संचालन हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. महेन्द्र प्रसाद कुशवाहा ने किया। सायंकाल सांस्कृतिक संध्या में पं. अजय पोहन्कर ने प्रभु श्रीराम के भजन प्रस्तुत किये।

बीएचयू में पूर्वांचल विवि की कुलपति प्रो. निर्मला एस मौर्य को किया गया सम्मानित

बजट में भारत को पूर्ण विकसित बनने की रखी गई नींव

बोले किरण रिजीजू

अमृत काल के प्रथम महत्वपूर्ण बजट में सभी का रखा गया ख्याल

गांधी अध्ययन पीठ में केन्द्रीय कानून व न्याय मंत्री ने बजट पर की खुल कर चर्चा

वाराणसी। केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि इस बार के बजट में भारत को पूर्ण रूप से विकसित बनाने को लेकर नींव रखी गई है। 2047 में भारत पूर्ण रूप से विकसित देश बन जायेगा। अमृतकाल के पहले महत्वपूर्ण बजट में हर वर्गों का ख्याल रखा गया है। विपक्ष के लोग बिना सोचे समझे बोलते हैं कि बेकार बजट है। यह बजट एक काल का नहीं बल्कि सौ साल को सोच कर बनाया गया है। बजट में किसी को भी नजरअंदाज नहीं किया गया है। आज अर्थव्यवस्था में भारत सबसे तेजी से उभरा है। कहा कि बजट बहुत टेक्निकल होता है। हम सिर्फ मुख्य बिंदुओं पर ही चर्चा करेंगे। कहा कि पीएम का विचार था कि जो वरिष्ठ मंत्री हैं वह शहरों में जाकर बजट के बारे में बताये। इसी को लेकर हम आपके शहर में बजट के बारे में बताने के लिए आये हैं। केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्री किरण रिजिजू शनिवार को सायंकाल महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ स्थित गांधी अध्ययन पीठ में बजट पर खुल कर चर्चा करने आये थे। किरण रिजिजू ने कहा कि पहले चारों तरफ करप्शन का बोलबाला था। जो भी चैनल देखिये फलां मंत्री घोटाला कर रहा है यही खबर चलती थी। 2014 में जब नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बने तब से आज तक कोई भी करप्शन का केस नहीं आया। जब हम पहले विदेश जाते थे तब वहां के लोग कहते थे कि गरीब देश से आया है। लेकिन आज हम विश्व को देने वाला देश बन गया है। स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि हमारा भारत विकसित देश बनेगा। अब हमारे युवा भारत को विकसित देश के रूप में देख रहा है। कहा कि 2014 से सरकार ने जो भी कोशिश की वह सभी के समक्ष है। यह बजट कोई जादू से नहीं बल्कि सूझबूझ से हुआ है। 2014 में हर भारतीय की आमदनी एक लाख रूपये थी लेकिन अब वह दो लाख कमा रहा है। हमने कई देशों को पछाड़ दिया है अब हमारा लक्ष्य अमेरिका व चाइना को पछाड़ने का है। कहा कि कोरोना काल में विदेशों में चर्चा थी कि अब भारत नहीं बचेगा। लेकिन उन लोगों को पता नहीं था कि इस देश के पीएम नरेन्द्र मोदी हैं। आज पीएम बोलते हैं तो पूरा विश्व सुनता है और मानता है। कहा कि महिलाओं को आगे रख कर चलने की सरकार की दृष्टि है। सीनियर सिटीजन के लिए इस बार सेविंग बचत 15 से बढ़ा कर 30 लाख कर दिया गया। सिंगल एकाउंट साढ़े चार लाख से बढ़ा कर 9 लाख कर दिया गया। कहा कि 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन की व्यवस्था करना इतना आसान नहीं है। लेकिन सभी को फ्री राशन दिया जाने लगा। पीएम ने कहा कि हम किसी को खाली पेट नहीं सोने देंगे।

कहा कि हम जल्द ही ग्रीन एनर्जी हाइड्रोजन के तहत शहरों को जोड़ेंगे। इसके अलावा इस बार किसानों के लिए बजट में 20 लाख करोड़ दिया गया है। बच्चों के लिए नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी बनायी जायेगी। जहां बच्चे पढ़ाई कर सकेंगे। 740 एकलव्य स्कूल खोले जायेंगे। कहा कि अगर उत्तर प्रदेश संभल जाय तो समझिये पूरा भारत संभल गया। 2014 के पहले यूपी का बजट काफी स्लो होता था अब आगे है। यह देश को बनाने वाला बजट है। इसका मूल भाव यह है कि हम सभी तक पहुंचे। कार्यक्रम में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश्चन्द्र श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया आदि मौजूद थे। संचालन नवीन कपूर ने किया।

विद्यापीठ में मौजूद गुणीजनों को संबोधित करते किरण रिजीजू

2024 में हर एक प्रांत में टेलीकॉम की व्यवस्था

केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्री किरण रिजिजू ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि 2024 में सरकार ने 2024 में हर एक प्रांत में टेलीकाम की व्यवस्था देने का निर्णय लिया है। इसके अलावा किसानों के लिए मार्केटिंग व पैकेजिंग की व्यवस्था की गई है। कहा कि मेरा यह मानना है कि यह बजट महज एक साल का बजट नहीं है। इस बजट के जरिये 2047 के पूर्ण रूप से विकसित भारत की नींव रखी गई है। कहा कि पहली बार गरोबों के लिए अच्छा बजट आया है। विपक्ष अग पूछता है तो उसके सामने तर्क रखिये। यह अर्थव्यवस्था को मजबूत करने वाला बजट है। प्रेसवार्ता में भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष महेश्चन्द्र श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, महानगर अध्यक्ष विद्यासागर राय, क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी व संतोष सोलापुरकर आदि मौजूद थे।

तीन दशकों में बहुत पिछड़ गया था बनारस

केन्द्रीय कानून एवं न्याय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि वैसे काशी कई बार आया हूं। आप लोग बहुत खुशकिस्मत हैं जो विश्व के सबसे पुराने शहर में रहते हैं। विश्व के सबसे प्राचीन शहर का प्रसिद्ध लोकनेता आपका सांसद है। हम जब अरुणांचल प्रदेश में रहे तो बनारस व आसपास के जिलो के कई शिक्षक हमें पढ़ाते थे। लेकिन शहर यह पिछले तीन दशकों से काफी पिछड़ गया था।

बजट से देश में दौड़ेगी विकास की गाड़ी

वाराणसी। केन्द्रीय वित्त मंत्री की ओर से पेश किये गये 2023-2024 के सामान्य बजट को हरेकृष्ण ज्वेलर्स के संतोष कुमार अग्रवाल ने देश में आर्थिक विकास को और मजबूत बनाने वाला बताया।

कहा कि यह बजट जनमानस के लिए उत्साह वर्धक रहेगा। इस बजट में 10 लाख करोड़ खर्च करने का लक्ष्य निःसन्देह कृषि, मेडिकल, पैकिंग और आम जनता के उपयोगी वस्तुओं के लिए लाभकारी होगा और भारत की अर्थव्यवस्था को निःसंदेह विश्व पटल पर मजबूत करेगा।

वाराणसी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में मनी रविदास जयंती

वाराणसी। वाराणसी गर्ल्स डिग्री कालेज में संत रविदास की जयंती शनिवार को मनायी गयी। का आयोजन किया।

रैदास जी के चित्र पर डा. र सिंह ने माल्यापर्ण किया, शिक्षकों को सम्बोधित करते हुये उन्होंने रविदास जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुऐ बताया कि संत रविदास जी बिना किसी बनाबट के अनुभू को अपनी भाषा में कह देते थे, यह उनकी विशेषता रही। रैदास जी भक्ति काल के एक ऐसे संत थे। जिन्हें जात-पात के अन्तर विरोध को कम करने कि दिशा में कार्य किया। साथ ही रविदासिया पंथ की स्थापना किं कार्यक्रम में मुख्य रूप से डा. अनुपमा सिंह, डा. भागीर डा. धर्मराज, गायत्री, बुलेन्द्र, शतरुद्र, श्रवण, नीता लाल सुनील उपस्थित रहे।

न्यायमूर्ति शाह ने हस्तशिल्प प्रदर्शनी का किया अवलोकन

वाराणसी। कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली की ओर से प्रायोजित एवं ललितपुर हैंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लि. ललितपुर उप्र के की ओर से आयोजित अंबेडकर हस्तशिल्प विकास योजना के अंतर्गत स्थानीय दीनदयाल हस्तकला संकुल टीएफसी बड़ालालपुर में 10 दिवसीय थिमेटिक हस्तशिल्प प्रदर्शनी के आयोजन अवसर पर न्यायमूर्ति एमआर शाह चीफ जस्टिस उच्चतम न्यायालय ने अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान न्यायमूर्ति ने हस्तशिल्पियों से जरी के विभिन्न उत्पाद भी खरीदे तथा उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के आयोजक कंपनी के प्रबंध निदेशक ने बताया कि यह प्रदर्शनी अंबेडकर हस्तशिल्प विकास योजना अंतर्गत जनपद ललितपुर के जरी शिल्प के 20 हस्तशिल्पियों के लिए संचालित है। प्रदर्शनी 30 जनवरी से 8 फरवरी तक चलेगी। उक्त अवसर पर सर्व श्री गोपेश कुमार मौर्य सहायक निदेशक टीएफसी, राजेश पाल, परवेज अहमद, अरमान आदि मौजूद थे।

संक्षेप

आयुष मंत्रालय के प्रतिनिधि बने प्रो. आनंद चौधरी

वाराणसी। चिकित्सा विज्ञान संस्थान-बीएचयू स्थित आयुवेद संकाय के रसशास्त्र एवं भैषज्य कल्पना के प्रो. आनन्द चौधरी को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानित विश्वविद्यालय, जयपुर की शीर्षस्थ समिति सोसाइटी में भारत सरकार के आयुष मंत्रालय के प्रतिनिधि के रुप में नामित किया गया है। इस समिति के अध्यक्ष केंद्रीय आयुष मंत्री सर्वानंद सोनेवाल हैं। प्रो. चौधरी पूर्व में भी भारत सरकार की विभिन्न समितियों में अध्यक्ष व सदस्य के रुप में योगदान देते रहे हैं।

प्रतिस्पर्द्धा-23 का समापन

वाराणसी। बीएचयू के प्रबंध शास्त्र संस्थान की ओर से रुइया ग्राउंड पर चल रहा पांच दिनी वार्षिक खेल उत्सव 'प्रतिस्पर्धा-23' को संपन्न हो गया। आयोजन में शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, फुटबॉल, थ्रो बॉल, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल और एथलेटिक्स की प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों की भागीदारी थी। संस्थान के डीन प्रो. एचपी माथुर की देखरेख में हुए इस कार्यक्रम के समापन पर निदेशक प्रो. एसके दुबे ने विद्यार्थियों को को बधाई दी। आयोजन समन्वयक डॉ. विशाल लहरी ने आभार व्यक्त किया।

नये समाधान खोजने पर किया मंथन

वाराणसी। भारत के सबसे बड़े मॉडल यूनाइटेड नेशन में से एक आईआईटी बीएचयू मॉडल यूनाइटेड नेशन के तीन दिनी 11वें सम्मेलन दूसरे दिन शनिवार को प्रथम सत्र में प्रतिनिधियों ने निर्धारित मुद्दों पर चर्चा करते हुए नए समाधान खोजने के बारे में मंथन किया। सम्मेलन में विभिन्न प्रदेशों के युवा प्रतिनिधि शामिल हैं। आयोजन के प्रथम दिन बीते शुक्रवार को देश के पूर्व रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार ने मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय कूटनीति को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए भविष्य में युवा नेताओं की जरूरतें समझायीं। साथ ही भारतीय कूटनीति से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

फर्जीवाड़ा मामले में रपट

रोहनिया। मनरेगा में कार्य किये बगैर फर्जी ढंग से धनराशि निकाले जाने के मामले में चार लोगों के खिलाफ शनिवार को धारा 419 एवं 420 के तहत राजातालाब थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। आराजी लाइन विकास खंड के देउरा गांव से जुड़े इस प्रकरण की जांच मुख्य विकास अधिकारी ने करायी थी। जांच की टीम रिपोर्ट मिलने के बाद उन्होंने मामले में फर्जीवाड़ा करने वाले चिह्नित लोगों के विरुद्ध रपट दर्ज कराने का आदेश दिया था। एसओ मुन्ना राम ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रकरण में कार्रवाई की जा रही है।

वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ विनय सेवानिवृत्त

वाराणसी। चौकाघाट स्थित राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी डॉ विनय कुमार मिश्र के सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को उन्हें विदाई दी गयी। सभी ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके सेवानिवृत्त जीवन की शुभकामना दी। लगभग आठ सालों से अपने कुशल कार्यप्रणाली से महाविद्यालय के चिकित्सालय के वरिष्ठ चिकित्साधिकारी के पद पर रहते हुए हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं देने वाली डॉ विनय मिश्र की ओर से किये गये कार्यो की सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी वरिष्ठ चिकित्सको, शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्र छात्राएं उपस्थित रही। संचालन डॉ प्रकाशराज सिंह और डॉ अरविंद सिंह ने किया।

कार्यशाला में कई प्रदेशों से रही हिस्सेदारी

वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग स्थित द्रोणाचार्य सेमिनार हॉल में आयोजित पांच दिनी रिसर्च राइटिंग एंड एकेडमिक इंटीग्रिटी विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन शनिवार को हुआ। मुख्य अतिथि इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज के निदेशक प्रो. सुजीत कुमार दुबे ने कार्यक्रम को महत्वपूर्ण बताया। इसमें विभिन्न प्रदेशों से लगभग 250 से अधिक लोगों की हिस्सेदारी थी। इस अवसर पर प्रो. योगेश उपाध्याय, प्रो. विजय बहादुर सिंह, प्रो. राजीव व्यास, डॉ. प्रदीप सिंह चाहर, प्रो. भास्कर मुखर्जी, डॉ. अरुण कुमार देशमुख, डॉ. विक्रम सिंह, प्रो. अभिमन्यु सिंह, प्रो. सुषमा घिल्डयाल, प्रो. बीसी कापरी आदि ने भी भागीदारी की। अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र दिये गये।

प्रसव कालीन देखभाल पर सीएमई कार्यक्रम संपन्न

वाराणसी। बीएचयू के चिकित्सा विज्ञान संस्थान में आयुर्वेद संकाय की ओर से शनिवार को स्व. प्रो. पीवी तिवारी के स्मृति में सीएमई प्रसव कालीन देखभाल पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विवि के कुलगुरु प्रो. वीके शुक्ल ने स्व. तिवारी के बताए सिद्धांतों पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि उन्होंने जिन सिद्धांतों का आविष्कार किया उन सिद्धांतों को पूरी दुनिया पहुंचाने की आवश्यकता है। संस्थान निदेशक प्रो. एसके सिंह ने आयुर्वेद चिकित्सा को दिये जा रहे प्रोत्साहन की चर्चा करते हुए कहा कि काशी हिन्दू विवि में इस दिशा में काफी काम हो रहा है। आयोजन में पोस्टर, क्विज, निबंध लेखन प्रतियोगिताएं भी शामिल थीं। इस अवसर पर प्रो. दीपा मिश्रा, प्रो. सुनीता सुमन, प्रो. अनुराधा रॉय, प्रो. संगीता गहलोत, डॉ. रविशंकर खत्री, डॉ. पीएस उपाध्याय, डॉ. वैभव, डॉ. वंदना वर्मा, डॉ. प्रीति चौहान, डॉ. शिखा सिंह वगैरह की भी मौजूदगी थी।

466 रोगियों को मिली एमएमडीपी किट

वाराणसी। फाइलेरिया (हाथीपांव) के मरीजों को रुग्णता प्रबंधन के लिए शनिवार को मोर्बिडिटी मैनेजमेंट व डिसेबिलिटी प्रिवेंशन (एमएमडीपी) किट दी गयी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी के निर्देशन में पिछले तीन दिनों में विभिन्न शहरी पीएचसी पर सर्वे में चिन्हित हाथीपांव के 45 मरीजों को एमएमडीपी किट प्रदान की गई। इसके साथ ही फाइलेरिया ग्रसित के पैरों की साफ-सफाई व घाव नियंत्रण के लिए रोगियों को प्रशिक्षण भी दिया गया। इसके अलावा फाइलेरिया ग्रसित अंडकोष में सूजन (हाइड्रोसील) के चिन्हित रोगियों का जिला चिकित्सालय और स्वास्थ्य केन्द्रों में निरंतर ऑपरेशन की सुविधा दी जा रही है। जिला मलेरिया अधिकारी शरदचंद पाण्डेय और फाइलेरिया नियंत्रण इकाई के प्रभारी डॉ अमित कुमार सिंह ने नेतृत्व में शुक्रवार को मंडुआडीह पीएचसी पर 20 रोगियों को एमएमडीपी किट प्रदान की गई। इससे पहले पाण्डेयपुर पीएचसी पर 15 रोगियों और दुर्गाकुंड सीएचसी पर 10 रोगियों को एमएमडीपी किट के साथ प्रशिक्षण भी दिया गया।

11 डॉक्टरों का वेतन रोका कई से मांगा स्पष्टीकरण

कार्रवाई

अस्पताल चिकित्सकों से दिखा खाली

सीडीओ हिमांशु नागपाल ने दीनदयाल अस्पताल के आकस्मिक निरीक्षण में पकड़ी लापरवाही

नहीं है दवा, बाहर से दवा खरीद का लिख रहे पुर्जा सीटी स्कैन व एक्स-रे कक्ष बंद, काउंटर खाली

वाराणसी। पांडेयपुर स्थित पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय भगवान भरोसे चल रहा है। शनिवार को सीडीओ हिमांशु नागपाल ने औचक मुआयना किया। उस दौरान 11 चिकित्सक अनपुस्थित थे। मरीज के लिए दवा नहीं है। बाहर से दवा लेने के लिए पुर्जा जारी हो रहा है। सीटी स्कैन एवं एक्स-रे कक्ष बंद मिला। नेशनल हेल्थ कियोस्क ठप है। रोगी वरिष्ठ नागरिकों के लिए बने काउंटर पर कोई स्टाफ नहीं है। गंदगी से भरे अस्पताल में क्यूआर कोड स्कैन करने के लिए समझाने वाला कोई नहीं है। मुख्य विकास अधिकारी ने गैरहाजिर चिकित्सकों का वेतन रोकते हुए कई स्टाफ से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिये।

श्री नागपाल सुबह 9.30 बजे इस चिकित्सालय में पहुंचे थे। मौके पर डॉ. आरएस राम आई सर्जन, डॉ. शिवेश जायसवाल जनरल सर्जन, डॉ. केजी पांडेय आर्थो, डॉ. बृजेश कुमार ऑर्थो, डॉ. सुशील नागर आर्थो, डॉ. प्रेम प्रकाश सर्जन, डॉ. अमरनाथ चेस्ट रोग, डॉ. मुकेश पाठक फिजीशियन, डॉ. आरके सिंह पीडियाट्रिशियन, डॉ. मनीष यादव फिजीशियन और डॉ. पीके सिंह फिजीशियन अनुपस्थित थे। अस्पताल का दफ्तर बंद दिखा। दवा वितरण कक्ष के पास एक मरीज ने सीडीओ को बताया गया कि काउंटर पर दवा उपलब्ध नहीं है। दवा बाहर से खरीदने के लिए लिखा गया है। उसी रोगी के साथ काउंटर पर जाने पर बताया गया कि दवा उपलब्ध नहीं है। निकट ही वरिष्ठ नागरिक व दिव्यांगजनों के लिए बने काउंटर पर कोई स्टाफ नहीं था। नेशनल हेल्थ कियोस्क क्रियाशील नहीं दिखा।

परिसर में जगह-जगह गंदगी थी। डिस्पेंसरी के निकट लगी भारी भीड़ को क्यूआर कोड स्कैन करने का तरीका बताने वाला कोई मौजूद नहीं था। सीटी स्कैन मशीन और एक्स-रे मशीन कक्ष सुबह 8.30 बजे खुल जाना चाहिए लेकिन निरीक्षण के समय भी वह कक्ष बंद था और जांच करने वाला तकनीकी स्टाफ भी अनुपस्थित दिखा। अस्पताल की इस दुर्दशा पर सीडीओ ने सख्त नाराजगी जताते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को संबंधित कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने गैरहाजिर चिकित्सकों का एक दिन का वेतन अगले आदेश तक रोकते हुए स्पष्टीकरण तलब करने को कहा। साथ ही बाहर से दवा लेने की पर्जी लिखने वाले चिकित्सकों स्पष्टीकरण लेकर प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। साथ ही खामियों को तत्काल दूर कराने पर बल दिया।

काशी विद्यापीठ को मॉडल ब्लॉक बनाने का सर्वे शुरु

काशी विद्यापीठ। देश के पहले मॉडल ब्लॉक सेवापुरी की तर्ज पर जनपद के अन्य विकास खंडों को भी मॉडल ब्लॉक बनाने की कवायद शुरु की गयी है। इसके तहत काशी विद्यापीठ और आराजी लाइन को आदर्श विकास खंड के तौर पर विकसित करेंगे। इस बारे में शनिवार को काशी विद्यापीठ ब्लॉक मुख्यालय पर तैयारियां चलती रहीं। जिसके अंतर्गत सचिवों को पत्र जारी कर आगामी 15 फरवरी तक बेसलाइन सर्वे कर रिपोर्ट पेश करने को कहा गया। बीडीओ डॉ. रक्षिता सिंह के मुताबिक विकास खंड के 66 ग्राम पंचायतों के ग्राम सचिवों को सभी प्रकार के पेंशन, आवास, एनआरएलएम, मनरेगा तथा शौचालय आदि योजनाओं के लाभार्थियों का घर-घर सर्वेक्षण करने के निर्देश दिये गये हैं। सर्वे में पंचायत सहायकों एवं रोजगार सेवकों की मदद भी ली जाएगी। सर्वे में पाए गये पात्र लाभार्थियों का आवेदन कराने की भी जिम्मेदारी ग्राम सचिवों को दी गयी है। इसके लिए सभी एडीओ को सेक्टर प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपते हुए कार्य की निगरानी करने को कहा गया है। एडीओ पंचायत राशिद अहमद को इस कार्य में ब्लॉक का नोडल बनाया गया है।

संयमित दिनचर्या से कैंसर को रोक सकते हैं

बोलीं डॉ. अंशु सिंह

जीवनदीप नर्सिंग स्कूल में मनाया विश्व कैंसर दिवस

वाराणसी। बड़ालालपुर स्थित जीवनदीप स्कूल ऑफ नर्सिंग में शनिवार को विश्व कैंसर दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

बतौर मुख्य अतिथि पूर्व अपर निदेशक स्वास्थ्य चिकित्सा व परिवार कल्याण वाराणसी मंडल डॉ अंशु सिंह ने कहा कि आज विश्व में लगभग एक करोड़ लोगों कि सालाना मौत कैंसर से होती है। दरअसल कैंसर को लेकर तमाम मिथ भी समाज में प्रचलित है। जैसे यह एक लाइलाज बीमारी है, कैंसर रोगी कभी ठीक नहीं सकता और मृत्यु निश्चित है जैसे कपोल कल्पनाओं को आज ना कहने कि जरुरत है। प्रचार्य जेडी एसएन सिबिन के डी ने कहा कि इस बार विश्व कैंसर दिवस का थीम क्लोज द केयर गैप है अर्थात इलाज कि उपलब्धता को है। वाईस प्रिंसिपल निखिल यादव ने गोष्ठी के उद्देश्य को बताया। गोष्ठी में डॉ. नंदा दिवेदी, विमल सहित सभी शिक्षक, कर्मचारी व विद्यार्थी मौजूद रहे।

काशी विद्यापीठ चैंपियन

हरहुआ। सरस्वती उच्च शिक्षा एवं तकनीकी स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा आयोजित महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ से संबद्ध अंतर महाविद्यालयीय क्रिकेट प्रतियोगिता -2023 का फाइनल मैच गुरुवार को हरहुआ स्थित स्व. विवेक सिंह एकेडमी खेल मैदान पर खेला गया। फाइनल मुकाबले में काशी विद्यापीठ कैंपस ने शीयेट पीजी कालेज को छह विकेट से हराकर मैच जीत लिया। काशी विद्यापीठ ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। 15 ओवर के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए शीएट ने हिमांशु मालवीय के 49 एवं आकाश के 24 रन की बदौलत जीत के लिए 121 रन का टारगेट दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी काशी विद्यापीठ ने 4 विकेट के नुकसान पर जीत हासिल की।

काशी विद्यापीठ के विनम्र रौनियर को मैन ऑफ द मैच तथा शीएट के ओम वर्मा को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया। फाइनल मुकाबले में पर्यवेक्षक प्रो. संतोष कुमार, डॉ अमरेंद्र सिंह, विवेक सिंह एकेडमी के निदेशक रणजी खिलाड़ी सीमांत सिंह, विपुलेन्द्र सिंह, डॉ अरविन्द, अमल चतुर्वेदी, डॉ दिनेश सिंह, मुन्ना सिंह, डॉ अरविन्द सिंह, डॉ दिग्विजय वर्मा, साक्षी सिंह, डॉ सुजीत सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। खिलाड़ियों को गौरीशंकर सिंह, निदेशक नवीन कुमार, डॉ संतोष कुमार सिंह, डॉ संजीव कुमार सिंह ने ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया।

294 बच्चों का स्वर्णप्राशन

वाराणसी। बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने को लेकर प्रति माह चौकाघाट स्थित राजकीय आयुर्वेद कॉलेज पुष्प नक्षत्र में आयोजित होने वाले स्वर्णप्रशान शिविर में दशनिवार को कुल 294 बच्चों का स्वर्णप्राशन कराया गया। हॉस्पिटल के कौमारभृत्य (बालरोग) विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर का शुभारम्भ मण्डलायुक्त कौशल राज शर्मा के पुत्र को स्वर्णप्राशन की बूँदे पिलाकर किया गया। विभाग के जे.आर डॉ नेहा चौधरी, एवं इंटर्न डॉ अक्षय कुमार पटेल, डा. पूजा श्रीवास्तव, डा. पूर्ती श्रीवास्तव, डॉ विमलेंद्र कुमार नीरज आदि की सहभागिता से इस पुष्य नक्षत्र में स्वर्णप्राशन की बूँदें पिलायी गई। प्राचार्य प्रो.नीलम गुप्ता ने बताया कि स्वर्णप्राशन से बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, बुद्धि एवं स्मरणशक्ति को बल प्रदान करता है एवं सभी सामान्य एवं जटिल तथा संक्रामक रोगो को होने से रोकने में अत्यधिक रूप से कारगर है।

भगवान व भारत दोनों का दर्शन कराता है भाजपा का भगवा रंग

बोले अनिल राजभर

कहा-फ्रस्ट्रेशन में बोल रहा विपक्ष, उनके पास कोई मुद्दा नहीं

रोहनिया। प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने अपनी पार्टी के रंग की तुलना भगवान और भारत से किया। कहा कि भाजपा का भगवा रंग भगवान और भारत दोनों के दर्शन कराता है। वह केसरीपुर स्थित पार्टी कार्यालय पर शनिवार को आयोजित जिला कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि थे।

प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए मुख्य अतिथि ने देश के वीर सपूतों के बलिदानों को याद किया और विपक्ष पर निशाना साधा। कहा कि आज विपक्ष फ्रस्ट्रेशन में बोल रहा है, क्योंकि उनके पास कोई मुद्दा बचा ही नहीं है। पूर्व की सरकार 60 वर्षों में यदि सही दिशा में लेकर गई होती तो आज भारत विश्व गुरू होता। सरकार ऐसा बजट लेकर चल रही है, ताकि हर भारतीय के पास अपना घर हो। उन्होंने पार्टी अपना लक्ष्य 2047 को यह मानकर चल रही है कि जब यह देश अपना शताब्दी मनाएगा, तो उस वक्त भारत देश विकसित देश कहलायेगा। प्रारंभ में उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, जिला प्रभारी सुशील त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, पूर्व विधायक सुरेंद्र नारायण सिंह, निवर्तमान मेयर मृदुला जायसवाल, आरपी कुशवाहा, राजेश राजभर, मनोज सोनकर, देवेंद्र प्रताप सिंह, त्रिभुवन राम, राम प्रकाश दुबे, राकेश सिंह, बंसराज पटेल, कौशलेंद्र सिंह, डॉ. पाठक आदि मौजूद थे।

आंखों में भी कैंसर का बड़ा खतरा

बोले डॉ. मौर्य

पांच साल से कम उम्र के बच्चों में होता है रेटिनोब्लास्टोमा

863 रोगियों में 422 में पाया गया खतरनाक मेलिगनेंट ट्यूमर

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। बीएचयू स्थित क्षेत्रीय नेत्र संस्था के एसोसिएट प्रोफेसर एवं नेत्र कैंसर व आकुलोप्लास्टिक सर्जन डॉ. राजेंद्र प्रकाश मौर्य ने कहा कि आंखों में कैंसर होता है, जो कभी-कभी खतरनाक रूप धारण कर लेता है। ऐसे में आंखों को लेकर लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

विश्व कैंसर दिवस पर मेडिकल के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. मौर्य ने बताया कि आंखों में कई प्रकार का कैंसर होता है। आंख के परदे का 'रेटिनोब्लास्टोमा' नामक कैंसर पांच साल से कम उम्र के बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। समय रहते यदि इसका उपचार न किया जाए तो बच्चे की जान भी जा सकती है। उन्होंने बताया कि पलकों का कैंसर, लेक्राइयल ग्लैंड कैंसर, नेत्र कैंसर आदि भी खतरनाक होते हैं। इसके लक्षण और पहचान भी अलग-अलग होते हैं। यदि नेत्र कैंसर की पहचान व उपचार समय से हो, तो रोगी की जान, आंख व रोशनी को पूरी तरह से बचाया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि बीते आठ-नौ वर्षों में नेत्र कैंसर के रोगियों में लगातार इजाफा हो रहा है। इस दौरान 863 नेत्र ट्यूमर रोगियों में 422 नेत्र कैंसर (खतरनाक मेलिगनेंट ट्यूमर) पाया गया। इसमें से करीब 72.5 प्रतिशत रोगी ग्रामीण पृष्ठिभूमि से गरीब व अशिक्षित तबके के थे। उन्होंने नेत्र कैंसर विशेषकर बच्चों में होने वाले रेटिनोब्लास्टोमा के कारण, पहचान, निदान, जांच व रोकथाम के बारे में विस्तार से बताया। ताकि नेत्र कैंसर के रोगियों की जान, आंख व रोशनी को बचाया जा सके।

समाज में जागरूकता लाना है, कैंसर को भगाना है

विश्व कैंसर दिवस

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले भर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये

वाराणसी। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर जिले में शनिवार को विभिन्न जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में लोगों को कैंसर के लक्षण, कारण व बचाव की जानकारी दी गयी ताकि वह समय रहते उपचार कराकर इस जानलेवा बीमारी से अपना बचाव कर सके। पं. दीनदयाल चिकित्सालय के सभागार में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए चिकित्सा अधीक्षक डा. प्रेम प्रकाश ने कहा कि कैंसर एक ऐसी बीमारी है जो शरीर के किसी भी हिस्से में हो सकती है। कहा कि वैसे तो कैंसर कई प्रकार के होते हैं लेकिन जिनमें सर्वाइकल कैंसर (बच्चेदानी के मुख का कैंसर), स्तन कैंसर, मुख कैंसर, फेफड़े का कैंसर, ब्लड कैंसर व पेट का कैंसर, किडनी कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर के मामले अधिक देखने को मिलते हैं। गोष्ठी में डा. प्रीति यादव, डॉ. ज्योति ठाकुर के अलावा पं.दीन दयाल उपाध्याय चिकित्सालय के अन्य चिकित्सा व स्वास्थ्यकर्मी शामिल थे। वहीं पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल मंडलीय अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. आर जे चौधुरी के निर्देशन में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर कैंसर के उन्मूलन के लिए लोगों को जागरुक किया गया। बताया कि प्रति वर्ष विश्व कैंसर दिवस 4 फरवरी को इसलिए मनाया जाता है ताकि लोगों को कैंसर जो कि एक गैर-संचारी रोग है इसकी रोकथाम, शीघ्र पहचान और उपचार के बारे में सूचित और प्रोत्साहित करना है।

बीएचयू में प्रकृति सार नाड़ी परीक्षण आधारित इलाज शुरु

बीएचयू के आयुर्वेद संकाय में शनिवार को विशिष्ट चिकित्सा ओपीडी में प्रकृति सार नाड़ी परीक्षण आधारित इलाज का शुभारंभ फीता काटकर किया गया

विशिष्ट ओपीडी

उपचार के लिए पंजीकरण दोपहर एक बजे से, चिकित्सा अपराह्न दो से सायं पांच बजे तक

वाराणसी। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संकाय में विशिष्ट चिकित्सा ओपीडी में प्रकृति सार नाड़ी परीक्षण आधारित इलाज का शुभारंभ शनिवार को किया गया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक प्रो. केके गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा के अनुरूप उनके संसदीय क्षेत्र में आयुष को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों और आम जनता को इस पद्धति से लाभांवित करेंगे। संकाय प्रमुख प्रो. केएन द्विवेदी ने बताया कि वर्तमान में लोग नाड़ी, प्रकृति, मर्म स्वर एवं सिद्धांत आधारित चिकित्सा में रुचि ले रहे है। उन्होंने बताया कि इस विधा में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना कर देश के विभिन्न आयुर्वेद से जुड़े शिक्षण संस्थानों के लोगों को बीएचयू में प्रशिक्षित करने का प्रयास होगा। ताकि व्यापक रूप में इस उपचार पद्धति का विस्तार हो। उन्होंने बताया कि अस्पताल में विशिष्ट ओपीडी में दोपहर एक बजे से पंजीकरण आरंभ होगा। चिकित्सा 20बी, मर्म स्वर परीक्षण आधारित चिकित्सा 11बी एवं आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों पर आधारित चिकित्सा 11ए में अपराह्न दो बजे से सायं पांच बजे तक चलेगा। नाड़ी परीक्षा के लिए सुबह खाली पेट या तीन घंटे से अधिक खाली पेट हो तो अच्छा रिजल्ट मिलता है। कार्यक्रम में प्रो. सीएस पांडेय, वैद्य सुशील कुमार, देवानंद व आषुतोष, डॉ. राजकिशोर आर्य, प्रो. विजयलक्ष्मी, प्रो. किशोर पटवर्धन, प्रो. संगीता गहलोत, प्रो. रानी सिंह आदि की उपस्थिति भी रही।

बृजलाल खाबरी का जोरदार स्वागत

आगमन

दो दिनी दौरे पर पहुंचे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष

आज सीरगोवर्द्धनपुर में रविदास जंयती कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा

दो दिनी दौरे पर शनिवार को वाराणसी पहुंचे प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने कबीर मठ व संकटमोचन में दर्शन-पूजन किया

वाराणसी। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी दो दिनी दौरे पर शनिवार को वाराणसी पहुंचे। वह संत रविदास जयंती के अवसर पर रविवार को सीरगोवर्द्धनपुर स्थित संत रविदास मंदिर के कार्यक्रम में शामिल होंगे। साथ की संगठन के कार्यक्रमों में हिस्सेदारी करेंगे।

शनिवार को श्री खाबरी के वाराणसी पहुंचने पर मोहनसराय बाईपास पर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर महानगर अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे और जिलाध्यक्ष राजेश्वर पटेल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। इस मौके पर श्री चौबे एवं श्री पटेल ने बताया कि श्री खाबरी संत रविदास की जयंती में सम्मिलित होंगे। इसके अतिरिक्त पार्टी के कार्यक्रमों में उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

वाराणसी पहुंचने के बाद श्री खाबरी ने कबीरचौरा स्थित कबीर मठ मूलगादी और संकटमोचन मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव देवेंद्र सिंह, प्रदेश सचिव इमरान खान व कमलेश ओझा, राजीव गौतम, फसाहत हुसैन बाबू, मनीष चौबे, विनोद सिंह 'कल्लू', पंकज चौबे, अशोक सिंह, राजीव राम, चंचल, रोहित, अनुभव राय, महेश एवं रामश्रृंगार पटेल आदि भी थे।

संत रविदास ने स्थापित की श्रमशील समाज की गरिमा

किया याद

'संत रविदास और संत कबीर के चिंतन में मानवीय मूल्य' विषयक व्याख्यान में बोले महंत विवेक दास

जनसंदेश न्यूज

बीएचयू के मालवीय मूल्य अनुशीलन केंद्र में शनिवार को 'संत रविदास और संत कबीर के चिंतन में मानवीय मूल्य' विषयक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया

वाराणसी। कबीरमठ कबीरचौरा मूलगादी के महंत आचार्य विवेकदास ने कहा है कि संत रविदास की वाणी और वचन संत कबीर की तरह अक्खड़ और मारक नहीं बल्कि सरल और सौम्य है। वह कबीर के साथ मिलकर भारत के भक्ति आंदोलन को एक दिशा दिखाते हैं। उनकी महानता के कारण ही मीराबाई जैसी रानी राजस्थान से काशी आकर उनकी शिष्या बनीं। रविदास ने भ्रम की महत्ता की स्थापना की और देश के सामने श्रमशील समाज की गरिमा को स्थापित किया। कश्मीर से कन्याकुमारी तक करीब 300 संतों के कार्यों समेत उनकी जीवनी का प्रदर्शन, सारनाथ में कबीर मठ की ओर से प्रस्तावित कबीर विद्यापीठ में होगा। बीएचयू के मालवीय मूल्य अनुशीलन केंद्र में शनिवार को 'संत रविदास और संत कबीर के चिंतन में मानवीय मूल्य' विषयक विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम में विवेक दास मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। विशिष्ट अतिथि प्रो. दीपक मलिक ने कहा की भारत में सांस्कृतिक क्रांति के मूल में देश का भक्ति आंदोलन था। उस आंदोलन के दो आधार स्तंभ संत कबीर और संत रविदास रहे।

उन्होंने कहा कि रविदास उस समाज के निर्माण की बात करते है जो 'गम रहित हो यानि वह 'बेगमपुरा' कहते हैं। वह ऐसी दूरदृष्टि के साथ मध्ययुग में अवतरित हुए जो एक समतामूलक समाज की कल्पना करते हैं। उनकी यह दृष्टि आधुनिक भारत के निर्माण में अत्यंत उपयोगी है।

अध्यक्षता करते हुए प्रो. अवधेश प्रधान ने कहा कि संत कबीर और संत रविदास के स्वर में जो चेतना का स्वर है वो मानव के विवेक को जागृत करने वाला है। दोनों की वाणी आइना है जो हमें जगाती है। कार्यक्रम में प्रो. राज कुमार, प्रो. संजय कुमार आदि ने भी विचार व्यक्त किये।

पूर्वोत्तर रेलवे
खुली ई-निविदा सूचना संख्या: SRDEE-TRD-IZN-2022-23-T28, दिनांक: 02-02-2023
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली" ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।
क्रम सं.-01, कार्य का नाम: पूर्वोत्तर रेलवे के इज्जतनगर मंडल में जालकुमी-बरहीपुर खण्ड के लोकेशन 48/9-10 पर पुल संख्या 104 के विद्युतीकरण से संबंधित कार्य। टेंडर नियंत्रण नं: SRDEE-TRD-IZN-2022-23-T28, कार्य का अनुमानित लागत मूल्य रु 14,26,490.21, जमानत राशि/बिड सिक्योरिटी (एमडी) रु 1,48,500/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपया मै 0.00, निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 27-02-2023, 11:00 बजे, कार्य पूरा करने की अवधि: 04 माह।
• खुली ई-निविदा दिनांक 27-02-2023 को 11:00 बजे तक जमा कर सकेंगे।
• पूर्ण विवरण जानने हेतु एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी मुगलसराय/विद्युत-196 इज्जतनगर
मार्गी सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु नं. +: 08084440000 पर एसएमएस करें।
गाड़ियों की छतों व पायदानों पर कदापि यात्रा न करें।

सेंट जेवियर्स स्कूल में लगा बाल मेला व विज्ञान प्रदर्शनी

अतिथियों को बुके देती बच्चियां

सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं

प्रतियोगिता में भाग लेते अतिथिगण

जनसंदेश न्यूज

बेल्थरारोड। सेंट जेवियर्स स्कूल पिपरौली, बड़ागांव में कक्षा नर्सरी से पांचवीं तक के बच्चों ने शनिवार को बाल मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया। इसका शुभारंभ सीएचसी सीयर के अधीक्षक डा.राकेश कुमार सिंह तथा उभांव थाना के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। प्रदर्शनी को स्कूल के 10 कक्षों में प्रदर्शित किया गया। इसका अतिथियों ने स्कूल के प्रिंसिपल डा. जेआर मिश्र एवं वाईस प्रिंसिपल शीला मिश्रा के साथ भ्रमण कर विधिवत अवलोकन ही नहीं किया, बल्कि बच्चों से अनेक सवाल-जवाब कर पूर्ण रूप से संतुष्ट दिखे।

आयोजन

प्रदर्शनी का अतिथियों ने किया अवलोकन

अतिथियों ने सेल्फी प्वाइंटों पर सेल्फी भी खिंचवाई।

प्रदर्शनी में समाज से विलुप्त व्यवस्थाओं जैसे घरेलू खान-पान में आटा पीसने का जाता, मड़ई, लालटेन, ढिबरी, ओखर, सील व लोढ़ा, सूप, आखा, चलनी, बांस की दउरी, हरीश, जुआठ, लकड़ी का चूल्हा, पीढ़ा, मिट्टी के वर्तन, मिट्टी के खिलौने, शारीरिक प्रदर्शन, खटिया-मचिया, छाता, बिस्तर लेवा आदि से संबंधित चीजों को सजाया गया था। ठीक उसके विपरीत वर्तमान समय की अत्याधुनिक सामाजिक व्यवस्था में इलेक्ट्रिक बल्ब, वाशिंग मशीन, मिक्सर मशीन, वर्षा से बचाव को रेनकोट, कुर्सी-मेज आदि पर विशेष फोकस दिया गया था। बच्चों ने अंग्रेजी, हिन्दी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत, उर्दू, कंप्यूटर, अबेकस का प्रदर्शन चित्रों, विभिन्न प्रकार के मॉडलों तथा संवाद के माध्यम से किया था। इसके अलावा स्कूल के लान में सेल्फी प्वाइंट, खान-पान के स्टाल मेला का आयोजन किया गया था। मौके पर जावेद अनवर, राशिद कमाल, अजय मौर्य, मोनू मित्तल, प्रशान्त कुमार जायसवाल मंटू, महेन्द्र तिवारी, अनुपम बरनवाल आदि मौजूद रहे। प्रबंधक केके मिश्र ने सभी आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

नई नवेली दुल्हन की तरह सजा स्कूल परिसर

बेल्थरारोड। बाल मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी को भव्य बनाने की दृष्टि से बच्चों ने स्कूल परिसर को नई नवेली दुल्हन की तरह रंगीन गुब्बारों, इलेक्ट्रिक बल्बों तथा फूल-पत्तियों से सजाया था। अभिभावकों ने भी मेले में पहुंच कर खान-पान का भरपूर आनंद लिया। इसके लिए अनेक स्टाल संग कैश स्टाल भी स्थापित किया गया था। कार्यक्रम को प्रदर्शित कराने में पूजा, बब्लू, सजीना, मंजीत, आर्शील, श्याम जी, श्रेया यादव, श्रद्धा तिवारी, लकी गुप्ता, अंजू शर्मा, सावित्री पांडेय, पूनम भारती, खुश्बू, पारुल, शिवांगी, ज्योति प्रभा, रंजना त्रिपाठी, अमृता गिरि, राजेश गुप्ता, सृष्टि, भारती वर्मा, नूजहत, ज्याति वर्मा, आरजू बेगम, सुनीता, अरीबा, रीता, गीता, प्रतिभा, संगीता, एचके मिश्रा, मल्लिका बेगम, अतहर, प्रियंका तिवारी, आलोक, जवीर, जेपी भारती, शारदा, शैलेश, उदित आदि ने सहयोग किया।

हमेशा लाइलाज नहीं होता कैंसर

पीएचसी कोटवां में विश्व कैंसर दिवस पर आयोजित गोष्ठी में उपस्थित लोग

बोले डा. आरबी सिंह

प्रारंभिक पहचान एवं उपचार से बचायी जा सकती है जान

बैरिया। स्थानीय ब्लाक अन्तर्गत पीएचसी कोटवां पर शनिवार को विश्व कैंसर दिवस मनाया गया। चिकित्सकों ने बताया कि हर साल तमाम तरह के कैंसर के कारण लाखों लोगों की मौत हो जाती है। लोगों में इस गंभीर रोग को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल चार फरवरी को वर्ल्ड कैंसर-डे मनाया जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक कैंसर निश्चित ही काफी घातक बीमारी है। अगर इसके बारे में लोगों को सही जानकारी हो तो स्थिति का समय से निदान किया जा सकता है। कैंसर की समय से पहचान हो जाने पर इलाज और इसके कारण होने वाली गंभीरता और मौत के खतरे को कम किया जा सकता है।

पीएचसी कोटवां के प्रभारी चिकित्साधिकारी एवं जिला कैंसर नोडल अधिकारी डा. आरबी सिंह ने बताया कि अन्य बीमारियों की तरह ही समाज में कैंसर को लेकर भी तमाम तरह के मिथक है। इसमें से कई मिथकों को लोग अब तक सच मानते आ रहे होंगे। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने बताया कि लोगों को मिथक भ्रमित कर सकते हैं, जिसके कारण कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। कैंसर का मतलब मौत निश्चित है, यह मान लेना अफवाह है। बताया कि लोगों के बीच कैंसर को लेकर फैली यह मिथक काफी गंभीर है। कैंसर हमेशा लाइलाज नहीं होता है।

कैंसर के कारण होने वाली मौत का खतरा, रोग के प्रकार और स्टेज पर निर्भर करता है। कैंसर का पता लगाने और उपचार के क्षेत्र में तकनीकी प्रगति ने इस दिशा में काफी बेहतर काम किया है। प्रारंभिक पहचान और उपचार के साथ अधिकांश रोगियों की जान बचाई जा सकती है। युवराज सिंह, संजय दत्त जैसे स्टार इसके उदाहरण हैं। लोगों के बीच कैंसर की संक्रामकता को लेकर भी काफी भ्रम की स्थिति है। अक्सर लोग कैंसर रोगियों से मिलने या उनके निकट संपर्क में आने से कतराते हैं। ध्यान देने वाली बात यह है कि कैंसर छूत की बीमारी नहीं है। बीसीपीएम संजय यादव ने बताया कि माइक्रोवेव में गर्म खाना खाने से कैंसर होता है। माइक्रोवेव और कैंसर के खतरे के बारे में आपने भी जरूर सुना होगा, पर विशेषज्ञ इसे मिथक मानते हैं। भोजन को गर्म करने के लिए माइक्रोवेब विकिरण का उपयोग करता है। इससे कैंसर का खतरा नहीं होता है। इससे गर्म भोजन करने से कैंसर होने के जोखिम का कोई संबंध नहीं है।

डाक्टर से सलाह लेकर करायें उपचार

बैरिया। नेशनल ब्रेस्ट कैंसर फाउंडेशन के अनुसार स्तन में गांठ होने का मतलब जरूरी नहीं है कि यह कैंसर ही हो। फाइब्रोएडीनोमा जैसी कई अन्य स्थितियां भी स्तन में गांठ का कारण बन सकती हैं। अगर आपको स्तन में गांठ या स्तन के उतकों में कोई बदलाव दिखाई देता है तो समय रहते डाक्टर से सलाह लेकर स्थिति का सही निदान और उपचार अवश्य करा लेना चाहिए।

बाल झड़ना कैंसर का संकेत नहीं

बैरिया। अक्सर कैंसर रोगियों की तस्वीरों में उन्हें आपने गंजा देखा होगा। इसी आधार पर लोगों ने मानना शुरू कर दिया है कि बाल झड़ना कैंसर का संकेत हो सकता है। हालांकि इसे डाक्टर पूरी तरह से अफवाह ही मानते हैं। डाक्टर बताते हैं कि बाल झड़ने की समस्या केवल कुछ कीमोथेरेपी दवाओं से संबंधित होती है। कैंसर के उपचार के दौरान प्रयोग में लाए जाने वाले तरीकों के कारण बाल झड़ सकते हैं, लेकिन सिर्फ बाल झड़ने को कैंसर का संकेत नहीं माना जा सकता है।

अनियंत्रित कार ने ठेले में मारी टक्कर, दो गंभीर

बैरिया। अनियंनित्रित रफ्तार से चल रही स्विफ्ट डिजायर कार ने ठेले को उड़ा दिया। इससे ठेला चालक समेत दो राहगीर गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं, कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची रामगढ़ पुलिस ने कार को कब्जे में लेने के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर गंगापुर गांव के सामने शनिवार को बैरिया की तरफ से आ रही तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार ने ठेला पर आटा लादकर जा रहे सुनील कुमार (35) निवासी तिवारी टोला को पीछे से इतना जोरदार टक्कर मारा कि ठेला हवा में उड़ गया। वही, सड़क पार कर रहे कन्हैया चौधरी (50) एवं ठेला चालक सुनील कार की जद में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर भीड़ जुट गई। कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गए। आस-पास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी सोनवानी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने दोनो घायलों को जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया।

गोंड-खरवार का मॉडल तहसील पर सांकेतिक धरना

रोष

अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र जारी करने की मांग

मॉडल तहसील पर सांकेतिक धरना देते गोंड-खरवार

बलिया। जनजाति गोंड-खरवार समुदाय के लोगों ने शनिवार को विभिन्न नारे लगाते हुए संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान मॉडल तहसील पर सांकेतिक धरना दिया। तत्पश्चात उप जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा।

मनोज शाह ने कहा कि पिछली बार आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी को पत्रक सौंपा गया था। इसके क्रम में सदर प्रमाण पत्र लिपिक (टंकक) द्वारा अवगत कराया गया कि शासनादेश के क्रम में गोंड (अनुसूचित जनजाति) का प्रमाण पत्र जारी करने हेतु निर्देश दे दिया गया है। फिर भी उक्त आदेश-निर्देश का अनुपालन लेखपाल व तहसीलदार द्वारा नहीं किया जा रहा है। ऑनलाइन आवेदन करने पर आवेदन निरस्त कर दिया जा रहा है। गोंड-खरवार का जनजाति प्रमाण पत्र जारी करने में अनावश्यक रूप से परेशान व हीलाहवाली की जा रही है। अरविन्द गोंडवाना ने कहा कि बलिया जिले के आदिवासी जनजाति गोंड, खरवार का उत्पीड़न चरम पर है। 13 मार्च से मॉडल तहसील के समीप अनिश्चित कालीन घेरा डालो-डेरा डालो और जरूरत पड़ी तो जेल भरो आन्दोलन प्रारम्भ किया जायेगा। इस अवसर पर सुरेश शाह, सोनू कुमार गोंड, ऋतिक शाह, आदित्य शाह, शिवशंकर खरवार, हरिशंकर गोंड, मनोज गोंड, महेन्द्र गोंड, आत्मानन्द खरवार, प्रीतम गोंड आदि मौजूद रहे।

डीएम को पत्र देकर की कार्रवाई की मांग

सिकंदरपुर। कठौड़ा गांव निवासी पारसनाथ गुप्ता ने संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल को प्रार्थना पत्र देकर 2018 में नीलामी के दौरान 90 लाख में बोली लगाकर ली गई जमीन को फर्जी तरीके से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर पुनः बेचने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई करने की मांग किया है। इस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार यादव को क्रेता और विक्रेता सहित सब रजिस्टार के विरुद्ध मुकदमा पंजीत करने का निर्देश दिया।

इनरव्हील क्लब ने छात्राओं को किया जागरूक

कैंसर दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में पोस्टर के साथ छात्राएं एवं इनरव्हील क्लब की पदाधिकारी

बलिया। विश्व कैंसर-डे के अवसर पर शनिवार को इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष सरिता गुप्ता की देखरेख में डा. रामविचार रामरती सरस्वती बालिका विद्यालय में छात्राओं को कैंसर के प्रति जागरूक किया गया।

इस दौरान क्लब की अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने छात्राओं को बताया कि कैंसर से कैसे बचे और कैसे कैंसर से लड़े। इसके बाद छात्राओं को कैंसर से होने वाली परेशानियों से अवगत कराया। क्लब की ओर से छात्राओं को स्वस्थ और स्वच्छ समाज की स्थापना के लिये आगे आने को कहा।

जिलाध्यक्ष सरिता गुप्ता ने बताया कि क्लब का हमेशा से यह उद्देश्य रहा है कि समाज में स्वस्थ और स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जाए और क्लब की ओर से यह अभियान चलाया भी जा रहा है। इस अवसर पर कविता सिंह, नीलिमा सिंह, डा. अमिता सिंह, जया सिंह, शशि सिंह, रेनू, कुसुम आदि मौजूद रहे।

एक दिन आप सभी देश का नाम रोशन करेंगे : पुनीत

रेवती। 93 यूपी एनसीसी बटालियन पीडी इंटर कालेज गायघाट के सीनीयर कैडेटों के विदाई/सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया। अपने सीनियर कैडेटों की विदाई करते समय जूनियर कैडेट भावुक हो गए। कार्यक्रम का शुभारंभ कांग्रेस नेता तथा विद्यालय प्रबंधक पुनीत पाठक ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया।

कैडेट संध्या, केशरी, सीनियर कैडेट रजनीश ने अपनी अभिव्यक्ति दी। साथ ही साथ कैडेट कंचन, सौम्या, प्रिंस, शिवम, सूरज, आनंद, प्रियांशु ने अपने-अपने प्रेरणास्पद व भावनात्मक प्रस्तुति से सभी को भाव विभोर कर दिया। मुख्य अतिथि कांग्रेस नेता पुनीत पाठक ने कहा कि एक दिन आप सभी देश के क्षितिज पर अपना नाम रोशन करने का कार्य करेंगे। नपं रेवती के अरूण कुमार तिवारी ने 'ऐसी कठिन घड़ी ये विदाई का है, मन का है' गीत प्रस्तुत कर सभी की आंखों को नम कर दिया दिया। कैडेटों ने अपने गुरु और कंपनी कमांडर मेजर धनंजय सिंह को ब्लेजर और शाल देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रधानाचार्य केडी मिश्र, गौतम, बीजन, सुग्रीव, वीरेश तिवारी, उदय प्रताप सिंह, कौशल कुमार सिंह, हृदय नारायण सिंह आदि मौजूद रहे।

विदाई/सम्मान समारोह को संबोधित करते वक्ता

संक्षेप

न्यू सेंट्रल एकेडमी में विदाई समारोह संपन्न

बेल्थरारोड। स्थानीय नगर के न्यू सेंट्रल पब्लिक एकेडमी में शनिवार को कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कई छात्र-छात्राएं भावुक विभोर हो गए। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक सतीश दुबे ने दीप जलाकर किया। उन्होंने विद्यार्थियों की परीक्षाओं के लिए शुभकामना देते हुए कहा कि निरंतर प्रयास, कठिन परिश्रम एवं अनुशासन के माध्यम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को परीक्षा में धैर्य, लगन और मेहनत के साथ सर्वोत्तम प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। विदाई समारोह को यादगार बनाने के लिए बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। इस मौके पर स्कूल की प्रिंसिपल पूनम प्रसाद, मोनिका दुबे आदि मौजूद रहे। विद्यालय के प्रबंधक सतीश दुबे ने सभी का आभार व्यक्त किया।

द होराइजन स्कूल में 12वीं के विद्यार्थियों की हुई विदाई

बलिया। द होराइजन स्कूल गड़वार में 11वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। सत्र समापन एवं विदाई समारोह में कक्षा 12वीं के बच्चों ने स्मृति के रूप में तुलसी पूजन कर संकल्प लिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय सिंह ने कहा कि हमारे लिए यही सबसे अच्छा उपहार होगा कि आप लोग परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन करेंगे। विद्यालय के 11वीं के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। साथ ही म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता भी कराया गया, जिसमे बारहवीं के छात्र रशीद और बालिका में नीति ने जीत हासिल की। विद्यालय के प्रबंधक मनोज सिंह ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने और कामयाबी हासिल करने के साथ जीवन में विनम्रता और सरल स्वभाव के साथ कार्य करने के लिए संदेश दिया। यह विदाई नहीं, बल्कि आपके जीवन की नई पारी की शुरुआत है। इस अवसर पर जीतेन्द्र मिश्रा, पीयूष श्रीवास्तव, मीनू सिंह, आकांक्षा, अभिषेक वर्मा, विश्वजीत, अमान, कृष्णमोहन, अभिषेक तिवारी, एलबी रावत, निशांत श्रीवास्तव, राकेश, प्रभाकर तिवारी आदि मौजूद रहे।

दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग

नगरा। पूर्वांचल उद्योग व्यापार मण्डल नगरा के तत्वावधान में आयोजित बैठक में बलिया के गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दोषियों को गिरफ्तार करके दण्डनात्मक कार्यवाही करने की मांग की गई। व्यापारियों ने एक स्वर से उनके आश्रितों को 50 लाख आर्थिक सहायता एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग किया। इस अवसर पर राजीव सिंह चंदेल, बरिष्ठ सोनी, महावीर, गुड्डू सैनी, दिनेश गुप्ता, बब्लू कसेरा, राकेश गुप्ता, मनीष, वृजेश गुप्ता, पन्नालाल, मारकण्डेय प्रसाद, काशीनाथ जायसवाल आदि मौजूद रहे।

दो सोलर पैनल से बैटरी चोरी

बलिया। गड़वार थाना क्षेत्र के श्रीजंगली बाबा धाम पर शुक्रवार की देर रात चोरों ने मंदिर प्रांगण में लगे दो सोलर पैनल की बैटरी पर हाथ साफ कर दिया। इसकी जानकारी शनिवार की भोर में पुजारी को तब हुई, जब वह मंदिर पर आरती पूजन करने के लिए पहुंचे। पुजारी ने देखा कि सोलर पैनल से लाइट नहीं जल रहा था। दोनों पैनल से बैटरी गायब थी। इसकी जानकारी होते ही आस-पास के लोग मौके पर जुट गये। लोगों ने बताया कि इसके पूर्व भी मंदिर परिसर में लगे आरओ से टुल्लू व मोटर की चोरी हो गई थी। इस घटना से क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है।

कंपोजिट विद्यालय में हजारों की चोरी

बलिया। नरही क्षेत्र के भरौली गांव में स्थित कंपोजिट विद्यालय में चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। शनिवार की सुबह विद्यालय पहुंचने पर ताला टूटा हुआ था और विद्यालय में चोरी होने की जानकारी हुई। शुक्रवार के दिन विद्यालय में पढ़ाई समाप्त होने के बाद सभी कर्मचारी विद्यालय में ताला बंद कर अपने घर चले गए। शनिवार की सुबह जब विद्यालय पहुंचे तो कार्यालय का ताला टूटा हुआ मिला। कार्यालय के अंदर रखा एक स्पीकर, चार माउथर, दो गणित किट और एक विज्ञान कीट गायब पाई गई। प्रधानाध्यक परशुराम राय ने चोरी की लिखित शिकायत खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं नरही पुलिस से किया है। पुलिस छानबीन में जुट गई है।

कच्ची शराब के साथ महिला गिरफ्तार

बैरिया। स्थानीय पुलिस ने शनिवार को मुखबीर की सूचना पर 60 लीटर कच्ची शराब, भारी मात्रा में शराब बनाने की सामग्री तथा उपकरण के साथ जगदेवा निवासी गुड़िया देवी पत्नी विजय पासवान को गिरफ्तार किया है। एसएचओ धर्मवीर सिंह ने बताया कि बार-बार अवैध शराब बनाने की सूचना मिल रही थी। मूखबीर की सूचना पर बरामद 60 लीटर शराब में से 50 लीटर कच्ची शराब था, जबकि 10 लीटर अपमिश्रित शराब था। वही, फिटकिरी, नौसादर, गुड व अन्य शराब बनाने की सामग्री तथा बाल्टी, फावड़ा सहित शराब बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार महिला को संबंधित धाराओं में पाबंद कर चालान न्यायालय कर दिया गया।

शिकायतों के निस्तारण में बैरिया नंबर एक

सर्वे रिपोर्ट मिलने पर तहसील कर्मियों ने किया खुशी का इजहार

बैरिया। सरकार द्वारा दी गयी व्यवस्था आईजीआरएस पर शिकायतों के निस्तारण में बैरिया तहसील ने प्रथम स्थान पाकर प्रदेश में जगह बनाया है। उप जिलाधिकारी ओत्रय मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के सर्वे रिपोर्ट के अनुसार जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर शिकायतों के निस्तारण के मामले में बैरिया तहसील नम्बर एक पर है। सर्वे रिपोर्ट मिलने के बाद बैरिया तहसील के अधिकारियों व कर्मचारियों ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए खुशी का इजहार किया। वहीं, उपजिलाधिकारी ने तहसील के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि अगर हर अधिकारी व कर्मचारी ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें तो आम जनमानस को समय से न्याय मिलना तय है। एसडीएम ने जानकारी देते हुए बताया कि आईजीआरएस पर लोग शिकायत करते है। उन शिकायतों को समय रहते निस्तारण किया जाता है। उक्त आईजीआरएस के निस्तारण के मामले में सर्वे हुआ है। सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक जनपद में कुल छह तहसील है। उसमे से तहसील बैरिया, सिकंदरपुर, सदर को नम्बर एक पर रखा गया है, जबकि तहसील रसड़ा 76वें स्थान पर, तहसील बेल्थरारोड 122वें स्थान पर एवं बांसडीह को 122वें स्थान पर रखा गया है। उप जिलाधिकारी ने मातहतों की पीठ थपथपाते हुए बेहतर कार्य के लिए प्रशंसा किया है। वही, और लगन से कार्य करने के लिये प्रेरित किया है।

किसी भी व्यक्ति को बेवजह न किया जाय परेशान

बोलीं सौम्या अग्रवाल

दोनों पक्षों की बातें सुनकर करें मामलों का निस्तारण

जनसंदेश न्यूज

सिकंदरपुर। स्थानीय तहसील सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने जनता की समस्याएं सुनी। संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल 137 मामले प्रस्तुत किए गए, जिसमें मौके पर पांच मामलों का त्वरित निस्तारण किया गया।

सबसे ज्यादा मामले भूमि विवाद, बिजली, पानी, सफाई, चिकित्सा और सुरक्षा से संबंधित रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अग्रसारित कर जल्द से जल्द सभी मामलों का निस्तारण किये जाने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि किसी भी मामले का निस्तारण करते समय दोनों पक्षों की बातें अवश्य सुन ली जाए।

सिकंदरपुर तहसील में जनता की फरियाद सुनती डीएम सौम्या अग्रवाल

भूमि और राजस्व के मामले में उन्होंने कहा कि पुलिस और राजस्व विभाग की टीमें मौके पर जाकर मौका मुआयना करके ही मामले का निस्तारण करें। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाए और उसे जल्द से जल्द निस्तारित किया जाए। किसी भी व्यक्ति को बेवजह परेशान न किया जाए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर, उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार, क्षेत्राधिकारी प्रवीण वर्मा, समाज कल्याण अधिकारी विनोद कुमार सिंह, तहसीलदार श्रवण कुमार राठौर, नायब तहसीलदार रजनीश सिंह, थानाध्यक्ष सिकन्दरपुर दिनेश पाठक, चौकी इंचार्ज सिकंदरपुर वंश बहादुर सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी नवानगर सरस्वती शाक्या के अतिरिक्त सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

उप जिलाधिकारी ने सुनी आमजन की फरियाद

बैरिया। स्थानीय तहसील में शनिवार को एसडीएम आत्रेय मिश्र की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें भूमि विवाद में मामले छाये रहे। चकिया निवासी सुनील वर्मा ने प्रार्थना पत्र दिया कि उनके रकबा की जमीन पर दबंग जबरन कब्जा कर रहे हैं। बार-बार शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं हो रही है। बैरिया निवासी राजेश सिंह ने आरोप लगाया कि उनके डीह बसगित की जमीन पर दबंग बलपूर्वक कब्जा कर रहे हैं। वशिष्ठ नगर निवासी रविंद्र सिंह की शिकायत थी कि उनकी पत्रावली नायब तहसीलदार सुरेमनपुर के न्यायालय में विचाराधीन है। तारीख के बीच में ही उसमें फैसला हो गया है। ऐसी अन्य घटनाएं भी हो रही हैं। मिश्र के मठिया निवासी पूजा कुमारी सिंह ने प्रधानमंत्री आवास में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। भोजापुर निवासी शशांक कुमार पांडे ने लेखपाल पर आरोप लगाया कि मेरे पिता की मृत्यु के उपरांत काफी समय बीत जाने पर भी अब तक वरासत नहीं हो पाया है। संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल 15 मामले आये, जिसमें से महज दो का मौके पर निस्तारण हुआ।

प्रधान पति एवं रोजगार सेवक समेत पांच पर मुकदमा

बलिया। भीमपुरा पुलिस ने नगरा ब्लाक के ग्राम पंचायत सिकंदरापुर के प्रधान पति एवं रोजगार सेवक के खिलाफ बलवा, लूट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने पांच माह पुराने मामले में न्यायालय के निर्देश पर यह कार्रवाई की है। गांव निवासी सुरेन्द्र यादव ने सिकंदरापुर की प्रधान सुनीता देवी द्वारा गांव में किये गये गुणवत्ताविहीन कार्य की जांच, विकास कार्य में अनियमितता और गलत तरीके से धन आहरण की जांच के लिए उच्चस्तरीय कमेटी गठित की गुहार डीएम से लगायी थी। आरोप है कि प्रधान पति ओमप्रकाश यादव एवं रोजगार सेवक आनंद श्रीवास्तव समेत कई लोग गोलबंद होकर शिकायतकर्ता की दुकान पर हमला बोल दिया। आरोपित सामानों को तोड़कर 20 हजार रुपये लेकर भाग निकले। हमले में शिकायतकर्ता सुरेन्द्र यादव गंभीर रूप से घायल हो गये। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने प्रधान पति ओमप्रकाश यादव, रोजगार सेवक आनंद श्रीवास्तव, कमला यादव, अरविन्द यादव, रामबहादुर यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

व्यवसायी सुसाइड मामले में दो गिरफ्तार

कोतवाली में पकड़े गये अभियुक्त

सख्ती

जगह-जगह दबिश दे रही गठित पुलिस टीम

जनसंदेश न्यूज

बलिया। गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता के आत्महत्या मामले में घटना के चार दिन बाद शनिवार को आखिरकार पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शेष मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में सदर कोतवाली पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

ज्ञात हो कि दो फरवरी को बलिया थाना कोतवाली पर वादिनी मुकदमा द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया कि उनके पति स्व. नन्दलाल गुप्ता कुछ लोगों के जबरदस्ती प्रताड़ित करने व फर्जी तरीके से आवासीय भूमि का रजिस्ट्री करा लेने के कारण मानसिक दबाव व तनाव में हैं। इसी के चलते अपनी ही पिस्टल से गोली मारकर आत्महत्या कर लिए। इस सूचना पर तत्काल कोतवाली पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीत किया गया। शनिवार को दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों में राजू उर्फ राजीव मिश्रा पुत्र स्व.पारस नाथ मिश्रा निवासी परिखरा, थाना बांसडीह रोड और अवधेश ठाकुर पुत्र स्व. विश्वनाथ ठाकुर निवासी अमृतपाली, थाना कोतवाली बलिया शामिल है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के सुपुर्द कर दिया।

पीड़ित परिवार से मिले राज्यमंत्री

बलिया। राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने पीड़ित परिवार से मुलाकात की। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि यह घटना दुखद है। मेरी संवेदना परिवार के साथ है। प्रशासन ने पूरे मामले को संज्ञान में लिया है। योगी सरकार कानून व्यवस्था की सरकार है। कानून व्यवस्था के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जायेगा। प्रशासन पूरी मुस्तैदी से इस प्रकरण को देख रही है।

निश्चित रूप से होगी कड़ी कार्रवाई : आनंद

बलिया। पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला ने कहा कि सरकार ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया है। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्यमंत्री योगी को अपने पत्र के माध्यम से अवगत कराया है। किसी भी स्तर से कार्रवाई स्थिर नहीं हो पाएगी। कहा कि यह घटना अति निंदनीय है। इसके पहले भी बलिया में इस तरह की घटनाएं घट चुकी हैं। निश्चित रूप से इस बार कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि यदि कोई सूदखोर यह कहता है कि वह भाजपा का मेंबर है तो भाजपा ऐसे लोगों को अपना सदस्य नहीं मानती है।

दोषियों पर की जाय सख्त कार्रवाई : सुनील

बलिया। अखिल भारतीय स्वर्णकार संघ के राष्ट्रीय सचिव सुनील सर्राफ ने कहा कि विगत दिनों बलिया के प्रमुख शस्त्र व्यवसाई नंदलाल गुप्ता ने सूदखोरों के उत्पीड़न से तंग आकर इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए फेसबुक लाइव पर आकर आत्महत्या कर लिया। घटना से पहले उन्होंने स्पष्ट किया कि सारा पैसा और ब्याज देने के बाद भी सूदखोरों ने उनका घर मकान जबरदस्ती लिखवा लिया। बावजूद इसके शासन-प्रशासन इन लोगों पर कार्रवाई नहीं कर पा रहा है। सभी को मिलकर ऐसे लोगों का विरोध करना चाहिए। कहा कि अगर पीड़ित परिवार को हम न्याय नहीं दिला पाए तो हम सभी को व्यापारी नेता कहलाने का कोई हक नहीं है। श्री सर्राफ ने मुख्यमंत्री से मांग किया कि घटना में लिप्त सभी दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करते हुए पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा और सरकारी नौकरी दिया जाय।

सूदखोरों पर करें कार्रवाई: एचएन शर्मा

बलिया। पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के राजनैतिक सलाहकार रहे एचएन शर्मा ने गन व्यवसायी सुसाइड प्रकरण की निंदा करते हुए गहरा शोक प्रकट किया। कहा कि इस दुख की घड़ी में मै पीड़ित परिवार के साथ खड़ा हूं। उन्होंने कहा कि सूदखोरों के खिलाफ जांच होनी चाहिए। उनकी चल-अचल संपत्ति की भी जांच होनी चाहिए। सूदखोरों के पास इतना पैसा कहां से आया? इस पर इनकम टैक्स विभाग ध्यान दें। बलिया शांतिप्रिय रहा है। ऐसे में इस तरह के कार्य से बलिया बदनाम हो रहा है। उन्होंने शासन-प्रशासन से कठोर कार्रवाई करने की मांग की।

व्यापारियों ने निकाला मशाल जुलूस

बलिया। गन व्यवसायी सुसाइड प्रकरण को लेकर नगर के व्यापारियों ने शुक्रवार की देर शाम तक मशाल जुलूस निकाला। व्यापारियों ने नारा लगाया कि बलिया को सूदखोरों के चंगुल से आजाद कराओ-अमन-चैन बरकार करो। आरोपियों की गिरफ्तारी करो। पूरे नगर में भ्रमण करने के बाद मशाल जुलूस शहीद पार्क चौक में पहुंचकर समाप्त हुआ।

कार्रवाई करें, अन्यथा सड़क पर उतरूंगा : वीरेन्द्र सिंह मस्त

सांसद ने एडीजी लॉ एंडआर्डर डीएम व एसपी से की बात

बलिया। सांसद ने डीएम-एसपी से फोन पर कहा कि यदि आप लोगों से कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है तो मैं खुद बलिया की जनता को साथ लेकर सड़क पर उतरूंगा। सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त शनिवार को अपराह्न तीन बजे मृतक गन व्यापारी नंदलाल गुप्ता के घर पहुंचे। करीब आधे घंटे तक वह उनके घर पर रहे और परिजनों से विधिवत बातचीत की। मृतक नंदलाल की पत्नी ने रोते हुए सांसद से गुहार लगायी कि सूदखोरों की गिरफ्तारी से ही मेरे पति की आत्मा को शांति मिलेगी। क्योंकि सूदखोरों ने मेरे परिवार को बर्बाद कर दिया। सबकुछ लूट लिया। मेरे दो बच्चों का क्या होगा। भावुक होकर सांसद ने तुरंत डीएम सौम्या अग्रवाल को फोन लगाया। कहा कि सारा काम छोड़कर सूदखोरों पर कार्रवाई करें। फिर उसके बाद उन्होंने पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर को फोन मिलाया। कहा कि कोई बहाना नहीं चलेगा। सूदखोरों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है। यदि आप लोगों से कार्रवाई नहीं हो रही है तो मैं स्वयं बलिया की जनता को साथ लेकर कार्रवाई करने के लिये बाध्य होंगे। उसके बाद उन्होंने सीधे एडीजी लॉयन आर्डर को फोन मिलाया और पूरी घटना से अवगत कराया। कहा कि बलिया की पुलिस प्रशासन को सक्रिय करने की जरूरत है। सूदखोरों पर कार्रवाई अति आवश्यक है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि मुझे नहीं पता था कि सूदखोरों का आतंक बलिया में है। जब मैं सदन में था, उस समय गृहमंत्री अमित शाह ने मुझसे कहा कि बलिया में क्या हो रहा है। तुरंत जाकर बलिया को देखो। मैं गृहमंत्री अमित शाह के कहने पर यहां आया हूं और परिवार को न्याय दिलाउंगा। परिवार से मिलने के बाद सांसद ने मीडिया से भी बातचीत की। उन्होंने आक्रोश भरे शब्दों में कहा कि अब बलिया के व्यापारियों को सूदखोरों से डरने की जरूरत नहीं है। मैं खुद इनसे निपटूंगा। मौके पर पहुंचे कोतवाल को भी सांसद ने सख्त निर्देश दिया है कि सूदखोरों के खिलाफ खानापूर्ति नहीं, बल्कि सही तरीके से कार्रवाई होनी चाहिए। जितनी जल्दी हो सके, आरोपियों की गिरफ्तारी होनी चाहिए। आप लोग एक्शन में आये।

पीड़ित परिवार से बात करते सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त

कोतवाल को निर्देश देते सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त

मामले में होनी चाहिए त्वरित कार्रवाई : अमिताभ ठाकुर

बलिया। गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता के परिजनों से मिलने पहुंचे जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने कहा कि इस मामले में त्वरित कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने योगी सरकार पर सवाल खड़ा किया कि योगी सरकार केवल विपक्षियों पर बुलडोजर चलवा रही है। यदि इस पूरे मामले में सूदखोर दोषी हैं तो इन पर भी उसी तरह की कार्रवाई होनी चाहिए।

हल्ला बोल आंदोलन पर दवा व्यापारियों की चर्चा

बलिया। बलिया केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने हल्ला बोल कार्यक्रम की तैयारी हेतु बैठक किया। जिलाध्यक्ष आनन्द सिंह ने कहा कि देश के बड़े-बड़े औद्योगिक घरानों एवं कारपोरेट हाउस द्वारा किये जा रहे अनैतिक व्यापार के खिलाफ केमिस्टों का राष्ट्रव्यापी आंदोलन होगा।

हम लगभग सात वर्षों से अवैध रूप से संचालित ई-फार्मेसियों के मुद्दे को लगातार उठा रहे है, जो देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों के आदेशों के विपरीत है। सभी केमिस्ट 15 फरवरी से तहसील/जिलों/राज्य की राजधानी और फिर दिल्ली में इस अवैधता को रोकने तथा छोटे व्यापारियों के अस्तित्व को खत्म होने से बचाने के लिए गली-गली से दिल्ली तक हल्ला बोल आंदोलन शुरू करेंगे। इस अवसर पर अनिल त्रिपाठी, राजकुमार सिंह, राजेन्द्र, राजेश, सतीश, राज किशोर, नरेन्द्र गिरी, हरेन्द्र, हरेराम, हिरू, बीरू, बिनोद, सत्य प्रकाश पाण्डेय, रवि प्रकाश वर्मा, हसन शाहनवाज, असगर अली, प्रवीण राय, संजय दुबे, प्रखर, संदीप अग्रवाल आदि मौजूद रहे। संचालन बब्बन यादव ने किया।

बैठक

सात वर्षों से अवैध रूप से संचालित ई-फार्मेसियों के मुद्दे को उठा रहे

जोर-शोर से चल रही महायज्ञ की तैयारी

नगरा। क्षेत्र के लोहरयियां में नव कुण्डात्मक श्री महालक्ष्मी विष्णु महायज्ञ की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। संयोजक गिरीश दास जी के नेतृत्व मे संचालित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए ओमानन्थ जी महाराज ने बताया कि छह फरवरी को सुबह नौ बजे से प्रारम्भ होने वाले यज्ञ में लखनऊ, वाराणसी, बहराइच, मथुरा, वांदा, चित्रकूट, वृन्दावन, जम्मू, सूरत, पटना, मुम्बई, हरिद्वार, दिल्ली, राजस्थान, ऋषिकेश, उज्जैन, मध्य प्रदेश सहित भारत के कोने-कोने से आये संत-महन्त-विद्वतजनो का प्रवचन तथा रामलीला व रासलीला होगा। इसकी प्रेरणास्त्रोत अखण्ड ब्रह्माण्ड नायक परम पिता परमेश्वर की कृपा से अनन्त विभुषित ब्रह्मलीन ब्रह्मर्षि श्री देवरहवा बाबा जी के कृपापात्र श्री बाल ब्रह्मचारी स्वामी राम सागर दास जी के शिष्य बाल सन्त आचार्य रामायणी राम सेवक दास जी अयोध्या के सानिध्य मे पूरा यज्ञ का कार्यक्रम चलेगा।

रोडवेज बसों का बढ़ेगा किराया, भेजा गया प्रस्ताव

बलिया। उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम ने रोडवेज बसों का किराया बढ़ाने की योजना बनाई है। इस बार प्रति किलोमीटर 25 पैसे बढ़ाने की तैयारी विभाग कर रहा है, जो अब तक का सबसे ज्यादा है। शासन को इसका प्रस्ताव भी तैयार कर भेजा गया है। डीजल के दाम बढ़ने से लोगों की मुसीबतें भी बढ़ने लगी हैं। पिछले तीन सालों में डीजल के दाम 26 रुपये बढ़े हैं।

वर्तमान में डीजल की कीमत करीब 92 रुपये तक पहुंच गई है। ऐसे में परिवहन निगम ने रोडवेज की बसों का किराया बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसके लिए 25 पैसे प्रति किलोमीटर की दर से किराया बढ़ाने की योजना तैयार कर शासन को प्रस्ताव भेजा जा रहा है। इस पर मुहर लगते ही परिवहन निगम की हर श्रेणी की बसों का किराया बढ़ जाएगा। इससे पहले अधिकतम 10 पैसे प्रति किलोमीटर तक की ही बढ़ोतरी हुई है।

इस बार सर्वाधिक 25 पैसे बढ़ने से लंबी दूरी तय करने वाले यात्रियों की जेब पर बोझ अधिक पड़ेगा। निगम के प्रबंधक निदेशक संजय कुमार ने किराया बढ़ाने को लेकर सुझाव मांगा हैं। रोडवेज को घाटा भी न हो और यात्रियों पर भी बोझ न पड़े। पिछले 10 सालों से यात्रियों की जेब पर निरंतर किराए का बोझ बढ़ता रहा है। वर्ष 2012 और फिर 2013 में चार पैसे पर किलोमीटर यात्री किराया बढ़ा। इसके बाद, 2017 में नौ और 2020 में 10 पैसा प्रति किलोमीटर की बढ़ोतरी हुई। साल 2023 में 25 पैसे प्रति किलोमीटर यात्री किराया बढ़ाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। वहीं, विभागीय अधिकारियों का कहना है कि 2020 में यात्री किराया बढ़ा था, तब से वही किराया लिया जा रहा है।

जेब होगी खाली

25 पैसे प्रति किमी की दर से बढ़ेगा यात्री किराया

मुख्यालय से होता है यात्री किराया निर्धारण

बलिया। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक बलिया डिपो उमाकांत मिश्र ने बताया कि यात्री किराया का निर्धारण मुख्यालय से होता है। 25 पैसे प्रति किमी यात्री किराया बढ़ाने की योजना चल रही है। मुख्यालय से जो भी दिशा-निर्देश मिलेगा, उसका पालन किया जाएगा। डीजल से लेकर स्पेयर पार्ट्स आदि तक के दाम बढ़ गए हैं। बसों की मरम्मत आदि पर भी खर्च बढ़ा है। इसलिए किराया बढ़ाया गया है।

संक्षेप

जनसंख्या नियत्रंण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य पर सम्मानित हुए डॉ. एके गुप्ता

बलिया। आगरा में शनिवार को आयोजित 87वें यूपी इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के अधिवेशन आईएमए यूपीकोन-2022 के कार्यक्रम में प्रदेश में सर्वाधिक लेप्रो विधि से महिला नसबंदी करने के उपलक्ष में आईएमए यूपी स्टेट अवॉर्ड फॉर फैमिली प्लानिंग वर्क से बलिया जिले के मशहूर डॉक्टर एवं आईएमए बलिया के जिला सचिव तथा एसपी सिटी हॉस्पिटल के वरिष्ठ लैप्रो सर्जन डॉक्टर एके. गुप्ता को आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ प्रदीप सिंह एवं प्रदेश सचिव डॉ राजीव गोयल के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बलिया आईएमए ब्रांच के अध्यक्ष डॉक्टर डी. राय तथा नर्सिंगहोम एसोसिएशन बलिया के सचिव डॉक्टर बीके गुप्ता उपस्थित रहे तथा सरकार की मंशा के अनुरूप जनसंख्या नियंत्रण के क्षेत्र में समाज के हित एवं जन कल्याण के लिए सदैव तत्पर एवं अग्रसित एसपी सिटी हॉस्पिटल बलिया ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। उसका परिणाम है की सत्र 22-23 मे लेप्रो विधि द्वारा सर्वाधिक महिला नसबंदी ऑपरेशन करने के क्षेत्र में प्रदेश में प्रथम स्थान के लिए स्टेट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही में डॉ एके गुप्ता, एनएबीएच द्वारा प्रमाणित एसपी सिटी हॉस्पिटल के वरिष्ठ सर्जन एवं डायरेक्टर भी है तथा विगत कई वर्षों से लगातार सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे नसबंदी, आयुष्मान कार्डधारकों का इलाज एवं ऑपरेशन निशुल्क किया जाता है तथा लगातार 30 वर्षों से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है।

ठेले को टक्कर मार पलटी कार

गड़वार (बलिया)। क्षेत्र के चंदुकी गांव के समीप शनिवार की दोपहर में अनियंत्रित कार ने ठेले में टक्कर मार कर सड़क किनारे नहर में पलट गई। जिससे ठेला चालक घायल हो गया। सुखपुरा थाना क्षेत्र के चंदुकि गांव निवासी बिरजू अपना ठेला लेकर घर जा रहा था तभी विपरीत दिशा से आ रही अनियंत्रित कार ने ठेले में टक्कर मार नहर में पलट गई। इस घटना में ठेला चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ठेला भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास राहगीरों की भीड़ जुट गई। राहगीरों ने घायल को अस्पताल भेजवाया वहीं दूसरी तरफ राहगीरों ने नहर में पलटी कार से चालक को काफी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार का चालक ड्राइवर नशे में धुत था

पोस्ट आफिस में खाता खुलवाकर उठायें योजना का लाभ

बलिया। जनपद के समस्त किसान भाईयों को सूचित करते हुए उप कृषि निदेशक इन्द्राज ने बताया है कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए किसान भाई तत्काल अपने बैंक खाते को आधार से लिंक कराकर नेशनल पेमेन्ट कारपोरेशन आफ इण्डिया से अप्रूवल करा लें। उक्त के अतिरिक्त किसान भाई अपने गांव के पोस्ट आफिस में 100 रूपये देकर इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट बैंक के माध्यम से आधार सीडेड खाता खोल सकते है। शासन द्वारा योजना के 13वीं किश्त का भुगतान आधार सीडेड बैंक खाते में ही किया जायेगा। जिन किसान भाईयों का ई-केवाईसी नहीं हुआ है, वे अपने मोबाईल अथवा नजदीकी जनसेवा केन्द्र से ई-केवाईसी करा लें। जिन किसान भाईयों का भूलेख अंकन पीएम किसान पोर्टल पर नहीं हुआ है, जिसके कारण 12वीं किश्त रूक गई है, वह भूलेख अंकन के लिये सम्बन्धित विकास खण्ड के राजकीय कृषि वीज भण्डार, सम्बन्धित तहसील, अथवा उप कृषि निदेशक कार्यालय में सम्पर्क कर भूलेख अंकन अवश्य करा लें। अन्यथा कि स्थिति वे पीएम किसान का लाभ लेने से वंचित हो सकते है।

भाजपा की कार्य समिति की बैठक संपन्न

बलिया। भाजपा के कार्य समिति की बैठक शनिवार को जिला कार्यालय जीराबस्ती में हुई। इसमें राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी, सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त, एमएलसी रविशंकर सिंह पप्पू, जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, जिला प्रभारी विजय बहादुर, पूर्व सांसद भरत सिंह, पूर्व मंत्री राजधारी सिंह, प्रदीप सिंह, पूर्व विधायक भगवान पाठक, शिवशंकर चौहान आदि शामिल हुए। बैठक में भाजपा सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि मोदी-योगी सरकार जनता के हित में कार्य कर रही है। इस सरकार में जनता खुशहाल है। कानून व्यवस्था बरकरार है। गरीबों को निःशुल्क राशन दिया जा रहा है। कार्यकर्ता संगठित होकर आगामी चुनाव की तैयारियों में लग जाय। इस दौरान कार्यों की समीक्षा की गई।

भाजपा की जिला कार्य समिति की बैठक को संबोधित करते वक्ता

जिला कार्य समिति की बैठक में उपस्थित लोग

भाजपा झूठ और फरेब की पार्टी : दूधनाथ यादव

मऊ। समाजवादी पार्टी जनपद मऊ की मासिक बैठक शनिवार को जिला पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष दुधनाथ यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नगर निकाय चुनाव एवं लोक सभा 2024 के चुनाव को लेकर गहन मंथन किया गया। वही गोरखपुर फैजाबाद खंड स्नातक निर्वाचन में पार्टी की हार के समीक्षा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष दूधनाथ यादव ने कहा के भारतीय जनता पार्टी बहुत चतुर पार्टी है भाजपा के मूल कैडर के लोगों की संख्या मुट्ठी भर भी नहीं है लेकिन अपने चतुराई के बल पर हिंदुस्तान में राज कर रहे है जिसकी नीव झूठ और फरेब पर टिकी है। भारतीय जनता पार्टी जनता के बीच असल मुद्दों को कभी नहीं रखती वह हमेशा नफरत एवं सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ कर हिंदू मुस्लिम मंदिर मस्जिद एवं जातियों को बांटकर छल करके राज करने में माहिर हो गई है जिसको अब जनता जान चुकी है। हिंदू के नाम पर सारे लोग हिंदू हो जाते हैं जब वोट समाप्त हो जाता है जब मंदिर में हिस्सेदारी की बात हो या मंच पर सम्मान की बात हो तो यही हिंदू अछूत व शुद्ध हो जाते हैं अब जागृति छोटे लोगों में आ गई है आने वाले चुनाव में भाजपा का सफाया होना तय है। उन्होंने कार्यकताओं से अपील किया कि लोकसभा चुनाव में यदि भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीतने में सफल होती है तो लोकतंत्र की हत्या पूरी तरह से कर देगी फिर दोबारा इस देश में चुनाव शायद ना हो इसलिए संविधान को बचाना है।

अभी से हम सभी को अपने मतदाता सूची को दुरुस्त करने में बूथ स्तर पर लग जाना बहुत जरूरी है। बैठक को मुख्य रूप से सपा वरिष्ट नेता मुसाफिर यादव, पूर्व राष्ट्रीय सचिव राम हरि चैहान, पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अरशद जमाल, पूर्व जिला अध्यक्ष शिव प्रताप यादव मुन्ना, नि वर्तमान जिला महासचिव कुद्दूस अंसारी, पूर्व महासचिव रामधनी यादव, कोषाध्यक्ष रामधनी चैहान, वीरेंद्र यादव लोहिया, डाक्टर जेपी यादव, अशोक यादव, सीता राम कुशवाहा, आबिद अख्तर, गंगा चैहान, राजेंद्र यादव, मास्टर अमान, इंतेखाब आलम, रामप्रकाश यादव, मुख्तार हुसैन, राजेश यादव, अखिलेश यादव, आलोक यादव, अरशद रियाज, गौरव पाण्डेय, शाहनवाज आलम, अखण्ड प्रकाश पाण्डेय, रामासरे यादव, अकील अंसारी, विजय यादव, सीता राम यादव, रणधीर सिंह,माजिद अंसारी, अफजाल अंसारी, अरविन्द चैहान, पंकज राय आदि नेता उपस्थित थे।

भाजपा प्रत्याशी की जीत पर समर्थकों में खुशी

दोहरीघाट, मऊ। गोरखपुर फैजाबाद खण्ड स्नातक सीट पर भाजपा प्रत्याशी देवेन्द्र प्रताप सिंह के जीत से उत्साहित भाजपा कार्यकताओं ने षनिवार को कस्बा स्थित पार्टी कार्यालय पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर कर खुशी का इजहार किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों के बीच भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष भास्कर निषाद ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विकास के नये आयाम रच रही है। यह तभी संभव हो पाया है जब कार्यकताओं ने परिश्रम की पराकाष्ठा कर भाजपा को लगातार चुनाव जीताने का कार्य किया है। मौके पर संतोष राय, शशि सिंह, संदीप राय, सुरेश उपाध्याय, बबलू सोनकर, रामप्रसाद सोनकर, श्रीकांत, पारस चैहान, संजय चैहान, रामसरिख, सुरेन्द्र राय, मोहन, अरविंद राय आदि लोग रहे।

छात्राओं ने की लोगों से तंबाकू छोड़ने की अपील

मऊ। विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर प्रकाश नर्सिंग स्कूल के छात्राओं द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाया गया तथा नरसिंह की छात्राओं ने ब्रह्मस्थान फातिमा चैराहा पर तंबाकू का सेवन करने वालों को रोककर उनसे तंबाकू छोड़ने का अनुरोध किया।

इस अभियान के पश्चात बापू आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डायरेक्टर डॉ मनीष कुमार राय ने संबोधित करते हुए कहा कि हर साल दुनिया भर में 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। इस दिन का मकसद है लोगों को कैंसर बीमारी के प्रति जागरूक कर इस बीमारी को मात देना। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ रवि कुमार बिहार ने कहा कि एक रिपोर्ट के मुताबिक हर साल करीब 10 मिलियन लोगों की मौत कैंसर के कारण होती है लेकिन लाइफस्टाइल में बदलाव नियमित जांच और इस बीमारी के शुरूआती लक्षण को पहचान कर कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी को मात दिया जा सकता है। इस अवसर पर शिक्षकगण सुधा, स्नेह लता, वंदना, निधि, सुमन, आशीष, धीरेंद्र, अजहर, रोहित आदि लोग उपस्थित रहे।

58 वर्षीय चौकीदार की दिल का दौरा पड़ने से मौत

रतनपुरा, मऊ। साधन सहकारी समिति लि. पहसा मोहिददीनपुर के 58 बर्षीय चैकीदार फेकन राजभर का दिल के दौरा पड़ने से शुक्रवार के दिन मौत हो गयी। मोलनापुर (गोटहा) निवासी फेकन राजभर पुत्र स्व भगेलू राजभर साधन सहकारी समिति लि पहसा मोहिददीनपुर में चैकिदार के पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार के दिन प्रातः उनकी तवीयत अचानक खराब हो गई। जब परिजनों को जानकारी हुई तो आनन फानन में जिला अस्पताल ले जाया जा रहा था रास्ते में उन्होंने दम तोड दिया। शनिवार के दिन उनका अंतिम संस्कार गंगा घाट गाजीपुर में किया गया। मौके पर अशोक कुमार सिंह, पवन कुमार सिंह, उदयभान, मनोज कुमार सिंह, जंगबहादुर गोंड, सुभाष चन्द्र राजभर, डाक्टर दशरथ राजभर, तेज बहादुर सिंह, रामजीत राजभर, जर्नादन राजभर, सुबाष पाल सहित परिजन उपस्थित थे।

छह फरवरी के धरना के लिए गोंड महासभा ने की जागरूकता चौपाल

रतनपुरा, मऊ। अखिल भारत वर्षीय गोंड महा सभा के जनपद इकाई के पदाधिकारी गांव गांव में चैपाल लगाकर 6 फरवरी दिन सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में होने वाली धरना प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए गोंड समाज के लोगों को प्रेरित कर रहे हैं।

शुक्रवार की शाम रतनपुरा विकास खण्ड के गांव जगरनाथपुर में जिला उपाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार गोंड, मरछू गोंड ने कहा कि गोंड समाज के साथ जिला प्रशासन सौतेला व्यवहार कर रहा है। अब समय आ गया है कि अपने हक हकूप के लिए स्वाभिमान की लड़ाई लड़ने के लिए भारी संख्या में इकट्ठा होकर बच्चों की जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए जिला प्रशासन से गुहार लगाये। मौके पर सुशीला गोंड, ललिता गोंड, बुचिया गोंड, ममता गोंड, क्षेत्र पंचायत सदस्य आशा गोंड, अशोक गोंड, आलोक गोंड, पूर्व प्रधान कृष्ण मोहन गोंड,मैनेजर गोंड, जितेंद्र गोंड, श्रीराम गोंड, बेचन गोंड, पूर्णवासी गोंड, करन गोंड, अभिनन्दन गोंड, कृष्णानन्द गोंड आदि लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता डॉ. बीर बहादुर गोंड तथा संचालन सदानंद गोंड ने किया।

लंबित शिकायतों का जल्द करें निस्तारण:एडीएम

गाजीपुर। जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील जमानियॉ में अपर जिलाधिकारी वि./रा की अध्यक्षता एवं सहायक पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

जिसमें 166 शिकायत,प्रार्थना प्राप्त हुए और मौके पर 23 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलों की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 502 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 64 शिकायत पत्रों का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील जखनियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 54 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें 02 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 44 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से 15 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 50 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें मौके 10 का निस्तारण किया गया। तहसील कासिमाबाद में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 27 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया।

तहसील मुहम्मदाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 55 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 05 का निस्तारण किया गया एवं तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 106 शिकायत प्राप्त 06 का मौके पर निस्तारण किया गया।अपर जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत पत्रों का सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलम्ब मौके का निस्तारण करायी जाय।

मुहम्मदाबाद तहसील में फरियाद सुनते अधिकारी।

सेवराई तहसील सभागार कक्ष में समाधान दिवस पर मोबाइल चैटिंग करते अधिकारी व खाली पड़ी कुर्सियां

आयोजन

संपूर्ण समाधान दिवस में 502 में से 64 का हुआ निस्तारण

संपूर्ण समाधान दिवस में मोबाइल में व्यस्त रहे जिम्मेदार

सेवराई। स्थानीय तहसील परिसर के सभागार कक्ष में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी राजेश प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सेवराई तहसील सभागार कक्ष में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर क्षेत्र से आए 44 फरियादियों द्वारा अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रार्थना पत्र दिया गया। जिसमें मौके पर 15 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारित करने का एसडीएम ने निर्देश दिया। इस दौरान लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों की लगाई गई कुर्सियों में अधिकतर कुर्सी खाली पड़ी हुई थी। उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में चल रहे। समाधान दिवस के दौरान मौके पर उपस्थित अधिकारी मोबाइल पर चैटिंग करने में व्यस्त थे ।

सचिव ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

गाजीपुर। जिला कारागार में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव कामायनी दूबे द्वारा शिविर का आयोजन एवं जेल का निरीक्षण किया गया। बंदियों से निःशुल्क अधिवक्ता, जेल लोक अदालत तथा उनकी जेल अपील से संबंधित अन्य समस्याएं पूछी गयी एवं उनके यथोचित अधिकार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया तथा बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 1106 बंदी निरूद्ध है। जिसमें 1000 पुरूष, 41 महिला, महिला बंदियों के साथ कुल 02 बच्चे निरूद्ध है व 65 अल्पवयस्क है। सचिव द्वारा पुरूष एवं महिला बैरक का निरीक्षण किया गया तथा जेल के कई बंदियों से बात कर उनकी समस्याओं को समझने के साथ ही उनके निस्तारण का निर्देश दिया। सचिव ने कारापाल को जिला कारागार में स्थित जेल लीगल क्लीनिक पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि जेल में निरूद्ध बंदियों को समय से व समुचित विधिक सहायता प्राप्त हो सके। इस अवसर पर कारापाल रविन्द्र सिंह यादव उपस्थित रहे।

संक्षेप

होमगार्ड को दी गई विदाई

बिरनो थाना में होमगार्डों को विदाई देते पुलिसकर्मी।

बिरनो। बिरनो थाना पर तैनात दो होमगार्ड के सेवानिवृत्त होने पर थानाध्यक्ष कृपेन्द्र प्रताप सिंह दोनों जवानों की विदाई के समय भावुक हो गये। वही उन्हें अंग वस्त्र व अन्य समाग्री देकर विदाई की गई। शनिवार को बिरनो थाने से दो होमगार्ड कामलाल यादव व रामजी राम के विदाई के समय पुलिस के इस रुप की सहराना पूरे क्षेत्र में हुई। इस अवसर पर उप निरीक्षक ओमप्रकाश यादव, उप निरीक्षक अशोक कुमार पांडेय, प्लाटुन कमाण्डर पारस सिंह यादव, कंपनी कमाण्डर सुदामा यादव सहित सभी स्टाफ मौजूद रहे।

कटियामार कनेक्शन से राजस्व की चपत

मुहम्मदाबाद। आजकल शादी विवाह एवं अन्य शुभ कार्यक्रम का आयोजन प्रतिदिन नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में कहीं ना कहीं हो रहा है। इस संदर्भ में देखा जाए तो उत्सव के स्थानों को तरह-तरह के रंग-बिरंगे विद्युत प्रकाश से सजाया जाता है। ऐसे अवसर पर जिसके यहां उत्सव है वह परिवार जनरेटर की व्यवस्था करता है। लेकिन जनरेटर का उपयोग नहीं होता। क्योंकि विद्युत आपूर्ति जारी रहने पर कटिया कनेक्शन करके उत्सव में रंग-बिरंगे विद्युत लाइट को सजा दिया जाता है। जिससे एक तरफ विद्युत विभाग को हजारों की राजस्व क्षति झेलनी पड़ रही है ,वहीं दूसरी ओर विद्युत लोड बढ़ रहा है । शादी विवाह के अवसर पर विभाग के द्वारा विद्युत आपूर्ति संचालित रहती है। दूसरी ओर विद्युत विभाग के लोग परिचित होते हुए भी हाथ पर हाथ धरे बैठे हैं। इस संबंध में संबंधित अधिकारी यदि जांच करें तो इसे आसानी से देखा जा सकता है। दंडात्मक कार्रवाई करते हुए ऐसे लोगों पर जुमार्ना भी लगाया जा सकता है। लेकिन यह दुर्भाग्य का विषय है कि विद्युत विभाग का ध्यान आज तक नहीं गया।

खेत में खड़ी फसल को चट कर रहे निराश्रित पशु

कासिमाबाद। आसपास क्षेत्र के गांव में बड़ी तादाद में निराश्रित पशुओं की संख्या में इजाफा होने से किसानों के गेहूं , सरसों, आलू, चना फसलों को नुकसान हो रहा है, जिससे किसानों में रोष व्याप्त है। आवारा पशुओं को खेतों में घुसकर नष्ट करने कि समस्या से परेशान किसानों को दिन-रात पहरेदारी करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि इस समय सरसों की फसल में फूल लग गया है। चने की साग लहलहा रही है। आवारा पशु दिन हो या रात के समय 25 से 30 के संख्या में पशुओं का झुंड खेतों में गुजरते हुए फसल को नष्ट पहुंचा दे रहे हैं। यह जानवर जिसके खेत में जा रहे हैं तो उनकी फसल पूरी तरह से नष्ट कर दे रहे हैं। लेकिन किसानों की आवाज कोई सुनने वाला नहीं है। मगर लाचार किसान एक लाठी लेकर आवारा पशुओं को बहुत दूर तक खदेड़ रहे फिर दूसरे खेतों से किसानों ने अपने खेतों में आता देख वापस लौटा देते हैं। शासन के द्वारा निर्देशित हुआ कि कहीं भी क्षेत्र में आवारा पशु यदि देखते हैं तो क्षेत्रीय अधिकारियों पर गाज गिरेगा। लेकिन यहां प्रशासन मौन है। किसान शुभम प्रजापति, कपिल चौहान, नन्हे राजभर, सिद्धि, कन्हैया यादव किसानों ने बताया कि दिन हो रात खेतों में आवारा पशुओं का झुंड आता है और किसानों की मेहनत के लगाई फसल को पैरों से रौंद कर व खा कर चला जाते है।

पेंशनर्स कराएं आधार की सीडिंग

गाजीपुर। जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव ने बताया है कि निदेशालय, समाज कल्याण उप्र लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजनान्तर्गत आधार आधारित भुगतान प्रणाली अपनाये जाने के निर्देश निर्गत करते हुए शत-प्रतिशत आधार सीडिंग कराये जाने एवं फरवरी 2023 से आधार आधारित भुगतान किये जाने की अपेक्षा की गयी है। उक्त के क्रम में समस्त वृद्धवस्था पेंशन लाभार्थियों को सूचित किया जाता है कि अपनी बैंक शाखाओं में आधार एवं पासबुक सहित सम्पर्क करते हुए आधार की सीडिंग कराने का कष्ट करें, जिससे कि उनके पेंशन की धनराशि का भुगतान आधार आधारित भुगतान प्रणाली के माध्यम से करने में कोई अवरोध न उत्पन्न हो।

साहित्य चेतना समाज की निबंध प्रतियोगिता का परिणाम घोषित

गाजीपुर। साहित्य चेतना समाज के तत्वावधान में आयोजित निबन्ध प्रतियोगिता का परिणाम जारी हो गया। चार वर्गों में आयोजित इस प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में कक्षा चार से छह,मध्यम वर्ग में कक्षा सात व आठ,ज्येष्ठ वर्ग में कक्षा नौ व दस एवं वरिष्ठ वर्ग में कक्षा ग्यारह व बारह में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।कनिष्ठ वर्ग हेतु 'यात्रा', मध्यम वर्ग हेतु 'परिवार', ज्येष्ठ वर्ग हेतु 'यात्रा' एवं वरिष्ठ वर्ग हेतु 'स्वतंत्रता आन्दोलन' शीर्षक निर्धारित किया गया था। इस प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में सेन्ट जॉन्स स्कूल की कु.शिवांगी चतुर्वेदी ने प्रथम,मार्टर मेमोरियल स्कूल जंगीपुर की कु.अनन्या ने द्वितीय एवं सनबीम स्कूल महाराजगंज की कु.माधवी राय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।मध्यम वर्ग में सेन्ट जॉन्स स्कूल के आर्यन ने प्रथम,सरस्वती विद्या मंदिर रायगंज की कु.खूशबू ने द्वितीय एवं मार्टर मेमोरियल स्कूल जंगीपुर की कु.मिस्टी जायसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ज्येष्ठ वर्ग में राजकीय सिटी इण्टर कॉलेज के अखिलेश यादव ने प्रथम,समता पब्लिक स्कूल कालूपुर की कु.शिखा यादव ने द्वितीय एवं लूर्दस कान्वेंट बा.इ.कॉलेज की कु.आकांक्षा प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।वरिष्ठ वर्ग में शिवशक्ति पब्लिक स्कूल की कु.दिव्या नाथ ने प्रथम,सेन्ट जॉन्स स्कूल की कु.साक्षी राय ने द्वितीय एवं स्व.कतवारू यादव मेमोरियल पब्लिक स्कूल रूहीपुर की कु.सोनल कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।निर्णायक-मण्डल में गांधी इण्टर कॉलेज ढोटारी के अमित पाण्डेय,श्री शिवपूजन राय इण्टर कॉलेज मलसा के संजय पाण्डेय एवं राजकीय सिटी इण्टर कॉलेज के कृपाशंकर तिवारी थे।चयनित प्रतिभागियों को मार्च में होने वाले संस्था के अड़तीसवें वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं गाजीपुर गौरव सम्मान समारोह (चेतना महोत्सव-2023) में स्मृति-चिह्न व प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा।

कागजों में चल रहा पशु आश्रय केंद्र आवारा पशुओं से किसान त्रस्त

खानपुर। क्षेत्र के सिधौना, खानपुर, अमेहता, रामपुर, अनौनी, बहेरी, फरदहा समेत दर्जनों गावों में बेसहारा पशुओं के आतंक सें किसान त्रस्त हों चुके है। जबकि बेसहारा पशुओं के पुख्ता इंतजाम के लिए जिला प्रशासन नें हेल्पलाइन नंबर भी जारी किया है। जिला प्रशासन के लिए की जा रही व्यवस्थाएं केवल कागजों तक ही सिमित रह गया है। लाखों रुपए की लागत सें क्षेत्र में बना पशु आश्रय में उचित व्यवस्थाएं न होने सें बेसहारा पशु एक तरफ दमतोड़ रहें है। वही दूसरी तरफ सड़क पर छूटे यें बेसहारा पशु राहगीरों के साथ-साथ किसानो के लिए भी मुसीबत खड़े कर रहें है। सिधौना गाँव प्रेमशंकर मिश्रा ने बताया की बेसहारा पशुओं से किसान त्रस्त हो चुके है। एक तरफ इतनी लागत लगाकर किसान खेती कर किसी तरह जीविकोपार्जन कर रहें है। दूसरे तरफ बेसहारा पशुओं के आतंक से फसल खराब हों रही है। जिससे किसान परेशान हों चुके है।एक तरफ जिला प्रशासन नें बेसहारा पशुओं को लेकर हेल्पलाइन नंबर भी जारी की है। वह केवल कागजों तक हीं सिमित रह गया है। इस सम्बन्ध में खंड विकास अधिकारी सैदपुर त्रिवेणी राम ने बताया कि क्षेत्र में कुल पाँच अस्थाई गौशाला बनाया गया।

मनरेगा योजना में लाखों का घोटाला

गोल माल

ग्राम प्रधान, सचिव और तकनीकी सहायक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में होगा अभियोग पंजीकृत

मुहम्मदाबाद। मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार रूकने का नाम नहीं ले रहा है। ग्राम प्रधान और सचिव की मिलीभगत से ग्राम पंचायतों में जमकर लूट का हो रहा है। योगी सरकार की ग्राम पंचायतों में विकास के सपने को ध्वस्त किया जा रहा है। बानगी के तौर पर विकासखंड भांवरकोल के ग्राम पंचायत देवरिया में मनरेगा योजना में शिकायत के बाद बड़े स्तर पर घोटाला सामने आया है। भांवरकोल ब्लाक के देवरिया गांव निवासी जितेंद्र कुमार और सुदर्शन यादव एवं अन्य ग्रामवासियों ने बीते 19 दिसंबर 2022 को लोकपाल मनरेगा सेल में लिखित शिकायत कर गांव में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। मनरेगा सेल लोकपाल अधिकारी गीता राय ने छह दिसंबर 2022 को ग्राम प्रधान के कार्यों की स्थलीय सत्यापन किया। सत्यापन के दौरान ग्राम प्रधान नागेंद्र बिंद उर्फ पवन कुमार,अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी विनय दुबे व शिकायतकर्ता और ग्रामवासी मौजूद थे। वहीं खंड विकास अधिकारी, सचिव और तकनीकी अधिकारी गैरहाजिर रहें। अधिकारियों की जांच में गांव में व्यापक रूप में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया। जिसमें संबंधित अधिकारियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई का आदेश दिया गया है।

देवरिया गांव में दस लाख का गबन

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि देवरिया गांव में मनरेगा योजना के तहत बिना कार्य कराए ही सरकारी धनराशि हड़प ली गई है। साक्ष्य के तौर पर बताया था कि गांव में विकास कार्यो में क्रमशः मंगला राय के खेत से बरमेश्वर यादव के खेत तक कुल व्यय धनराशि 2 लाख 59 हजार 860 रुपए है। सुग्रीव यादव के खेत से नागेन्द्र के खेत की कुल व्यय धनराशि 2 लाख 64 हजार 333 रुपए है। सुग्रीव के खेत से सुनील के खेत तक कुल व्यय धनराशि 2 लाख 64 हजार 996 रुपए है। जनार्दन के खेत से छोटक के खेत तक कुल व्यय धनराशि 2 लाख 25 हजार 993 रुपए खर्च किया गया है। जबकि कहीं भी कोई कार्य नहीं हुआ है। जांच अधिकारी के मुताबिक उपरोक्त चारो कार्य होना नहीं पाया गया। जांच अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत में 10 लाख 15 हजार 182 रूपए गबन किया गया है।

सरकारी धनराशि की होगी वसूली

लोकपाल अधिकारी ने 16 जनवरी को दिए गए अपनी जांच आख्या में बताया कि ग्राम प्रधान और सचिव बिना कार्य कराए ही एमबी करने वाले तकनीकी सहायक द्वारा उक्त चारो कार्यो के कागज पर कार्य कराने का उल्लेख किया गया है। सम्पूर्ण शासकीय धनराशि का दुरूपयोग किया गया है। जिसके लिए ग्राम प्रधान और सचिव तकनीकी सहायक दोषी है। मनरेगा गाइललाइन व एसओपी के आलोक में उक्त चारों कार्यो पर व्यय धनराशि की सम्पूर्ण धनराशि की वसूली एवं अन्य विधिक कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है।

यात्री कर अधिकारी मनोज कुमार के खिलाफ बैठी जांच

कार्रवाई

दो मिनट उन्नीस सेकेंड का सोशल मीडिया पर वीडियों वायरल

ओवरलोड वाहनों से अवैध पर्ची के माध्यम से 1200 रू. लेने की हो रही थी बात

गाजीपुर। आरटीओ विभाग में भ्रष्टाचार रूकने का नाम नहीं ले रहा है। ऑनलाइन के बाद आफलाइन कार्य हो रहा है। ड्राइवरी लांइसेंस परमानेंट में जमकर खेल हो रहा है। वहीं यात्री कर अधिकारी के इशारे पर ओवरलोड वाहनों का धड़ल्ले से संचालन हो रहा है। इस बीच यात्रीकर अधिकारी का बीते चार जनवरी को दो मिनट उन्नीस सेकेंड का वीडियों सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। जिसके बाद डीएम आर्यका अखौरी द्वारा शासन में भेजे गए पत्र पर जांच बैठा दी गई है। अधिकारी की जांच को लेकर गोरखपुर आरटीओ को नामित किया गया है।

एआरटीओ विभाग में तैनात चर्चित यात्री कर अधिकारी मनोज कुमार पर लगातार भ्रष्टाचार की शिकायत हो रही थी। विभागीय अधिकारी द्वारा ओवरलोड वाहनों से वसूली का खेल काफी समय से चल रहा था। जिसकी शिकायत पूर्व जिला पंचायत सदस्य अनुराग सिंह ने भी की थी। जिसको लेकर वाराणसी आरटीओ ने जांच किया था। लेकिन जांच आज तक लटका हुआ है। इस बीच बीते चार जनवरी को यात्री कर अधिकारी मनोज कुमार का दो मिनट उन्नीस सेंकेड का सोशल मीडिया पर वीडियों वायरल हो गया। जिसमें मनोज कुमार द्वारा कैथी वाराणसी स्थित टोल प्लाजा से गाजीपुर की ओर आ रही ओवरलोड वाहनों से अवैध पर्ची के माध्यम से 1200 रू0 लेने की बात कहे जाने के साथ अन्य आपत्तिजनक कथन कहा जा रहा है।

गोरखपुर आरटीओ जांच अधिकारी नामित

डीएम ने भेजे गए पत्र में बताया कि यात्री कर अधिकारी द्वारा अवैध पर्ची के माध्यम से आने वाले ओवरलोडेड वाहनों की जनपद सीमा पर जॉच कर उनके आवागमन पर अंकुश लगाने और अपने उच्चाधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत न कराते हुए अनुशासनहीनता, पदीय दायित्वों के निर्वहन के प्रति लापरवाही, शासन द्वारा निर्गत दिशा-निदेर्शों के क्रियान्वयन के प्रति असंवदेनशीलता को प्रदर्शित करता है। उन्होने शासकीय कार्यों एवं उत्तरदायित्वों के निवर्हन के प्रति उक्त प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता बरतने के लिए यात्रीकर अधिकारी के विरूद्ध उ0प्र0 सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली-1999 के नियम-7 के अन्तर्गत विभागीय अनुशासनिक कार्यवाही संस्थित की जाती है। उक्त अनुशासनिक कार्यवाही के सम्पादनार्थ अनीता सिंह, सम्भागीय परिवहन अधिकारी गोरखपुर को जॉच अधिकारी नामित किया जाता है।

वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम में दी बैंकिंग योजनाओं की जानकारी

बारा। नाबार्ड एवं जिला सहकारी बैंक के तत्वावधान में साधन सहकारी समिति करहिया वह भतौरा(बारा) के परिसर में वित्तीय साक्षरता जागरुकता अभियान का कार्यक्रम हुआ। जिसमें महिला स्व-सहायता को धोखाधड़ी से बचाव, बैंकिंग व्यवस्था का सुचारु रुप से इस्तेमाल, एटीएम का इस्तेमाल, प्रधानमंत्री बीमा योजनाएं, स्कूली बच्चों को डिजिटल बैंकिंग धोखाधड़ी से बचाव, ओटीपी सीवीवी से संबंधित जानकारी ना देने की सलाह, बैंकिंग लोकपाल शिकायत आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में खाताधारकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने एवं लाटरी या इनाम जैसे किसी भी मैसेज की अनदेखी करने की बात कही गई। बैंक द्वारा आपके खाते आधार एवं ओटीपी की जानकारी के लिए कोई फोन नहीं किया जाता है। लोगों को बैंकिग धोखाधड़ी के बारे में जागरुक किया गया। नाबार्ड बैंक द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं को भी बताया गया। खाता धारकों से किसी भी समस्या होने पर स्थानीय बैंक शाखा से तुरंत सम्पर्क करने की सलाह दी गयी। कार्यक्रम में जिला सहकारी बैंक के शाखा प्रबंधक संजय तिवारी, सहायक आयुक्त हंशल कुमार, कैलाश चन्द्र, प्रेम सागर, अवधेश, राजेश, सुरेंद्र आदि लोग मौजूद रहे।

खेतों में पहुंचा माइनर का पानी, फसल जलमग्न

नुकसान

विभागीय अधिकारियों के खिलाफ किसानों में आक्रोश

बारा। गहमर पूर्वी पंप कैनाल से अचानक पानी छोड़ा गया। मिश्रवलियां माइनर में पानी की निकासी ठीक न होने से पानी बारा के दर्जनों किसानों के खेतों में पहुंच गया। इससे करीब 50 बीघा फसल जलमग्न हो गई। किसान फावड़ा लेकर फसल बचाने में लग गए। फसल बर्बाद होने से किसानों में नाराजगी है। गहमर पूर्वी पंप कैनाल से मिश्रवलियां माइनर निकली हुई है।

गहमर पूर्वी पंप कैनाल से निकली माइनर में निकासी न होने की वजह से ओवरफ्लो होकर खेतों में पहुंचा पानी।

कैनाल से माइनर में पानी छोड़ा गया। पानी को निकासी का उचित रास्ता न मिलने से पानी माइनर के ऊपर से बहने लगा। माइनर के पानी से आसपास के खेत जलमग्न हो गए। खेतों में बोई गई गेहूं, सरसों व दलहनी की फसल को भारी नुकसान पहुंचा। किसान फावड़ा लेकर खेत पर पहुंच गए। अपने - अपने खेतों के पास माइनर के पानी को रोकने के लिए मेढ़बंदी करने लगे। पानी से फसल नष्ट होने के कारण ग्रामीणों में नाराजगी है। माइनर के पानी से गांव बारा निवासी फकरुद्दीन खान, मास्टर फैयाज, नवाजिद उर्फ सोनू, रामनाथ, एखलाक साह, गोरख कुशवाहा, विनोद, एजाज खान, जाबिर, हिरेंद्र, घिसयावन, हाजी, बारीक आदि के गेहूं व सरसों की फसल पानी से जलमग्न हो गई। किसानों ने जिला स्तरीय अफसरों से नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

बगैर रिफलेक्टर के दौड़ रही ट्रैक्टर ट्रालियां

लापरवाही

कभी भी हो सकता है भीषण हादसा

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। परिवहन विभाग के नियम के मुताबिक ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में पीछे रिफलेक्टर और लाल रंग की रेडियम पट्टी लगी होना चाहिए। इस नियम का जिले में पालन नहीं किया जा रहा है। इससे हादसे की आशंका बनी रहती है। किसान ट्रॉलियों के पीछे रेडियम की पट्टी या रिफलेक्टर लगाने के प्रति जागरूक नहीं हैं। ऐसे में कई बार ट्रॉली के पंचर होने या चक्के का बेरिंग आदि टूटने पर चालक सड़क किनारे ट्रॉली खड़ी देते हैं।

इससे रात के अंधेरे में खड़ी ट्रॉली नजर नहीं आती और हादसे हो जाते हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2018 के साल के शुरूआत में ट्रॉलियों में रिफलेक्टर लगाने की मुहिम चलाई गई थी। इसके परिणाम भी बेहतर आ रहे थे, लेकिन इस मुहिम के रुकते ही वाहन चालक पुराने ढर्रे पर लौट आए हैं। लोगों के मुताबिक वैसे तो ट्रैक्टर ट्रॉलियां कृषि कार्य के लिए बनाई गई हैं, लेकिन एआरटीओ विभाग अथवा यातायात पुलिस द्वारा कार्रवाई न करने से इनका व्यवसायिक उपयोग हो रहा है। ऐसी दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉलियां देखी जा सकती हैं, जिनका उपयोग माल परिवहन करने में हो रहा है। पुलिस विभाग द्वारा कार्रवाई न करने से ट्रॉलियों से हो रहे परिवहन पर अंकुश नहीं लग रहा है।

बेतरतीब वाहन पार्किंग से यातायात व्यवस्था बदहाल

बेतरतीब ट्रैफिक व्यवस्था लोगों के लिए सिरदर्द बन गई है। क्षेत्र में लोग जहां-तहां मनमर्जी से अपने वाहन खड़े कर देते हैं, इससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। मैन रोड, चौराहों पर जहां-तहां वाहन खड़े नजर आते हैं। इससे सभी परेशान होते हैं। बाजार चौक से लेकर मेन रोड तक व्यापारी गाड़ियों की लोडिंग व अनलोडिंग का कार्य करते हैं, इससे रोज ही जाम की स्थिति निर्मित होती है। इस पर प्रशासन भी ध्यान नहीं देता। लोगों के मुताबिक दुकानों के बार लोडिंग व अनलोडिंग वाहन खड़े होने से आए दिन आवागमन को लेकर विवाद की स्थिति बन जाती है। बार-बार गुहार लगाने पर भी इस दिशा में प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे हालात सुधरने की जगह बिगड़ते जा रहे हैं।

एनएच पर संकेतक व दिशा निर्देश लगाने की मांग

राष्ट्रीय राजमार्ग 31, 29 पर एक्सिटेंडल प्वांट पर संकेतक व दिशा सूचक बोर्ड का अभाव है, जिसे लगाए जाने की मांग क्षेत्रवासियों ने की है। लोगों का कहना है हाइवे पर करीब तीन साल पहले लगाए गए संकेतक जमींदोज हो चुके हैं। उन्हें पुनः लगाया जाना चाहिए। हाइवे पर यातायात के सुरक्षा मानकों का पालन ताक पर है। वहीं एक्सिडेंटल पाइंट बने इलाकों पर संकेतक नहीं हैं। इससे यहां रात में वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

हाइवे पर मवेशी बनते हैं मुसीबत

राष्ट्रीय राजमार्ग पर मवेशी परेशानी का सबब बन गए हैं। सड़कों पर मवेशी बैठे नजर आते हैं। पशुओं के सड़क पर बैठने से वाहन चालकों को परेशानी होती है। इससे अक्सर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस बीच यदि पशु उठकर भागे तो दुर्घटना होती है। लोगों का कहना है कि मवेशियों को लेकर नगर पालिका कार्रवाई नहीं करती। यदि पशुपालकों को नोटिस देकर कार्रवाई की जाना लगे तो इससे सभी को फायदा होगा।

एसपी ने थाने का किया निरीक्षण, दी हिदायत

नगसर थाना मुख्य द्वार का उद्घाटन करते एसपी ओमवीर सिंह।

जनसंदेश न्यूज

नगसर। स्थानीय थाना के मुख्य द्वार का फीता काटकर उद्घाटन करते हुए एसपी ओमवीर सिंह ने मेस व महिला हेल्प डेस्क ,थाना परिसर व कार्यालय का निरीक्षण करते हुए थाना को चारों तरफ से बाउंड्री वाल करने का निर्देश दिया व थाना के विस्तार के लिए प्रयास करके जमीन व संसाधन का व्यवस्था करने का निर्देश दिया। कप्तान ने क्षेत्र के हेरोइन तस्करों के साथ ही होने वाले बोर्ड परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों से सख्ती से निपटने का आदेश दिया और उपस्थित सैकड़ो ग्रामीणों से क्षेत्र की समस्याओं के बारे में जानकारी ली और उनका त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान नगसर विजयशंकर राय,श्रीप्रकाश तिवारी,त्रिलोकी मिश्र,अरुण सिंह,मोसिम, एकलाख, शिवांश तिवारी,कृपाशंकर राम सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे तथा विभाग के थानाध्यक्ष आनन्द कुमार भारती,क्षेत्राधिकारी जमानियां विजय आनन्द शाही,एसपी ग्रामीण अभिषेक भारती सहित थाना के सभी महिला व पुरुष स्टाफ मौजूद रहे।

डीएम ने रेल लाइन बिछाने के लिए सत्यापन का दिया निर्देश

सेवराई। ताड़ीघाट से मऊ को जाने वाली रेल लाइन को मुख्य रेल मार्ग से जोड़ने की कवायद शुरू हो गई है। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी द्वारा उपजिलाधिकारी सेवराई को शनिवार को पत्र भेजकर भदौरा से ताड़ीघाट तक नई रेल लाइन बिछाने के लिए सर्वे कराकर सत्यापन करने का निर्देश दिया है। पूर्व मध्य रेलवे दानापुर डीडीयू मुख्य रेल लाइन से जोड़ने के लिए भदौरा रेलवे स्टेशन से ताड़ीघाट से नया रेल पटरी बिछाया जाएगा । जिसके क्रम में भदौरा ,उसिया, दिलदारनगर, रक्सहां, कर्मा से ताड़ीघाट तक नई रेल लाइन बिछाने के लिए सभी किसानों के जमीन का सर्वे की प्रक्रिया शुरू हो गया है । जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के पत्र में कितने किसानों की कितनी जमीन पड़ रहा है । उसका सत्यापन शीघ्र करने का निर्देश दिया गया है । नई रेल लाइन बिछाने से सेवराई तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोग सीधे ताड़ीघाट मऊ रेल लाइन से जुड़ने से लाभान्वित होंगे। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी सेवराई राजेश प्रसाद ने बताया कि भदौरा से उसिया ,दिलदारनगर ,रक्सहां, कर्मा होते हुए ताड़ीघाट नई रेल लाइन बिछाने के लिए किसानों के जमीन के सत्यापन करने का जिलाधिकारी का पत्र प्राप्त हुआ है ।

शहीदों के सम्मान में महाराणा महाकुंभ का आयोजन आज

गाजीपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा के नेतृत्व में लंका मैदान में एक बैठक संपन्न हुई। संगठन की मजबूती पर बल देते हुए जिलाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि पांच फरवरी को शहीदों के सम्मान में महाराणा महाकुंभ का आयोजन लंका मैदान में होगा। महाराणा महाकुंभ पूरी तरह से पूर्वांचल के कारगिल युद्ध से लेकर अब तक शहीद सैनिकों को समर्पित है।

इस कार्यक्रम के अंतर्गत शहीद सैनिकों की फोटो की एक गैलरी बनाई जाएगी जिसमें उनको श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात उनके वीरांगनाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ-साथ कुछ समाजसेवी जो समाज के लिए जीते हैं। समाज के लिए मरते हैं और युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत हैं। उनको भी सम्मानित किया जाएगा यह महाराणा महाकुंभ पूरी तरह से सैनिकों के लिए समर्पित है। क्योंकि यह माना जाता है कि महाराणा प्रताप एक सैनिक थे और हिंदुस्तान के प्रथम स्वतंत्र सेनानी थे और वह सैनिक की भांति लिए और सैनिक की भांति ही अपनी मिट्टी के लिए अपने प्राणों को नोक्षावर कर दिए। इसलिए यह महाराणा महाकुंभ वीर बलिदानी ओ को समर्पित है। इसमें आप लोग बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे महाराणा महाकुंभ यह जनपद ही नहीं पूर्वांचल नहीं पूरे प्रदेश में पहला कार्यक्रम है,महाराणा महाकुंभ के नाम से जो एक ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा। जिस पर सभी ग्रामवासियों ने जोश खरोश के साथ पांच फरवरी को लंका मैदान पहुंचकर महाराणा महाकुंभ को सफल बनाने की बात कही। साथ ही साथ बताया कि इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि सांसद बृजभूषण शरण सिंह होंगे।

सांसद बृजभूषण शरण सिंह।

असत्य से बड़ा कोई अधर्म नहीं

भांवरकोल। क्षेत्र के शेरपुर कला स्थित व्यायामशाला प्रांगण में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर महायज्ञ का ध्वज स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण पूरे विधि विधान पूर्वक कन्हैया दास महाराज जी समेत अन्य ब्राम्हणों ने किया। नौ दिवसीय लक्ष्मी महायज्ञ का आयोजन को लेकर 10 फरवरी को भव्य कलश सह

जनसंपादकीय

मोको कहा सीकरी सो काम

शहंशाह हुसैन

ज़िन्दगी में कुछ यादें, वो निजी भी हो सकती हैं और सार्वजनिक भी, ऐसी भी होती हैं जो ज़िन्दगी भर हमारे मन मस्तिष्क पर ऐसे कब्जा जमा कर बैठ जाती हैं कि आजीवन हमारी स्मृति का हिस्सा बनी रहती हैं. ऐसी ही कुछ यादें यहाँ प्रस्तुत हैं।

1.

स्वर्गीय देवी प्रसाद रायचौधुरी, जानेमाने चित्रकार एवं लब्ध प्रतिष्ठित मूर्तिकार से संबंधित है. जिनके शिल्प चेन्नई, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली, पटना और लखनऊ में भी दर्शनीय हैं. चेन्नई में मरीना बीच स्थित, श्रम की विजय, राजधानी नई दिल्ली में सरदार पटेल मार्ग स्थित, ग्यारह मूर्ति, जिसे डांडी मार्च से भी चिन्हित किया जाता है और देवी प्रसाद रायचौधुरी के इस ऐतिहासिक शिल्प का छवि अंकन, भारतीय मुद्रा, 500 के नोट पर भी किया जा चुका है, पटना में शहीद स्मारक और लखनऊ निराला नगर स्थित, विवेकानंद अस्पताल में, स्वामी विवेकानन्द की लगभग तीस फि ट ऊंची ब्रोंज कास्ट में आदम कद प्रतिमा की प्रभावशाली और भव्य छवि देखी जा सकती है.

यही देवी प्रसाद रायचौधुरी जब मद्रास कालेज ऑफ आर्ट्स एंड क्राफ्ट के प्रिंसिपल थे, तो उनसे एक दिन तत्कालीन अंग्रेज रेजीडेंट गवर्नर ऑफ मद्रास मिलने आये. जिस समय रेजीडेंट गवर्नर मिलने कॉलेज पधारे, उस समय रायचौधुरी साहब क्लास ले रहे थे. चूंकि मामला अंग्रेज रेजीडेंट गवर्नर का था, इसलिए सम्बंधित कॉलेज स्टॉफ ने इस सूचना, कि रेजीडेंट गवर्नर महोदय आपसे मिलने के लिए पधारे हैं, से संबंधित एक पर्ची रायचौधुरी साहब को तुरत- फुरत भिजवायी. रायचौधुरी साहब ने उसी पर्ची पर प्रति उत्तर में लिख भेजा कि रेजीडेंट गवर्नर महोदय को सम्मानपूर्वक अथिति गृह में बिठाया जाये और उन्हें बताया जाये कि मैं क्लास ले रहा हूँ और क्लास समाप्त होते ही मैं रेजीडेंट गवर्नर के स्वागत के लिए उपस्थित हूंगा. रेजीडेंट गवर्नर महोदय को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया. रेजीडेंट गवर्नर ने कहा ठीक है, मैं प्रतीक्षा करता हूँ.

क्लास समाप्त होने के उपरांत रायचौधुरी साहब ने रेजीडेंट गवर्नर से मुलाकात की. रेजीडेंट गवर्नर उनसे मिलकर, उनकी कलाकृतियों को देखकर अत्यंत प्रभावित हुए और कॉलेज का भ्रमण करके उनकी प्रशंसा के गीत गाते हुए रुख़्सत हो गये.

2.

प्रसिद्ध और वयोवृद्ध मूर्तिकार, प्रोफेसर शंखो चौधरी के बारे में है. शंखो चौधरी, जिन्हें लोग प्यार से शंखो दा कहा करते थे, जब लिलित कला अकादेमी, नई दिल्ली के सचिव थे, तो उसी समय उनके द्वारा, ललित कला अकादेमी के कार्य क्षेत्र को विस्तार देने के आशय से, क्षेत्रीय कला केंद्रों की स्थापना की नीति अपनायी गयी, जिसकी व्यवस्था शंखो दा के प्रयास से भारत सरकार की पांचवी पंचवर्षीय योजना में की गयी. इसका आरम्भ नई दिल्ली में गढी.स्टूडियो की स्थापना से हुआ और तदोपरांत, चेन्नई, कोलकाता, लखनऊ और भुवनेश्वर में भी इन क्षेत्रीय कला केंद्रों की स्थापना हुई, जिन्हें आज ललित कला अकादेमी, क्षेत्रीय केंद्र के नाम से जाना जाता है.

जब नई दिल्ली में गढ़ी स्टूडियो का काम आगे बढ़ा तो सर्वप्रथम डी. ड़ी. ए. (दिल्ली विकास प्राधिकरण) से, कालका जी, दिल्ली में इसके लिए जमीन चिन्हित की गयी और उसके अधिग्रहण तथा स्टूडियो के नक्शे आदि का, डी. डी. ए. से पास कराने का काम शुरू हुआ. जिस समय ये काम शुरू हुआ, उस समय स्वर्गीय जगमोहन डी. डी. ए. के अध्यक्ष थे. जगमोहन को एक सख़्त प्रशासक के तौर पर जाना जाता था. उनके सख़्त प्रशासक होने की मुहर बाद में उस समय और पुख़्ता हो गयी, जब उन्हें जम्मू कश्मीर का राज्यपाल बनाया गया, जहाँ उन्होंने कुछ ऐसी सख़्ती दिखलाई कि जिसकी गूंज संसद तक में सुनाई दी और तत्कालीन सरकार को उन्हें वापस बुलाना पड़ा.

खैर तो उस समय, गढ़ी स्टूडियो के लिए जमीन के भूमि अधिग्रहण और नक्शा आदि पास करने कराने में, डी.डी.ए. अध्यक्ष,जगमोहन के कार्यालय द्वारा, प्रक्रिया से सम्बन्धित अथवा उसकी आड़ में, बराबर अडंगे लगाये जाते रहे. परिणामस्वरूप गढी.स्टूडियो का कार्य बाधित होता रहा और आगे बढ़ ही नहीं पा रहा था.

एक दिन शंखो दा ने अपने प्रशासनिक अधिकारी से गढ़ी स्टूडियो के कार्य की प्रगति जाननी चाही और कार्य की सुस्त रफ़्तारी पर स्टॉफ को डांट भी लगायी. स्टॉफ ने डरते डरते शंखो दा को डी.डी.ए. के क्रियाकलाप से अवगत कराया. शंखो दा, जैसी कि उनकी आदत थी, कि ऐसे समय में वो एक खास अदा से एक लम्बी हूँ करते थे, ने एक लम्बी हूँ की और अपनी गर्दन हिलाते हुए, सीधे उस समय की प्रधानमंत्री, स्वर्गीय इंदिरा जी को फून लगा दिया और उनसे फून पर डी.डी.ए. के क्रियाकलाप को लेकर, शिकायत लगायी. उधर से क्या कहा गया और क्या नहीं कहा गया ये तो पता नहीं, लेकिन अगले ही दिन डी.डी.ए. से सारे नक़्शे आदि पास हो गये. स्वर्गीय मनोहर लाल भाटिया, जो ललित कला में मेरे वरिष्ठ थे, और जिनको गढ़ी स्टूडियो के आरम्भिक निर्माण से सम्बन्धित कार्य का इंचार्ज बनाया गया था, जिसमें नक्शा आदि पास कराने के कार्य सम्मिलित थे, जब कभी इस संस्मरण को सुनाते थे, तो उनकी आंखों में एक अजीब तरह की चमक आ जाती थी और उनके चेहरे पर एक गर्व का भाव झलकता था.

3.

राज्य ललित कला अकादेमी, उप्र के तत्कालीन अकादमी सचिव, स्वर्गीय जी.एच. सिद्दीकी साहब ने स्वयं एक वार्ता के दौरान मुझे बताया था कि एक बार राज्य ललित कला अकादमी की कला दीर्घा में एक प्रदर्शनी का आयोजन था, जिसे तत्कालीन मुख्यमंत्री, स्वर्गीय सी. बी. गुप्ता को उद्घाटित करना था और प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि तत्कालीन अध्यक्ष, राज्य ललित कला अकादमी, स्वर्गीय राधा कमल मुखर्जी थे. स्वर्गीय राधा कमल मुखर्जी, वैसे तो एक जाने माने अर्थशास्त्री थे और लखनऊ विश्वविद्यालय के अमेरेटस प्रोफेसर भी थे, लेकिन वे देश के लब्धप्रतिष्ठ कला मर्मज्ञ और कला प्रेमी और कला संग्रह कर्ता भी थे. और उन्होंने अपने कला संग्रह का एक बड़ा और महत्वपूर्ण हिस्सा, राज्य ललित कला अकादमी को भेंट स्वरुप दान भी कर दिया था.

प्रदर्शनी उद्घाटन का समय हो चुका था लेकिन मुख्यमंत्री महोदय अभी तक नहीं पधारे थे. सभी को उनके आने का इंतजार था. राधा कमल मुखर्जी ने देखा कि प्रदर्शनी उद्घाटन का अच्छा खासा समय बीत चुका है और मुख्यमंत्री महोदय अभी तक तशरीफ नहीं लाये हैं. तो उन्होंने नाराजगी के साथ सचिव ललित कला अकादेमी से कहा कि अब और इंतजार मुख्यमंत्री महोदय का नहीं देखा जायेगा और प्रदर्शनी का उद्घाटन वे स्वयं करेंगे. डाक्टर राधा कमल मुखर्जी ने प्रदर्शनी का उद्घाटन कर दिया. प्रदर्शनी का अच्छे से अवलोकन किया और जब वो ये सारे काम सम्पन्न करके अकादेमी से जाने के लिए, लाल बारादरी स्थित अकादमी की सीढियाँ उतर रहे थे, उसी समय मुख्यमंत्री महोदय की गाड़ी, अकादमी परिसर में आकर रुकी और मुख्यमंत्री, सी. बी. गुप्ता महोदय गाड़ी से बाहर आये और सीढ़ियों से डाक्टर राधा कमल मुखर्जी को उतरते देख, लपक कर सीढियाँ चढ़ते हुए डाक्टर साहब को नमस्कार किया और देर से आने के लिए क्षमाप्रार्थी हुए. प्रति उत्तर में डाक्टर राधा कमल मुखर्जी ने अंग्रेजी में कहा, ' मिस्टर गुप्ता, यू आर लेट, आई हैव आलरेडी इनआगरेट दि इक्जीबीशन. नाऊ गो एंड मस्ट वाच इट. ओके'. इसपर मुख्यमंत्री, सी. बी. गुप्ता, ने अत्यंत सम्मान एवं विनयपूर्वक कहा ' अरे डाक्टर साहब प्रदर्शनी का उद्घाटन तो वैसे भी आपने ही करना था सो अच्छा हुआ आपने कर दिया.'

मैं अक्सर ये सोचता हूँ कि क्या ये आज के कला एवं राजनीतिक परिदृश्य में सम्भव हो सकता है. सम्भवतः कदापि नहीं. लेकिन कितने महान और बा- वेकार थे हमारे पूर्वज कलाकार और उससे भी अधिक धन्य थे उस समय के शासन- प्रशासन और राजनीति में बैठे लोग भी, जिनमें अंग्रेज रेजीडेंट गवर्नर जैसे लोग भी शामिल थे. लेकिन मान- सम्मान तो अपने ही हाथ होता है. तभी तो तुलसी दास ने मुगल बादशाह अकबर के आमंत्रण को ये कहकर ठुकराते हुए कहा था कि ' काह मोको सीकरी सो काम'.

(लेखक कला समीक्षक हैं,सम्पर्कः 6388730266)

अनिल मिश्र की कविताएँ और यथार्थ

आकलन

प्रांजल धर

अनिल मिश्र की कविताएँ गहरे अखलाक और गहन प्रेक्षण की कोमल और साथ ही साथ कठोर अभिव्यक्तियों की अब्सार हैं जहाँ 'पेट में अज्ञात चक्रवात उठते हैं' और 'आकाश में धुएँ की एक चादर टँगी रहती है'। यहाँ पंक्तियों, सतरों और जनमाध्यमों में व्याप्त छिछली राजनीति के यथार्थ को ही नहीं, पंक्तियों के बीच के रिक्त स्थान की गम्भीर कूटनीति को भी प्रकृति के माध्यम से समझा और व्यक्त किया गया है। 'महज' शब्द यहाँ बेमानी साबित होता है क्योंकि प्रतिगामी शक्तियों का ऐसा काव्यात्मक प्रतिरोध कम ही देखने को मिलता है। सम्भाव्य की कला, किसी कालातीत अव्याख्येय को पहचानकर उसे कलम, स्याही और दवात के माध्यम से कागज पर शोरगुल से दूर रहकर उतार ले जाना, निर्जीव चीजों तक की भी भावनाओं और संवेदनाओं को समझने की कूवत रखना, बड़े होकर भी बड़प्पन की कोई नुमाइश न करना, हार और जीत के बीच की किसी अनिर्णायक स्थिति में रहना और यथार्थ की परतों को छीलकर उद्घाटित कर ले जाना अनिल मिश्र की कविता के बुनियादी अभिलक्षण हैं।

यहाँ जून जॉर्डन की बात याद आती है कि एक सच्चा कवि इसलिए राजनीतिक होता है क्योंकि वह सत्य को न केवल कहता है, बल्कि सत्य का बखान भी करता है। 'प्रिय नेता का नगर आगमन' नामक कविता की कुछ पंक्तियाँ द्रष्टव्य हैं - 'बदसूरत-सी लगती इमारतों/और झोपड़ियों के सामने परदे लगा दिए गए हैं/गड्ढों से भरी सड़क रातों-रात दौड़ने लगी है/दिन-रात काम पर लगे मजदूर/शहर चमकाने में व्यस्त हैं/कुछ दिनों से भूल गए हैं घर का रास्ता।' घोषित आपातकाल के दौर में कभी पंकज सिंह ने अपनी कविता 'सम्राज्ञी आ रही हैं' में लिखा था कि, 'नागरिको उत्सव मनाओ कि सम्राज्ञी के दर्शन तुम्हें करने हैं/भीतभाव से प्रणाम सँभालते हुए अपने दुखों के कीचड़ में/रुँधे गले से ही स्वागत गीत गाते हुए/उत्सव मनाओ/सम्राज्ञी का रथ तुम्हारी अँतड़ियों से गुजरेगा/रथ गुजरेगा तुम्हारी आत्मा की कराह और शोक से।' वह घोषित आपातकाल था किन्तु अनिल मिश्र अघोषित आपातकाल के निर्देशित मानसिक लोकतन्त्र में बदले हुए यथार्थ की जटिल तहें उघाड़ते हैं। टेलीविजन आया तो कल्पनाशक्ति कमजोर होनी शुरू हुई, मोबाइल आया तो और ज्यादा दुर्बल हुई और आजकल तो व्हाट्सएप, ट्विटर और इंस्टाग्राम वगैरह के बाद दुर्लभ ही हो गई है। अनिल मिश्र की कविताएँ इन हालात की मुकम्मल तफ़्तीश करती हैं। अनिल मिश्र बहुत ज्यादा महसूस किये जा सकने वाले बारीक सम्प्रेक्षण के सुसंगठित और अव्यवस्थित कवि हैं। अव्यवस्थित हैं, अराजकतावादी नहीं; व्यवस्था से वे अहजान के साथ मुहब्बत करते हैं। वे व्यवस्थाओं की संरचना और संरचनाओं की व्यवस्था से वाकि फ हैं। जग की जननी माँ पर उन्होंने लिखा है कि 'माँ संघर्षों का पर्वत लाँघ गयीं।' कवि पाठकों को गति से सद्गति तक ले जाने का प्रयास करता है, उन्हें भान है कि हारता वही है जो लड़ता नहीं। आँसुओं से लिखी गयी ये कविताएँ न सिर्फ.मर्मवेधी और कल्ब से पैदा हुई हैं, बल्कि हिन्दी साहित्य की तमाम प्राचीन परम्पराओं से भी जुड़ती हैं और हाशिये की तफसील भरी चिन्ता करती हैं। यहाँ कोई एकालाप या इकतरफा आमदरफ़्त नहीं है बल्कि एक संवादशीलता है। 'गलतफहमी' नामक कविता में उन्होंने लिख भी दिया है कि, 'जिसका अस्तित्व नहीं है/वह परमाणु बम से भी ज्यादा खतरनाक है।' कभी निराला ने लिखा था कि, 'जानकी-नयन-कमनीय प्रथम कम्पन तुरीय', तो इसमें एक विषण्णानन योद्धा की चिन्ता थी लेकिन अनिल मिश्र को प्रथम कम्पन की बजाय यथार्थ को उद्घाटित करने के लिए पहली परत को छील डालने का काव्यात्मक हुनर आता है और यह उनके अपने जीवनानुभवों का निचोड़ है। बेनजीर पिथ और सब्सटेंस है। कविताएँ यहाँ महसूस करवाती हैं कि परतों पर परतें जमा होने लगीं, अंधेरा फैलता गया, चुनौतियाँ पहले से अधिक कठिन होती गईं। अगर कार्ल सैण्डबर्ग के शब्दों को उधार लें तो, ये अशआर यहाँ एक ऐसी गुहार बन जाते हैं जो परछाइयों से नृत्य करने का विनम्र आग्रह करते हैं। यहाँ कविताओं का आयतन एक आश्रयस्थली और यतीमखाने की विसंगतियों को चित्रभाषा में व्यंजित करता है। यहाँ समाज की विडम्बनाओं से जुड़े दृश्य, स्पर्श और घ्राण बिम्ब हैं और कवि धरती के सोंधेपन को न सिर्फ.महसूसता है, बल्कि पाठकों को भी कुछ इस तरह महसूस कराता है मानो किसी पीड़ादायक घाव पर रुई के कुछ शान्तिप्रदायी फाहे रखे गए हों।

शक्ति के अर्जन, धारण, प्रसारण और प्रदर्शन की समस्त सीमाओं को अनिल मिश्र ने समझा है। नहीं, समझा ही नहीं है, उनको इस बात का भीतर और गहराई तक बोध है। यह आत्मबोध पाठक में कुछ सकारात्मक जीवन-मूल्यों को जोड़ता है। यहाँ कैलकुलस की बजाय एकीकरण, सह-अस्तित्व, सहधर्मिता और सहकारिता के अल्फाज तैरते हैं। जलकुम्भी की तरह नहीं, पानी की पहली परत पर खुद को कुर्बान करने वाली किसी अगिनपाँखी की मानिन्द। यहाँ हृदयों के कक्षों की गिनती नहीं, अलिन्द और निलय की ऊँचाई तीक्ष्ण एक गैर-वैज्ञानिक त्रिकोणमिति से मापी गई है जहाँ कोण ही कोण हैं, मोड़ ही मोड़ हैं। ये सारे खम पाठकों को विरेचन की एक अलभ्य स्थिति तक ले जाने में सक्षम हैं। ये सड़क या राजमार्ग पर दिखने वाले प्रतिदीप्ति भरे सरकारी मोड़ नहीं हैं, ये असरकारी पेंच-ओ-खम हैं क्योंकि कवि को मालूम है कि राजमार्ग आमजन की अँतड़ियों की कीमत पर निर्मित होता है और पगडण्डियाँ चुनाव का मानवीय और प्राणिजगत-तुल्य अवसर देती हैं। राजमार्ग पर चलने की इब्तिदा करने पर चुनाव की ताकत राजमार्ग के चमकते किन्तु गन्दे हाथों में आ जाती है लेकिन अगर हम पगडण्डियों पर चलते हैं तो चुनाव करने का थोड़ा-बहुत विकल्प तो हमारे हाथों में रहता ही है और तब हमें, विश्व के विशालतम लोकतन्त्र के गरीब किसी नागरिक को, जरा-सा खुश होने की गुंजाइश मिल जाती है। अनिल मिश्र गुंजाइश, सम्भावना और आशंका के फर्क.को वर्णित करते हैं। उन्हें इलहाम है कि सम्भावनाएँ कब आशंकाओं में तब्दील हो जाती हैं।

अनिल मिश्र की कविताओं में उपाश्रितवर्गीय इतिहास को वजनदार कथ्य और सधे हुए शिल्प के साथ पेश किया गया है। यहाँ किसी कि स्म की कोई क्षिप्रहस्तता नहीं है, बल्कि धीरज के साथ सहज भावोच्छलन पर सादगीपूर्ण तरीके से विचार करके उन्हें मौन की भाषा में अभिव्यक्त करने की एक कोशिश है। यह गिलहरी जैसी लगने वाली एक मामूली-सी कोशिश हजार वायदों पर भी भारी है। रामधारी सिंह 'दिनकर' की भाषा में कहा जाए तो कविता वह सुरंग है जिसके भीतर से मनुष्य एक विश्व को छोड़कर दूसरे विश्व में प्रवेश करता है। बात को अगर किसी और काव्यात्मक भाषा में कहा जाए तो यह कहना ही चाहिए कि हृदय छोटा हो, तो शोक वहाँ नहीं समाएगा और दर्द दस्तक दिए बिना लौट जाएगा। अनिल मिश्र के यहाँ दस्तक ही नहीं, दरवाजा पीटने वाले प्रयोजनमूलक सार्थक सवाल हैं। ये सवाल आब-ए-आईना हैं। इन सवालों की मौजूदगी गैर-मौजूद लोगों की शिनाख़्त करती है। अनाथों की करुणा से भीगी हुई ये कविताएँ किसी अकालग्रस्त गरीब बस्ती की हताशा को चिह्नित करती हैं। डाइलैन थॉमस ने लिखा है कि एक अच्छी कविता अगर धरती पर कहीं रची जाती है, तो उसकी सर्जना के बाद दुनिया वही नहीं रह जाती, जो उस कविता के सृजन के पहले थी। ऐसा इसलिए क्योंकि अनिल मिश्र की कविताएँ ब्रह्माण्ड की आकृति को, आकार को नहीं, परिवर्तित करने का शब्दकोश गढ़ती हैं और अपने बारे में ज्ञान रखने वाले किसी पाठक या किसी इंसान के आत्मसन्धान को विस्तृत करती हैं। अनिल मिश्र के यहाँ इस बात को रेखांकित किया गया है कि समस्त सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था एक ईमानदार शख़्स को यह सोचने पर अभिशप्त कर दिया करती है कि किसी भी ईमानदार इंसान को यह मान लेना चाहिए कि उसकी अपनी, खुद की, परछाईं भी उसकी दुश्मन है वरना वे यह क्यों लिखते कि कपास रंगीन होता है! जब कपास रंगीन होता है तो इल्तिजा और दरख़्वास्त कहीं पीछे छूट जाया करते हैं। गुजीदा नेताओं के हाथों हो रही नाइंसाफी और क्रियाओं की निष्क्रियता को बाकायदा समझने वाले आशुफ़्ता कवि अनिल मिश्र की कविताएँ अनुभूति की तीव्रता और कल्पना की उड़ान से गुफ़्तगू करती हैं, ये कविताएँ आँखों से बोलती हैं, बतकही की उस परम्परा को आगे बढ़ाती हैं जिसे अमर्त्य सेन ने अपनी कालजयी पुस्तक 'दि ऑग्युमेंण्टेटिव इण्डियन' में दर्ज.किया है। एक उदाहरण गौर करने लायक है, 'मैंने गीतों को सावन और फागुन के रंगों में सुना है/और नृत्य को कजली और फाग के गीतों में देखा है।' वीजा और पासपोर्ट के गैर-जरूरी चक्करों को चित्रित करते हुए और किसी भी तरीके की बाड़ेबन्दी में नास्तिकता की हद तक विश्वास करने वाले कवि अनिल मिश्र हमें उस मुकाम तक ले जाते हैं जहाँ कभी मलिक मुहम्मद जायसी ले जाया करते थे; विरह, दुख और अपार करुणा के अव्याकृतम तक! सृष्टि की सर्जना को समझने वाले अनिल मिश्र के बारे में यह कहा जा सकता है, जो मैंने बहुत पहले कहीं पढ़ा था, काल्पनिक ही सही, कि ईश्वर (अगर कोई होता हो तो) ने जब दुनिया को गढ़ा तो उसको गढ़ने के बाद कुछ गलतियों का अहसास हुआ किन्तु उस सृष्टिकर्त्ता ने यह कहा कि अब मुझसे जो गलतियाँ हो गयी हैं, वे हो ही गई हैं। इसका एक ही उपाय है कि मैं दुबारा ब्रह्माण्ड में कवि और कवयित्रियों की रचना करूँगा ताकि वे यह सब-कुछ सुधार सकें, जिन्हें मैं स्वयं नहीं सुधार पाया। कवि संजय मिश्र ने बहुत सटीक लिखा है कि, 'जुल्म इतने सह रही हैं ये बेचारी पट्टियाँ/ जख़्म इतने हैं कि कम हैं आज सारी पट्टियाँ/ घाव भर जाए तो उसके बाद ये दस्तूर है/ फेंक दी जाती हैं बाहर गम की मारी पट्टियाँ।' अदीब और अलीम अनिल मिश्र गमजदा लोगों पर मरहम-पट्टी लगाने वाला बहुत मानवीय काम करते हैं और तभी तो वे यह लिख पाने में सक्षम हैं कि, 'मैं कविता की तरह जीना चाहता था जीवन/ गणित के प्रश्न बनाकर छोड़ देते हैं हालात।'

अनिल मिश्र अजाब को पकड़ते हैं और अपने अजीज विषयों पर अजीम तरह से कविता रचते हैं। एक बानगी देखिए, 'सबसे सुखद स्मृतियाँ उन दिनों की हैं/जिनमें संघर्ष बहुत था/पर जीत गए थे अन्ततः।' मिस्र के अच्छे कवि गिर्जिस शौकरी लिखते हैं कि, 'खिड़की के साथ हँसा बादल/देखो वह बिस्तर की सिलवटों में समाया है।' अनिल मिश्र कविता की जमीन के ग्रामीण नागरिक और बाशिन्दे हैं। उनकी रहनवारी और आवाजाही हाशिये के इलाकों से लेकर विकास के टापुओं तक है। इसीलिए एक आकि ल कवि यहाँ जम्हूरियत से आजिज आ जाता है और कलम उठाता है। किस तरह भला? उस तरह नहीं, जिस तरह हथियार उठाए जाते हैं। उस तरह जैसे किसी चित्रकारी के लिए कूची उठाई जाती है। उस तरह, जैसे वरिष्ठ कवि सुभाष राय 'मूर्तियों के जंगल में' जाकर यह महसूस करते हैं कि वे लाशों के हँसने की आवाज सुन रहे हैं, वे सुन रहे हैं अस्पतालों और श्मशानों की असमर्थता को। सुनते भी हैं तो दुनिया को बेहतर बनाने के लिए। कुछ सिरजने के लिए। सत्ता की धुन पर जिस कवि की कलम न नाचती हो, वह कवि जब यह लिखता है कि हवा किधर घूम जाएगी, कहना मुश्किल है, तब हृदय के तारों की वीणा का स्वर सुनाई पड़ता है लेकिन कवि करे क्या! उधर बैठे लोग मुँह ही जब दूसरी तरफ कर लेते हों तो एक कवि अविकल्प हो जाने को विवश हो जाता है। कवि विवश हो ही नहीं सकता क्योंकि जिजीविषा ही उसकी एकमात्र पूँजी हुआ करती है। अनिल मिश्र की कविताएँ गुलामी और विवशता के विरुद्ध एक लैम्पपोस्ट की तरह खड़ी हैं और मौसमी इजूतराब को चीन्हती हैं, मुहब्बत से इत्तिहाद करती हैं, उफ़्ताद की विसंगति पर अनुत्तिरत प्रश्न खड़े करती हैं।

(सी-17, एनपीएल कॉलोनी, न्यू राजेन्द्र नगर, नई दिल्ली, मोबाइल - 9990665881).

अकृत्रिम आख्यानों की प्रभावशाली व्यंजना

मूल्यांकन

डॉ. राकेश शुक्ल

कृष्ण बिहारी की कहानियाँ पढ़ते हुए जो बात जेहन में सबसे पहले आती है, यह कि उनका सृजनात्मक मन सामयिक या तात्कालिक महत्व के विषयों को भी अनूठे शिल्प में ढाल लेता है। उन्हें कथानक की तलाश नहीं करनी पड़ती है। अलेक्सेई टॉलस्टॉय के शब्दों में, ' कथानक सदा जीवन के कोलाहल से, वर्तमान समय के जीवंत अंतर्विरोध से उत्पन्न होता है। कथानक -- मुझे गलत न समझिए -- एक जनप्रिय किस्सा है, जो अभी अपरिष्कृत है, जिसमे अभी धड़कन हो रही है। हो सकता है इसे अभी शाब्दिक आवरण न मिला हो और इसका चलन न हुआ हो। मगर एक बार कह देने पर जनता इसे समझेगी। यह किसी सामाजिक अंतर्विरोध के प्रकटीकरण की चावी है।' उक्त कसौटी पर कृष्ण बिहारी की कहानियाँ खरी उतरती हैं। ये जीवन की तरह ही स्वाभाविक और अकृत्रिम आख्यानों की प्रभावशाली व्यंजना हैं। फामूर्लाबद्धता से रहित सहजता उनकी कला की पहचान है।

कहानी, आत्मकथा , एकांकी, निबंध और साहित्यिक पत्रकारिता के क्षेत्र में विपुल योगदान करने वाले कृष्ण बिहारी की रचनाओं से गुजरना एक दिलचस्प अनुभव है।

'जिंदगी की सबसे सर्द रात' उनका सोलहवाँ कहानी संग्रह है, जिसमें शामिल दस कहानियाँ जीवन के अलग-अलग रंगों को पूरी कलात्मकता से अभिव्यक्त करती हैं।

'डुबकी' में गाँव के लोक-जीवन और वहाँ के अनुभवों की विराट सम्पदा है। कमला अर्थात डुबकी का जीवन गाँव में बहती आमी नदी के बिना अधूरा है। कथाकार के शब्दों में, ' आमी के पानी को कमलिया से प्यार हो गया है, या कमलिया पानी में जल की रानी हो गई है यह बता पाना कठिन था।' लोक दृष्टि सम्पन्न कहानीकार ने नदी के प्रति एक अंत्यज तथा अशिक्षित युवती के जिस आत्मीय अनुराग को व्यक्त किया है, वह अद्भुत है। सिकहरा ताल से निकलने वाली आमी नदी में डुबकी लगाकर उस पार निकल जाने वाली कमलिया का जब गौना होता है तो वह दुःखी होकर अपने पिता से कहती है, 'बाबू... नदी बिना हम कइसे जीयब?' हम कह सकते हैं कि एक स्त्री भी नदी की तरह होती है, क्योंकि उसमें भी नदी जैसी शीतलता और सृष्टि को सम्पन्न करने का गुण विद्यमान है। मनुष्य सभ्यता के विकास क्रम में नदियाँ हमारी प्राण- धाराएँ रही हैं, यह विद्वानों के विमर्श का विषय हो सकता है, पर लोक जीवन में उनका कितना महत्व है, यह इस कहानी से सिद्ध होता है।

'जब पहले की तीन शादियों से खुशी नहीं मिली तो चौथी से मिलेगी, इसकी क्या गारण्टी है? खाड़ी- देश की राजधानी में नार्थ- ईस्ट ट्रेडर्स की एक बहुराष्ट्रीय कम्पनी में कार्यरत महक शुक्ला के जीवन, मनःस्थितियों तथा अस्तित्व की जद्दोजहद के साथ उसके हर्ष- विषाद को दशार्ती यह कहानी कॉंट्रेक्ट-मैरिज -जैसे सवालों को भी बड़ी शिद्दत से उठाती है। हर प्रकार से सुखी-सम्पन्न , लाखों डॉलर के पैकेज वाले आज के युवाओं के दाम्पत्य या अन्य पारिवारिक , रागात्मक सम्बन्ध अत्यंत खोखले हो गए हैं; इस खालीपन को भरने की कवायत सारी जिंदगी चलती रहती है। कहानी में भारतीय और पाश्चात्य परम्पराओं तथा जीवन-मूल्यों के अंतर्विरोध की व्यंजना के साथ खासा बौद्धिक विमर्श भी है। इसे पढ़ते हुए महसूस होता है कि यदि कहानी को जिंदगी का प्रतिरूप मान लें तो जिंदगी जितनी संघर्षशील, द्वंद्वात्मक, रहस्यमय और दार्शनिक चीज है; उतनी ही कहानी भी। तभी तो कथाकार का यह कथन कितना प्रासंगिक है, कभी-कभी कहानियाँ और कभी-कभी जीवन एक-दूसरे के सामने चुनौती बनकर खड़े हो जाते हैं। तय करना मुश्किल हो जाता है कि दोनों में आश्चर्यजनक कौन है? रेगिस्तान के बीच जबरन खिलाए गए फूलों को जिस तरह हरदम जीवित नहीं रखा जा सकता उसी तरह जीवन के साथ अपनी मनमानी नहीं चलती। कुछ बातें ऊपर वाले पर छोड़कर मुक्त हो लेना चाहिए। क्योंकि कुछ सवालों के जवाब कभी नहीं मिलते।'

कृष्ण बिहारी जी रोजमर्रा की सामान्य-सी घटनाओं पर भी सार्थक कहानियाँ लिख लेते हैं। इनमें जो यथार्थ व्यंजित होता है; उसमें मानवीय भाव-बोध है। 'बादशाह' का रिक्शाचालक सचमुच का बादशाह है, जो न सिर्फ रोज कथानायक के हालचाल पूछता है; बल्कि गंतव्य पर पहुँचकर उसके द्वारा पैसे दिए जाने पर यह कहना नहीं भूलता कि, ' बाबू जी, पैसे न हों तो न दें, और.. पैसे चाहिए तो हम दें आपको।'

'अकेला चना' सिर्फ खाड़ी-देशों में स्कूलों के प्रबंधतंत्र की मनमानी और तानाशाही की कहानी नहीं, बल्कि सभी पब्लिक स्कूलों की कहानी है, जहाँ एक शिक्षक अपने अधिकारों के लिए लड़ता है। सिर्फ अपने लिए नहीं; वह उन सबके लिए लड़ता है, जो लड़ाई के लिए कभी हिम्मत नहीं जुटा पाते हैं। इस कहानी में खाड़ी-देशों के विकास की अन्तर्कथा भी बड़ी रोचक है, जहाँ कभी कबीलाई संस्कृति थी। आपस में मारकाट होती थी। और जहाँ के लोग कभी समुद्री लुटेरे थे, वहाँ तेल क्या निकला कि दुनिया भर की कम्पनियाँ उसे निकालने दौड़ पड़ीं, और पेट्रो-डॉलर के चलते 'कल के लुटेरे- भिखारी आज के रॉयल फैमिली हो गए।' कहानीकार का बहुत-सा समय नौकरी के दौरान यू. ए. ई. में बीता है, इसलिए वहाँ के सामाजिक जीवन, विशेषकर प्रवासी भारतीय समाज का बहुत ही बारीक विश्लेषण है। शुष्क या नीरस विषयों पर रोचक कहानियाँ रचनाकार की कलात्मक उत्कृष्टता का उदाहरण है।

'सेन चाइल्ड' में विद्यार्थियों की निरंकुशता की समस्या को उठाया गया है। कक्षा में अनुशासन न हो तो, और किसी विद्यार्थी को डाँट दें तो भी शिक्षक की नौकरी जाना तय है। कहानीकार के शब्दों में, 'फाख्ता हुए वे दिन जब प्रिंसिपल और स्कूल मैनेजमेंट अपने शिक्षकों के मान-सम्मान को सबसे ऊपर रखते थे, और बच्चों के माँ-बाप भी गुरु जी का सम्मान करते थे। मगर अब वह जमाना बीत गया।' ऐसे में एक तथाकथित सेन चाइल्ड की अजीबोगरीब हरकतें सारे स्कूल के लिए चिंता का सबब बनती हैं। कुतूहल से परिपूर्ण यह कहानी आज की शिक्षा व्यवस्था पर भी करारा व्यंग्य करती है। अपने कथ्य और शिल्प में भी यह बेहतरीन है।

कृष्ण बिहारी की कहानियों में अनुभव का वैविध्य है। प्रवासी भारतीयों के सामाजिक जीवन की जैसी अभिव्यक्ति उनकी उनकी कलम से हुई है, अन्यत्र नहीं दिखाई देती। उनकी जीवन-दृष्टि और मानवीय सरोकार इन कहानियों को सार्थकता प्रदान करते हैं। ' दो लाख का थप्पड़' में रूम पार्टनर दो मित्रों के बीच होने वाला छोटा-सा झगड़ा कैसे 'तिल का ताड़' बन जाता है। इसे रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। ' सर्वप्रिया' भी उसी परिवेश की कहानी है, जिसका कथानक विस्तृत है। अंतरराष्ट्रीय या वैश्विक परिदृश्य के उत्तर आधुनिक समाज की सांस्कृतिक-दृष्टि तथा धर्म के संकीर्ण दायरे में स्त्री-मुक्ति का कुछ हद तक प्रतीक है कथानायिका सूडानी मूल की सैली, जो इस्लाम को मानती है; पर मुस्लिम सम्प्रदाय के ढकोसलों की हँसी भी उड़ाती है। मूल्य-संक्रमण के दौर में कहानीकार ने भारतीय जीवन मूल्यों की प्रासंगिकता को भी दशार्या है। कथानायक के शब्दों में, 'मैं पूछना चाहता था कि क्या अनकल्चर्ड को सभ्य नहीं बनाया जा सकता? मैं बताना चाहता था कि हिंदुस्तान में यदि तीन तलाक देने की सुविधा सबको मिल जाए तो पच्चानबे प्रतिशत शादियों का भविष्य एक मिनट से भी कम समय में तय हो जाए। लेकिन ऐसा न होने के कारण ही तलाक जैसी बात कभी-कभी ही सुनने में आती है। हिंदुस्तानी लोग शादी को निभा ले जाने में ही रिश्तों का महत्व समझते हैं।'

मानवीय-पक्षधरता के कारण

चार हत्यारोपियों को आजीवन कारावास

जनसंदेश न्यूज

कार्रवाई

क्रास केस में चार अभियुक्तों को 10-10 वर्ष का कठोर कारावास

पटवध (आजमगढ़)। कंधरापुर थाना अंतर्गत गौरी नारायनपुर गांव में हत्या के मुकदमे में सुनवाई पूरी करने के बाद अदालत ने आरोपितों को आजीवन कारावास तथा जुर्माने की सजा सुनाई। यह फैसला विशेष सत्र न्यायाधीश रामनरायन की अदालत ने शनिवार को सुनाया।

अभियोजन कहानी के अनुसार वादी बृजेश कुमार राय पुत्र शिव कुमार राय निवासी गौरी नारायणपुर थाना कंधरापुर की गांव के श्रीराम राय पुत्र काशी राय से जमीनी विवाद की रंजिश चल रही थी इसी रंजिश को सुलझाने के लिए 30 अक्टूबर 1995 को सुबह श्रीराम राय के घर पंचायत बुलाई गई थी इस पंचायत में भाग लेने वादी बृजेश उसका भाई आनंद राय तथा वादी के चाचा राजेंद्र राय गांव के गोरख राय, पारस राय, श्रीराम राय के दरवाजे पर पहुंचे तभी श्रीराम राय की साजिश से शिव प्रसाद राय पुत्र बलिराम, श्रीधर राय पुत्र काशी राय, राकेश कुमार राय पुत्र जूठन राय, संदीप राय उर्फ पिंटू राय पुत्र श्रीराम राय ने वादी तथा उसके परिवार के लोगों को लक्ष्य करके फायरिंग शुरू कर दी शिव प्रसाद राय ने आनंद राय को कट्टे से गोली मार दी जिससे आनंद राय की मौके पर ही मृत्यु हो गई किसी तरह से वादी मुकदमा उसके परिवार के लोग जान बचाकर भागे पुलिस ने जांच पूरी करने के बाद सभी आरोपियों के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में प्रेषित कर दिया दौरान मुकदमा आरोपी अभियोजन पक्ष की तरफ से शासकीय अधिवक्ता अनिल सिंह तथा ओम प्रकाश सिंह ने बृजेश कुमार राय, राजेंद्र कुमार राय, अरविंद कुमार राय, डॉ यूसुफ अंसारी उपनिरीक्षक शिवगणेश गौतम, उपनिरीक्षक चंद्र बदन सिंह तथा कांस्टेबल महेंद्र सिंह को बतौर साक्षी कोर्ट में पेश किया दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी शिव प्रसाद राय, राकेश राय, संदीप राय उर्फ पिंटू को कारावास तथा प्रत्येक को 35000 जुमार्ने की सजा सुनाई जबकि श्रीराम राय को हत्या की साजिश का दोषी पाते हुए आजीवन कारावास तथा 20000 जुमार्ने की सजा सुनाई। इसी मुकदमे में क्रास केस के तहत कातिलाना हमले के मुकदमे में अदालत ने 4 आरोपियों को 10 वर्ष के कठोर कारावास तथा प्रत्येक को 25000 अर्थदंड की सजा सुनाई गई। इस मामले में वादी श्रीधर राय पुत्र काशी राय ने आरोपी राजेंद्र राय तथा नागेंद्र राय पुत्रगण रामकरन राय, बृजेश पुत्र शिव कुमार राय, अजय कुमार राय उर्फ सोनू पुत्र बालेश्वर राय के विरुद्ध कातिलाना हमले की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

अभियोजन पक्ष की तरफ से श्रीधर राय, शिव प्रसाद राय, डॉक्टर योगेंद्र प्रसाद मिश्र, एक्सरे टेक्नीशियन ओमप्रकाश ने गवाही दी थी। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद अदालत ने आरोपी राजेंद्र राय, नागेंद्र राय, बृजेश राय तथा अजय राय को 10 वर्ष के कठोर कारावास तथा प्रत्येक को 25000 अर्थदंड की सजा सुनाई।

करंट लगने से युवक की मौत

जनसंदेश न्यूज

दुखद

मस्जिद में पेंटिंग करते समय हुआ हादसा

मां बाप का इकलौता पुत्र था मृतक

आजमगढ़। जीयनपुर कोतवाली के भोजबर गांव की मस्जिद में पेंटिंग कर रहा एक युवक विद्युत करेंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पातल भेज दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के खिल्लूपट्टी गांव निवासी विनय यादव 22 पुत्र स्व. रामरुप यादव शुक्रवार को भोजबर गांव में मस्जिद में पेंटिंग कर रहा था। इस दौरान शाम सीढ़ी हटाने के दौरान मस्जिद के ऊपर से गुजरे 11 हजार वोल्टेज विद्युत तार की चपेट में आने से वह झुलस गया। लोग उसे उपचार के लिए प्राइवेट अस्पताल ले गये। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक विनय यादव चार बहनों में मां बाप का इकलौता पुत्र था।

चारों बहनों में सबसे छोटा था। जो परिवार के भरण-पोषण के लिए पेंटिंग और अन्य काम करता था। अब इस परिवार में देखभाल करने वाला कोई नहीं बचा है। बाप की पहले ही मौत हो चुकी है। बूढ़ी मां का भी इकलौता सहारा था। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

एपीएस के छात्रों ने पुनः लहराया परचम

पांच छात्रों ने सीए व सीएमए परीक्षा में बनाया स्थान

सादिक दाउदी, मु.अजलान, अदनान खालिद, अब्दुर्रहमान, शान जावेद।

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। आजमगढ़ पब्लिक स्कूल के पांच छात्र सीए व सीएमए फाउण्डेशन परीक्षा दिसम्बर 2022 में सफलता हासिल की है। उनकी सफलता पर स्कूल सहित अभिभावकों व शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गयी।

सीए फाउंडेशन परीक्षा परिणाम 3 फरवरी को घोषित किया गया जिसमें रानी की सराय स्थित आजमगढ़ पब्लिक स्कूल के पांच छात्रों ने एक बार पुनः विद्यालय परिवार का नाम रोशन कर जिले का मान बढ़ाया। छात्र अब्दुर्रहमान, मोहम्मद अजलान, अदनान खालिद, शान जावेद ने सीए फाउण्डेशन व मोहम्मद सादिक ने सीएमए फाउंडेशन पास कर यह सिद्ध कर दिया कि मेहनत और लगन से ही सफलता मिलती ही है। स्कूल प्रबंध ने बताया कि नीट परीक्षा 2022 में भी स्कूल की नीतिका यादव 623 अंक, रूश्दा खान 621 अंक, अनम खान एवं मोहम्मद उमर ने 620 अंक प्राप्त कर देश के विभिन्न मेडिकल कालों में अध्ययन कर रही हैं। संस्थापक शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने छात्रों को बधाई दी। प्रबंधक मोहम्मद नोमान, प्रधानाचार्या हुमा वसीम, संयोजिका ऋचा मिश्रा ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

पंखे से झूलकर नवविवाहिता ने दी जान

आजमगढ़। बरदह थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव में एक विवाहिता ने पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बरदह थाना क्षेत्र के स्थानीय गांव निवासी छद्दू राम की 25 वर्षीय पुत्री प्रियंका की शादी 22 मई 2022 को दीदारगंज थाना क्षेत्र के सुरहन गांव निवासी संदीप के साथ हुई थी। प्रियंका के पति संदीप सीआरपीएफ दिल्ली में तैनात हैं। पांच माह पूर्व वह अपने ससुराल से मायके आई थी। यहीं पर वह रह रही थी। शुक्रवार की सुबह परिजन खेत में गए तो वह घर पर अकेली थी। परिजन घर पहुंचे तो दरवाजा बंद मिला। परिजनों ने काफी आवाज लगाई तो अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। परिजनों ने इसकी सूचना तत्काल थाने पर दी। नायब तहसीलदार विशाल शाही व बरदह थाना प्रभारी संजय सिंह मौके पर पहुंचे। उनकी मौजूदगी में परिजनों ने दरवाजा तोड़ा तो उसका शव पंखे पर फंदे के सहारे लटका मिला। शव को बाहर निकाला गया। प्रियंका तीन भाइयों में एकलौती बहन थी। दो भाई पिता के साथ मुंबई और एक भाई जौनपुर में रहकर पढ़ाई करता है।

समाधान दिवसः अधिकारियों ने सुनी फरियाद

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनपद की सभी तहसीलों में अधिकारियों ने वादकारियों की फरियाद सुनी और उनकी समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया। कुछ मामलों में संबंधित को मौके पर जाकर वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए शीघ्र निस्तारण करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज व पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा तहसील मार्टिनगंज में संपूर्ण समाधान दिवस पर जनता के समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

फूलपुर प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय तहसील के मीटिंग हाल में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम फूलपुर नरेंद्र कुमार गंगवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान 65 प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें से 5 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील समाधान दिवस में तहसील स्तरीय विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

मार्टिनगंज तहसील में फरियाद सुनते डीएम व एसपी।

लालगंज प्रतिनिधि के अनुसार एसडीएम सुरेन्द्र नारायण त्रिपाठी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व विभाग से संबंधित 9 मामले, पुलिस विभाग से संबंधित 3, विद्युत विभाग से संबंधित एक, खाद्य एवं रसद विभाग से संबंधित एक, नगर पंचायत से संबंधित 2, विकास विभाग से संबंधित 2 समेत कुल 19 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए। इसमें दो आवेदन पत्रों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष मामलों को संबंधित विभाग के उपस्थित कर्मचारियों और अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए इसके शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया। इस अवसर पर तहसीलदार शैलेंद्र कुमार सिंह, नायब तहसीलदार पंकज शाही, अधिशासी अधिकारी रामबचन यादव, प्रभारी एडीओ पंचायत ओपी सिंह, लेखपाल अशोक यादव, सौरभ उपाध्याय, जागृति पांडेय, अजय यादव, विभा पांडेय, आशा खरे, अजीत सिंह सहित अन्य विभागों के कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

सरकारी आदेश से प्रधानों के अधिकारों में हस्तक्षेप

बैठक

प्रधान संघ ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

आजमगढ़। प्रधान संघ जिलाध्यक्ष मोहम्मद नैय्यर आजम के नेतृत्व में सभी ब्लॉक के ब्लॉक प्रधान संघ अध्यक्ष और प्रधानों की बैठक मेहता पार्क में हुई। 16 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन प्रधानमंत्री को नामित जिलाधिकारी को सौंपा।

मुख्य अतिथि प्रधान प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम यादव ने बताया कि भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पंचायत एवं ग्राम सभा हेतु विभिन्न दिशा निर्देश जारी किये जा रहे हैं। जिससे संवैधानिक व्यवस्था के आधार पर चुने हुए जनप्रतिनिधि ग्राम प्रधानों के अधिकारों में हस्तक्षेप हो रहा है जिसके कारण ग्रामसभा के विकास में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि एनएमएमएस ऐप से उपस्थिति अंकित करने का शासनादेश वापस लिया जाय।

प्रधान संघ की बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि।

मनरेगा से सम्पादित कार्यों का भुगतान प्रधान एवं सचिव के हस्ताक्षर से किया जाय। ग्राम सभा में सभी नियुक्त संविदाकर्मी का मानदेय व सरकारी भवनों के विद्युत बिल आदि भुगतान के लिए सरकार द्वारा अलग से धनराशि उपलब्ध करायी जाय। ऐसी सभी ग्राम पंचायतें जिनकी क्षमता 7 लाख से कम है उनके यहां सचिवालय निर्माण व कायाकल्प के लिए अलग से वित्त उपलब्ध कराया जाय। ग्राम प्रधानों का सम्पूर्ण भुगतान मानदेय भत्ता आदि कम से कम 30 हजार रुपए प्रतिमाह किया जाय। मनरेगा पारिश्रमिक बढ़ाकर मजदूर के लिए 400 रुपया, मिस्त्री के लिये 700 रुपया व अर्धकुशल श्रमिक को 500 रुपए भुगतान किया जाय। प्रधानों की मांग पर शस्त्र लाइसेन्स जारी किया जाय। अध्यक्षता प्रधान संघ जिलाध्यक्ष मोहम्मद नैय्यर आजम ने किया।

सीएचसी की बदहाली पर भड़कीं निरीक्षक

मेंहनगर (आजमगढ़)। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेंहनगर में शनिवार को औचक निरीक्षण करने पहुंची मण्डलायुक्त कार्यालय से नामित निरीक्षक अधिकारी प्रज्ञा सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र परिसर सहित अंदर गंदगी देखते ही भड़क उठी, और चिकित्साधिकारी डाक्टर बृजेश कुमार सिंह सहित उपस्थित डाक्टर, फार्मासिस्ट, नर्स, वार्डव्याय, स्वीपर सभी को फटकार लगायी। निरीक्षण के दौरान प्रज्ञा सिंह ने स्वास्थ्य केन्द्र को साफ सुथरा रखते हुए मरीज और तीमारदार के साथ उचित व्यवहार करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उपस्थित पंजिका, ओपीडी रजिस्टर, मेडिसिन स्टाक रजिस्टर, कोवैक्सिन रजिस्टर, वीजीट रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का गहनता से परिक्षण किया। श्रीमती सिंह ने दवा की उपलब्धता, वैक्सिनेशन, बच्चों को लगने वाले टीका आदि के बारे में प्रभारी से बात करते हुए इस उचित ध्यान रखने का निर्देश दिया। शासन की मंशा के अनुरूप सभी स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति और व्यवहार कुशलता के साथ काम करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान डाक्टर देवमणि, डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद, डाक्टर संध्या सिंह आदि उपस्थित रहे।

लालगंज सांसद ने किया पुलिया का शिलान्यास

जनसंदेश न्यूज

ठेकमा (आजमगढ़)। लालगंज सांसद संगीता आजाद ने लोकसभा क्षेत्र लालगंज के शारदा सहायक खंड 23 महंगूपुर गांव के पास नहर पर फुट ब्रिज चैड़ीकरण पुलिया का शुभारंभ किया। पुलिया को बनवाने के लिए महंगूपुर गांव के लोगों द्वारा लगभग 40 वर्षों से मांग की जा रही थी। लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि के कान पर जूं नहीं रेंग रही थी। सांसद एवं पूर्व विधायक लालगंज आजाद अरिमर्दन के प्रयास से 40 वर्षों की मांग अब पूरी होती दिख रही है।

पुलिया का शिलान्यास करती सांसद संगीता आजाद एवं पूर्व विधायक आजाद अरि मर्दन।

ग्रामीणों का कहना है कि इस पुलिया के निर्माण से कई गांव के संपर्क मार्गों पर पहुंचने हेतु आसानी से आवागमन की सुविधा मिल जाएगी। पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन ने कहा कि सांसद का और मेरा यह प्रयास रहता है कि ग्रामीण क्षेत्र के जो इलाके संपर्क मार्गों से सुचारू रूप से आवागमन की सुविधा से वंचित है उन्हें चिन्हित कर पुल एवं सड़कों का निर्माण कराकर क्षेत्र की जनता को राहत पहुंचाई जाय। इस अवसर पर पूर्व विधायक लालगंज आजाद अरिमर्दन, शारदा सहायक खंड 23 के एसी आनंद कुमार, अवर अभियंता, सहायक अभियंता एवं ग्राम प्रधान कमलेश यादव, चंद्रशेखर गौतम, सुरेंद्र, नगीना, श्रीकांत यादव, प्रधान दूधनाथ यादव, फूलन, रामनारायन, नागेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

कैंसर एक जानलेवा बीमारीः डॉ.अशोक कुमार पांडेय

विश्व कैंसर दिवस पर रेनबो हॉस्पिटल से रैली निकालते स्कूली बच्चे।

कैंसर के प्रति जागरूक करते चिकित्सक।

जनसंदेश न्यूज

आजमगढ़। विश्व कैंसर दिवस पर शहर स्थित रेनबो हास्पीटल पर रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि कैंसर एक जानलेवा बीमारी है।

रेनबो हास्पीटल के संस्थपक अशोक कुमार पांडेय ने कहा कि हर साल 4 फरवरी को कैंसर डे मनाया जाता है। इसका उद्देश्य आम लोगों को कैंसर के खतरों के बारे में जागरूक करना और इसके लक्षण को लेकर जानकारी देना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर वर्ष 1933 में पहला कैंसर दिवस जिनेवा, स्विट्जरलैंड में मनाया गया था, तबसे अब तक हर साल कैंसर दिवस पर नई थीम जारी की जाती है। उन्होंने कहा कि यदि बच्चों में कैंसर के शुरूआती लक्षण दिखाई दे तो सही इलाज से वे पूर्ण रूप से स्वस्थ हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि बच्चों में खून की कमी हो, खून की उल्टी हो, लीवर तिल्ली का बढ़ना आदि कोई लक्षण दिखाई दे तो तत्काल डाक्टर से परामर्श लें। इस मौके पर डा.अमित पटेल, डा.शरद मिश्रा, डा.पुष्कर सिंह, डा.अमित सिंह, डा.दीपक पांडेय आदि मौजूद रहे।

विश्व कैंसर दिवस पर किया गया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

अतरौलिया (आजमगढ़)। स्थानीय अमर शहीद राजा जय लाल सिंह 100 शैय्या संयुक्त चिकित्सालय में स्वास्थ्य अधीक्षक डॉ.एसके ध्रुव के नेतृत्व में विश्व कैंसर दिवस पर समाज के लोगों को जागरूक किया गया।

डॉ.ध्रुव ने बताया कि हर साल 4 फरवरी को कैंसर डे मनाया जाता है, इसके पीछे उद्देश्य यह है कि आम लोगों को कैंसर के खतरों के बारे में जागरूक और इसके लक्षण को लेकर जानकारी दी जा सके। विश्व स्वास्थ्य संगठन की पहल पर वर्ष 1933 में पहला कैंसर दिवस जिनेवा, स्विट्जरलैंड में मनाया गया था, तबसे अब तक हर साल कैंसर दिवस पर नई थीम जारी की जाती है। यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल ने विश्व कैंसर दिवस को मनाने का कदम 2008 में उठाया था। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर से होने वाली बीमारी और मृत्यु को कम करना है। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.एस के ध्रुव ने बताया कि कैंसर के मरीजों के साथ भेदभाव किया जाता है। अगर किसी परिवार के किसी सदस्य को कैंसर हो गया तो लोग उसे अकेला छोड़ देते हैं। इसी दूरी को कम करने के उद्देश्य से समाज में लोगों को जागरूक करना है। जिससे इस लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस मौके पर डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

तंबाकू उत्पादों पर सेस बढ़ाने की अपील

अतरौलिया (आजमगढ़)। ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान के कार्यकर्ताओ के साथ विश्व कैंसर दिवस पर चर्चा करते हुए संस्था के सचिव राजदेव चतुर्वेदी ने बताया कि ग्रामीण पुनर्निर्माण संस्थान सहित देश भर के महिला और बाल कल्याण संगठनों ने केंद्रीय बजट 2023-24 में सिगरेट पर राष्ट्रीय आपदा आकस्मिक शुल्क (एनसीसीडी) को बढ़ा कर 16 प्रतिशत करने की केंद्रीय वित्तमंत्री की घोषणा का स्वागत किया है। उन्होंने सिगरेट पर टैक्स बढ़ाने के फैसले की सराहना करते हुए सरकार से अब वे बीड़ी और तंबाकू उत्पादों पर भी कर बढ़ाने की अपील की। एक फरवरी को संसद में केंद्रीय बजट पेश करते हुए, केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने निर्दिष्ट सिगरेट पर एनसीसीडी को लगभग 16 प्रतिशत संशोधित करने का प्रस्ताव दिया। राजदेव चतुर्वेदी ने कहा कि सिगरेट पर एनसीसीडी में मामूली वृद्धि ने हमारी उम्मीदें बढ़ा दी हैं कि सरकार अगली जीएसटी परिषद की बैठक में बीड़ी और धूम्रपान रहित तंबाकू सहित सभी तंबाकू उत्पादों पर कर बढ़ाने पर विचार करेगी।

संक्षेप

राहुल गांधी की यात्रा से विपक्षियों में आया भूचाल

आजमगढ़। कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम हाथ से हाथ जोड़ो अन्तर्गत कांग्रेसियों ने सगड़ी तहसील क्षेत्र के शाहडीह देवारा में श्रीपति राम की अध्यक्षता में झंडारोहण किया गया। तत्पश्चात गांव का भ्रमण कर पर्चा बांटते हुए लोगों को कांग्रेस की नीतियों के बारे में अवगत कराया गया। श्री राम ने बताया कि कन्याकुमारी से कश्मीर तक राहुल गांधी की 136 दिवसीय यात्रा से विपक्षियों में भूचाल सा आ गया है। लोग राहुल गांधी को अपना समर्थन देकर आगामी 2024 के चुनाव में उन्हें प्रधानमंत्री बनाने का प्रयत्न कर रहे हैं। कांग्रेस नेत्री राना खातून ने कहा कि पूंजीपतियों को समर्पित भाजपा सरकार को कांग्रेस पार्टी उखाड़ फेंकेगी। भाजपा के ध्रुवीकरण की राजनीति को अब जनता बखूबी समझ चुकी है और उनके बहकावे में आने वाली नहीं है। इस अवसर पर रामसमुझ पटेल, दिनेश कुमार, हरिओम, सुदर्शन यादव, सुरेश यादव, रामचंद्र पटेल, रामरूप पटेल, पवारू चौहान, रूपचंद्र पटेल, गुलाब पटेल आदि उपस्थित रहे।

वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु 76.61 करोड़ का बजट अनुमोदित

आजमगढ़। अध्यक्ष जिला पंचायत की अनुमति से शनिवार को जिला पंचायत के सभागार में बैठक आहूत की गयी, जिसमें सभी जिला पंचायत सदस्यों, जन प्रतिनिधियों सहित मुख्य विकास अधिकारी आदि उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों द्वारा जनपद स्तरीय अधिकारियों से उनके विभागों द्वारा संचालित योजनाओं जैसे स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग इत्यादि की समस्याओं पर सदन में विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। पन्द्रहवां वित्त आयोग एवं पंचम राज्य वित्त आयोग योजना वर्ष 2022-23 की अनुपूरक कार्य योजना एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 की कार्ययोजना सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित की गयी। जिला पंचायत का अनुपूरक मूल बजट वर्ष 2022-23 रूपया 69.35 करोड एवं मूल बजट वित्तीय वर्ष 2023-24 का रुपया 76.61 करोड़ का सदन द्वारा विस्तृत चर्चा के उपरान्त सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया। कर अनुभाग से सम्बन्धित प्रस्तावित एजेण्डा बिन्दु को सदन द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया। बैठक के अन्त में अध्यक्ष द्वारा समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित कर बैठक समाप्ति की घोषणा की गयी।

महिलाओं व छात्राओं को पुलिस ने किया जागरूक

पवई (आजमगढ़)। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एंटी रोमियो स्क्वायड ने बाजार समेत सार्वजनिक स्थलों पर चेकिंग अभियान चलाया। महिलाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारी दी, और मनचले तत्वों को चेतावनी दी। मिशन शक्ति अभियान के तहत शनिवार को एंटी रोमियो स्क्वाड ने पवई बाजार, मिल्कीपुर, शाह मर्दानपुर में स्थित श्री कंप्यूटर ट्रेनिंग सेंटर, मंदिरों व भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर चेकिंग अभियान चलाया। स्क्वायड सदस्यों ने बालिकाओं और महिलाओं को सुरक्षा संबंधी सलाह देकर उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। बालिकाओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं और पुलिस अधिकारियों के सीयूजी नंबर के बारे में जानकारी दी। कभी आवश्यकता पड़ने पर संबंधित थाने की एंटी रोमियो टीम या उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं, छात्राओं के लिए जारी किए गए नंबरों पर बेझिझक कॉल करने को प्रेरित किया गया। स्क्वायड द्वारा किशोरी, युवती और महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ाया गया। क्षेत्र में बेवजह घूम रहे युवकों, शोहदों और मनचलों से पूछताछ कर उन्हें सख्त चेतावनी दी। टीम में मुख्य रूप से उपनिरीक्षक रामकिशोर शर्मा, कांस्टेबल राहुल पाल, महिला कांस्टेबल विनीता मणि त्रिपाठी मौजूद रहीं।

गोदाम से चोरी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

आजमगढ़। थाना अतरौलिया पुलिस ने गोदाम से लोहे की पट्टी चोरी करने वाले अभियुक्त सहित 2 बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में ले कर विधिक कार्रवाई में जुट गयी। बीते चार जनवरी को नितेश सिंह पुत्र राजेश सिंह निवासी ग्राम भीलमपुर छपरा थाना अतरौलिया द्वारा थाना स्थानीय पर शिकयत किया गया था कि विपक्षी शाबिद अली पुत्र मो.इसराइल निवासी कौड़िया बाजार थाना कप्तानगंज व 2 बाल अपचारियों द्वारा वादी के अतरैठ रोड पर सब्जी मंडी के पास बने गोदाम से चोरी करके लोहे की पट्टी ले जा रहे थे। जब मौके पर वादी पंहुचा तो अभियुक्त सामान लेकर भागने लगे। वादी ने शोर मचाया तो आस-पास के लोग इकट्ठा हो गये और पकड़ लिया गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया था। उक्त मामले में पुलिस ने शाबिद अली पुत्र मो.इसराइल निवासी कौड़िया बाजार थाना कप्तानगंज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

हेरोइन के साथ एक चढ़ा पुलिस के हत्थे

आजमगढ़। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा मादक पदार्थों, द्रव्यों की बरामदगी और अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना सरायमीर पुलिस ने 2110 मिली ग्राम हेरोइन कीमत लगभग 01 लाख रुपए के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया। सरायमीर थाने की पुलिस शनिवार को अपराधियों की तलाश में क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान पूना पोखर हनुमान मन्दिर के पास मोहल्ला पूना पोखर से अभियुक्त मनीष सोनकर पुत्र तीजू सोनकर निवासी पूनापोखर थाना सरायमीर को 2110 मिली ग्राम नाजायज हेरोइन के साथ गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।

सड़क सुरक्षा माह में विशेष योगदान देने वाले हुए सम्मानित

पटवध (आजमगढ़)। परिवहन एवं यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर शनिवार को राहुल सांकृत्यायन इंटर कॉलेज लक्षिरामपुर आजमगढ़ के प्रांगण में समापन समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय प्रबंधक मनीष त्रिपाठी द्वारा श्रीरामवृक्ष सोनकर संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) तथा डॉ. आर्यन चैधरी संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) को बुके प्रदान कर स्वागत किया गया। अतुल कुमार यादव सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वारा सड़क सुरक्षा माह 5 जनवरी से 4 फरवरी तक में किए गए जागरूकता कार्यक्रम एवं प्रवर्तन की कार्यवाही का संक्षिप्त प्रस्तुतीकरण किया गया। सत्येंद्र कुमार सिंह यादव सहायक संभागीय पदाधिकारी (प्रशासन) द्वारा सड़क सुरक्षा मनाए जाने के महत्व पर प्रकाश डाला गया। रामवृक्ष सोनकर संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) द्वारा छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित करते हुए उनके द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम को सराहा गया एवं सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के विषय में छात्र छात्राओं को अवगत कराया। मुख्य अतिथि डॉ.आर्यन चैधरी द्वारा सड़क सुरक्षा में विशेष योगदान प्रस्तुत करने वाले शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, रोडवेज, यातायात पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। समापन समारोह में पवन कुमार सोनकर, धनंजय शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

न्याय के प्रति किया जागरूक

बूढ़नपुर (आजमगढ़)। स्थानीय तहसील क्षेत्र के भैरोपुर उच्च प्राथमिक विद्यालय में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें न्याय चला गांव की ओर को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सौरव सक्सेना ने क्षेत्र के लोगों को न्याय के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप न्याय की जटिलता को समाप्त करके न्याय का सरलीकरण किया गया है। उन्होंने उपभोक्ता फोरम से लेकर बाल शिक्षा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित अनेक बिंदुओं पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार श्रीराम द्वारा न्याय के बारे में जागरूक किया गया।

धारदार हथियार से हमला कर वाचर को उतारा मौत के घाट

घटना का मुआयना करने पहुंची डॉग स्क्वायड टीम के हाथ खाली

जनसंदेश न्यूज

हलिया। स्थानीय थाना क्षेत्र के फुलयारी जंगल में वन विभाग के वाचर की अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर मौत के घाट उतार दिया। रात घर वापस नहीं आने पर परिजन खोज बीन करना शुरू कर दिया कि शनिवार की सुबह जंगल में मृतक वाचर की पत्नी ने वाचर का शव जंगल की सुरक्षा खाई के पास देखा। मृतक के सिर व बाई आंख पर चोट के निशान थे।

सूचना पर पहुंची पुलिस, डॉग स्क्वायड व क्राइम ब्रांच की टीम मामले की छानबीन में जुट गई है। थाना क्षेत्र के फुलवारी गांव निवासी जमुना प्रसाद 50 वर्ष वन विभाग में वाचर के पद पर 15 वर्ष से कार्यरत था। शुक्रवार को वह घर से दूर जंगल में ड्यूटी पर गया था। उसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने वाचर के सिर पर धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद बदमाश फरार हो गए। शनिवार की सुबह जंगल में वाचर की खोज कर रहे परिजनों व ग्रामीणों को हलिया वन रेंज के चौरा बीट बी व सी की सुरक्षा खाई के पास शव मिला। मृतक के सिर व चेहरे पर चोट के निशान थे। जंगल में शव पड़ा देख ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरिक्षक संजीव कुमार सिंह ने उच्च अधिकारियों को सूचना को देते मौके पर पहुंच कर पूछ ताछ करते हुए शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तथा स्क्वाड टीम प्रभारी पवन कुमार व संतोष कुमार ने कुतिया माया के साथ जंगल में पांच सौ मीटर तक खोज बीन किया। मृतक वाचर के घर को भी खगाला परन्तु हाथ खाली रहा। वाचर की मौत से पत्नी शांति व परिजनों में कोहराम मच गया।

घटना के बाद विलाप करते परिजन

कर रहे थे बिजली चोरी, भरना पड़ेगा 10 लाख जुर्माना

कार्रवाई

विंध्याचल क्षेत्र में कटिया मारकर 2 लोगों ने की थी बिजली चोरी

थाना में दर्ज कराया जा रहा मामला

मीरजापुर। विंध्याचल थाना क्षेत्र के स्वर्णकार धर्मशाला के पास बिजली विभाग ने छापेमारी कर बिजली चोरी पकड़ी। अवर अभियन्ता रमन चतुर्वेदी ने बताया कि एक स्थानीय निवासी कटिया मारकर बिजली का अवैध रूप से प्रयोग कर रहा था। जबकि दूसरा व्यक्ति निमार्णाधीन मकान में बिना वैध कनेक्शन के ही बिजली प्रयोग कर रहा था। कटियामार कर बिजली का प्रयोग अवैध है। इसके बावजूद चोरी की जा रही थी। लिहाजा एक ही जगह दो लोगों के द्वारा अवैध रूप से बिजली चोरी का मामला पकड़ा गया है।

दोनों गृह स्वामियों के खिलाफ बिजली विभाग के एंटी पॉवर थेफ्ट थाने में मामला दर्ज कराया जा रहा है। बिजली विभाग के राजस्व वसूली बढ़ाने के लिए विभागीय चेतावनी का असर जिले के कुछ ही क्षेत्र में नजर आ रहा है। लिहाजा बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जा रही हैं। बताया गया कि बिजली चोरी करने वालों पर करीब दस लाख का जुमार्ना लगाया जा सकता हैं। बिजली विभाग की टीम ने गत बुधवार को लालबाग कॉलोनी में छापा मारा था। जहां एक चूना की फैक्ट्री में बिजली चोरी पकड़ी गई थी।

फैक्ट्री में अवैध ढंग से अतिरिक्त केबल खींचकर विद्युत उपयोग पाया जा रहा था। विभाग को शिकायत मिली थी कि काफी लंबे समय से चुना फैक्ट्री संचालक बिजली की चोरी में संलिप्त हैं। लिहाजा दल बल के साथ पहुंची टीम ने चोरी पकड़ी थी। फैक्ट्री मालिक कनेक्शन लेने के बावजूद कटिया मारकर अतिरिक्त केबल के सहारे ही फैक्ट्री चलाया रहा था।

उपचार के दौरान छात्रा की मौत

छात्रा के मुंह व नाक से निकल रहा था झाग

मीरजापुर। जिले में मझवां के कस्तूरबा गांधी विद्यालय में आठवीं की छात्रा मुस्कान की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों में हड़कंप मच गया। कस्तूरबा गांधी मझवां में नवादा गांव भदोही जिले की रहने वाली मुस्कान हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करती थी, मुस्कान 12 जनवरी को मकर सक्रांति के त्यौहार पर अपने घर गई थी, वह अपने हॉस्टल 17 जनवरी को वापस लौटी थी, कल रात्रि में मुस्कान की तबीयत ज्यादा खराब होने लगी। जिसके बाद हॉस्टल की वार्डन मुस्कान का इलाज कराने सीएचसी मझवा पहुंची। लेकिन मुस्कान की तबीयत ज्यादा बिगड़ता देख वार्डन ने उसे मंडलीय चिकित्सालय इलाज के लिए ले आई। इलाज के दौरान मुस्कान की तबीयत बिगड़ती चली गई और मौत हो गई। डॉ प्रदीप कुमार ने बताया कि मुस्कान की तबीयत ज्यादा खराब थी। उसके मुंह और नाक से झाग निकल रहा था, इलाज के दौरान मुस्कान की मौत हो गई। पोस्टमार्टम कराने के लिए शव को मोर्चरी में रखा गया है। मृतका मुस्कान की मां संजू ने बताया कि स्कूल से हमारे पास फोन गया बिटिया मुस्कान की तबीयत खराब है, हम लोग भाग कर सीएचसी मझवां पहुंचे वहां एंबुलेंस पर मुस्कान को लादा जा रहा था। जब मेरी बिटिया का तबीयत खराब हुआ तो हमें इसकी जानकारी वार्डन में क्यों नहीं दी, इलाज के लिए मंडलीय चिकित्सालय मिजार्पुर ले आए, यहां इलाज के दौरान बिटिया ने दम तोड़ दिया। बीएसए गौतम कुमार ने बताया कि कस्तूरबा गांधी मझवां की छात्रा मुस्कान की तबीयत खराब होने पर सीएचसी मझवां लाया गया, उसे हल्का बुखार था। उसका ऑक्सीजन लेवल कम होने लगा जिसके कारण इलाज के लिए मंडलीय चिकित्सालय लाया गया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

विवाहिता की मौत, हत्या का आरोप

जनसंदेश न्यूज

दुःखद

परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

पुलिस जांच में जुटीं, मई 2021 में हुआ था विवाह

कछवां। स्थानीय थाना क्षेत्र के भैसा गांव निवासिनी कीर्ति पांडेय पत्नी योगेश की संदिग्ध हालात में बीती रात मौत हो गयी। बिटिया के मौत की जानकारी मिलने पर भदोही औराई थाना क्षेत्र के सारीपुर ग्राम निवासी परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया। आरोप प्रत्यारोप के बीच पुलिस और अधिकारियों के पहुँचने पर ससुराल पक्ष के लोग खिसक गए।

बिटिया के ससुराल परिजनों के साथ पहुंचे पिता रविशंकर पाण्डेय ने ससुरालियों पर हत्या करने का आरोप लगाया। मौके पर पहुचें थाना प्रभारी रामस्वरूप वर्मा ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हत्या की जानकरी पर उपजिलाधिकारी सदर चन्द्रभानू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। मृतका के पिता का आरोप हैं कि उसने अपनी पुत्री की शादी 24 मई सन 2021 को किया था। ससुराल वाले निरंतर उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित करते थे। उनकी पुत्री इस बात को बताती थी। शुक्रवार की रात उन्हे फोन कर उसके ससुराल वाले ने बताया की उसकी तबीयत ठीक नही है। जबकि पुत्री ने बात करने पर कहा कि उसकी तबीयत ठीक है। सुबह उन्हें तबीयत खराब होने से मौत होने की जानकारी दी गई। बताया कि बिटिया के गले में गहरा निशान पड़ा है । उसे अभी एक भी बच्चे नही हैं। मामले को लेकर क्षेत्राधिकारी सदर शैलेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मायके वालों की शिकायत पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। ससुराल पक्ष का कहना है कि फांसी लगायी गई है। हालांकि दहेज हत्या का मुकदमा ससुरालियों के खिलाफ लिखा जा रहा है।

घटना की जानकारी लेते एसडीएम व सीओ सदर

विवाहिता ने लगाई फांसी, हुई मौत

जमालपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव में एक विवाहिता ने फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी इहलीला समाप्त कर लिया। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से शव को उतारा तब तक विवाहिता की मौत हो गई थी। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात प्रीति उम्र 32 वर्ष पत्नी अमन पटेल अपने कमरे का दरवाजा भीतर से बंद कर पंखे के कुंडी मे साड़ी का फंदा बनाकर झूल गई। मृतका के बच्चों द्वारा कमरा खुलवाने पर कमरा नही खुलने पर मौके पर जुटे लोगों ने रोशनदान के सहारे भीतर झांककर देखा तो अंदर फंदे पर झूलते देख पुलिस को सूचना दिया। जानकारी होते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर महिला को फंदे से उतारा तब तक उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के सास और ससुर लकवाग्रस्त है। मृतका को दो पुत्र हैं आर्यन 10 वर्ष एवं सोनू 13 वर्ष है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि महिला की मौत के कारणों का पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है।

जनता की समस्याओं का समाधान रूचि लेकर करें : जिलाधिकारी

बैठक

डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

लालगंज। संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 196 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। 9 का मौके पर निस्तारण किया गया। दिवस में राजस्व विभाग से 70 पुलिस 15 विकास से संबंधित 34 अन्य 77 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। शेष बचे प्रार्थना पत्रों का निस्तारण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को निस्तारित करने का आदेश दिया गया। शनिवार को तहसील सभागार में फरियादी देवघट निवासी रूपेश श्रीवास्तव ने आरोप लगाया कि लेखपाल को समस्त कागजात दिए जाने के बावजूद वरासत नहीं किया गया जिसमें तहसीलदार को निर्देशित किया गया। नदौली निवासी श्यामलाल ने आरोप लगाया कि तालाब के भीटा पर मकान बनाकर अतिक्रमण किया जा रहा है जिसमें रोकने हेतु तहसीलदार को निर्देशित किया गया। पुरवाऔसान सिंह की ग्राम प्रधान कृष्णावती ने सार्वजनिक गौशाला बनवाने की मांग किया। चितांग निवासी सुनील कुमार ने पत्र देकर आरोप लगाया कि भूमि के सीमांकन के बावजूद भी दबंगों द्वारा जबरन ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण किए जाने का आरोप लगाया। जिसमें लेखपाल एवं थाना प्रभारी लालगंज को निर्देशित किया गया। ग्राम धसडा में चकबंदी समिति के अध्यक्ष व समिति के सदस्यों ने धसड़ा में हो रही चकबंदी के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया जिसमें एसडीएम लालगंज को समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आईएएस नवनीत सेहरा, डीएफओ, नायब तहसीलदार द्वय राम नारायण वर्मा, मधु जैन, थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया आदि संबंधित विभाग के अधिकारी एवं राजस्व निरीक्षक लेखपाल मौजूद रहे।

समस्या का समाधान करतीं डीएम

प्रार्थना पत्र लेकर मड़िहान तहसील पहुंचे 56 फरियादी

जनसंदेश न्यूज

मड़िहान। तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी अश्वनी कुमार सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस दौरान 56 फरियादी प्रार्थना पत्र लेकर पहुँचे। पांच मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। बाकी शिकायती पत्रों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का संबंधित को आदेश दिया गया। सबसे अधिक राजस्व विवाद व पेयजल से संबंधित प्रार्थना पत्र आये। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी अश्वनी कुमार सिंह, सीओ आपरेशन अनिल कुमार पाण्डेय, तहसीलदार फूलचन्द्र यादव, नायब तहसीलदार विंदुनंदन सिंह, प्रभारी इंस्पेक्टर मड़िहान शैलेश कुमार राय, इंस्पेक्टर राजगढ़, इंस्पेक्टर सन्तनगर कमल टावरी, खण्ड शिक्षा अधिकारी रवीन्द्र शुक्ल, क्षेत्रीय वनाधिकारी सूर्यभूषण द्विवेदी आदि संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

फरियादी को मिले समय पर न्याय, यही है शासन की मंशा : एडीएम वित्त

जनसंदेश न्यूज

आयोजन

चुनार तहसील में एडीएम वित्त ने सुनी जनता की समस्यायें

चुनार। तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आये फरियादियों की समस्याओं को अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रसाद शुक्ल ने सुना। कुल 68 प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें मौके पर दो का निस्तारण हुआ। सराय टेकौर मुहल्ले के मोतीलाल भारती व अन्य ने शिकायती प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि मुहल्ले में स्थित संजय गांधी पार्क में मुहल्ले के रामनरेश ढोका पत्थर रखकर कब्जा करना चाहते हैं जिस पर एडीएम ने कार्रवाई करने का निर्देश एसडीएम चुनार को दिया। तहसील में मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ला ने कहा कि तहसील दिवस पर फरियादी उम्मीद और आशा के साथ अपनी समस्या लेकर आता है सही फरियाद करने वाले फरियादी की समस्या का निस्तारण करना हम सबका नैतिक कर्तव्य है। किसी भी फरियादी को समय पर मिले यही शासन की मंशा है। शासन की मंशा के अनुरूप सभी अधिकारी व कर्मचारी जनता की समस्याओं का निस्तारण करें। जिससे फरियादी को बार-बार थाने और तहसील का चक्कर न लगाना पड़े। इस दौरान एसडीएम नीरज प्रसाद पटेल, तहसीलदार नुपूर सिंह व अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

जनता की समस्या का समाधान करते एडीएम

प्रकारान्तर से होता है राष्ट्र का निर्माण : प्रो. एके सिंह

मीरजापुर। जीडी बिनानी पीजी कालेज, के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश शासन की ओर से प्रायोजित इन्वेस्ट इन मीरजापुर विषय पर एक विशाल गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. ए. के. सिंह, भूतपूर्व कुलपति, राजमाता विजया राजे सिधिंया, कृषि विश्व विद्यालयलय, ग्वालियर, मध्य प्रदेश थे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि राहुल सिंह, अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत उत्तर प्रदेश शासन (नोडल अधिकारी), विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी वी.एस., मुख्य विकास अधिकारी, उद्योग विभाग के उपायुक्त अशोक कुमार, विशिष्ट अतिथि प्रो. अशोक कुमार सिंह प्राचार्य, केबीपीजी कालेज, आदि थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य, प्रो. वीना सिंह ने किया।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. एके सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संवेदनशीलता से उत्तर प्रदेश में उद्यमिता एवं कौशल विकास तथा बेरोजगार युवकों के लिए अवसर की उपलब्धता प्रत्येक प्रान्तों से अधिक बढ़ी है। सम्पूर्ण भारत का ग्रोथ रेट 6.5 है जबकि उत्तर प्रदेश का भारत से अधिक 10 प्रतिशत ग्रोथ रेट है। व्यवहारिक कठिनाइयों को दृष्टिगत रखते हुए प्रो. एके सिंह ने कहा कि वर्तमान में बी.ए., बी.काम., बी.एस.सी. आदि के राहैण्ड बच्चों के समक्ष बेरोजगारी की सबसे बड़ी समस्या है। इस बिषय को लेकर योगी सरकार अत्यन्त संवेदनशील है। प्रो. ने कहा कि परम्परागत खेती के साथ-साथ छात्र बन्धु आत्मनिर्भर बनने के लिए कुक्कुट पालन, मत्स्य पालन, पशुधन उद्योग, कैस क्रॉप की खेती और तमाम लघु उद्योग लगा सकते है। इसके लिए सरकार ने 30 प्रतिशत मार्जिन मनी माफ करते हुए तमाम सरकारी एवं प्राइवेट बैंको एवं सरकारी कम्पनियों को लोन दिये जाने का निर्देश दिया है। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. ओम शंकर गुप्ता ने किया। सभा में डॉ. ध्रुवजी पाण्डेय, डॉ. उमेश सिंह, डॉ. राज मोहन शर्मा, डॉ. रेखा पाठक, आदि उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. वीना सिंह ने देते हुए सबके प्रति आभार व्यक्त किया।

मंच पर आसीन सीडीओ व एडीएम एनजी

टीबी रोगियों को सरकार दे रही है पांच सौ का अनुदान

बोले सतीश शंकर

टीबी रोग से मुक्ति को ग्रीन ग्रुप की महिलाओं से मांगा सहयोग

जनसंदेश न्यूज

मीरजापुर। विकासखंड राजगढ़ अंतर्गत ग्राम सभा जंगल महाल बेचूबीर गांव में होप वेलफेयर ट्रस्ट की तरफ से बीएचयू प्रोफेसर डॉ निधि शर्मा के अध्यक्षता में टीबी रोगियों एवं ग्रामवासियों के बीच कंबल और स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत जिला क्षय रोग विभाग के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव द्वारा भी अपनी विभागीय टीम के साथ उपस्थित होकर क्षेत्र के तमाम महिला पुरुषों के बीच टीबी के संपूर्ण लक्षणों एवं बचाव के विषय में विस्तार पूर्वक बताया गया, उनके द्वारा कार्यक्रम में मौजूद ग्रीन ग्रुप की महिलाओं से आग्रह किया गया कि आप सभी जिस प्रकार नशा मुक्ति व शिक्षा क्षेत्र में लोगों के बीच अपना योगदान दे रही हैं, उन्हीं योगदान क्रम में आप सभी इस क्षेत्र में कहीं भी बताए गए टीबी लक्षण प्रभावित व्यक्ति को पाती हैं तो उन्हें नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर भेज कर उनका निःशुल्क जांच वह इलाज सुविधा दिलाने में मदद करते हुए उनके जीवन रक्षक की भूमिका अदा करें। सतीश यादव द्वारा बताया गया कि पाए गए टीबी रोगी के खाते में सरकार द्वारा प्रतिमाह 500 पोषण योजना अंतर्गत दिया जा रहा है और यह धनराशि मरीज के पूरे इलाज अवधि तक दिया जाता है।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव दिव्यांशु उपाध्याय, को फाउंडर संदीप गुप्ता, शोध छात्रा जीनत, के साथ-साथ क्षय विभाग के अखिलेश यादव व सुरेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

महिलाओं को जागरूक करते सतीश शंकर यादव

निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर मे 680 मरीजों की जांच कर दवा वितरित की गयी

अदलहाट। विकास खण्ड नरायनपुर के शेरपुर स्थित श्री राम प्रसाद सिंह बालिका इंटर कालेज के परिसर शनिवार को शिविर लगाकर निःशुल्क जांच व दवा का वितरण किया गया। भारत विकास परिषद शाखा नरायनपुर के नेतृत्व में टेगरा मोड़ रामनगर स्थित एलिट मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के सौजन्य से उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर में शिशु एवं बाल रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, हड्डी रोग व न्यूरो, तथा मेडिसीन व पैथालॉजी के विशेषज्ञों की टीम डा. डीके गुप्ता के नेतृत्व में डा. बबीता गुप्ता, डा.ओपी सिह, डा.पीके सिह, डा.विवेकानन्द, डा.अभिषेक ने मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। कुल 680 मरीजों का जांच के बाद दवा वितरण किया गया। इस दौरान मुन्नू प्रसाद, डा.ओपी, तुलसी दास, प्रधानाचार्य सुरेश चन्द्र, राजकुमार, संजीत, जवाहर, नीतू, गरिमा, मीना, अभय सिंह, अजय, अभिषेक, रविन्द्र आदि तमाम लोग व्यवस्था में लगे रहे।

संक्षेप

11 को आयोजित की जायेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

मीरजापुर। राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों व मुकदमों के निस्तारण से सम्बन्धित लाभ के बारे में प्रचार वाहन के माध्यम से शहर, नगर एवं गांव-गांव के प्रत्येक नागरिकों जन जन तक जानकारी दिये जाने हेतु जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय दिवाकर प्रसाद चतुर्वेदी एवं अपर जिला जज त्वरित न्यायालय- प्रथम नोडल अधिकारी (रा0लो0अ0 वायु नन्दन मिश्र, अपर जिला जज, एफ.टी.सी/सचिव लाल बाबू यादव, आर्यव्रत बैंक के एल.डी.एम. व एल. ओ. वरिष्ठ अधिवक्ता बद्री विशाल ने संयुक्त रूप से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर दीवानी न्यायालय से रवाना किया। जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल महोदय ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 11 फरवरी, को दीवानी न्यायालय परिसर में किया जायेगा। प्रधान न्यायाधीश दिवाकर प्रसाद चतुर्वेदी ने बताया कि परिवार न्यायालय में लम्बित वैवाहिक मामलें तथा प्री-लिटिगेशन वैवाहिक विवादों को लोक अदालत में ज्यादा से ज्यादा निस्तारण कराने का प्रयास किया जायेगा। अपर जिला जज नोडल अधिकारी वायु नन्दन मिश्र ने बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी न्यायालय, विद्युत विभाग एवं समस्त बैंकों के ऋण बकायेदारों के प्री-लिटिगेशन सुलह योग्य मामलों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया है।

पूरे माह चलाये गये सड़क सुरक्षा माह अभियान का हुआ समापन

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में मीरजापुर में 05 जनवरी से 04. फरवरी 2023 तक सड़क सुरक्षा माह मनाया गया। जिसके अन्तर्गत जनपद में पूरे माह चलाये गये अभियान में सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये जिसका समापन शनिवार को संभागीय परिवहन कार्यालय में किया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) विजय प्रकाश सिंह ने इस पूरे माह चलाये गये सड़क सुरक्षा कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि संजय कुमार तिवारी, ने इस कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कहा कि सड़क सुरक्षा का यह अभियान जो पूरे माह चलाया गया इसे हम सतत रूप से चलाते रहेंगें व यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करते रहेंगें। सराहनीय योगदान के लिए रोड सेफ्टी चैम्पियन के रूप में संभागीय परिवहन अधिकारी संजय कुमार तिवारी द्वारा एन.सी.सी. के 15 बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में संतोष कुमार सिंह सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन व प्रवर्तन), विजय प्रकाश सिंह संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) द्वितीय, राजकुमार यात्रीकर अधिकारी, पुष्पेन्द्र सिंह संभागीय निरीक्षक, सलिल पाण्डेय पत्रकार, एन.सी.सी. बच्चे, रोडवेज चालक, आटो चालक एवं परिवहन विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

धोखाधड़ी कर जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मीरजापुर। धोखाधड़ी कर जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले 01 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना को0देहात, मीरजापुर पर 14 सितम्बर 2022 को वादी गौरव सिंह पुत्र कमला शंकर सिंह निवासी अमोई थाना कोतवाली देहात मीरजापुर द्वारा नामजद आरोपियों के विरूद्ध धोखाधड़ी कर जमीन का रजिस्ट्री करा लेने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गयी। तहरीर के आधार पर थाना को0देहात पर धारा 420,467,468,471,504,506 भादवि पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। शनिवार को मुकदमा उपरोक्त की विवेचना के क्रम में निरीक्षक डी0पी0 यादव मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना को0देहात क्षेत्र नामजद आरोपी राकेश कुमार सिंह पुत्र लालमनी सिंह निवासी अमोई थाना को0देहात मीरजापुर को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

रविवार को 10 से दो बजे तक नहीं होगी विद्युत आपूर्ति

मीरजापुर। फतहां घाट पर 33 के०वी० ओवरहेड लाइन अण्डर ग्राउण्ड हो जाने के कारण 2 पोल की ओवरहेड लाइन को डिस्मेन्टल करने हेतु 33 के0वी0 सिविल लाइन फीडर का शट डाउन पांच फरवरी को समय 10 बजे से 14 बजे तक रहेगा। जिसके कारण 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र सिविल लाइन, से पोषित 11 के0वी0 फीडर टाउन नं0-1 एवं 2 की विद्युत आपूर्ति उपरोक्त अवधि में बाधित रहेगी। यह जानकारी देते हुए एक्सईन आर के सिंह ने सभी सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील किया है कि उक्त अवधि हेतु पानी की व्यवस्था कर ले एवं अपना अपेक्षित सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

साप्ताहिक हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ

जमालपुर। शनिवार को विश्व हिन्दू महासंघ द्वारा बैकुंठपुर नारायनपुर शिव मंदिर पर सप्ताहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ का शुभारंभ किया गया। सदस्यों ने बताया कि संगठन का उद्देश्य संयुक्त व सामूहिक रुप से प्रत्येक शनिवार को श्री हनुमान चालीसा का पाठ नियमित रूप से प्रारम्भ किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से सम्भाग प्रभारी अजय जायसवाल, जिला प्रभारी प्रमोद गिरी, गोविन्द शंकर ओझा, डा. अजित, सिंह, लालता यादव, सुजित सिंह, निहाल जायसवाल, सन्तोष वर्मा, अजय केशरी, कन्हैया लाल, अरुण अग्रहरी, आशुतोष केशरी, पारस मौजूद रहे।

बीजेपी की बैठक में डाटा प्रबंधन पर हुई चर्चा

अदलहाट। भारतीय जनता पार्टी मंडल नरायनपुर की आवश्यक बैठक शनिवार को सब्जी मंडी नरायनपुर स्थित भाजपा मंडल कार्यालय में हुई जिसमें डाटा प्रबंधन के बारे में चर्चा किया गया। साथ ही उपस्थित लोगों को सरल एप लोड करने के बारे मे बताया गया। मुख्य अतिथि के रूप मंडल प्रभारी मोतीलाल पटेल ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों के बारे में विचार विमर्श किया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष डा.विजय सिंह और संचालन महामंत्री चंद्रशेखर सिंह ने किया। इस अवसर पर सुमित जायसवाल, मिथिलेश पाठक, सतवंत भारती, राजा साहब, लक्ष्मण सिंह, नारायण सिंह, अजीत कश्यप, सरोज साहनी, मुकेश पटेल, संतोष चौरसिया, श्रीकांत सिंह, तौकीर खान, अभिसेख पटेल, गंगेश्वर सिंह, कांता पटेल, शिव जायसवाल, पार्वती मौर्य, अनुपमा सेठ, रचना सेठ, कन्हैया गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

मनीकठी और बनवारीपुर के बीच खेला गया मैच

जिगना। विकासखंड छानबे दिन शनिवार को ग्राम पंचायत विजयपुर में विजय क्रिकेट एसोसिएशन क्रिकेट क्लब के द्वारा रानी तालाब पर टूनार्मेंट कराया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान संघ अध्यक्ष संतोष तिवारी विशिष्ट अतिथि प्रधान संघ उपाध्यक्ष विनोद यादव, विजयपुर प्रधान प्रतिनिधि गुलाम रसूल, अवर अभियंता काशीनाथ, ग्राम विकास अधिकारी हरिश्चंद्र बिंद उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा विजय क्रिकेट क्लब टूनार्मेंट का फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस टूनार्मेंट में मनीकठी और बनवारीपुर दोनों टीमें भाग लेकर के दोनों टीमें के बीच दोनों कप्तानों द्वारा टाश करा कर खेल शुरू कराया गया।

शुरू हुआ कूड़ा संग्रह केंद्र का निर्माण

जिगना। विकासखंड छानबे में शनिवार को ग्राम पंचायत गोगांव में जेई अभय कुमार बिंद द्वारा कूड़ा संग्रह का नाप जोख कर बनाने की तैयारी ग्राम प्रधान सिया दुलारी प्रतिनिधि केशव यादव द्वारा शुरू कराया गया। ग्राम प्रधान द्वारा यह बताया गया कि यह कूड़ा संग्रह जल्द से जल्द हमारे द्वारा बनाकर तैयार करा दिया जाएगा। कूड़ा संग्रह की लंबाई 14 मीटर लंबा तथा चौड़ाई 16 मीटर है। जिसकी लागत लगभग 14 लाख है। कूड़ा संग्रह में कार्य करने वाले यंत्र का क्रय कराया जा रहा है। प्रधान प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि राजस्व कर्मियों की विलंब से कूड़ा संग्रह बनाने में विलंब हुआ है जिससे हम कार्य में तेजी लाएंगे। जिससे कि जल्द से जल्द तैयार हो सके।

स्वास्थ्य विभाग की सक्रियता से 15 बच्चों की सेहत में सुधार

मीरजापुर। जेट्रोफा का फल खाने से 15 बच्चे शुक्रवार के शाम को बीमार हो गये थे। उनके सेहत में शनिवार को दोपहर तक सेहत सुधार हो गया। इस आशय की जानकारी मेडिकल कालेज के प्राचार्य आर0वी0 कमल ने प्रेसवार्ता के दौरान बतायी। मेडिकल कालेज के प्राचार्य ने बताया कि चुनार थाना के अन्तर्गत काशीराम आवास योजना में रहने वाले बच्चों की शुक्रवार की शाम को जेट्रोफा का फल खाने से तबियत खराब हो जाने के बाद उनको नजदीक के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चुनार में भर्ती कराया गया लेकिन सुधार न होने के कारण उनकी तबियत रात में खराब होने लगी। यह तथ्य मेरी संज्ञान में आया तब मैने खुद वहां से बच्चों को मंडलीय चिकित्सालय के रेफर करवाया और उनको तुरन्त इमरजेसी सेवा देना शुरू किया और उसके बाद उनको वार्ड में भर्ती किया गया। जिसके बाद शनिवार को दोपहर 12 बजे तक बच्चों के स्वास्थ्य में काफी हद तक सुधार हुआ और दो बच्चों को शनिवार की दोपहर तक छोड़ दिया और शेष बच्चों को रविवार शाम तक डिसचार्ज करने का निर्णय लिया गया है। इन बच्चों की हालत स्कूल के आने के बाद खेलते समय जेट्रोफा का फल खाने से बिगड़ी थी। किसी भी बच्चे को कहीं रेफर करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होने ने बताया कि बच्चों की देखभाल में पैरामेडिकल की टीम के अलावा चार डॉक्टरों की टीम को भी यह जिम्मेदारी दी गई है।

महिला, पुरुष ओपेन चैम्पियनशिप का किया शुभारंभ

मीरजापुर। जनपद में पावरलिफ्टिंग के संस्थापक और इस विधा को सदैव उन्नयन की ओर ले जाने में समर्पित स्व० लालमणि सिंह की पुण्यतिथि पर आयोजित जिला स्तरीय महिला, पुरुष ओपेन चैम्पियनशिप में अनेक युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का प्रारंभ ए एस जुबिली इंटर कॉ

ज्येष्ठ खान अधिकारी के विरुद्ध प्रकीर्ण वाद दर्ज, सात फरवरी को हुए तलब

जनसंदेश न्यूज

सोनभद्र। साढ़े पांच माह से 12 चक्का ट्रक के कल पुर्जे गायब होने के संबंध में बार -बार आख्या मांगने के बावजूद भी कोर्ट के आदेश की अवहेलना करने के मामले में वृहस्पतिवार को सीजेएम सूरज मिश्रा की अदालत ने कड़ा रुख अपनाते हुए सोनभद्र के ज्येष्ठ खान अधिकारी के विरुद्ध प्रकीर्ण वाद दर्ज कराते हुए सम्मन के जरिए सात फरवरी को कोर्ट में हाजिर होने का आदेश दिया है।

वहीं राबर्ट्सगंज कोतवाल से भी सात फरवरी को कोर्ट में हाजिर होकर वाहन के बाबत आख्या प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। उक्त आदेश वाहन मालिक कृष्ण कुमार सिंह पुत्र इंद्रभूषण सिंह निवासी आमडीह हिनौता, थाना राबर्ट्सगंज की ओर से अधिवक्ता विकास शाक्य के जरिए दाखिल प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दिया है। वाहन मालिक ने 23 अगस्त 2022 को कोर्ट में अधिवक्ता के जरिए दाखिल प्रार्थना पत्र में अवगत कराया है कि वह 12 चक्का ट्रक संख्या यूपी 64टी -5127 का पंजीकृत स्वामी है। उसके वाहन का संचालन राजकुमार पुत्र रामप्यारे निवासी निगाई, थाना कोन, जिला सोनभद्र द्वारा 26 जनवरी 2020 को करते समय गिट्टी लोड कर परिवहन करते समय लोढ़ी टोल प्लाजा के पास एडीएम सदर व ज्येष्ठ खान अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा वाहन को निरुद्ध किया गया था। जिसके संबंध में वाहन मालिक व चालक के विरुद्ध खनिज मुहर्रिर सुमित श्रीवास्तव के जरिए मुकदमा दर्ज कराया गया था।19 मार्च 2021 को हाईकोर्ट से चालक की जमानत हो गई है तथा वाहन मालिक की जमानत भी 18 जुलाई 2022 को सत्र न्यायाधीश के आदेश पर हुई है। वाहन मालिक ने अपने वाहन को अवमुक्त किए जाने के बाबत प्रार्थना पत्र दिया।

सख्ती

12 चक्का ट्रक के कल पुर्जे गायब होने के संबंध में आख्या न देने का मामला

कोर्ट ने राबर्ट्सगंज कोतवाल को खनिज संपदा उतरवाकर वाहन को अवमुक्त करने का आदेश 18 अगस्त 2022 को दिया था। 19 व 20 अगस्त को सुपुर्दगी के लिए कोतवाली में बुलाया गया। कागजात पर हस्ताक्षर बनाने से पहले वाहन की जांच करने की मांग की गई तो होमगार्ड के साथ भेजा गया। जब वाहन को देखा तो उसके कल पुर्जे गायब थे। जबकि सीज करते समय वाहन का फोटो खींचा गया था जिसमें वाहन ठीक था। जिसके फोटोग्राफ भी कोर्ट में दाखिल किया गया है। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने अधिवक्ता के तर्कों को सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने पर बार-बार वाहन के कल पुर्जे गायब होने के बाबत आख्या मांगने पर भी ज्येष्ठ खान अधिकारी द्वारा कोर्ट के आदेश की अवहेलना की जा रही है। जिसकी वजह से पत्रावली का निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

खुले आसमान के नीचे रहने को विवश पीड़ित परिवार

लोगों में आक्रोश

लोगों का आरोप औद्योगिक संस्थान के इशारे पर हुई कार्रवाई

जनसंदेश न्यूज

रेणुकूट। बीते गुरुवार को अदालत के आदेश पर विवादित जमीन खाली कराने पहुंची प्रशासन की चूक से गरीब परिवार तीन दिन से कंपकपाती ठंड में खुले आसमान के नीचे जीवन बसर करने के लिए विवश है। शुक्रवार की दोपहर उपजिलाधिकारी शैलेंद्र मिश्रा ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार से जानकारी ली और उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। लेकिन पीड़ित का घर उजाड़े जाने के तीन दिन बीत जाने के बाद भी प्रशासनिक अमला उसके आशियाने को बनवाने की पहल तक नहीं कर पाया। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जांच और दोषियों पर कार्रवाई के आश्वासन पर लोगों में जबरदस्त उबाल है।

बता दें कि बीते गुरुवार को शिवापार्क इलाके में अदालत अमीन व स्थानीय पुलिस जेसीबी के साथ पहुंचकर पीड़ित रामधनी यादव की झोपड़ी को उजाड़ दिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि कार्रवाई के दौरान कारण पूछे जाने का कोई जवाब नहीं दिया गया। जबकि उनकी जमीन पर एक भी मुकदमा विचाराधीन या दर्ज नहीं है बावजूद अचानक कार्रवाई होने से गरीब परिवार पूरी तरह से डरा सहमा है। हालात यह है कि तीन दिन से यह परिवार खुले आसमान के नीचे ठंड के मौसम में रहने को विवश है। पीड़ित रामधनी यादव एवं दिनेश यादव ने बताया कि बाल बच्चों सहित हम खुले आसमान के नीचे तिरपाल लगाकर रह रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि निजी संस्थान के इशारे पर प्रशासन द्वारा हम लोगों का घर उजाड़ा गया।

अब दर-दर गुहार लगा रहे हैं, लेकिन हमारी फरियाद कोई नहीं सुन रहा। गुरुवार की रात में भी स्थानीय पुलिस ने हमारे साथ बदसलूकी की। डरा धमका कर संस्थान का जेसीबी ले जाना चाहती थी, लेकिन यहां मौजूद लोगों के विरोध से पुलिस को भागना पड़ा। वहीं इस पूरे प्रकरण से नगर में औद्योगिक संस्थान के खिलाफ लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। रहवासियों का कहना है कि इस इलाके की पूरी जमीन ग्राम समाज व आबादी भवन खाते में दर्ज है। कंपनी अपने प्रभाव के बल पर यहां के लोगों को उजाड़ने का हमेशा प्रयास करती रहती है। शिवापार्क निवासी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता नागेंद्र जायसवाल ने बताया कि कंपनी निर्माण के पहले से ही हमारे परिवार के लोग रहते रहे हैं। सन् 1979 में शिवापार्क से लेकर ईएसआई हास्पिटल तक की जमीन को तत्कालीन एसडीएम ने आबादी भवन खाता में दर्ज किया था। हम किसी भी दबाव या डर के आगे नहीं झुकने वाले हैं। इस मामले में पिपरी प्रभारी निरीक्षक दिनेश प्रकाश पांडेय का कहना है कि यह अदालत का प्रकरण है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस कानून व्यवस्था बनाने के लिए मौके पर पहुंची थी।

खुले आसमान के नीचे रह रहा पीड़ित का परिवार

संक्षेप

दुद्धी जिला बनाने को संघर्ष मोर्चा ने बुलंद की आवाज

तहसील गेट पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता

दुद्धी। दुद्धी को जिला बनाने को लेकर शनिवार को अधिवक्ताओं का हुजूम न्यायिक कार्य से विरत रहकर दुद्धी को जिला बनाओ संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में कोर्ट के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन कर जिला बनाने की मांग की। जनहित में जिला बनाए जाने को लेकर एमएलसी के समक्ष शपथ ग्रहण समारोह में भी प्रमुख रूप से इस बात को उठाया गया था। जिसका पूर्ण समर्थन अधिवक्ताओं द्वारा किया गया था। जुलूस संपूर्ण समाधान दिवस तहसील परिसर तक पैदल मार्च करता हुआ पहुंचा। मोर्चा के अध्यक्ष विपिन बिहारी एडवोकेट के नेतृत्व में सैकड़ों अधिवक्ता लामबंद होकर तहसील परिसर में सभा उपरांत शांतिपूर्वक प्रदर्शन किए। इस मौके पर रामपाल जौहरी, प्रभु सिंह कुशवाहा, कुलभूषण पांडेय, जवाहरलाल, राम अजोर भारती, जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट, आनंद कुमार गुप्ता, दिनेश कुमार गुप्ता, सरवर आलम, राम सुरेश अग्रहरि, शन्नो बानो, ओम प्रकाश अग्रहरि, प्रेमचंद यादव, सत्यनारायण यादव, संतोष कुमार जायसवाल, राहुल अग्रहरि, रेनू गुप्ता, अमरावती देवी, आशीष कुमार गुप्ता समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

सड़क सुरक्षा अभियान का हुआ समापन

कार्यक्रम में शामिल लोग

सोनभद्र। सड़क सुरक्षा माह का शनिवार को स्वामी हरसेवानंद स्कूल में समापन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने बताया कि सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को एक माह तक जागरूक किया गया। इसके परिणाम भी सकारात्मक रहे। सड़क हादसों में 40 प्रतिशत तक कमी आई है। यह अभियान समापन तक सीमित नहीं होगा। सीडीओ सौरभ गंगवार ने सभी को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सड़क हादसों को कम करने के उद्देश्य से पांच जनवरी से चार फरवरी तक विशेष सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें कई तरह के कार्यक्रम कर लोगों को यातयात नियम के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही रैली व अन्य माध्यम से चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट का प्रयोग करने और दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट का प्रयोग करने और नशे की हालत में वाहन न चलाने के लिए जागरूक किया गया। इस मौके पर एएसपी कालू सिंह, एआरटीओ प्रशासन धनवीर यादव, एआरटीओ प्रवर्तन राजेश्वर यादव, संभागीय निरीक्षक आलोक यादव, प्रधानाचार्य एसके चौबे, टीएसआई प्रमोद यादव समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

20 ग्राम हेरोइन बरामद, तस्कर गिरफ्तार

करमा। पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह के निर्देशन में मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को पुलिस ने हेरोइन तस्कर राहुल शर्मा पुत्र राजेश शर्मा निवासी ग्राम खैराही, करमा के पास से 20 ग्राम हेरोइन बरामद करते हुए एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान कर दिया।

एनटीपीसी सिंगरौली ने इन्वेस्टर्स समिट में किया प्रतिभाग

शक्तिनगर। एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा इन्वेस्टर्स समिट कार्यक्रम में प्रतिभाग किया गया। इस दौरान जनपद में निवेश कर रहे निवेशकों के साथ परिचर्चा, विभागीय नीतियों/कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी साझा की गई। एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा स्टेज-3 से संबंधित प्रस्तावित कार्य, नैगम सामाजिक दायित्व के तहत आयोजित सामाजिक गतिविधियाँ, पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान डीएम चन्द्र विजय सिंह द्वारा एनटीपीसी सिंगरौली के सीएसआर कल्याणकारी कार्यों की सराहना की गई। उन्होंने कहा कि एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा समाज उत्थान हेतु शिक्षा, रोजगार,स्वास्थ्य कार्यों आदि से समाज में बहुत सकारात्मक परिवर्तन लाये गये हैं। एनटीपीसी सिंगरौली भविष्य में जन कल्याणकारी कार्यों हेतु प्रतिबद्ध है। इस मौके पर विकास सक्सेना, रिंकी गुप्ता, कुमार आदर्श समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

भूमि विवादों की मौके पर जाकर करें जांच

बोले एडीएम

सम्पूर्ण समाधान दिवस में 15 मामलों का हुआ निस्तारण

जनसंदेश न्यूज

सोनभद्र। जिले की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस ओबरा में अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र व अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को सुना और गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये।

एडीएम ने कहा कि प्रकरणों का समाधान सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस के मौके पर विभागीय कार्मिकों की टीम द्वारा किया जायेगा और जो मामले एक या दो दिन के अन्दर निस्तारित नहीं होंगे, उनका निस्तारण उच्च स्तरीय अधिकारी द्वारा मौके पर जाकर निस्तारित किया जायेगा। एडीएम ने कहा कि जमीन सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के कार्मिक स्थल पर जाकर संयुक्त रूप से जांच कर कार्यवाही करते हुए पीड़ित को न्याय दिलायें। इस दौरान एडीएम, एएसपी, नायब तहसीलदार ने 24 शिकायतें सुनते हुए मौके पर दो मामले निस्तारित किये। बाकी 22 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

वहीं तहसील राबर्ट्सगंज में उप जिलाधिकारी सदर रमेश कुमार की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम सदर, सीओ सदर चारू द्विवेदी, नायब तहसीलदार ने 94 शिकायतें सुनते हुए मौके पर सात मामले निस्तारित किये। बाकी 87 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इसी तरह तहसील घोरावल में उप जिलाधिकारी श्याम प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम, सीओ व तहसीलदार ने 10 शिकायतें सुनते हुए मौके पर तीन मामले निस्तारित किये। बाकी सात प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। वहीं तहसील दुद्धी में उप जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। इस दौरान एसडीएम, नायब तहसीलदार सीओ पिपरी व दुद्धी ने 28 शिकायतें सुनते हुए मौके पर तीन मामले निस्तारित किये। बाकी 25 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

सदर तहसील में पीड़ितों की फरियाद सुनते अधिकारी

छः किलो गांजा संग चार गिरफ्तार

ओबरा। अवैध नशे के खिलाफ चल रहे अभियान के क्रम में शनिवार को कस्बा चौकी इंचार्ज अमित त्रिपाठी व एसआई परविंदर कुमार को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि नगर के अलग-अलग स्थानों पर कुछ लोग भारी मात्रा में गांजा लेकर आने वाले हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज तथा एसआई को देखकर चारो भागने लगे। शक के आधार पर पुलिस टीम ने घेराबंदी कर चारो व्यक्तियों को पकड़ उनके पास से झोले में तलाशी के दौरान 6 किलो गांजा बरामद किया। पकड़े गए अभियुक्तों ने अपना नाम बांके स्वीपर निवासी सेक्टर दस,ओबरा, संदीप गौड़ निवासी शारदा मन्दिर, ओबरा, राजीव निवासी बिल्ली गांव व डब्बू दुबे निवासी शारदा मन्दिर, ओबरा बताया। पुलिस ने चारों का एनडीपीएस एक्ट के तहत चालान कर दिया। पुलिस टीम में एसआई के अलावा कांस्टेबल सुभाष मौर्या, राम सिंह, गुलाब यादव शामिल रहे।

पिकअप के धक्के से चार वर्षीय मासूम की मौत

हादसे के बाद मौके पर जुटी भीड़

रामगढ़। पन्नूगंज थाना क्षेत्र के गुल्लीडांड़ के पास शनिवार को पिकअप से कुचलकर एक मासूम की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी। बताया गया कि आदित्य 4 पुत्र अनिल निवासी गुल्लीडांड़ घर सामने खेल रहा था तभी तेज रफ़्तार पिक?अप उसे कुचलते हुए निकल गई। जिससे मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर आस पास के लोगों की भीड़ जुट गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि पिक?अप की तलाश की जा रही है। उधर हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं प्रकरण में मृतक के पिता अनिल पुत्र दद्दन की तहरीर के आधार पर पुलिस ने संगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर बोलेरो कैंपर बरामद करते हुए आवश्यक कार्यवाही में जुट गयी।

हत्या के दोषी बबुंदर को छह वर्ष की कैद

जनसंदेश न्यूज

सजा

भूत प्रेत के चक्कर में चाकू से प्रहार कर हुए केशिया देवी हत्याकांड का मामला

सोनभद्र। साढ़े 13 वर्ष पूर्व भूत प्रेत के चक्कर में चाकू से प्रहार कर हुई केशिया देवी हत्याकांड के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय सोनभद्र राहुल मिश्रा की अदालत ने शनिवार को सुनवाई करते हुए दोष सिद्ध पाकर दोषी बबुंदर को 6 वर्ष की कैद एवं 6 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

अभियोजन पक्ष के मुताबिक चोपन थाना क्षेत्र के पतगढ़ी कोटा टोला निवासी कामता प्रसाद पुत्र स्वर्गीय रामसुमेर ने थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 22 फरवरी 2009 को दोपहर बाद करीब ढाई बजे दिन में उसकी मां केशिया देवी अपने दरवाजे पर बैठी थी उसी समय उसके चाचा का लड़का बबुंदर पुत्र इंदर आ गया और भूत प्रेत को लेकर उसकी मां को गाली देने लगा और जान से मारने की धमकी भी देने लगा। जब उसकी मां ने गाली देने से मना किया तो बबुंदर ने गुस्से में सब्जी काटने वाले चाकू से कई जगह प्रहार करके घायल कर भाग गया। जानकारी मिलने पर जब घर आया तो उसकी मां दरवाजे पर घायलावस्था में पड़ी थी।

जिसे लोगों की मदद से जिला अस्पताल भर्ती कराया गया। जिसकी इलाज के दौरान दूसरे दिन मौत हो गई। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर सजा का एलान किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी विजय प्रकाश यादव ने बहस की।

दुष्कर्म के दोषी को 15 वर्ष की कैद, 80 हजार जुर्माना

सोनभद्र। साढ़े 10 वर्ष पूर्व 13 वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में शुक्रवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी (सीएडब्लू) सोनभद्र आशुतोष कुमार सिंह की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दुष्कर्म के दोषी गोविंद उर्फ कल्लू को 15 वर्ष की कैद व 80 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अपहरण के दोषी शिवगुलाम व सरोज को दोषसिद्ध पाकर 7- 7 वर्ष की कैद व 30- 30 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 2- 2 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की आधी धनराशि 70 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी।अभियोजन पक्ष के मुताबिक राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपने अधिवक्ता के जरिए 11अक्तूबर 2012 को कोर्ट में दिए धारा 156(3) सिआरपीसी के प्रार्थना पत्र में अवगत कराया था कि उसकी13 वर्षीय नाबालिग लड़की को राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के पाली गांव की सरोज पुत्री प्रेम कुमार अपने साथ 2 अक्तूबर 2012 को शाम 7 बजे पोखरा पर लेकर गई थी। उसने मोबाइल से राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के सहिजन कला गांव निवासी गोविंद उर्फ कल्लू पुत्र लालजी को बुलाई। गोविंद ने उसे 8 हजार रुपए दिया और उसकी बेटी को गोविंद के हवाले कर दिया। गोविंद बेटी को लेकर राबर्ट्सगंज में अपने साली के यहां ले गया और रात भर रखा था। सुबह राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के मडरा गांव निवासी शिवगुलाम पुत्र रामजियावन को गोविंद ने बुलाया और उसके साथ रेलवे स्टेशन राबर्ट्सगंज ले गया और 5 हजार रुपए शिवगुलाम को देकर भेज दिया। उसे ट्रेन से विंध्याचल ले गया और कमरा लेकर दो दिन रखा था। इस दौरान उसकी बेटी के साथ कई बार जबरन बलात्कार किया है। बेटी भय की वजह से कुछ नहीं कर पाई। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक विनोद कुमार पाठक ने बहस की।

251 जरूरतमंदों में राज्यमंत्री ने बांटा कम्बल व साड़ी

जनसंदेश न्यूज

दुद्धी। तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत बघाडू, मधुबन व रन्नू केंद्र पर अवस्थित बाबा मुड़ीगुड़ी पहाड़ी प्रांगण में आदिवासी महासंघ के जिलाध्यक्ष फौजदार सिंह फरस्ते व बाबा मुड़ीगुड़ी के पुजारी रामकेश के संयोजन में शनिवार को कम्बल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के 251 जरूरतमंदों को मुख्य अतिथि राज्यमंत्री संजीव गोंड़ व विशिष्ट अतिथि म्योरपुर ब्लाक प्रमुख मान सिंह गोंड़ ने संयुक्त रूप से कम्बल व साड़ी वितरण किया। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों व क्षेत्र की जनता ने मुड़ीगुड़ी पहाड़ी तक जाने के लिए सड़क, सुंदरीकरण, बिजली व पानी आदि की व्यवस्था करने की मांग मंत्री से की।

ताकि यहां लगने वाले शिवरात्रि व मकर संक्रांति मेले में दर्शनार्थियों को दिक्कत न हो। साथ ही पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा देने की भी मांग की गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने आदिवासियों का शोषण किया है, जबसे भाजपा की सरकार बनी तब से समाज का उत्थान हो रहा है। समाज कल्याण विभाग से कोई भी समस्या हो तुरंत समाधान होगा। सबका साथ सबका विकास की तर्ज. पर भाजपा कार्य कर रही है। वनाधिकार के तहत अधिकार दिलाने का कार्य अनवरत चलेगा। कनहर विस्थापितों के लिए आवास आदि की व्यवस्था के लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने पर्यटन विभाग से मुड़ीगुड़ी पहाड़ी के जीर्णोद्वार कराने का आश्वासन दिया। संचालन प्रदीप कुमार ने किया। इस मौके पर अशर्फी सिंह, बर्फी लाल, ईश्वर प्रसाद निराला, सुभाष भारती, नंदू प्रसाद, सुधीर कुमार, धीरज कुमार, राम नारायण, अवध बिहारी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

जरूरतमंद को कंबल देते राज्यमंत्री संजीव गोड़

सवारी बनकर आये युवक चालक को पीट ले उड़े कार

मचा हड़कंप

घटना से क्षेत्र में हड़कंप लुटेरों की तलाश में जुटी पुलिस

डाला। चोपन थाना क्षेत्र के मालोघाट टोल प्लाजा के आगे शुक्रवार की रात एक स्विफ्ट कार से गढ़वा से सवारी बनकर आये तीन लोग चालक को पीट कर उसे बाहर फेंक कार लेकर फरार हो गए। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। कार लूट की जानकारी होते ही पुलिस तफ्तीश में जुट गई। बदरुद्दीन पुत्र इस्लाम शेख निवासी रेणुकूट ने बताया कि मेरा छोटा भाई बदरुद्दीन ग्राम निमियाडिह, सोह गढ़वा जो तीन दिन पहले पुरानी कार खरीदा है और गढ़वा से रेणुकूट गुरमुरा के पास एक जगह नौकरी पर छोड़ने के लिए निकला था और रमना के पास आकर हमें फोन करके सूचना दिया कि कार का एक भाड़ा मिला है, उन लोगों को छोड़कर आपसे मिलने रेणुकूट आ रहे हैं।

रात्रि साढ़े नौ बजे भाई घर नहीं पहुंचा तो पत्नी के कहने पर मैने फोन किया तो भाई का नंबर बंद आ रहा था, पुनः दस मिनट बाद दो तीन बार फोन लगाया तो बात हुई तो उसका भाई बदरुद्दीन रोते हुए बताया कि मेरी कार लुटेरे लेकर भाग गए और मुझे मार करके चोटिल कर दिया। सूचना मिलते ही मैने रेणुकूट चौकी को फोन करके समस्त घटना की जानकारी दी तो पुलिस द्वारा चोपन पुलिस का नंबर देकर घटना की जानकारी देने के लिए कहा गया।

जिस पर चोपन पुलिस को सूचना दी गयी। लूट की घटना से पुलिस सक्रिय हो गई है और लुटेरों की तलाश में जुट गई। सीओ सीटी राहुल पाण्डेय ने बताया कि कार लूटी नही गई है चोरी की घटना है, कार सवार साथ आए थे और कार चालक से यारी दोस्ती बना लिया। उसके बाद कार चालक पेशाब करने उतारा तो वे कार लेकर भाग गए। घटना का जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

38वीं अंतरराज्यीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन

म्योरपुर। राजा चण्डोल बनवासी सेवा समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय 38 वीं अंतरराज्जीय बॉलीबाल प्रतियोगिता का शनिवार को उद्घाटन हुआ। उद्घाटन मैच राजा चण्डोल इंटरमीडिएट कालेज लिलासी और लिलासी लायन्स के बीच खेला गया। मैच को सेट में ही लिलासी लायन्स ने 31/26 से जीत लिया। इससे पूर्व राजा चण्डोल बनवासी सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित बॉलीबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि आर्यावर्त बैंक लिलासी के शाखा प्रबंधक कमलकुमार पातर ने किया। उन्होंने कहा कि बनवासी इलाके में इस तरह के आयोजन काफी लाभदायक है। इससे क्षेत्र में छिपी हुई प्रतिभाएं सामने आती हैं।

कहा कि खेलने वाले युवाओं का शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। कार्यक्रम में अनिल कुमार मौर्य, अक्षेस कुमार, आनन्द प्रकाश, विजय कुमार आर्या, शशांक कुमार गुप्ता, रामनरेश जायसवाल, बर्फिलाल, जयंत प्रसाद, डा. लखनराम जंगली, रविकांत गुप्ता, आशीष गुप्ता, ब्रह्मदेव प्रसाद, गिरिजाशंकर यादव समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का आगमन कल

सोनभद्र। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक जनपद के एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत सोमवार को आयेंगे। वे हेलीकाप्टर से कोन थाना क्षेत्र के चांची कला गांव में पहुंचेंगे। वहां आयोजित लक्ष्मी महायज्ञ में शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त रावर्ट्सगंज में सोनभद्र बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह व लोढ़ी में एक तिलक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

स्वास्थ्य व शिक्षा सुविधाओं के लिए एसबीआई ने दिया सहयोग

चंदौली। भारतीय स्टेट बैंक की ओर से शनिवार को स्वास्थ्य व शिक्षा की बुनियादी सुविधाओं के लिए भारतीय स्टेट बैंक, लखनऊ मंडल के मुख्य महाप्रबंधक शरद सत्यनारायण चांडक ने सीएमओ व विद्यालय प्रबंधन को वित्तीय सहायता के तहत चेक प्रदान किया। वहीं शहाबगंज के कंपोजिट विद्यालय इमिलिया में आयोजित कार्यक्रम में चांडक ने सीएमओ डाक्टर युगल किशोर राय को शाल देकर सम्मानित किया और उन्हें बैंक की ओर से नौ लाख संतानबे हजार रुपये का चेक प्रदान किया। उन्होंने कहा कि निःशुल्क और अच्छी चिकित्सा सुविधा देश के प्रत्येक नागरिक का अधिकार है। इसको ध्यान में रखते हुए भारतीय स्टेट बैंक की ओर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को चिह्नित कर उनके ट्रांसफार्मेशन का बीड़ा उठाया गया है। इस क्रम में पीएचसी चहनियां, चंदौली के ट्रांसफार्मेशन के लिए यह वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। कहा कि बच्चों से कहा कि अत्याधुनिक शिक्षण प्रणाली के रूप में स्मार्ट क्लास का सदुपयोग करते हुए इसका लाभ उठाएं और मेहनत से पढ़ाई करें। इस दौरान प्रधानाध्यापक कृष्णानंद पाण्डेय, उप महाप्रबंधक धीरज कुमार आदि लोग उपस्थित थे। सहायक महाप्रबंधक अभिजीत लाहिरी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

सीएमओ चंदौली को चेक प्रदान करते एसबीआई के अधिकारी।

चौपाल का हुआ आयोजन

चंदौली। चलो गांव की ओर के तहत इमिलिया में रात्रि में चौपाल का आयोजन किया गया। बताया कि यहां निवासी मुख्यतः कृषि एवं इससे संबंधित कार्यों जैसे छोटी डेयरी, मछली पालन पर निर्भर हैं। इमिलिया के इस विद्यालय में कुल 300 बच्चे हैं जो कि अत्यंत ही गरीब वर्ग से आते हैं। इसको ध्यान में रखते हुए महाप्रबंधक आनंद विक्रम ने इमिलिया के विद्यालय को सीएसआर के अंतर्गत बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए चिन्हित किया।

सामाजिक विकास में महिलाओं का बड़ा योगदानः अनिल

सकलडीहा। क्षेत्र के खड़ेहरा स्थित अमर ज्योति सेवा केंद्र द्वारा धरहरा बीआरसी में किशोरी अभिभावक कानूनी जागरूकता तथा हुनर विकास के अंतर्गत नए सेंटर का शुभारम्भ किया गया। इस मौके पर कानूनी जानकारी के साथ हुनर विकास के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। मुख्य अतिथि सकलडीहा कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार पांडेय ने कहा कि आज महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाकर समाज और देश का नाम ऊंचा कर रही हैं। सामाजिक विकास हेतु जागरूकता बहुत जरूरी है। जागरूकता के अभाव में समाज उन्नति नही कर सकता। इस संस्था की ग्रामीण क्षेत्रों के महिलाओं वा किशोरियों के विकास के लिए चकाएँ जा रहे कार्यो की सराहना करनी चाहिए। उन्होंने महिला हेल्पलाइन तथा थाने से संबंधित जानकारियां दीं। इस दौरान लगभग 135 महिला और किशोरियों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर संस्था के निदेशक ज्ञान प्रकाश, कोऑर्डिनेटर सुजीत कुमार, आकाश मौर्या, चिंतामणि व साधना सहित अन्य उपस्थित थे।

कमलापति के नाम को मिटाने का षड्यंत्र कर रही भाजपा

बोले मनोज डब्लू

मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर सपा नेता ने लगाया बड़ा आरोप

जनसंदेश न्यूज

चंदौली। समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू ने शनिवार को भाजपा सरकार पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मेडिकल कालेज के निर्माण की आड़ में भाजपा चंदौली के विकास पुरुष पंडित कमलापति के नाम को मिटाने के षड्यंत्र कर रही है। ऐसा पहले भी हुआ और आगे भी भाजपा इसी मंशा के साथ कार्य कर रही है।

कहा कि मेडिकल कालेज को माधोपुर से नौबतपुर लाकर मनोज डब्लू व समाजवादी पार्टी के नाम को मिटाने का प्रयास हुआ। अब मेडिलक कालेज की ओपीडी को नौबतपुर से 12 किलोमीटर दूर पंडित कमलापति त्रिपाठी जिला अस्पताल को तोड़कर बनाने की योजना है, ताकि उनका नाम हटाया जा सके। भाजपा सरकार के इस षड्यंत्र को किसी भी हाल में सफल होने नहीं दिया जाएगा। मनोज सिंह डब्लू शनिवार को नौबतपुर में बन रहे मेडिकल कालेज का मुआयना किया। उन्होंने कार्यस्थल पर पहुंचकर बाबा कीनाराम मेडिकल कालेज के नक्शे को देखा और बाहर आने के बाद अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि जिस स्थान पर मेडिकल कालेज बनाया जा रहा है वहां ओपीडी भवन को छोड़कर सबकुछ बन रहा है। मात्र ओपीडी को जिला अस्पताल परिसर में सिफ्ट किया जा रहा है, जबकि निमार्णाधीन स्थल पर ओपीडी निर्माण के लिए पर्याप्त स्थान है।

बावजूद इसके सुनियोजित षड्यंत्र के तहत भारतीय जनता पार्टी के नेता व जनप्रतिनिधि बाबा कीनाराम मेडिकल कालेज के नाम को स्थापित करके उसकी आड़ में पंडित कमलापति त्रिपाठी, जिन्होंने चंदौली जिले के नाम को देश पटल पर स्थापित किया है आज उनके नाम को ही हटाने व मिटाने का प्रयास हो रहा है। जो राजनीति से प्रेरित दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। सवाल किया कि यदि चंदौली में मेडिकल कालेज की ओपीडी का संचालन होगा तो जिला अस्पताल चंदौली को कहां ले जाएंगे कहा कि भाजपा सरकार नए आयाम स्थापित करने की बजाय दूसरों के नाम को बदलने व मिटाने का काम कर रही है। मांग किया कि मेडिकल कालेज की ओपीडी नौबतपुर परिसर में बनाया जाए। जरूरत पड़ने पर उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर इस मांग को मजबूती के साथ रखेंगे। किसी भी कीमत पर पंडित कमलापति त्रिपाठी के नाम को हटने व मिटने नहीं दिया जाएगा। चंदौली को अस्तित्व व पहचान देने वाले महापुरूष की नाम के साथ पहचान खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बाबा कीनाराम मेडिकल कालेज का जायजा लेते मनोज सिंह डब्लू।

संक्षेप

सुख-दुख में सहभागी बनेगा नाई उत्थान सेवा समिति

नई उत्थान सेवा समिति के गठन के बाद पदाधिकारीगण।

चंदौली। जनपद मुख्यालय के शंकर मोड़ सती बाग स्थित एक स्कूल में शनिवार को नाई समाज द्वारा नाई उत्थान सेवा समिति का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से किया गया। नाई समाज के लोगों को इस संगठन से लोगों के सुख-दुख में सहभागिता बनी रहेगी। राकेश शर्मा ने कहा कि जनपद में नाई उत्थान सेवा समिति नाई समाज के संगठन का गठन किया गया, जिसमें हम लोग सभी को एक दूसरे के प्रति सुख दुख में साथ के साथ आगे बढ़ते रहेंगे। समाज को जोड़ने का काम करेंगे और किसी को कोई भी परेशानी होती है यह संगठन उसके साथ मजबूती के साथ खड़ा रहेगा। इस मौके पर प्रेमनाथ शर्मा, बलवंत शर्मा, बबलू शर्मा, मदन शर्मा, कैप्टन रमेश शर्मा, राम सहारे शर्मा, अनिल कुमार शर्मा, सत्येंद्र शर्मा, काशीनाथ शर्मा, सूर्यनाथ शर्मा, राजकेसर शर्मा आदि कई लोग मौजूद रहे।

पैसे के लेनदेन को लेकर मारपीट, युवक की मौत

नियामताबाद। अलीनगर थाना क्षेत्र के पटपरा गांव में पैसे के लिए लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। इस मारपीट में गांव के पूर्व प्रधान सोमेश्वर चैहान का भाई मिंटू सिंह चैहान(40) गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसकी अस्पताल जाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही घटना में शामिल दो आरोपियों को हिरासत में लेने के लिए जुटी है। बताया जा रहा है कि गांव में स्थित देशी शराब की दुकान के बाहर स्थित चखने की दुकान पर शराब पीने के बाद दुकानदार व मिंटू चौहान से पैसे के लेनदेन को विवाद हो गया। देखते ही देखते यह विवाद मारपीट में तब्दील हो गया। इस बीच दुकानदार का पूरा परिवार मौके पर पहुंच गया और मिंटू सिंह चौहान को मारपीट गंभीर रूप से गंभीर रूप से घायल कर दिया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां उसकी हालत गंभीर होने हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहां से ले जाते समय रास्ते मे युवक की मौत हो गई। इसके बाद परिजनों ने पूरे मामले की सूचना पुलिस को दी। हत्या की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची अलीनगर थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही धरपकड़ की कार्रवाई करते हुए दो लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई में जुटी है। अपर पुलिस अधीक्षक सुखराम भारती ने बताया कि पैसे के लेनदेन को लेकर उपजे विवाद में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, परिजनों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ व साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की जा रही है।

शिविर में 153 मरीजों का हुआ निःशुल्क नेत्र परीक्षण

सकलडीहा। कस्बा स्थित टिमिलपुर पंचायत भवन पर शनिवार को निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 153 मरीजों का नेत्र परीक्षण कर परामर्श व दवाइयां वितरित की गई। छात्र संघ महामंत्री राहुल राजभर के नेतृत्व में नेत्र शिविर का आयोजन किया। दिलदारनगर से आए नेत्र विशेषज्ञ ने 153 मरीजों के नेत्रों की जांच कर दवाइयां दी। इस दौरान चिकित्सक डा. प्रिन्स कुमार अवस्थी ने बताया की जांच में 10 नाखुना 10 झिल्ली, 133 लोगों में मोतियाबिंद की समस्या आईं। इन सभी का आपरेशन किया जायेगा। संयोजक राहुल राजभर ने बताया की आपरेशन वाले मरीजों को निजी वाहन से शनिवार दिलदारनगर ले जायेंगे। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि अशोक कुमार, प्रधानाचार्य डा.देवेंद्र प्रताप सिंह यादव, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद संगठन मंत्री कानपुर देहात विद्यासागर, कुलदीप चौहान व शैलेश मिश्रा सहित अन्य उपस्थित थे।

कस्तूरबा विद्यालय व बीआरसी का टीम ने लिया जायजा

शहाबगंज। गोविंद बल्लभ पंत विज्ञान संस्थान प्रयागराज की टीम ने शनिवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय व ब्लॉक संसाधन केंद्र शहाबगंज का निरीक्षण किया। जहां अभिलेखों की जांच कर बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त किया। वहीं बच्चों के पठन-पाठन, रहन- सहन, खान पान के बारे में भी जानकारी प्राप्त किया। परियोजना की टीम अशोक कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में सबसे पहले आवासीय बालिका विद्यालय कस्तूरबा में पहुंची जहां परिसर की साफ-सफाई बालिकाओं के रहने का स्थान, खेलकूद के स्तर, शिक्षकों की उपस्थिति, शैक्षणिक वातावरण के बारे में जानकारी लिया। वही कक्षाओं में जाकर छात्राओं से उनकी समस्याओं, पढ़ाई लिखाई के बारे में जानकारी लिया। शैक्षणिक माहौल ठीक-ठाक है कि नहीं इसके बारे में भी बालिकाओं से पूछा। तत्पश्चात ब्लॉक संसाधन केंद्र पर पहुंचे जहां पत्रावली के रखरखाव के बाबत नियुक्त कर्मचारियों से पूछताछ किया। वही एआरपी से जांच टीम ने निपुण भारत द्वारा निर्धारित लक्ष्य के बाबा जानकारी लिया गया बच्चों का पठन-पाठन का स्तर किस स्तर का है इसका भी अवलोकन किया गया।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार, वार्डेन सुनीता पाण्डेय सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

शाहपुर प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की दक्षता को परखा

इलिया। प्राथमिक विद्यालय शाहपुर में शनिवार को गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान प्रयागराज की टीम जांच करने पहुंची। जहां निपुण लक्ष्य के तहत छात्रों के साथ बैठकर उनकी दक्षता को जाना। टीम के सदस्य डा.रामानुज तिवारी ने कहा कि विद्यालय की जांच कर इसकी रिपोर्ट से शिक्षा विभाग व शासन अवगत कराएंगे। संस्थान टीम के सदस्यों ने छात्रों के दक्षता को परखा और समझा। साथ ही उन्होंने सबसे पहले सभी कक्षाओं का अवलोकन किया फिर कक्षा एक, दो, तीन के कक्षाओं का ध्यान से आकलन व सुपरविजन किया। टीम ने छात्रों से प्रश्न पूछ कर श्यामपट्ट पर लिखने को कहा जो छात्र पलक झपकते ही लिख दिए इसके लिए उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनोद कुमार व उनकी टीम को धन्यवाद दी। इस दौरान गोविंद बल्लभ पंत सामाजिक विज्ञान संस्थान के डा.अशोक, डा.अर्चना सिंह, डा.रेखा, डा. दीवानाथ मिश्रा, डा.रामानुज तिवारी, एबीएसए अजय सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, सहित भी शिक्षक उपस्थित थे।

सम्मान समारोह में शिक्षक को दी भावभीनी विदाई

धानापुर। कस्बा स्थित कम्पोजिट विद्यालय धानापुर के प्रांगण में शैक्षिक उन्नयन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक अवध किशोर सिंह रहे। विद्यालय की प्रधानाध्यापिक सविता सिंह ने बताया कि अखिलेश राय सितम्बर 2015 में कम्पोजिट विद्यालय धानापुर में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यभार ग्रहण किये। इसके बाद में उनका चयन डायट प्रवक्ता पद पर देवरिया में हुआ। जिनका आज सम्मान समारोह बड़े शानदार ढंग से मनाया गया। मुख्य अतिथि एडी बेसिक ने बताया कि वर्तमान में अध्यापक होने का दायित्व व अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं और बहुत जल्द विद्यालय, ब्लाक, जिला, मंडल को निपुण मण्डल उसके बाद प्रदेश को निपुण प्रदेश बनाएंगे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य जय प्रकाश पांडेय, भाजपा जिला महामंत्री सुजीत जायसवाल, खण्ड शिक्षा अधिकारी धानापुर अवधेश नारायण सिंह, बृजेश सिंह इम्तियाज खान, देवेंद्र यादव, अवधेश गुड्डू, बृजेश सिंह, प्रदीप सिंह, अरविंद सिंह, अभिषेक सिंह, नवीन सिंह, शिवम पाण्डेय, नूर अख्तर अली, शांतनु, उपस्थित रहे। संचालन ईश्वर चन्द त्रिपाठी ने किया।

जंक्शन पर अवैध शराब संग पकड़ा गया युवक

जीआरपी कोतवाली में शराब संग पकड़ा गया तस्कर।

जनसंदेश न्यूज

डीडीयू नगर। रेल मार्ग से हो रहे तस्करी की रोकथाम को लेकर जीआरपी व आरपीएफ द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर चेकिंग अभियान चलाया जा है। इसी क्रम में जीआरपी डीडीयू व आरपीएफ ने शनिवार को प्लेटफार्म एक पर चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को 22 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति ने अपना नाम कुलदीप कुमार सोनी पुत्र राजेश्वर सेठ वार्ड नं 9 कुदरा थाना कैमूर बिहार बताया है। पकड़े गए शराब की कीमत 12 हजार रुपए बताई जा रही है। जीआरपी डीडीयू ने पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ समन्धित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुटी।

संपूर्ण समाधान दिवस में चार मामलों का हुआ निस्तारण

जिला स्तरीय समाधान दिवस में फरियाद सुनते अधिकारीगण।

जनसंदेश न्यूज

चंदौली। सदर तहसील के सभागार में शनिवार को अपर जिलाधिकारी उमेश मिश्र की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इसमें जनता की समस्याएं सुनी और त्वरित निस्तारण करने हेतु संबंधित अधिकारीगण को आदेशित किया। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 31 प्रार्थना पत्र आए, जिसमें से 4 मामलों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों में टीम गठित करके जांच कर निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारीगण को भेजा गया। अपर जिलाधिकारी ने किसी भी प्रकरणों में शिथिलता नहीं बरतने के निर्देश दिये। कहा कि तय समय में विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित हो।

तेज रफ्तार बाइक के धक्के से अधेड़ की मौत

हादसा

नाराज ग्रामीणों ने शव को हाइवे पर रखकर किया चक्काजाम

चंदौली। क्षेत्र के के छित्तों गांव के समीप शुक्रवार की रात तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से 58 वर्षीय ग्रामीण की मौत हो गयी। घटना से नाराज ग्रामीणों ने शनिवार को हाइवे पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम की सूचना के बाद आनन-फानन में कोतवाल राजीव सिंह, सीओ रामवीर सिंह और एसडीएम अजय मिश्रा मौके पर पहुंच गए।

ग्रामीणों ने सड़क दुर्घटना में मृत लल्लन राम के परिजनों को मुआवजा और छित्तों गांव के समीप अंडरपास बनाने की मांग की। एसडीएम ने लोगों की मांग को सक्षम अधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन देकर चक्काजाम समाप्त कराया। बताते हैं कि शुक्रवार की देर शाम हाइवे पार करने के दौरान तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से छित्तो गांव के लल्लन राम की मौत हो गई थी। शनिवार को जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद ग्रामीण लल्लन के शव को हाइवे पर रखकर धरने पर बैठ गए।

लोगों ने आरोप लगाया कि छित्तों गांव के समीप हाइवे पर अंडरपास बनाने की मांग काफी अर्से से चल रही है। लेकिन ग्रामीणों के प्रयास के बाद भी अफसर और जनप्रतिनिधि रूचि नहीं ले रहे है। ऐसे में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। इसी का परिणाम रहा की सड़क पार करने के दौरान लल्लन राम हादसे का शिकार हो गए। वहीं एनएच पर चक्काजाम की सूचना पर पहुंचे अफसरों ने ग्रामीणों को समझाने का काफी प्रयास किया। परन्तु ग्रामीण मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा और अंडरपास की मांग को लेकर अड़े रहे। बाद में एसडीएम ने लोगों को आश्वस्त किया कि वह उच्चाधिकारियों के संज्ञान में मामले को रखकर लोगों को समस्या से निजात दिलाएंगे। इसके बाद ग्रामीण चक्काजाम समाप्त करके मृतक के शव को लेकर अंतिम संस्कार के लिए लेकर रवाना हुए, तब जाकर अफसरों ने राहत की सांस ली।

चक्काजाम कर रहे ग्रामीणों को समझाते एसडीएम व सीओ सदर।

कैंसर का सही समय पर ईलाज कराने की जरूरतः डॉ.आनंद

डीडीयू नगर। वर्ल्ड कैंसर डे पर नारायण मृत्युंजय सोसाइटी से जुड़े सर्वाइवर के द्वारा कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ आनंद श्रीवास्तव ने लोगों को गुटका पान तंबाकू के सेवन से खराब होने वाले मुंह, दांत, जीभ के साथ ही कैंसर के कारक इन वस्तुओं का सेवन ना करने की सलाह दी। उन्होंने मुंह के कैंसर पर विशेष रूप से बताया कि मुंह का कैंसर एक आम कैंसर है जो ज्यादातर पान तंबाकू बीड़ी गुटखा खाने से होता है तो आज ही पान तंबाकू बीड़ी गुटखा का परित्याग करें और अपने जीवन को स्वस्थ बनाए।

बताया कि कैंसर लाइलाज बीमारी नहीं है जरूरत है समय पर उचित इलाज कराने की। योगाभ्यास के तत्पश्चात डा.आनंद श्रीवास्तव, डा.रेनू महतानी, अजय मिश्रा, डा.मनीषा शुक्ला डा.गौरी मालवीय, नीलू मिश्र एथलीट गुरमीत राजपाल गौरव सुनील आदि ने लोगों को जागरूक किया। डा. रेनू महतानी ने बताया कि विटामिन डी और इ12 की कमी से कैंसर रोग होने की संभावना रहती है तो इसे संतुलित करने के लिए अपने जीवन में विटामिन डी की मात्रा दवा के माध्यम से लेकर विटामिन डी को मेंटेन रखा जा सकता है। मनोचिकित्सक अजय मिश्रा ने लोगों को कहा चिंता मुक्त रहकर अपनी मुस्कान बरकरार रखें और कैंसर से भयमुक्त होकर अपना इलाज कराएं। इस अवसर पर रविकांत, अमन, प्रिया, शिवम, अंकिता, अंजली, अर्चना, अवनीश, डा.नीलम, डा.अनिल त्रिपाठी, संतोष, रामवचन आदि उपस्थित रहे।

कैंसर के प्रति लोगों को जागरूक करते सोसाइटी के लोग।

आस्था और भावनाओं का पर्व है रविदास जयंतीः रघुराज

शहाबगंज। थाना परिसर अलग अलग स्थानों पर आगामी रविदास जयंती को शांतिपूर्वक पर मनाएं जाने के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक की गयी, जिसमें कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों से जयंती को लेकर होने वाले कार्यक्रमों के आयोजक एवं संभ्रांत लोगों ने प्रतिभाग किया। आगामी पांच फरवरी को रविदास जयंती का पर्व है जिसमें कस्बा सहित आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में अलग अलग झांकियां निकालने का कार्यक्रम है। परम्परागत रूप से जुलूस व झांकियों किसी प्रकार की आने वाली समस्या के बारे में उसके निराकरण पर चर्चा हुई। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक त्योहार मनाएं। आस्था और भावनाओं का यह पर्व है इसका ध्यान रखते हुए शान्ति के साथ मनाएं। कोई ऐसा काम न करें जिससे किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न हो। आपसी सौहार्द व भाईचारा बना रहे। थानाध्यक्ष मिथिलेश कुमार तिवारी को जुलूस के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम के निर्देश दिया। इस मौके पर उपनिरीक्षक शिव कुमार यादव, अनिल सिंह, सिंहासन यादव, रमाशंकर सिंह, रणजीत कुमार, कांस्टेबल सब्बीर अहमद, रूद्र प्रताप, अजय कुमार भारती, सतीश चन्द्र, अंकित भारती, अवधेश यादव, रामबली, रतन कुमार,बेचू राम सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

सरकार की गलत नीतियों के कारण डूबा एलआईसी का पैसाः धर्मेन्द्र

चंदौली। शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक शनिवार को जिला मुख्यालय चंद्रा त्रिपाठी भवन पर की गई। इस दौरान छह फरवरी को भारतीय जीवन बीमा निगम के कार्यालय के सामने जसुरी स्थित यूनियन बैंक के पास धरना-प्रदर्शन को लेकर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर छह फरवरी को भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन करने का कार्यक्रम है। सरकार की गलत नीतियों के कारण एलआईसी का करोड़ों रुपये डूब गया है।

आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ने पूंजीपति अडानी को लाभ पहुंचाने के लिए एलआईसी का पैसा निवेश कराया, जो डूब गया है। इसके लिए सीधे तौर पर सरकार की गलत नीतियां जिम्मेदार है। कहा कि सरकार ने जनहित को प्राथमिकता देने की बजाय पूंजीपतियों के हित को प्राथमिकता दी है, जिससे देश आज विकास के मामले में पिछड़ता चला जा रहा है। बताया कि धरना प्रदर्शन में प्रदेश महासचिव जोनल प्रभारी सरिता पटेल, प्रदेश सचिव जिला प्रभारी जैनेंद्र पांडेय मौजूद रहेंगे। इस दौरान आनंद शुक्ला, रामजी गुप्ता, प्रदीप मिश्रा, गंगा राम, श्रीकांत पाठक, सत्येंद्र उपाध्याय, बाबा गोंड, कमलेश संत, आजम खान, इंद्रजीत मिश्रा, दीनदयाल विश्वकर्मा, अमलेंदु पांडेय, विनोद गणित, चंद्रवंश सिंह, नरेंद्र तिवारी, अभिषेक मिश्रा, राजू कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित बैठक को संबोधित करते धर्मेन्द्र तिवारी।

घर से भागे बालक को पुलिस ने परिजनों से मिलाया

चहनियां। मां-बाप के डांट से नाराज होकर घर से भागे एकांत गुप्ता चहनियां चौराहे पर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने मिला दिया। इसके बाद पुलिस ने उससे पूछताछ की और बालक के परिजनों से सम्पर्क कर उसे उनके सुपुर्द कर दिया। इस दौरान अपने पुत्र को पाकर माता पिता राहत की सांस ली और पुलिस के प्रति आभार जताया। बताते हैं कि वाराणसी लहुराबीर निवासी रविश गुप्ता का पुत्र एकान्त गुप्ता जो सातवीं का छात्र है। जिसको उसकी माता ने किसी बात को लेकर डाट दिया था। एकान्त को बात लग गयी। वहीं स्कूल के बाद साइकिल से ही एकान्त चहनियां चौमुहानी पर पहुंचा। थके हुए एकान्त को देखकर पिकेट पर तैनात पुलिस कर्मी संदीप यादव मामला को भाप गये और एकान्त को बुलाकर पूछताछ की तो पूरा मामला सामने आ गया। वही नाश्ता पानी कराने के बाद पुलिस कर्मी संदीप ने सूचना थाने को दी और छात्र को थाने लाया। परिवार को सूचना दी गयी। अपने परिवार से मिलकर परिवार के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। परिवार के लोगो ने पुलिसकर्मी संदीप और राजकुमार को धन्यवाद दिया।

स्पोर्ट्स

सौराष्ट्र खिलाफ हारा पंजाब, सेमीफाइनल की चारों टीमें हुईं तय, जानें किसका किससे होगा मुकाबला

रणजी ट्रॉफी के दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में सौराष्ट्र ने पंजाब को 71 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही उसने सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। पंजाब को जीत के लिए 252 रन का लक्ष्य मिला था, लेकिन टीम दूसरी पारी में 180 रनों पर ही सिमट गई। सौराष्ट्र की टीम अब दूसरे सेमीफाइनल में कर्नाटक के खिलाफ खेलेगी। दोनों के बीच रणजी ट्रॉफी का दूसरा सेमीफाइनल आठ फरवरी से बेंगलुरु में खेला जाएगा। मैच में सौराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। उसने पहली पारी में 303 रन बनाए। पार्थ भुत ने नाबाद 111 और स्नेल पटेल ने 70 रन बनाए थे। पंजाब के लिए मंयक मार्कंडे ने चार और बलतेज सिंह ने तीन विकेट लिए। इसके बाद उसके बल्लेबाजों ने पहली पारी में 431 रन बनाए। नमन धीर ने 131, प्रभसिमरन सिंह ने 126 और कप्तान मनदीप सिंह ने 91 रन बनाए।

क्लार्क से आगे निकल सकते हैं पुजारा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इन भारतीय बल्लेबाजों ने बनाए सर्वाधिक रन

भारतीय टीम के लिए यह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी काफी महत्वपूर्ण, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए भारत को इस सीरीज में जीत हासिल करनी होगी

नई दिल्ली। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार टेस्ट मैचों की सीरीज नौ फरवरी से शुरू हो रही है। ऑस्ट्रेलियाई टीम 2017 के बाद भारतीय जमीन पर टेस्ट सीरीज खेलेगी। भारतीय टीम के लिए यह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी काफी महत्वपूर्ण है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिए भारत को इस सीरीज में जीत हासिल करनी होगी। अगर वह दो या तीन मैच जीत लेता है तो आसानी से फाइनल में पहुंच जाएगा।

इस सीरीज के दौरान सबकी नजर

अनुभवी चेतेश्वर पुजारा और पूर्व कप्तान विराट कोहली पर भी होगी। इनदोनों खिलाड़ियों का बल्ला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जमकर चला है। यहां तक कि मौजूदा टीम में शामिल खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सबसे ज्यादा रन पुजारा-कोहली के ही हैं। पुजारा ने 20 मैच की 37 पारियों में 1893 रन बनाए हैं। वहीं, कोहली ने 20 मैचों की 36 पारियों में 1682 रन बनाए हैं।

भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज में तेंदुलकर के सबसे ज्यादा रन

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए मैचों में सबसे ज्यादा रन सचिन तेंदुलकर के हैं। उन्होंने 39 मैचों की 74 पारियों में 3630 रन बनाए थे। उनके बाद दूसरे स्थान पर रिकी पोंटिंग हैं। पोंटिंग का बल्ला भी भारत के खिलाफ खूब चला है। उन्होंने 29 मैचों की 51 पारियों में 2555 रन बनाए थे।

क्लार्क और द्रविड़ को पीछे छोड़ सकते हैं पुजारा

पुजारा भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में छठे स्थान पर हैं। अगर इस सीरीज में उनका बल्ला चलता है तो वह शीर्ष पांच में शामिल हो सकते हैं। पुजारा के पास ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क और भारत के मौजूदा कोच राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ने का मौका होगा। क्लार्क ने 22 मैचों की 40 पारियों में 2049 रन बनाए थे। वहीं, द्रविड़ के नाम 32 मैचों की 60 पारियों में 2143 रन हैं। इस तरह वह अगर 157 रन बनाते हैं तो क्लार्क और 251 रन बनाते हैं द्रविड़ को पीछे छोड़ सकते हैं।

कोहली-स्मिथ के पास भी शीर्ष-5 में शामिल होने का मौका

स्मिथ दोनों टीमों की सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में आठवें और कोहली 10वें स्थान पर हैं। दोनों बल्लेबाजों का अगर बल्ला इस सीरीज में चलता है तो वह कई दिग्गजों को पीछे छोड़ सकते हैं।

टेस्ट सीरीज से पहले विवादों में सिराज और उमरान, होटल में तिलक न लगवाने पर बवाल

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की शुरूआत नौ फरवरी से हो रही है। दोनों टीमें चार टेस्ट मैच की सीरीज खेलेंगी। इसके बाद तीन वनडे की सीरीज भी खेली जाएगी, लेकिन इस सीरीज से पहले ही टीम इंडिया के दो अहम खिलाड़ी विवादों में फंसते दिख रहे हैं। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और उमरान मलिक का ने होटल में तिलक लगवाने से इंकार कर दिया था। इसी वजह से इन दोनों को सोशल मीडिया पर ट्रोल किया जा रहा है। हालांकि, कई फैंस उनका समर्थन भी कर रहे हैं। सिराज के अलावा भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर और स्पोर्ट स्टाफ के सदस्य हरि प्रसाद मोहन ने भी तिलक नहीं लगवाया था, लेकिन आलोचक जान बूझकर सिराज और उमरान पर निशाना बना रहे हैं और इस मामले को धार्मिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं।

अंडर-17 भारतीय फुटबॉल टीम की सदस्य बनीं हिना, जॉर्डन में खेलेंगी

देवरिया जिले की बेटी हिना खातून की स्टिक का जादू जॉर्डन में दिखेगा। उनका चयन अंडर-17 भारतीय फुटबाल टीम में हुआ है और वह यूपी से इकलौती महिला खिलाड़ी हैं जिन्हें यह मौका मिला है। भारतीय फुटबॉल संघ की ओर से पिछले माह चेन्नई में आयोजित किए गए शिविर के बाद टीम की घोषणा की गई है। बघौचघाट थाना क्षेत्र के मझौवा निवासी मैनुद्दीन की पुत्री हिना खातून अपने पांच भाई-बहनों में तीसरे नंबर की हैं। पिता मैनुद्दीन मुंबई में ऑटो चलाते हैं। क्षेत्र के ही महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज कुर्मिपट्टी में कक्षा नौवीं की छात्रा हिना बचपन से ही फुटबाल के प्रति जुनूनी रहीं हैं। कुर्मीपट्टी खेल मैदान पर वह अपने प्रशिक्षक जयकुमार राव से खेल की बारीकियां सीखकर आगे बढ़ी हैं। स्कूली व स्टेट प्रतियोगिता में कई पदक जीत उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अच्छे खेल की बदौलत ही उनका चयन भारतीय टीम के चयन के लिए चेन्नई में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ था। दो फरवरी को भारतीय अंडर-17 टीम की घोषणा हुई, उसमें हिना का चयन भी मिडफील्डर के रूप में हुआ है।

भारतीय जिम्नास्टिक दीपा कर्माकर डोप टेस्ट में फंसी, आइटीए ने लगाया 21 महीने का प्रतिबंध

कर्माकर के डोप नमूने आईटीए द्वारा प्रतिस्पर्धा से इतर लिये गए

नई दिल्ली। स्टार जिम्नास्टिक खिलाड़ी दीपा कर्माकर पर अंतरराष्ट्रीय टेस्टिंग एजेंसी (आईटीए) द्वारा कराये गए डोप टेस्ट में नाकाम रहने के बाद 21 महीने का प्रतिबंध लगा दिया गया है। पिछले साल भारतीय अधिकारियों द्वारा किया गया यह दावा कि उसका निलंबन डोपिंग संबंधित नहीं है, गलत साबित हुआ। कर्माकर के डोप नमूने आईटीए द्वारा प्रतिस्पर्धा से इतर लिये गए। आईटीए अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक महासंघ (एफआईजी) के डोपिंग निरोधक कार्यक्रम का जिम्मा संभालने वाली स्वतंत्र एजेंसी है । कर्माकर का प्रतिबंध इस साल दस जुलाई को खत्म होगा क्योंकि उसके नमूने 11 अक्टूबर 2021 को लिये गए थे।

आईटीए ने एक बयान में कहा, आईटीए इसकी पुष्टि करता है कि दीपा कर्माकर पर 21 महीने का प्रतिबंध लगाया गया था जो 10 जुलाई 2023 को खत्म होगा। वह हिजेनामाइन के सेवन की दोषी पाई गई थी जो विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी की प्रतिबंधित सूची में है। आईटीए ने आगे कहा कि कर्माकर का डोप मसला एफआईजी के डोपिंग निरोधक नियमों और वाडा के प्रावधानों के तहत निपटा लिया गया था।

रियो ओलंपिक 2016 में वॉल्ट में चौथे स्थान पर रही कर्माकर 2017 में सर्जरी के बाद से चोटों से जूझ रही है। उनका आखिरी टूनार्मेंट बाकू में 2019 विश्व कप था।

कर्माकर और उनके कोच बिशेश्वर नंदी ने उस समय डोप निलंबन के बारे में चुप्पी साधे रखी। भारतीय जिम्नास्टिक महासंघ के अध्यक्ष सुधीर मित्तल ने भी कहा था कि उन्हें इस संबंध में एफआईजी से कोई सूचना नहीं मिली है। अधिकारियों ने यह तक कहा था कि उसे अनुशासन कारणों से निलंबित किया गया है, डोपिंग की वजह से नहीं।

बॉलीवुड न्यूज

'ध्रुव तारा- समय सदी से परे' में दिखेंगी स्वाति कपूर

इंदौर। सोनी सब का आगामी रोमांटिक फैमिली ड्रामा ध्रुव तारा एक अनूठी और दिलचस्प प्रेम कहानी है, जिसमें दो अलग-अलग युगों और उनके नजरिये को दिखाया गया है। इस शो में दर्शकों को ध्रुव (ईशान धवन) और तारा (रिया शर्मा) का सफर देखने को मिलेगा जिनकी राहें वर्तमान समय में आपस में टकराती हैं। 17वीं सदी की राजकुमारी तारा अपने भाई की बीमारी का इलाज ढूंढने के लिये समय के पार यात्रा करती है। इससे एक रोमांचक स्थिति पैदा होती है और दर्शक देखेंगे कि अपने-अपने समय में अंतर के कारण प्यार और रिश्तों को देखने का किरदारों का तरीका कैसे प्रभावित होता है। मौजूदा कलाकारों में अब प्रतिभाशाली अभिनेत्री स्वाति कपूर भी शामिल होने जा रही हैं, जोकि आगरा के सबसे अच्छे मेडिकल कॉलेज के डीन की संपन्न और बेहद लाड़-प्यार में पली बेटी आयशा की भूमिका में नजर आयेंगी। यह किरदार शो में एक नया नजरिया लेकर आता है, क्योंकि संपन्न पृष्ठभूमि से आने वाली आयशा को जिन्दगी के संघर्षों का सामना करने में कठिनाई होती है और वह अपनी जरूरतों को दूसरों से ऊपर रखती है, जिससे उसका किरदार पेचीदा और बारीकियों वाला हो जाता है। आयशा और ध्रुव का पहले कनेक्शन रहा है, लेकिन क्या ध्रुव के प्रति उसकी भावनाएं ध्रुव और तारा की असाधारण प्रेम कहानी में बाधा बनेंगी? यह तो आने वाला समय ही बताएगा! उम्मीद है कि शो का दमदार नैरेटिव, उम्दा कलाकार, और अलग-अलग युगों में प्यार और सम्बंधों पर अलग दृष्टिकोण हर उम्र और पृष्ठभूमि के दर्शकों की एक व्यापक श्रृंखला को पसंद आएंगे और यह पूरे परिवार का मनोरंजन करते हुए हिट होगा। दर्शक देखेंगे कि किरदारों के अलग-अलग मत और अनुभव प्यार और रिश्तों पर उनकी समझ को कैसे आकार देंगे और उनके अपने-अपने समय उन्हें कैसे प्रभावित करते हैं। ध्रुव तारा- समय सदी से परे 20 फरवरी को सोनी सब पर लॉन्च हो रहा है।

थलापति विजय स्टारर फिल्म का नाम होगा लियो

मुंबई। थलापति विजय की बहुचर्चित थलापति 67 फिल्म का टाइटल सुनने के लिए दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच फाइनली अब निमार्ताओं ने फिल्म का टाइटल रिवील कर दिया है जोकि 'लियो' हैं। निमार्ताओं ने हमेशा फिल्म से जुड़ी अपडेट के साथ दर्शकों की प्रत्याशा को किनारे पर रखा है। इस सबके बीच, थलापति 67 के टाइटल को लेकर उत्साह अपने चरम पर रहा है। दर्शक फिल्म का टाइटल जानने के लिए बेहद बेसब्र है। ऐसे में आज निमार्ताओं ने आखिरकार बहुप्रतीक्षित टाइटल का खुलासा कर दिया है जोकि 'लियो' है। निमार्ताओं ने एक शानदार टाइटल प्रोमो जारी किया जो दिखने में ग्रैंड और बड़ा है। इसके वीडियो लोगों को रोंगटे खड़े कर देने वाले बीजीएम और अकेले थलापति विजय के कुछ दिल को छू लेने वाले सीन्स से परिचित कराया है। इसे देखते हुए कहा जा सकता है कि लियो निश्चित रूप से 7 स्क्रीन स्टूडियो के घर से आई एक और मास्टर पीस की गारंटी देता है। थलापति विजय सर, संजय दत्त,और तृषा कृष्णन के साथ विश्व स्तर पर पसंदीदा स्टार कास्ट के साथ अच्छी तरह से सजी, 'लियो' निश्चित रूप से एक परफेक्स टाइटल के है जिसने अब बड़े पर्दे पर फिल्म देखने के लिए हमारी प्रत्याशा को अगले स्तर तक बढ़ा दिया है। 7 स्क्रीन स्टूडियो की 'थलापति 67' का निर्देशन लोकेश कनगराज करेंगे। फिल्म में थलापति विजय सर, संजय दत्त और तृषा कृष्णन होंगे।

विश्व वैदिक सनातन संघ के जिलाध्यक्ष बने ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह

चंदौली। विश्व वैदिक सनातन संघ की बैठक शनिवार को सदर ब्लॉक सभागार में हुई। इसमें वक्ताओं ने आने वाले समय में हिंदू समाज हिंदू देवी देवताओं एवं सनातन संस्कृति की पूरे देश दुनिया में रक्षा तथा मुगल कालीन समय की पूरे भारत वर्ष मे कश्मीर से कन्याकुमारी तक की हिंदू मंदिरों की जमीन व मंदिर को सुरक्षित रखने का संकल्प लेते हुए योजना बैठक की।

सदर ब्लॉक प्रमुख संजय सिंह को नियुक्ति पत्र सौंपते अजीत सिंह।

इस दौरान अध्यक्ष अजीत सिंह ने विश्व वैदिक सनातन संघ के द्वारा तत्वाधान में आयोजित स्वर्गीय अमरनाथ सिंह, स्मृति स्मृति शेष दो दिवसीय अंतर राज्य एथलीट प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी वाराणसी मंडल के प्रभारी के साथ ही जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह को कार्य योजना को आगे बढ़ाने हेतु विशेष जिम्मेदारी सौंपी। विश्व वैदिक सनातन संघ आने वाले भविष्य में युवाओं को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से प्रत्येक इवेंट में प्रतियोगिता का आयोजन करवाने की रणनीति पर चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष अजित सिंह ने उदय प्रताप कालेज छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं सदर ब्लॉक प्रमुख संजय कुमार सिंह को जनपद का जिलाध्यक्ष घोषित किया। कहा कि चंदौली जनपद में विश्व वैदिक सनातन संघ हर तहसील हर ब्लाक न्याय पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर तक संगठन का विस्तार करेगा और समाज की बुराइयों के खिलाफ सनातन संघ मजबूती के साथ लड़ाई लड़ेगा। इस दौरान प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष पवन सिंह, राजीव सिंह, बृजेश सिंह, अनिल कुमार सिंह, बबलू सिंह, आजाद सिंह, अलख तिवारी, कमलेश सिंह, ओमप्रकाश सिंह, राधा कृष्ण मालवीय मौजूद रहे।

टिमिलपुर में रिहायशी मकान में बिजली की शॉर्ट सर्किट से लाखों का नुकसान

सकलडीहा। टिमिलपुर गांव में बिजली की शार्ट सर्किट से शनिवार की देर शाम सात बजे करीब अर्जुन राजभर के रिहायसी मकान में आग लग गयी। देखते देखते आग बिकराल रूप ले लिया। जब तक ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया सब कुछ जलकर राख होगया। सूचना के घंटों बाद भी फायर बिग्रेड की टीम के नही पहुंचने पर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने परिवार जन को मदद दिलाने की मांग किया है।

टिमिलपुर गांव में अर्जुन राजभर का मकान धूं-धूं कर जलते हुए

गृहस्थी का सारा सामान जल जाने से परिजनों का रोते रोते बुरा हाल था। टिमिलपुर गांव में स्व. बालकरन राजभर के पुत्र अर्जुन राजभर अपने परिवार के साथ रहता है। शाम को सात बजे करीब अचानक बिजली की शार्ट सर्किट से घर में रखा पुआल सहित अन्य सामान धूं धूंकर जलने लगा। थोड़ी देर में आग ने विकराल रूप ले लिया। ग्रामीणों ने तत्काल फायर विग्रेड को सूचना दिया। घंटों देर बाद भी टीम के नही आने पर ग्रामीणों ने अथक प्रयास से आग पर काबू पाया। जबतक दर्जनो बखत्त, मुर्गी, करीब दो कुंतल चावल, गेहूं, घर का सारा गृहस्थी का सामाग्री बेड, विस्तरा, साड़ी कपड़ा बर्तन सहित खाद सामाग्री जलकर राख होगया। ग्रामीणों ने बिजली विभाग और फायर विग्रेड की लापरवाही पर जमकर आक्रोश जताया। इस बाबत कोतवाल अनिल कुमार पांडेय ने बताया कि ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया गया है। इस मौके पर लेखपाल प्रदीप सिंह, एसआई मनेश शंकर द्विवेदी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अशोक कुमार ,अमित कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

प्रमुख ने समस्याओं को सुन दिया मदद का भरोसा

जनसंदेश न्यूज

धानापुर। ब्लॉक प्रमुख अजय सिंह शनिवार को क्षेत्र के लोगो की समस्याओं को ब्लाक मुख्यालय स्थित कार्यालय में सुना। इस दौरान नौघरा गांव के केदार सिंह यादव ने जल निकासी, मोती उपाध्याय ने नौघरा में तालाब पर अतिक्रमण, कवईं पहाड़पुर निवासी त्रिलोकी नाथ ने दैवी आपदा के तहत आवास और छाया देवी ने भी स्वयं के लिए आवास तथा अहिकौरा निवासी विश्वनाथ सिंह ने रास्ता निर्माण और कोहड़ा निवासी राम प्रताप सिंह ने नाली की समस्या से अवगत कराया।

धानापुर ब्लाक में जन समस्याएं सुनते प्रमुख अजय सिंह।

ब्लाक प्रमुख अजय सिंह ने बताया कि ब्लाक के समस्त सहायक खंड विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत ग्राम विकास अधिकारी, पटल सहायक की उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनी गई और उसके शीघ्र निस्तारण कर सूचित करने का निर्देश दिया। लोग अपने समस्यायों को लेकर प्रतिदिन अधिकारी और कार्यालय का चक्कर लगा रहे थे। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा ,प्रत्येक शनिवार को दिन में एक बजे से 4 बजे तक जनसमस्याओं को सुनने और उसके समाधान के लिए और खंड विकास अधिकारी के साथ अन्य ब्लाक स्तरीय अधिकारियों की देखरेख में लोगो की समस्याएं सुनी जाएगी। इस दौरान प्रधान संघ के अध्यक्ष राजेश सिंह, एडीओ पंचायत राजेश सिंह, दयाल सरन श्रीवास्तव, विमल सिंह, आशुतोष सिंह, अरविंद कुमार, मिथलेश सिंह, अरुण सिंह, रुस्तम अली, दुर्गेश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज

शहाबगंज। क्षेत्र के बड़गांवा में शहंशाह क्लब की ओर से एक दिवसीय जिला स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है ।यह जानकारी जानकारी कमेटी के संयोजक शाकिब व छोटू मास्टर ने दी है।

फुटिया पंचायत भवन में चोरी

चंदौली। सदर विकासखंड के ग्राम पंचायत फुटिया के पंचायत भवन में शुक्रवार को चोरों ने ताला तोड़कर कैमरा, पंखा, इनवर्टर, बैटरी सीसीटीवी कैमरा, यूपीएस और कंप्यूटर चुरा कर फरार हो गए। ग्राम प्रधान बिरेंद्र प्रताप यादव ने तहरीर देकर इसके शिकायत सदर कोतवाली में सूचना दर्ज करा दी है। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आगे कार्रवाई में जुट गई।

चहनियां में हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम सम्पन्न

चहनियां। हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम बेसिक शिक्षा विभाग ब्लाक चहनियां द्वारा इंटर कालेज में शनिवार को सम्पन्न हुई। मुख्य अतिथि मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक अवध किशोर सिंह ने द्वारा मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। इस दौरान मुख्य अतिथि अवध किशोर सिंह ने कहा कि नयी शिक्षा नीति के तहत छोटे बच्चों के मौखिक भाषा विकास बच्चो के सीखने की दर को बढ़ा देता है।

माला पहनाकर बच्चों को किताब देकर पुरस्कृत करते मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक।

इसके पहले परिषदीय बिद्यालयो को अच्छी निगाह से नहीं देखा जाता था, पर अब लोगों का विचार बदल गया है। बच्चों के शिक्षण हेतु सहायक शिक्षण सामग्री का प्रयोग, कम्प्यूटर, प्रोजेक्टर आदि के माध्यम से शिक्षा की व्यवस्था बदल दी गयी है। सुपर 50 में चयन के उपरांत शिक्षा विभाग डायट, बीआरसी के साथ साथ समस्त अध्यापकों का दायित्व बढ़ा दिया गया है। एआरपी मनोज गुप्ता ने कहा कि बच्चो को इस तरह को शिक्षा दिया जाय कि बच्चे स्वनिर्भर बन सके। इस दौरान खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेश चतुवेर्दी, सुरेंद्र नाथ, हंसराज यादव, चमन सिंह यादव, राजश्री सिंह, केदार नाथ यादव,मीना गुप्ता,प्रेम शंकर मिश्रा,राहुल चैरसिया, राजेश पांडेय, रितेश पांडेय, शुभम यादव, रवि सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

जनसंदेश न्यूज

मड़ियाहूँ। प्रार्थना पत्रों का निस्तारण पूरी गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ समय सीमा के अंदर किया जाए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उक्त बातें अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षैबर चौहान ने तहसील स्थित सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कही। इसके अलावा उन्होंने तहसील स्थित आर.के. कार्यालय एवं अन्य कार्यालयों का भी निरीक्षण किया और मातहतों को निर्देश दिया की रिकार्ड के रखरखाव ढंग से किए जाएं।

तहसील दिवस में कुल 52 पत्र आए इसमें से मौके पर 6 का निस्तारण किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी लाल बहादुर, तहसीलदार राम सुधार, नायब तहसीलदार संतोष कुमार सिंह, खंड विकास अधिकारीगण, सभी थानों के थानाध्यक्ष सहित आंगनबाड़ी, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग के इंदु प्रकाश यादव, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव सहित अनेक अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

तहसील कार्यालय का निरीक्षण करते एडीएम

कुंवरपुर टोलप्लाजा पर दो पक्षों में हुई मारपीट

पवांरा। थाना क्षेत्र अन्तर्गत कुंवरपुर टोलप्लाजा पर दो फरवरी की शाम करीब साढ़े पांच बजे किसी बात को लेकर टोलकर्मियों व गांव के कुछ लोगों के बीच गाली-गलौज व मारपीट शुरू हो गयी थी। इस दौरान एक पक्ष के कौशलेन्द्र सिंह उर्फ मुन्ना निवासी हिम्मतनगर थाना सुजानगंज ने अपनी लाइसेन्सी रिवाल्वर भी निकाल लिया था। घटना की सूचना पर थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया ने तत्परता दिखाते हुए पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंचकर मार पीटकर कर रहे दोनों पक्षों को पकड़कर थाने लाये। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम पक्ष से कौशलेन्द्र सिंह उर्फ मुन्ना पुत्र राम अक्षैवर सिंह निवासी हिम्मतनगर थाना सुजानगंज, विकास सिंह पुत्र राहुल सिंह निवासी फरीदाबाद थाना सुजानगंज, राजकमल पुत्र अरुण प्रताप निवासी नजीरापुर थाना तेरवा कन्नौज व दूसरे पक्ष के प्रकाश सिंह पुत्र ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह निवासी सरायबीका, थाना पवांरा व अनूप सिंह पुत्र अम्बिका प्रसाद सिंह निवासी कुंवरपुर थाना पवांरा के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी व मारपीट हो गयी थी और दोनों पक्ष एक-दूसरे को जानते व पहचानते भी हैं और दोनों पक्ष आपस में सुलह-समझौता कर लिये हैं। उन्होंने कहा कि दोबारा ऐसी उद्दंडता करेंगे तो मुकदमा दर्जकर सीधे जेल भेजा जायेगा।

उच्च शिक्षा नीति मंथन से बढ़ेगी शिक्षा की गुणवत्ता : कुलपति

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। उच्च शिक्षा नीति मंथन का आयोजन लखनऊ में शनिवार को किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी पर आधारित था। इस मंथन में विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपति और कुलसचिव को बुलाया गया था ताकि सरकार का संदेश और सुझाव को शिक्षा में कैसे लागू किया जाए जिससे रोजगार के अवसर उपलब्ध हो। मंथन में प्रतिभाग के बाद पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस मौर्य ने कहा कि उच्च शिक्षा नीति मंथन में शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई जो कि शिक्षा की गुणवत्ता को बनाने के काम आएगी। साथ ही हमारे शिक्षक और विद्यार्थी दोनों को इससे लाभ मिलेगा। इसी के मद्देनजर इन सुझाव और विचारों को विश्वविद्यालय में लागू भी किया जाएगा ताकि शिक्षा, शोध और नवाचार को गुणवत्तायुक्त बनाया जा सके। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश आध्यात्मिक, दार्शनिक प्रदेश है। भारत ने वैश्विक मंच पर विश्व का नेतृत्व किया है। ज्ञान जहां से भी आए उनके लिए हमें अपने द्वार खुले रखने चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 हमें पुरातन शिक्षा की याद दिलाती है। विश्वविद्यालय शोध और नवाचार के क्षेत्र में मानक गढ़े, ताकि हम विश्व की बड़ी ताकत बन सके। इन्हीं पहलुओं पर इस मंथन का आयोजन किया गया। इस मंथन में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य और कुलसचिव महेंद्र कुमार के अतिरिक्त विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपति और कुलसचिव ने भी प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय के शिक्षाविदों के साथ मुख्यमंत्री, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा समेत मुख्यमंत्री के शिक्षा सलाहकार प्रोफेसर डीपी सिंह भी शामिल थे।

लोगों को जागरूक कर मनाया गया विश्व कैंसर दिवस

जनसंदेश न्यूज

सुइथाकला। स्थानीय सीएचसी पर शनिवार को अधीक्षक डाक्टर एसपी यादव की अगुवाई में विश्व कैंसर दिवस लोगों को जागरूक करते हुए मनाया गया।

इस दौरान चिकित्सकों द्वारा सम्भावित लक्षणों के आधार पर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। गौरतलब हो कि विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर शनिवार को स्थानीय सीएचसी पर अधीक्षक डाक्टर एसपी यादव की अगुवाई में लोगों को जागरूक करने का कार्य किया गया। इस दौरान डाक्टर शिवकुमार पाण्डेय और डाक्टर विक्रान्त गुप्ता द्वारा सम्भावित लक्षणों के आधार पर आए हुए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए जागरूकता ही बचाव के तहत लोगों को लक्षणों के आधार पर सजग रहने की सलाह दी। अधीक्षक डाक्टर एसपी यादव ने बताया कि शुरूआती दौर में कैंसर की पहचान और उसका उपचार सम्भव है, विलम्ब की दशा में यह असाध्य रोगों की श्रेणी में आ जाता है। ऐसे में बगैर संकोच के चिकित्सक से परामर्श कर इस पर नियन्त्रण पाया जा सकता है। इस दौरान फार्मासिस्ट गंगा सागर चौरसिया, गिरजादेवी, घनश्याम, राकेश मिश्रा, रितेश राय, कमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

राशन लेने गए युवकों ने कोटेदार के पति से की मारपीट

खेतासराय। क्षेत्र के महरौड़ा गांव में शनिवार को कोटेदार के यहां राशन लेने गए युवकों के पूछताछ के दौरान कोटेदार के पति से मारपीट हो गई। आरोप है कि युवकों ने कोटेदार का रजिस्टर फाड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने बुझाने के बाद थाने बुलाया। जानकारी के अनुसार गांव की कोटेदार संजीला के पति राजकुमार सुबह राशन का वितरण कर रहे थे। इस दौरान राशन लेने पहुंचे तीन चार युवकों ने कोटेदार के पति से पूछा कि राशन कब से वितरण हो रहा है। यह भी पूछा कि गेहूं क्यों नहीं दिया जा रहा है। इस पर कोटेदार के पति और युवकों के बीच विवाद बढ़ गया। युवकों और कोटेदार के पति से हाथापाई होने लगी। वहां राशन लेने गए अन्य लोगों ने बीच बचाव किया। सूचना पर पहुंची पुलिस से कोटेदार के पति ने युवकों पर रजिस्टर फाड़ने का आरोप लगाने लगे। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने आने को कहकर चली गई।

महंगाई और बेरोजगारी पर बात नहीं करती सरकार : लाल बहादुर

बैठक

जिला कार्यालय पर आयोजित हुई सपा की मासिक बैठक

बैठक को सम्बोधित करते जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के मासिक बैठक जिला कार्यालय पर शनिवार को आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष लालबहादुर यादव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी पिछड़ों और दलितों की विरोधी है। भाजपा सरकार जातिगत जनगणना नहीं कराना चाहती है। इस सरकार को जातिगत जनगणना से डर लगता है। भाजपा पिछड़ा वर्ग, दलित वर्ग व शोषित वर्ग को हक और सम्मान नहीं देना चाहती है।

श्री यादव ने कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी बहुत बढ़ गयी है। आज जनता महंगाई से त्रस्त है। डीजल, पेट्रोल और गैस के दाम पहले से ही आसमान छू रहे हैं। अब गेहूं आटा और इससे बने उत्पादों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। भाजपा सरकार महंगाई रोकने में विफल साबित हुई है। भाजपा महंगाई और बेरोजगारी पर बात नहीं करती है। बेलगाम मंहगाई से लोगों का बजट बिगड़ गया है। आटा-तेल, चावल, सब्जी सब कुछ महंगा हो गया है। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए जीवनयापन करना मुश्किल हो गया है। वहीं विधायक तूफानी सरोज ने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां पूंजीपतियों और अमीरों का हित साधने की है। गरीब और मध्यम वर्ग भाजपा के एजेण्डे में नहीं है। गलत आर्थिक नीतियों के चलते आज देश के कई आर्थिक संस्थाएं संकट में पड़ गई है। भाजपा सरकार ने अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया। शेयर मार्केट लगातार गिर रहा है। भाजपा जनता को उलझाने के लिए नये-नये हथकंडे अपनाती रहती है। कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय बहुत बढ़ गया है। सच्चाई दिखाने वालों पर भी झूठे मुकदमें दर्ज हो रहे हैं। इस सरकार से कोई न्याय की उम्मीद नहीं कर सकता है। बैठक में यशवंता यादव, श्याम बहादुर पाल, राजनाथ यादव, महेन्द्र यादव, राजन यादव, राजेंद्र टाइगर, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, राजेश यादव, जयहिंद, पूनम मौर्या, रुक्सार अहमद, दीपचंद राम, रमापति, नीरज पहलवान, दीनानाथ सिंह, रमेश साहनी, मेवालाल, आसिफ शाह, तारा त्रिपाठी, शबनम नाज आदि मौजूद रहे। संचालन जिला महाचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

मिस सेंट पैट्रिक चुनी गयीं नम्रता रघुवंशी

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। नगर में संचालित सेण्ट पैट्रिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में नम्रता रघुवंशी को सेंट पैट्रिक स्कूल 2023 के फेयरवेल सेरिमनी में मिस पैट्रिक का विजेता चुना गया। तीन चरण पूर्ण करने के बाद सेंट पैट्रिक स्कूल के फेयरवेल कार्यक्रम में नम्रता विजेता बनी।

प्रधानाचार्य सिस्टर ग्रेसी जोसेफ के हाथों क्राउन स्लैश व बुकें प्रदान किया गया। बता दें कि नम्रता नगर के परमानतपुर उमरपुर निवासी समाजसेवी रुपेश रघुवंशी (शिवा) एवं अध्यापिका अंजू सिंह की पुत्री है। वहीं साक्षात गुप्ता को मिस्टर सेण्ट पैट्रिक खिताब से नवाजा गया।

इस पर उपस्थित सभी बच्चों ने करतल ध्वनि से दोनों का स्वागत किया। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य सिस्टर बीना, मैनेजर सिस्टर रीता, कोऑर्डिनेटर सुधा विश्वकर्मा अध्यापक गण में अनीता सिंह, शिरीन, नायब, राकेश उपाध्याय, विनय पाण्डे, विजय प्रताप सिंह, गौरव खत्री, ज्ञानेंद्र उपाध्याय, वतन सिंह सहित तमाम शिक्षक, शिक्षिका, स्टाफ आदि उपस्थित रहे।

घटतौली को लेकर कोटेदार के खिलाफ महिलाओं ने सौंपा पत्र

घटतौली के खिलाफ एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन करते ग्रामीण

जनसंदेश न्यूज

केराकत। स्थानीय क्षेत्र के औवार गांव के लगभग दो दर्जन ग्रामीणों ने शनिवार की दोपहर घटतौली को लेकर कोटेदार के खिलाफ उपजिलाधिकारी कार्यलय के सामने विरोध प्रदर्शन कर तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर पहुंच पत्रक सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कोटेदार प्रत्येक यूनिट पर घटतौली कर नाजायज लाभ कमा रहा हैं और राशन लेने पहुंचे लाभार्थियों के साथ अभद्र व्यवहार करते है। ग्रामीणों ने बताया कि रोज की भांति आज भी घरतौली कर रहे थे जिसका विरोध किया गया तो कोटेदार ने कहा कि प्रत्येक यूनिट पर घटतौली करूंगा जो करना है कर लिजिये मैं सभी अधिकारियों से पूछकर घटतौली करता हूं। ग्रामीणों ने कहा कि कोटेदार के आतंक से गांव वाले त्रस्त है। प्रदर्शन कर रहे लोगों में अभिमन्यु यादव, कृष्णा यादव, शैलेश कुमार, अरुण निषाद, रितेश निषाद, मंगल यादव, सतीश यादव, शीला, रेखा आदि मौजूद रहे।

जान से मारने की धमकी पर समाधान दिवस में सौंपा पत्रक

केराकत। स्थानीय तहसील क्षेत्र के एक गांव की नाबालिक लड़की ने अपने गांव के ही एक युवक पर छेड़खानी करने का आरोप लगाते हुए शनिवार की सुबह तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर पहुंच पत्रक सौंप न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता ने बताया कि गांव का ही एक युवक उससे जबरन संबंध बनाने का प्रयास करता रहता है। विगत कुछ दिन पहले देर शाम युवक घर के बगल में आकर मुझे बुलाकर मेरे साथ छेड़खानी की। उस दिन के बाद युवक मुझे रोज स्कूल जाते समय रास्ते में गंदी गंदी हरकत करता था। युवक से तंग होकर मैंने अपने घरवालों से सारी बाते बताई जिसके बाद मेरी मां ने फोन कर उससे बात की तो उसने मेरी मां को धमकी देते हुए कहा कि तुम्हारी बेटी को बदनाम कर दूंगा तुम लोग मेरा कुछ नहीं बिगाड़ सकते हो। पीड़िता ने मां के साथ तहसील पहुंच पत्रक देकर न्याय की गुहार लगाई है।

प्रार्थना पत्रों का पारदर्शितापूर्ण करें निस्तारण : एसडीएम

जनसंदेश न्यूज

केराकत। प्रार्थना पत्रों का निस्तारण करने में पारदर्शिता और निष्पक्षता का पूर्ण ध्यान रक्खा जाए जिससे पीड़ित को न्याय मिल सके और उसे न्याय के लिए कहीं और गुहार न लगानी पड़े।

शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर एसडीएम नेहा मिश्रा ने अधीनस्थों को उक्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निस्तारण में लापरवाही और उपेक्षा बिल्कुल अक्षम्य होगी। इस अवसर पर कुल 90 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मात्र पांच का ही मौके पर निस्तारण किया जा सका शेष सम्बन्धित विभागों को ताकीद के साथ सौंप दिए गए।

समाधान दिवस में पुलिस उपाधीक्षक गौरव शर्मा, तहसीलदार अमित त्रिपाठी, नायब तहसीलदार हुसैन अहमद, वीरेंद्र यादव, अमित सरोज और प्रभारी निरीक्षक संजय वर्मा तथा अन्य विभागों के अधिकारी व लेखपाल एवं कानूनगो आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

मानसिक स्वास्थ्य शिविर व विश्व कैंसर दिवस का किया गया आयोजन

मुफ्तीगंज। स्थानीय विकास खंड के सीएचसी पर मानसिक स्वास्थ्य शिविर एवं विश्व कैंसर दिवस आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि भाजपा के ब्लाक अध्यक्ष रंजीत सिंह ने फीता काट कर शुभारम्भ किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का स्टाल लगाकर चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा जनमानस को स्वास्थ्य सेवा प्रदान किया गया जिसमें मानसिक रोगियों का जनपद स्तरीय टीम द्वारा उपचार किया गया तथा दवा वितरण किया गया। दिव्यांग मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर सीएचसी के प्रभारी डा. एसके यादव, डा. मानसी उपाध्याय, डा. राजेश पासवान, डा. मुरली, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी जल्लू सोनकर, अजीत यादव एवं सभी पैरामेडिकल स्टाफ, आरबीएस के टीम उपस्थित रही।

जागरूकता शिविर का आयोजन 8 को

जौनपुर। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी यूपी सिंह द्वारा अवगत कराया गया है कि 8 फरवरी को 12 बजे दिन में स्थान राजकीय आईटीआई सिद्दीकपुर में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा। उक्त जागरूकता कार्यक्रम में विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना एवं मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजनाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी। जनपद में निवास करने वाले ऐसे बेरोजगार नवयुवक/युवतियां जिनकी उम्र 18 वर्ष से अधिक हो तथा कक्षा 8 या उससे अधिक उत्तीर्ण हो तथा उपयुक्त ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त हो जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित होकर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में महाशक्ति बनकर उभर रहा : राकेश त्रिवेदी

कार्यसमिति बैठक

भाजपा जिला कार्यसमिति और डाटा प्रबन्धन कार्यशाला आयोजित

जनसंदेश न्यूज

कार्यशाला को सम्बोधित करते जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी

जौनपुर। भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति बैठक और डाटा प्रबन्धन कार्यशाला भाजपा जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुई। बैठक मे बतौर मुख्य अतिथि जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी मौजूद रहे। बैठक का शुभारंम्भ पं. दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर मुख्य अतिथि जिला प्रभारी राकेश त्रिवेदी, भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव, विधायक बदलापुर रमेश चन्द्र मिश्र एवं एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशु ने संयुक्त रूप से माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यसमिति बैठक में आगामी कार्यक्रम की रुपरेखा व संगठनात्मक चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह व संचालन जिला महामंत्री सुशील मिश्रा ने किया।

बैठक को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि जिला प्रभारी एवं पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश त्रिवेदी ने कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में महाशक्ति बनकर उभर रहा है। कुछ दिन पूर्व जब रुस यूक्रेन युद्ध चल रहा था उस युद्ध को रोककर अपने लोगों को वहां से सुरक्षित भारत लाया गया। यह इसका जीता जागता उदाहरण है। अभी बीते समय गुजरात विधानसभा चुनाव में जनता का भरपूर समर्थन अपार स्नेह प्रधानमंत्री मोदी को मिला जिसमें विगत कई चुनावों का इतिहास ही पलट कर रख दिया। इसी तरह से भारत के गौरव को बढ़ाते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को सार्थक करते हुए तमिल और काशी का समागम काशी मे आयोजित किया गया जो कि देश की एकता और अखण्डता को पूरे विश्व मे दर्शाता है। बैठक को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव ने बजट 2023-24 पर चर्चा करते हुए कहा कि इस बजट में शोषित वंचित महिला युवा किसान मजदूर व्यापारी सबके उत्थान के लिए बजट आवंटित किया गया है, बजट को पेश होते ही हमारा देश विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था की दृष्टि से आगे बढ़ रहा है। आने वाले 2047 तक हमारा देश अर्थव्यवस्था के मामले में विश्व में प्रथम स्थान पर रहेगा।

बदलापुर के विधायक रमेश चन्द्र मिश्र ने कहा कि आने वाले 2024 चुनाव को देखते आज हिन्दू धर्म के धार्मिक ग्रंथ के बारे में गलत बोला जा रहा और उसको जलाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश और बिहार के मंत्री द्वारा हमारे धार्मिक ग्रन्थ के चौपाई को गलत तरीके से पेश किया गया जिसके बाद हमारे धार्मिक ग्रन्थ को जलाया गया और उनकी गलत बातों को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कोई सफाई नहीं दी। इसका मतलब उनके ही इशारे पर यह सब हो रहा है। उन्होंने आगे कहा कि हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के साथ काम कर रही है बिजली का काम जो हो रहा है वो किसी विशेष पार्टी के लोगों का नहीं हो रहा है बल्कि सभी जाति धर्म के लोगो का हो रहा है। एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशु ने कहाकि आज के 20-25 वर्ष पहले हमारे देश के अधिकतर राज्यों में मोटे अनाज की खेती होती थी जो पौष्टिकता के लिए भी उपयुक्त था लेकिन आज हम सब केवल धान एवं गेहूं पर निर्भर है, जिसको देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छोटे और मध्यम किसानों के उत्थानों के लिए वर्ष 2023 को मोटे अनाज उत्पादन वर्ष के रुप मे मनायेंगे इसके लिए बजट के अंतर्गत प्रतिवर्ष एक करोड़ किसानों को सहयोग राशि कृषि उपकरण देकर किसानों को प्रोत्साहित किया जायेगा। जिला कार्यसमिति के बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने आये सभी अतिथियों का अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया और उन्होंने कहा कि सतत कानून व्यवस्था की बात हो, अपराधमुक्त प्रदेश की बात हो, एक जिला एक उत्पाद की बात हो इसको लेकर इन्वेस्टर्स का कार्यक्रम मोदी के प्रेरणा से हर जिले मे हो रहा है, जिससे रोजगार बढ़ेगा और अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव मे एक बार पुनः देश में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरायेगा। उक्त अवसर पर जिला महामंत्री सुनील तिवारी, जिला उपाध्यक्ष सुधाकर उपाध्याय, सन्तोष सिंह, संदीप सरोज, ओमप्रकाश निषाद, जिला मंत्री रवींद्र सिंह राजू दादा, जिला प्रवासी अम्बरीष, नगरपालिका अध्यक्ष शिवगोविंद साहू, महिला आयोग के सदस्य शशि मौर्य, अंजना श्रीवास्तव, ब्लाक प्रमुख गण विजय सिंह विद्यार्थी, सुनील यादव मम्मन, विनय सिंह, बृजेश यादव, उमेश तिवारी, धीरू सिंह, जिला मीडिया प्रभारी आमोद सिंह, ब्रह्मेश शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता के प्रति किया गया जागरूक

जनसंदेश न्यूज

बदलापुर। स्थानीय नगर पंचायत के बिभिन्न वार्ड तथा सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता पखवाड़ा के तहत नुक्कड़ नाटक टीम प्रयागराज के कृष्ण कुमार मौर्या की देखभाल में डोर टू डोर कूड़ा निस्तारण के लिए नगर वासियों को जागरूक किया गया।

तत्पश्चात नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार सिंह द्वारा नुक्कड़ नाटक टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और उन्होंने बताया कि नगर पंचायत को स्वच्छ और सुन्दर बनाने के लिए स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बिभिन्न कार्यक्रमों को प्रस्तुत कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों को जागरूक करती टीम

सुधार तो है लेकिन गड़बड़ी ज्यादा : क्षेत्रीय प्रबन्धक

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। शनिवार को सुबह लगभग 9.30 बजे क्षेत्रीय प्रबन्धक गौरव वर्मा ने जौनपुर डिपो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रोडवेज परिसर में खामियों को देख फोरमैन व अन्य कर्मचारियों पर विफर पड़े तथा सीनियर फोरमैन हरिशरण शुक्ला को एक सप्ताह में बसों की व्यवस्था में सुधार लाने की हिदायत दे डाली।

ज्ञातव्य हो कि जौनपुर डिपो पर बसों की खामियों को लेकर जनसंदेश टाइम्स ने लगातार खबरों को प्रकाशित कर दुर्व्यवस्थाओं को उजागर किया जिसे संज्ञान में लेते हुए शनिवार को आरएम वाराणसी गौरव वर्मा अचानक जौनपुर रोडवेज पर आ धमके और बारी-बारी से व्यवस्थाओं को जायजा लेने लगे।

रोडवेज का हाल

खामियों को देख सीनियर फोरमैन पर बिफरे, रोका दो माह का वेतन

क्षेत्रीय प्रबन्धक ने जौनपुर डिपो का किया औचक निरीक्षण

जनसंदेश टाइम्स में लगातार छप रही खबरों का लिया संज्ञान

इस दौरान उन्होंने पाया कि कई बसों का गेयर बॉक्स खराब अवस्था में था वहीं गाड़ी की बॉडी कंडीशन बहुत ज्यादा खराब थी जिसे रिजनल वर्कशॉप में मरम्मत के लिये भेजने का निर्देश दिया। आरएम ने बताया कि पहले से ही मार्ग बोर्ड को दुरूस्त

कराने के लिये फोरमैन के पास बजट भेजा गया था लेकिन अभी तक मार्ग बोर्ड दुरूस्त नहीं हो सका जिस कारण फोरमैन का दो माह का वेतन अवरूद्ध कर कार्यवाही के लिये शासन को लिखा गया है।

आगे उन्होंने बताया कि पहले से गाड़ियों में सुधार तो हुआ है लेकिन अभी भी तीन-चार गाड़ियों में सीटों की व्यवस्था गड़बड़ है। सभी बसों को दुरूस्त कराने के लिये सीनियर फोरमैर को एक सप्ताह का समय दिया गया है।

उन्होंने बताया कि स्टेशन के सौंदर्यीकरण के लिये विशेष लाइटों की व्यवस्था की जा रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि एआरएम का अपने कार्य के प्रति रवैया लुंज-पुंज ही है। उन्हें भी अल्टीमेटम दिया गया है और उनकी इस कार्यप्रणाली से शासन को अवगत कराया गया है।

कुछ दिन पूर्व परिसर में कार्यरत कर्मचारियों को इधर से उधर किया गया है। जरूरत पड़ी तो जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

कृषि विभाग खोलेगा वन स्टाप शॉप

जौनपुर। कृषि उद्यमी स्वावलंबन (एग्रीजंक्शन) योजना के तहत कृषि विभाग वन स्टाप शॉप की स्थापना करेगा। इससे किसानों को एक ही स्थान पर एक ही छत के नीचे बीज, खाद, कृषि उपकरण, कृषि रसायन की सुविधा मिलेगी। कृषि से स्नातक करने वाले युवाओं को रोजगार मिलेगा साथ ही साथ किसानों को उपयोगी जानकारी की सुविधा एक ही स्थान पर मिलेगी। विभाग की ओर से शाप स्थापना के लिए आवेदन की मांग की गई है।

उप कृषि निदेशक जय प्रकाश ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य कृषकों को मृदा परीक्षण, उर्वरक उपयोग की तकनीकी जानकारी, उच्च गुणवत्ता के बीज, जैव उर्वरक, सूक्ष्म पोषक तत्व, वर्मी कंपोस्ट, कीटनाशक, जैविक कीटनाशक इत्यादि समस्त प्रकार के कृषि निवेशों की आपूर्ति करना तथा लघु कृषि यंत्रों को किराए पर उपलब्ध कराना है। चयनित उद्यमियों को कृषि व्यवसाय की गतिविधियों के लिए बीज, खाद एवं रसायन के लाइसेंस प्राप्त करने, बैंकों से ऋण प्राप्त करने में सहायता भी दी जाएगी, इसके अलावा स्वतंत्र कृषि केंद्र व्यवसाय की स्थापना के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। योजना में कृषि स्नातक अभ्यर्थी चयनित होंगे, जिनकी उम्र 40 वर्ष से अधिक न हो। योजना की अधिकतम लागत 6 लाख रुपये होगी, जिसकी ऋण सीमा पांच लाख रुपये तथा प्रतिपूर्ति राशि एक लाख रुपये आवेदक की ओर से अभिदान किया जाएगा।

चयनित उद्यमी प्रशिक्षण अवधि 13 दिन पूरी करने के उपरांत अनुमन्य अनुदान प्राप्त करेंगे। आवेदकों का चयन जनपद स्तरीय गठित समिति की ओर से किया जाएगा। जनपद के लिए कुल 16 उद्यमिता केंद्र की स्थापना किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। अभ्यर्थी उप कृषि निदेशक कार्यालय से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर 16 फरवरी तक पॉलिटेक्निक चौराहे के निकट स्थित कृषि भवन में आवेदन कर सकते हैं।

संक्षेप

व्यक्तित्व का निर्माण करती है भारतीय संस्कृति : डॉ. राजीव

जौनपुर। जी-20 के परिपेक्ष्य में शनिवार को एक ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका विषय था भारतीय संस्कृति के विभिन्न पक्ष। इस अवसर पर मुख्य अतिथि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने कहाकि भारतीय संस्कृति को समझने के लिए भगवान श्रीराम के व्यक्तित्व को समझना होगा। उन्होंने कहाकि सांस्कृतिक परिपेक्ष्य से ही व्यक्तित्व का निर्माण होता है। भारतीय संस्कृति एक ग्राह्य संस्कृति है जो सभी संस्कृति का स्वागत और सम्मान करती है। भारतीय संस्कृति त्याग की संस्कृति है। उन्होंने अन्य धर्म और संस्कृति के बारे में विस्तार से चर्चा की। कहा कि यह देश और संस्कृति राम और कृष्ण की है। अगर हम उनका अनुसरण करें तो तमाम समस्याओं का निराकरण खुद हो जाएगा। अध्यक्षता करते हुए जनसंचार विभाग के डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि जिस संस्कृति का दर्शन होता उसका कोई अंत नही हो सकता। उन्होंने कहा कि जो हीन भावनाओं से दूर हो वही हिन्दू है। अगर भारतीय संस्कृति जानना है तो भगवान श्री राम और श्रीकृष्ण को समझना होगा। उन्होंने कहा कि ताकतवर होते हुए भी हिन्दू संस्कृति सहिष्णुता का परिचय देती है। डॉ. मनोज कुमार पांडे ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि इतिहास साक्ष्य पर आधारित है और बिन साक्ष्य की भी विषय पर वार्ता नही किया जा सकता। रितिक पांडेय ने वेबिनार का संचालन किया। इस मौके पर डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव, डॉ. रसिकेश, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. अनु त्यागी, डॉ. आशुतोष सिंह, किशन जायसवाल, विनीत तिवारी, शशांक भारती, हेदायत फातिमा, संस्कार श्रीवास्तव, आँचल सिंह आदि मौजूद रहे।

नवागत एसपी ने किया थाना का औचक निरीक्षण

जफराबाद। नवागन्तुक एसपी अजय पाल शर्मा ने शनिवार की शाम को जनपद में आने के बाद स्थानीय थाने का औचक निरीक्षण किया। उनके अचानक थाने में पहुंचते ही हलचल मच गई। एसपी ने थाने में पहुंचकर थाने के सभी रजिस्टरों, अभिलेखों, मेस, थाना परिसर, बैरक, नई बनी आवासीय बिल्डिंग आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी को कानून व्यवस्था को लेकर कई निर्देश दिया साथ ही आगन्तुक रजिस्टर व महिला हेल्प डेस्क को सही रखने का निर्देश दिया। इसके साथ ही थाना क्षेत्र के सभी अराजक तत्वों को चिन्हित कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया।

छात्राओं को आत्म सुरक्षा संबंधी दिया गया क्रियात्मक प्रशिक्षण

भदोही। केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई में महिला प्रकोष्ठ व अभिभावक प्राध्यापक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय अभिभावक प्राध्यापक सम्मेलन एवं महिला आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। अभिभावक प्राध्यापक सम्मेलन का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वृजकिशोर त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें छात्राओं के अभिभावकों को महाविद्यालय से सम्बन्धित गतिविधियों में उन्नयन हेतु फीडबैक फार्म भरवाया गया। अभिभावक गणों महाविद्यालय में शिक्षण व शिक्षणेत्तर विभिन्न गतिविधियों के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए अपने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका व गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. आकांक्षा त्रिपाठी ने बताया कि छात्राओं के आत्म सुरक्षा हेतु वाराणसी की महिला आत्म सुरक्षा विशेषज्ञ व योग प्रशिक्षक कु. दुर्गनाशिनी उपाध्याय द्वारा छात्राओं को आत्म सुरक्षा सम्बन्धी क्रियात्मक प्रशिक्षण दिया गया। अन्य कार्यक्रम में सड्क सुरक्षा जागरूकता माह के समापन के अवसर पर सम्पूर्ण माह के अंतर्गत आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता व समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापकों द्वारा पुरस्कृत किया गया। मौके पर महाविद्यालय की डॉ. रीना सिंह, डॉ. विनोद कुमार मिश्र, डॉ. लक्ष्मी यादव, प्रकाशचंद्र गुप्त, बिनोद कुमार, ज्योत्सना जायसवाल, मो. आकिफ तौफक, अनुज कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

जन मानस की शिकायतों का निराकरण, प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : मंडलायुक्त

भदोही। जन शिकायतो के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के दृष्टिगत सम्पूर्ण समाधान दिवस जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। तहसील ज्ञानपुर में विंध्याचल मंडलायुक्त डॉ. मुथुकुमार स्वामी बी., अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक राजेश भारती, तहसील औराई में जिलाधिकारी गौरांग राठी, मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक, उप जिलाधिकारी लालबाबू दुबे एवं तहसील भदोही में उप जिलाधिकारी कृपा शंकर पांडेय व अन्य अधिकारियो द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याओ को गंभीरता से सुनकर निस्तारण किया गया। उपस्थित अधिकारियो के समक्ष विभिन्न विभागो से सम्बन्धित तहसील ज्ञानपुर में कुल 22 फरियादियो के द्वारा अपनी समस्याओ से अवगत कराया गया। जिसमें से मंडलायुक्त द्वारा 03 प्रार्थना पत्रो को मौके पर ही निस्तारित करते हुये शेष 34 प्रार्थना पत्रो को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियो को निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। तहसील औराई में जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में तहसील औराई में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, उप जिलाधिकारी लाल बाबू दूबे, पुलिस क्षेत्राधिकारी व अन्य अधिकारियो द्वारा कुल 36 प्रार्थना पत्रो में 03 का निस्तारण तथा तहसील भदोही में उप जिलाधिकारी डॉ कृपा शंकर पांडेय द्वारा कुल 77प्रार्थना पत्रो में 08 का निस्तारण किया गया।

पीएचसी सोंधी पर मनाया गया विश्व कैंसर दिवस

जनसंदेश न्यूज

खेतासराय। विश्व कैंसर दिवस के मौके पर शनिवार को पीएचसी सोंधी पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करते हुए इससे बचाव की जानकारी दी गई।

हर वर्ष चार फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। लोगों को इस बीमारी की पहचान, लक्षण और रोकथाम के बारे में जानकारी दी जाती है। डाक्टरों ने बताया कि एक नया तिल और मौजूदा तिल में परिवर्तन। कोई गले की खराश जो ठीक न होती हो। आवाज बैठना या लगातार खांसी आना। खाना निगलने के समय कठिनाई आना। असामान्य रक्तस्राव होना आदि कैंसर के लक्षण हैं। सुझाव दिया कि धूम्रपान का प्रयोग कदापि न करें। कम वसा वाला भोजन करें। सब्जी और फलों का उपयोग अधिक करें। इस बीमारी के शुरूआती लक्षण को पहचान कर कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी को मात दिया जा सकता है। इस मौके पर प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. रमेश चंद्रा, डा. सुधारक चौहान, राममिलन, सुधांशु यादव, राहुल यादव, अंकुर श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

मामलों के निस्तारण में दोनों पक्षों को अवश्य सुनें

बोले डीएम

समाधान दिवस का हुआ आयोजन, 79 में 9 का हुआ निस्तारण

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन काशीराम सामुदायिक भवन में किया गया। जिलाधिकारी ने गम्भीरता से फरियादियों की शिकायतों को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण कि निर्देश दिये। इस दौरान भूमि विवाद, बिजली, राशन की शिकायते प्रार्थना पत्र के माध्यम से प्राप्त हुई। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को जल्द से जल्द सभी मामलों को निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि किसी भी मामलों के निस्तारण करते समय दोनों पक्षों को अवश्य सुने। भूमि और राजस्व के मामलों में पुलिस और राजस्व की टीम जाकर मौके पर निस्तारण करे। इस अवसर पर कुल 79 शिकायतें प्राप्त हुयी जिसमें से 9 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर नवागत पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा, उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

समाधान दिवस में वादों का निस्तारण करते जिलाधिकारी

सम्पूर्ण समाधान का हुआ आयोजन98 में 15 प्रार्थना पत्रों का हुआ निस्तारण

शाहगंज। तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य राजस्व अधिकारी गणेश प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें फारियादियों ने 98 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। मौके पर मात्र 15 का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभाग को सौंप दिया गया। सीआरओ ने सख्त लहजे में गुणवत्ता पूर्ण व समयबद्ध निस्तारण का निर्देश दिया। कहाकि शिथिलता कत्तई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इस दौरान उपजिलाधिकारी अंकित कुमार, न्यायिक एसडीएम शैलेन्द्र सिंह, तहसीलदार महेंद्र बहादुर सिंह, नायब तहसीलदार अमित सिंह, नायब तहसीलदार संदीप गुप्ता समेत सर्किल के सभी थानाध्यक्ष व सभी विभागों के अधिकारी राजस्वकर्मी मौजूद रहे।

संक्षेप

निरीक्षण में अनुपस्थित मिले दस शिक्षकों का बीएसए ने रोका वेतन

ज्ञानपुर। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भदोही द्वारा शनिवार को प्रातः 9.5 बजे विकासखंड औराई स्थित कम्पोजिट विद्यालय बैरा खास का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान 2 सहायक अध्यापक दिनेश कुमार गुप्ता तथा अनिल कुमार अनुपस्थित पाए गए। जिनका वेतन भुगतान प्रतिबंधित करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार विकासखंड अभोली में कम्पोजिट विद्यालय भांडा विद्यालय में कार्यरत 10 अध्यापकों के सापेक्ष मात्र एक अध्यापक उपस्थित पाए गए तथा अन्य अध्यापक अनुपस्थित पाए गए, अनुपस्थित समस्त अध्यापकों का वेतन भुगतान प्रतिबंधित करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है। इसी क्रम में विकास खंड औराई स्थित प्राथमिक विद्यालय त्रिलोकपुर का भ्रमण किया गया। उक्त विद्यालय में समस्त अध्यापक अपने अपने कक्षा में बच्चों को अध्यापन कार्य कराया जा रहा था तथा बच्चों की उपस्थिति अच्छी पाई गई, जिसके लिए संबंधित प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक को प्रमाण पत्र अधिक उपस्थिति के लिए दिया गया। विद्यालय का परिवेश भी ठीक.ठाक पाया गया। मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत सब्जी एवं चावल बनाया जा रहा था जिसका अवलोकन बीएसए द्वारा किया गया।

उपचार में देर करने पर चिकित्सक के विरुद्ध ग्रामीणों का प्रदर्शन

लालानगर। गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के माधोरामपुर गांव निवासी अभिषेक पाठक पुत्र ब्रह्दत्त पाठक उम्र 22 वर्ष को स्कूल जाते समय ककराही गांव निवासी आरोपियों ने पहले से ही घेराबंदी कर मारने की नियत से घेर लिया और जमकर पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे रामदत्त पाठक 40 वर्ष सत्यम पाठक 18 वर्ष तथा कृष्ण दत्त पाठक उम्र 30 वर्ष को भी मनबढ़ों ने लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया।

मामले की जानकारी होने पर ग्रामीणों के साथ जब घायल कोतवाली पहुंचे तो कोतवाल सदानंद सिंह ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर सभी घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा जहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने घायलों को घंटों बैठाये रखा। परिजनों ने इलाज के लिए जब चिकित्सक से काफी आरजू विनती की तो वह चेंबर से बाहर नहीं निकले तो मामले की जानकारी भाजपा जिला अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव को दिया।

जिला अध्यक्ष ने जब चिकित्सक को फोन पर फटकार लगाई तो चिकित्सक ने घायलों का इलाज शुरू किया। चिकित्सक के इस व्यवहार पर परिजनों सहित अस्पताल में आए अन्य मरीजों में चिकित्सक के कार्यशैली पर लोग आक्रोशित होकर विरोध प्रदर्शन किया।

उधर मामले को लेकर पूर्व प्रधान समाजसेवी सतीश पाठक ने जिलाधिकारी मांग किया है कि चिकित्सक के खिलाफ इलाज में देरी करने पर जांच कर कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से शिव विजय पाठक, शेषधर पाठक, राजकुमार पाठक, एस.पी. पाठक, मुन्ना पाठक, कृष्ण पाठक, प्रियेश पाठक आदि लोग रहे।

चिकित्सक के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण

पानी टंकी निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध न कराये जाने पर डीएम ने रोका वेतन

ज्ञानपुर। तहसील औराई में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के पश्चात जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत पानी टंकी निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध करायें जाने की समीक्षा की गयी। समीक्षा मे ग्राम कठारी, उमापुर में भूमि उपलब्ध नहीं कराने के कारण डीएम ने कड़ा रुख अपनाते हुए लेखपाल का वेतन अग्रिम आदेश तक बाधित करने का आदेश दिया गया। तहसीलदार औराई ने प्रेस नोट के माध्यम से बताया कि डीएम के मौखिक आदेश के अनुपालन में लेखपाल रामकुमार का वेतन शासकीय कार्यों में शिथिलता व लापरवाही बरतने की दशा में अग्रिम आदेश तक बाधित किया गया है।

एलईडी लाइट व हैण्डपम्प ठीक कराने की मांग

लालानगर। गोपीगंज नगर में कई वार्डो में महिनो से खराब हैंडपंप व एलईडी लाईट अभी तक किसी भी अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा ठीक नहीं कराया जा पा रहा है। नगर में सिर्फ सफाई के ढिंढोरे पीटे जा रहे हैं। कई वार्ड व कालोनी अंधेरे में व्याप्त है व हैंडपंप के पानी भी महिनों से सूखे पड़े हैं। लेकिन किसी भी अधिकारी व कर्मचारियों का ध्यान आकर्षित नहीं हो रहा है। जिसको लेकर वार्ड 9 के सभासद संतोष ने जल्द से जल्द ठीक कराने की मांग की है।

चिकन शॉप में घुसी तेज रफ्तार कार, मुर्गा काट रहे दो घायल

भदोही। कोतवाली क्षेत्र के चौरी रोड पर विकास खंड कार्यालय के सामने स्थित चिकन शॉप में शाम के समय एक अनियंत्रित तेज रफ्तार कार घुस गई। जिसके चलते वहां पर मुर्गा काट रहे दो युवक घायल हो गए। जिसमें से एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को अपने हिरासत में ले लिया वहीं कार को भी पुलिस कब्जे में लिया था।

नगर के रामरायपुर का निवासी अन्नू अपने किसी दोस्त के कार को लेकर तेज रफ्तार से कहीं जा रहा था। कार जैसे ही उक्त स्थान पर पहुंची तो अनियंत्रित होकर सड़क से काफी दूर स्थित एक चिकन शॉप के अंदर घुस गई। जिसके चलते दुकान के बाहर मुर्गा काट रहे नगर के जल्लापुर मोहल्ला निवासी साहिल (24 वर्ष) व शाहरुख (21 वर्ष) पुत्र नन्हू को अपनी चपेट में ले लिया। साहिल को गंभीर चोटें आने की बात बताई जा रही है। जबकि शाहरुख को हल्की-फुल्की चोटें आई हैं। घटना के बाद वहां पर भारी भीड़ जमा हो गई। आनन-फानन में लोग घायल साहिल को इलाज के लिए अस्पताल ले गए। वहीं चालक को पकड़कर बैठा लिया। घटना की जानकारी लोगों द्वारा पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज प्रमोद राय ने चालक को हिरासत में ले लिया और कार को भी अपने कब्जे में लेकर कोतवाली भेज दी। संयोग अच्छा था कि जिस समय कार दुकान में घुसी उस समय वहां पर ग्राहक नहीं थे। नहीं तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक - सुभाष राय
स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

राज्यस्तरीय क्रिकेट में मथुरा को हराकर जौनपुर फाइनल में

खेल कूद

आजाद स्पोर्ट्स क्लब भदोही व जौनपुर के बीच होगा फाइनल मुकाबला

सुरियावां। क्षेत्र के महर्षि आजाद मैदान मेढ़ी में चल रहे तेजधर ब्रह्मबाबा खेल समिति द्वारा आयोजित महर्षि आजाद राज्यस्तरीय क्रिकेट महाकुंभ में शनिवार को दूसरा सेमीफाइनल मैच मल्हनी से समाजवादी पार्टी के विधायक की टीम जौनपुर बनाम मथुरा के बीच खेला गया, जौनपुर की टीम ने मथुरा को चार विकेट से पीटकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच में जौनपुर का मुकाबला आजाद स्पोर्ट्स क्लब भदोही के बीच होगा।

दूसरे फाइनल मैच में मथुरा के कैप्टन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए मथुरा की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों के मैच में सभी विकेट खोकर 128 रन बनाए, जिसमें मथुरा के बल्लेबाज अंकित ने आठ चौको की मदद से शानदार अर्धशतक लगाया। माधव ने 28 रन बनाए, तरुण सिंह व अनिल सरोज ने ग्यारह ग्यारह रनों का योगदान किया। जौनपुर के गेंदबाज अमर चौधरी, दिव्य प्रकाश व रवि सिंह को तीन-तीन विकेट मिले कैप्टन दीनदयाल को एक सफलता मिली। 129 रनों के लक्ष्य का पीछा करने जवाब में खेलने उतरी जौनपुर की टीम बीसवें ओवर में छः विकेट की कीमत पर लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। जौनपुर के सलामी बल्लेबाज यादवेंद्र सिंह ने बिना आउट हुए पचास रनों की पारी खेली। अभय यादव ने 38 रन बनाए, संग्राम मलिक ने दस रनों का योगदान किया।मथुरा के गेंदबाज रणधीर दुबे ने दो विकेट लिए, बलश्याम यादव, माधव व सुदर्शन सिंह को एक एक सफलताए मिली। इस मौके पर समाजसेवी विनय चौरसिया, पूर्व चेयरमैन नन्दलाल गुप्ता, आशीष सिंह, गौरीशंकर मिश्रा, भानु मौर्या, समिति के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव अमर बहादुर सिंह आदि बहुत से लोग मौजूद रहे।

झटपट योजना के तहत तत्काल मिलेगा विद्युत कनेक्शन

जनसंदेश न्यूज

भदोही। पुलिस महानिदेशक सतर्कता उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड लखनऊ एसएन सावंत शनिवार को विद्युत विभाग द्वारा एक से 15 फरवरी के बीच चलाए जा रहे विद्युत ₹उपभोक्ता पहचान व समाधान पर पखवाड़ा' का जायजा लेने के लिए जिले में पहुंचे। उन्होंने औराई तथा अन्य स्थानों पर विभाग के सब स्टेशन का निरीक्षण किया और इसके बारे में जानकारी ली। उन्होंने वहां मौजूद संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस दौरान डीजी को भदोही के कार्पेट सिटी सब स्टेशन पर भी आना था। लेकिन किन्हीं कारणों से वें वहां पर नहीं आ सकें और वाराणसी के लिए रवाना हो गए। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि इस समय केवाईसी पर कार्य किया जा रहा है। जिसमें उपकेंद्रों पर तैनात संविदाकर्मियों व मीटर रीडरों को लगाया गया है। जो उपभोक्ताओं से केवाईसी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि

केवाईसी के बाद उपभोक्ताओं को विद्युत का उपयोग कर रहे हैं। उनको विभाग द्वारा झटपट कनेक्शन दिया जाएगा। इसके साथ ही जिनके विरुद्ध समन शुल्क की कार्रवाई हुई है। अब उनको भी उपभोक्ता बनाया जाएगा। जबकि पहले यह व्यवस्था नहीं थी। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक मिजार्पुर परिक्षेत्र पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड जनार्दन यादव, एईआर जयकार पटेल, जेई मनोज कुमार सिंह, विजलेंस प्रभारी दीपक शुक्ला, विजलेंस थाना प्रभारी अजय कुमार ओझा, कार्पेट सिटी इंचार्ज रणजीत सिंह व विवेक सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

कार्पेट सिटी उपकेंद्र में मातहतों को जरूरी निर्देश देते अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार

बोले एसी

उपभोक्ता अपना केवाईसी देकर प्राप्त करें विद्युत विभाग की जानकारी

वाराणसी मंडल के उद्यमियों को औद्योगिक मंत्री नंदगोपाल 'नंदी' ने दिलाया भरोसा

उद्योगों के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध

निवेशक सम्मेलन

कहा, भ्रष्टाचार का समूल नाश करने के लिए चाहिए आप लोगों का साथ

लखनऊ में होने वाले इन्वेस्टर्स समिट में 25 लाख करोड़ के निवेश की उम्मीद

मोदी-योगी के नेतृत्व में बदली देश और उत्तर प्रदेश की छवि, हो रहा विकास

16 देशों के 21 शहरों में रोड शो के दौरान पीएम मोदी के प्रति काफी उत्साह

वाराणसी। प्रदेश के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा कि उत्तर प्रदेश में उद्योगों के विकास के लिए योगी सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसमें किसी भी प्रकार की बाधा को आड़े नहीं आने दिया जाएगा। प्रदेश सरकार जहां पुराने उद्योगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करा रही है। वहीं, नये उद्योग लगाने के लिए तमाम तरह की सुविधाएं और सब्सिडी दे रही है। नयी औद्योगिक नीति में तमाम ऐसे प्रावधान किये गये हैं, ताकि प्रदेश में नयी इकाई लगाने में निवेशकों को किसी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। वह इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास निगम (यूपीसीडा) एवं संयुक्त आयुक्त उद्योग कार्यालय वाराणसी के संयुक्त बैनर तले कमिश्नरी सभागार में शनिवार को आयोजित वाराणसी मंडल निवेशक सम्मेलन में मुख्य अतिथि थे। कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने कहा कि वर्तमान में देश और प्रदेश की तस्वीर बदल गयी है। पीएम मोदी के हाथों जहां देश सुरक्षित है तो सीएम योगी के हाथों प्रदेश। डबल इंजन की सरकार के चलते देश और प्रदेश का विकास तेजी से हो रहा है। सीएम योगी प्रदेश के अंतिम गांव और अंतिम व्यक्ति के विकास के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं। आप जानकर हैरानी होगी कि पश्चिम बंगाल में बड़े-बड़े कल-कारखाने होने के बावजूद वहां के उद्यमियों ने महज नौ हजार करोड़ रुपये के निवेश की रूचि दिखाई, लेकिन चंदौली जिले के उद्यमियों ने 11 हजार करोड़ से अधिक की। यह इस बात को दर्शाता है कि सीएम योगी के नेतृत्व में प्रदेश में उद्योग लगाना न सिर्फ आसान हुआ है, बल्कि सुरक्षित भी है। कैबिनेट मंत्री नंदी ने कहा कि लखनऊ में आयोजित इंवेस्टर्स समिट के लिए जब मैंने 16 देशों के 21 शहरों में रोड शो किया तो सभी जगह पीएम मोदी के नाम पर गजब का उत्साह देखने को मिला। पीएम मोदी ने जहां आतंकियों का खात्मा किया तो सीएम योगी ने अपराधियों, माफियाओं के समूल का नाश किया। उन्होंने कहा कि एक समय था जब गुंडे, अपराधी और माफिया उद्यमियों को डराते थे। आज गुंडे, माफिया और अपराधी सीएम योगी के नाम से कांपते हैं और खुद ही जमानत तुड़वा कर जेल का रास्ता चुन रहे हैं। अपराधमुक्त होने के साथ ही सड़कों के संजाल और तमाम बुनियादी सुविधाओं के चलते उत्तर प्रदेश, उत्तम प्रदेश बन चुका है और अब सर्वोत्तम प्रदेश की राह पर अग्रसर है।

भरोसा है तभी तो दुनिया के उद्यमियों का कुंभ लखनऊ में : डॉ. दयालु

निवेशक सम्मेलन को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र (दयालु) ने कहा कि यूपी में उद्योग लगाने के लिए सीएम योगी आदित्यनाथ और औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। नंदी ने भारत ही नहीं 16 देशों का दौरा किया। फलस्वरूप देश ही नहीं विदेशों के बड़े औद्योगिक घराने यूपी में उद्योग लगाने को एमओयू कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कभी यूपी को हिकारत भरी निगाहों से देखा जाता था। लेकिन आज आशा भरी नजरों से देखा जा रहा है। यह सब पीएम मोदी और सीएम योगी की तपस्या का प्रतिफल है। इसी तपस्या के चलते मुम्बई जैसे बड़े महानगर के उद्यमियों ने अकेले यूपी में सात लाख करोड़ रुपये के निवेश का वादा किया है। ब्रिटेन को पछाड़ कर हम आज दुनिया की पांचवीं आर्थिक महाशक्ति बन चुके हैं। भरोसा जगा है तभी तो दुनिया के उद्यमियों का कुंभ यूपी की राजधानी लखनऊ में होने जा रहा है। यकीन मानिए, यह इंवेस्टर्स समिट यूपी के उद्योग जगत में एक नया इतिहास रचेगा।

डबल इंजन की सरकार ने बहुत कुछ बदला : सौरभ श्रीवास्तव

वाराणसी कैंट के विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने मंडलीय निवेशक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने बहुत कुछ बदल दिया है। विकास के नये आयाम स्थापित किये हैं। रोजगार के अवसर मिलने से युवाओं का पलायन थम गया है। कहा कि सामनेघाट-रामनगर के पुल को ही ले लीजिए। वर्ष 2002 में इसे बनाने का काम शुरू हुआ। तत्कालीन मुलायम सिंह यादव, मायावती और अखिलेश यादव के सरकार में भी यह पुल नहीं बना। लेकिन योगी के नेतृत्व में सरकार बनते ही महज आठ महीने में बनकर तैयार हुआ और लोगों के आवागमन के लिए चालू कर दिया गया। यह सब सरकार की नीयत और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बीते छह साल में उत्तर प्रदेश बदल गया है। एक सिपाही देश की रक्षा के लिए लड़ता है तो दूसरा सिपाही देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करता है। सच्चे अर्थों में आप ही देश और प्रदेश के आर्थिक सिपाही है। पीएम मोदी और सीएम योगी ने प्रदेश में ऐसा माहौल तैयार किया है कि अब आप दिल खोलकर निवेश करें।

नये उद्योग लगाने में नहीं आने दी जाएगी कोई समस्या : कौशल राज शर्मा

मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने कहा कि बनारस मंडल में विदेश की कई कंपनियों ने निवेश प्रस्ताव पर समझौता किया है। उद्यमियों को नए उद्योग लगाने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दी जाएगी। नये उद्योग लगाने के लिए जमीन की उपलब्धता पर काम चल रहा है। करीब एक हजार एकड़ जमीन विकसित करने की योजना है। पीएम मोदी और सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में उद्योग लगाने के मार्ग प्रशस्त हो चुके हैं और उम्मीद है कि इंवेस्टर्स समिट के बाद प्रदेश ही नहीं वाराणसी मंडल में बड़े नये उद्योग स्थापित होंगे।

रामनगर में निष्प्रयोज्य 26 एकड़ जमीन पर बसाएं उद्योग : आरके चौधरी

मंडलीय निवेशक सम्मेलन में उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए इंडिया इंडस्ट्री एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष आरके चौधरी ने कहा कि उद्योग लगाने में सबसे बड़ी बाधा भूमि की सीमित उपलब्धता है। जमीन की उपलब्धता न होने से वाराणसी मंडल में नये उद्योग नहीं लग पा रहे हैं। रामनगर औद्योगिक क्षेत्र में गवर्नमेंट प्रेस की करीब 26 एकड़ भूमि खाली पड़ी है, जिसका उपयोग नई इकाइयों के लिए किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों से निश्चित रूप से औद्योगिक विकास के अवसर बढ़े हैं और उद्यमियों में निवेश के लिए उत्साह है। देश में आर्थिक विकास की बात आती है तो यूपी का नाम सबसे पहले आता है। मुख्य अतिथि को सामने पाकर उन्होंने कहा कि 2014 से 2021 तक की प्रोत्साहन राशि को दिलाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि 1500-2000 करोड़ का राजस्व देने वाले रामनगर औद्योगिक क्षेत्र की तीन-चार किलोमीटर की सड़क का निर्माण न होने से उद्यमियों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता है। यदि यह सड़क बन जाए तो यकीन मानिए कम से कम 100 नयी यूनिट लग जाएगी। उन्होंने निवेश पोर्टल की जटिलताओं को दूर कर इसके सरलीकरण की मांग की।

जौनपुर में है 26 एकड़ जमीन, लगाएं उद्योग : मनीष वर्मा

जौनपुर के डीएम मनीष वर्मा ने कहा कि सथ रिया में 18 एकड़ और सिधवा में 8 एकड़ जमीन खाली है, जहां उद्यमी अपने उद्योग लगा सकते हैं। इतना ही नहीं, इस जिले में मानव संसाधन की कमी नहीं है। कल-कारखानों में काम करने के लिए काफी संख्या में मजदूर मिल सकते हैं। उन्होंने उद्यमियों से उद्योग लगाने का आह्वान किया।

यूपी के उत्पाद को निर्यात के लिए मिले प्रोत्साहन : दीपक बजाज

निवेशक सम्मेलन को संबोधित करते हुए फूड प्रोसेसिंग कमेटी के चेयरमैन दीपक बजाज ने कहा कि उत्तर प्रदेश खाद्यान्न के मामले में काफी रिच है। गेहूं का उत्पादन 34 प्रतिशत कर यूपी देश में अव्वल है। यूपी बड़ा बाजार है, लेकिन यहां के उत्पाद को निर्यात के लिए प्रोत्साहन मिले तो तस्वीर बदल सकती है। जब तक हम अपने माल को विदेशों में नहीं बेचेंगे तो तब तक हमारी आर्थिक स्थिति नहीं सुधरेगी।

चंदौली से 11 हजार करोड़ के निवेश का प्रस्ताव : ईशा दुहन

चंदौली की डीएम ईशा दुहन ने कहा कि चंदौली में 300 एकड़ में पीपीपी मॉडल में उद्योग लगाने का खाका तैयार किया जा रहा है। वैसे तो चंदौली जिले का 80 प्रतिशत क्षेत्रफल कृषि योग्य भूमि है। लेकिन बड़े औद्योगिक क्षेत्र के रूप में रामनगर इसी जिले में आता है। यहां करीब 400 एकड़ में 200 औद्योगिक इकाईयां कार्यरत है। इंवेस्टर्स समिट के लिए चंदौली से 11 हजार करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव आया है।

गाजीपुर में फूड प्रोसेसिंग उद्योग की अपार संभावनाएं : आर्यका अखौरी

गाजीपुर की डीएम आर्यका अखौरी ने कहा कि जिले में 2200 करोड़ के निवेश प्रस्तावों पर हस्ताक्षर हुए हैं। इस जिले में फूड प्रोसेसिंग उद्योग की अपार संभावनाएं हैं। पहले यह जिला अपराधियों और माफियाओं के चलते थर्राता था। लेकिन सीएम योगी ने माफियाओं और अपराधियों के खिलाफ बुलडोजर चलवा कर उनका समूल नाश कर दिया। अब यहां पर उद्योग लगाने के लिए उद्यमी रूचि दिखला रहे हैं।

भ्रष्टाचार पर सरकार का जीरो टॉलरेंस

कैबिनेट मंत्री नंदी ने कहा कि यूपी अब देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बनने जा रहा है। यूपी के 75 जिलों में निवेशक सम्मेलन आयोजित किये गये या किये जा रहे हैं। लखनऊ में आयोजित इंवेस्टर्स समिट के लिए 10 लाख करोड़ रुपये निवेश का लक्ष्य रखा गया था। लेकिन सीएम योगी के नेतृत्व पर विश्वास का ही परिणाम है कि अब तक 21 लाख करोड़ के निवेश का प्रस्ताव आ चुका है। मुझे उम्मीद है कि बचे हुए दिन में यह आंकड़ा 25 लाख करोड़ तक पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा कि अच्छा काम करने के लिए संघर्ष करना पड़ता है। डर के जीने से अच्छा है आप सभी संघर्ष करें। इससे सुखद परिणाम सामने आएगा। उदाहरण दिया, एक उद्यमी ने मुझसे शिकायत की कि मेरी फैक्ट्री चल रही है और यूपीसीडा के जेई ने रिपोर्ट लगा दिया कि फैक्ट्री बंद है। मैंने जांच करवाई तो हकीकत सामने आई और मैंने तत्काल जेई को निलंबित कर दिया। विभागीय भ्रष्टाचार पर सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। भ्रष्टाचार पर अंकुश के लिए उद्यमियों को भी आगे आकर शिकायत करनी चाहिए। उद्यमी निर्भय होकर काम करें और छोटी से छोटी बाधा पर भी मुखर हों।

वाराणसी मंडल में 1.88 लाख करोड़ के निवेश का प्रस्ताव

मंडलीय निवेशक सम्मेलन में यह बात छनकर सामने आयी कि वाराणसी मंडल से 1.88 लाख करोड़ के निवेश का प्रस्ताव आया है। संयुक्त आयुक्त उद्योग उमेश कुमार सिंह बताया कि वाराणसी, चंदौली, गाजीपुर व जौनपुर के 825 निवेशकों ने 1,52,310 करोड़ रुपये के निवेश के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं। जिससे पूर्वांचल में तकरीबन दो लाख लोगों के लिए रोजगार के नये अवसर उपलब्ध होंगे। निवेशक सम्मेलन में यूपीसीडा के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, पीएनबी के सर्किट हेड राजेश कुमार सिंह, यूबीआई के एजीएम विनय शंकर सिंह, पर्यटन अधिकारी कीर्तिमान श्रीवास्तव, हार्टिकल्चर के डिप्टी डायरेक्टर जेके सिंह आदि ने संबोधित किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, निवर्तमान महापौर मृदुला जायसवाल, जिलाधिकारी वाराणसी एस. राजलिंगम, यूपीसीडा के क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष नाथ, अनुपम देवा, प्रेम मिश्रा, गोकुल शर्मा, दयाशंकर सिंह आदि उपस्थित थे।

रविदास जयंती की पूर्व संध्या पर हजारों दीप मालाओं से जगमगाया रविदास पार्क

सीर गोवर्धन में गुरु महिमा कीर्तन पर झूम रहे अनुयाई

रविदास जयंती पर विशेष

संत रविदास की जन्मस्थली सीर गोवर्धन मिनी पंजाब में हुई तब्दील

जन्मस्थली के चार किलोमीटर दायरे में श्रद्धा और आस्था का दिख रहा सागर

सीर गोवर्धन की सड़कों पर जात-पात का भेद मिटाकर निकले रैदासी

अश्विनी कुमार श्रीवास्तव

वाराणसी। सीरगोवर्धन स्थित संत रविदास जन्मस्थली के लगभग चार किलोमीटर के दायरे में आस्था हिलोरे ले रही है, चारो तरफ गुरु महिमा के कीर्तन पर झूमते अनुयायी को देख इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि तीन दिनों तक सीर क्षेत्र मिनी पंजाब के रुप में तब्दील हो गया है। सीर क्षेत्र की सड़कों पर जातपात का भेदभाव मिटाकर एक साथ सड़कों पर निकले रैदासियों आस्था के समक्ष सभी नतमस्तक हैं। सीर स्थित गुरु के जन्म स्थली के चार किलोमीटर के दायरे में इस ओर से उस छोर तक श्रद्धा और आस्था का सागर सा लहरा रहा है। मन के हर भाव गुरु चरणों में धर दिया गया है, श्रद्धा भक्ति और आस्था के इस मेले में दोपहर होते होते इतनी भीड़ उमड़ पड़ी है कि सीर गोवर्धन की सड़कें अंड्स सी गई हैं। दूसरी ओर सेवा का पुण्य बटोरने का बेजोड़ भाव भी दिख रहा। पांच हजार से अधिक तो तय सेवादार लेकिन तमाम ऐसे भी हैं जो अघोषित रूप से सफाई, सुरक्षा, रसोई व लंगर की कमान संभाले हुए हैं। दिन भर भजन कीर्तन कर गुरु को भक्तों ने नमन किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में लंगर का दौर चला तो आस्थावानों को प्रसाद भी मंदिर परिसर में वितरित किया गया।

जयंती एक दिन की, रोजगार सालभर का

सीर क्षेत्र में आयोजित जयंती समारोह में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के चलते इस क्षेत्र के लोगों को साल भर का रोजगार मिल जाता है। सप्ताह भर का यह उत्सव यहां के लोगों को मनमाना और मुंह मांगा किराया देता है। गांव के विकास चंगी ने बताया कि जिस कमरे का किराया दो से तीन हजार रुपये महीना होगा, जयंती पर एक दिन के चार-पांच हजार मिल जाते हैं। मंदिर के पास फोटोग्राफी की दुकान चलाने वाले अशोक बताते हैं कि जयंती के मद्देनजर इन दिनों में सैकड़ों परिवार अपना घर खाली रखते हैं क्योंकि हफ्ते भर में मोटी रकम मिल जाती है। जनरल मर्चेंट की दुकान चलाने वाले राजेश बताते हैं कि अब तो साल भर पंजाब, हरियाणा के साथ ही विदेश से भी भक्त आते रहते हैं। पहले मंदिर के आसपास दो-तीन दुकानें थी लेकिन अब दो दर्जन से ऊपर हो गई हैं। सामनेघाट के मिथिलेश तिवारी यहां कई साल से दर्जनों ट्रक जलावन लकड़ी की सप्लाई करते हैं। रमना, बनपुरवां और आसपास के लोग खेत से ही आलू, मटर, गोभी, गाजर की मंदिर को आपूर्ति करते हैं।

दीपमाला से जगमगा उठा रविदास पार्क

समाचार पत्र विक्रेता समिति एवं जन उद्धार चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से नगवां स्थित संत रविदास पार्क में भव्य दीपदान का आयोजन किया गया। हजारों दीपों की रोशनी से पूरा पार्क जगमगा उठा। समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पार्क में स्थापित संत रविदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद मोमबत्ती व दीपक जलाकर दीपदान का आरंभ किया। इस दौरान सभी के मंगल कामना के लिए प्रार्थना की गई। इसके पश्चात देश-विदेश से आए हजारों भक्तों ने स्वयं अपने हाथों से दीपक व मोमबत्ती जलाकर पार्क के कोने-कोने को रोशन कर दिया। पार्क में भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न जिलों से आए कलाकारों ने भजनों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। समिति के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के आयोजक सुरेन्द्र कुशवाहा समिति की ओर से यह 20वाँ वार्षिक उत्सव है, देश-विदेश से आये से भक्त संत के संदेश मन चंगा तो कठौती में गंगा का संदेश दे रहें हैं। समता, प्रेम और भाई-चारा आदि वाणी पर दीपों को सजाकर उसमें बत्ती तेल एवं बत्ती दीपों में अपने हाथों से डाल रहे थे। कहा की यह दीपोत्सव जगत के कल्याण, संरक्षण एवं सुन्दरता को बल प्रदान करने वाला साबित होगा। इस दौरान रामप्रवेश मिश्रा, आनन्द कुशवाहा, गंगाराम, पूजा कुशवाहा, भरत मौर्या,परदेशी, पिंकी, संदीप जायसवाल, सौरभ वर्मा, कल्लू पटेल रहे।

कहीं अटूट लंगर तो कहीं भजन

शनिवार को कहीं अटूट लंगर की पांत लगी रही तो कहीं भजनों की टोलियों के झांझ, मजीरे बजते रहे। लाल, नीली, पीली पगड़ी में पंजाब भी था और अपनी पारंपरिक वेशभूषा में राजस्थानी झलक भी। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश से लेकर कर्नाटक, महाराष्ट्र, जम्मू, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार की संस्कृतियों का मिलन शिविरों में एक साथ हो रहा था। सड़कों की पटरियों पर खिलौने भी सजाए गए और खेतों में झूले, चर्खियों पर बच्चों, युवाओं की मस्ती भी देखते बन रही थी। डेरा सच्चखंड बल्लां, जालंधर के गद्दीनशीन संत निरजंन दास ने पूरे मेला क्षेत्र का निरीक्षण करके तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान दोनों तरफ श्रद्धालु उनके दर्शन के लिए कतारबद्ध खड़े थे। संत की जन्मस्थली पर लघु भारत जैसा नजारा दिखा। यहां उत्तर से लेकर दक्षिण, पूरब, पश्चिम के साथ अमेरिका, जर्मनी, कनाडा, स्विट्जरलैंड, दुबई, आस्ट्रेलिया समेत कई देशों से एनआरआई श्रद्धालु आए हैं। अलग-अलग राज्यों के टेंट लगाए गए हैं, जहां श्रद्धालुओं को ठहराया गया है। सुविधा और सुरक्षा के लिए सेवादारों की तैनाती की गई है। श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच आदि के लिए भी शिविर लगाए गए हैं। सीर गोवर्धन स्थित संत रविदास की जन्मस्थली की निगहबानी ड्रोन कैमरे से हो रही है। पूरा मेलाक्षेत्र जय रविदास, जय गुरुदेव के जयकारे से गूंजता रहा।

हर टेंट में सुरक्षा के उपाय

सीरगोवर्धनपुर गांव में बने रिहायशी पंडालों की सुरक्षा का भी भरपूर ध्यान दिया गया है। हर टेंट में आग से सुरक्षा की दृष्टि से कनस्तर (टिन) में बालू भरकर रखे गए हैं। आग बुझाने के उपकरण व टेंट के पास फायर ब्रिगेड वाहनों का भी इंतजाम किया गया है। मोबाइल चार्ज करने के लिए कई स्थानों पर प्वाइंट बनाए गए हैं। हजारों की संख्या में महिला श्रद्धालु लंगर में सहयोग के साथ ही पंडालों में सुबह-शाम भजन- कीर्तन करने में तल्लीन हैं।

दुकानों से पटा सीर क्षेत्र

सीरगोवर्धनपुर में माघ पूर्णिमा पर रविदास जयंती मनाने देश-विदेश से श्रद्धालु आ रहे हैं। एक सप्ताह तक चलने वाले इस मेले में श्रद्धालुओं की संख्या लाखों में होती है, इस कारण मंदिर के आसपास दुकानें सजी हुई हैं, मेले में दुकान लगाने के लिए जगह की बुकिंग पहले से ही शुरू हो जाती है। कटरे में दुकानों और घरों में कमरों के पैसे मिलते ही हैं। दुकानों के साथ ही क्षेत्र में झूला चरखी सहित बच्चों के खिलौने वगैरह की दुकानें भी सज गयी हैं।

दर्जनों प्रकार के फूलों से सजेगा सत्संग मंच

संत निरंजन दास के लिये बन रहे सत्संग मंच को दो दर्जन प्रकार के फूलों से सजाया जाएगा। जिसमें गुलाब, बेला, चमेली, गेंदा, कचनार सहित सुंगंधित फूलों से स्टेज सजाया जायेगा। स्टेज को सजाने संवारने के लिए पंजाब से ही सेवादार के रूप में लोग आये हैं। जो सुगंधित पुष्पों से सत्संग मंच को सजायेंगे, इसके साथ ही मंदिर व अन्य स्थानों की भी सजावट की जायेगी।

स्पेशल ट्रेन पर 25 लाख का खर्च

जयंती पर हर साल बेगमपुरा से विशेष ट्रेन में गुरु संत निरंजन दास के साथ हजारों भक्त आते हैं। जयंती के बाद भक्तों को लेकर यही ट्रेन वापस जाती है। इसमें खाने-पीने की पूरी व्यवस्था मंदिर प्रबंधन करता है। तीन दिनों तक यार्ड में खड़ी रहने वाली इस ट्रेन पर लगभग 25 हजार का खर्चा आता है, गुरु चरणों में शीश नवाने की आस हर साल श्रद्धालुओं को इस स्थान तक खींच लाती है।

24 घंटे नहीं बुझती चूल्हे की आग

गुरु के दर पर आने वाले लोगों के भोजन के लिए 24 घंटे चलने वाली रसोई को अब आधुनिक रुप में दिया गया है। पहले यहां आंटा गूथने और सब्जी काटने वाली मशीन श्रद्धालुओं के सहयोग से आई। 2016 में रोटी बनाने वाली मशीन आई तो 2019 में जयंती पर भक्तों ने गेहूं की पिसाई के लिए आधुनिक आटा चक्की लगाई जिससे प्रति दिन 100 क्विंटल गेंहू की पिसाई की जाती है। लकड़ी काटने के लिए मजदूर और सेवादार लगाने पड़ते थे जिसके लिए लकड़ी काटने वाली मशीन भी लग गयी। सबसे बड़ी समस्या इस रसोईयां में काम करने वाले पुरुष और महिला सेवादारों को धुएं से होती थी। जिसके लिए प्रबंधन ने तीन बड़ी चिमनी ईंट की पक्की जुड़ाई के लिए लगाया है और भट्ठी से निकलने वाले धुएं को गड्ढे के माध्यम से चिमनी से निकाल रहे है जिससे लोगों की आंख की समस्याएं हो जाती थी। पानी के लिए खुद की टंकी और बिजली के लिए 120 केवीए का बड़ा जेनरेटर लगाया गया है। हजारों लोगों के खाने के लिए बर्तन और रसोइयां के सभी बर्तन यहां उपलब्ध हैं।

फोटोः शंकर चतुर्वेदी